श्रृङ्गार कहते हैं। परन्तु श्रेष्ठ देव, गुरु, नृपति आदि विषयक भक्तिरूप रति विशेष श्रृङ्गारमें न परिगत होकर भावपदसे ही व्यवहृत होता है, एवं रत्यादि स्थायिभाव भी जब किसी दोष (त्रुटि) वश विभावादिसे परिपुष्ट न हो पाता, तब रस रूपमें परिणत न होकर भावरूपसे ही व्यवहृत होता है, तथा जहां प्रणय कोपादि संचारिभाव ही अन्यको दबाकर प्रधानतया अधिक चमत्कारजनक प्रतीत होता है, वहां भी रसका व्यवहार न होकर भावका ही व्यवहार होता है। वही रस जब विशेषानुभवहीन पशु-पक्षी आदि जीवगतत्वेन वर्णित होता है, तब रसाभास कहा जाता है। उक्त रत्यादि भाव अनुचित गुरुकन्यादि विषयक हो, तो भावाभास कहा जाता है। उक्त संचारी आदि भावोंकी प्रशमावस्थाको भावशान्ति कहते हैं। उक्त संचारी आदि भाव की उद्‌गमावस्थाको भावोदय कहते हैं। उक्त संचारी आदि भावोंके तुल्यरूपसे एक साथ आस्वादको भावसन्धि कहते हैं। लगातार पूर्व-पूर्वका उपमर्दन करते हुए उत्तरोत्तर उक्तभावोंके आस्वादको भावशबलता कहते हैं। अब संभोग श्रृङ्गारका दिग्दर्शन कराते हैं—केलिगृहमें शय्या पर धीमे धीमे अङ्गोंसे अङ्गोंके सटनेसे रोमाञ्चादि विकारजन्य एक विलक्षण आनन्दका अनुभव करते हुए, कपोलसे कपोल मिलाकर बेसिरपांवके रङ्गरभसकी ऊटपटाङ्ग सी बातें करते हुए, बाहोंसे बाहोंसे गलेमें गलेको बड़ी चावसे लिपटा कर आलिङ्गनादि जन्य अलौकिक रसको लूटते हुए प्रिय-प्रेयसीके परस्परमें बात करते करते हास्य विनोदमें रात ही बीत गई पर बातें नहीं बीतीं। यहाँ पर सरस विदग्धजनोंको वाच्यप्रतीतिके साथ ही एक अद्‌भुत संभोगश्रृङ्गार रसका अनुभव होता है। इसी प्रकार रसाभासादिका उदाहरण समझना चाहिये।

असंलक्ष्यक्रमत्वोपपत्तिमभिधत्ते—

रसादिरर्थो हि सहेव वाच्येनावभासते। स चाङ्गित्वेनावभासमानो ध्वनेरात्मा।

हि यतो रसादिर्व्यङ्ग्योऽर्थो वाच्येन विभावादिना सह इव न तु सहैव, न वा विलम्बेन, अवभासते प्रतीतिविषयो भवति, तस्मादसंलक्ष्यक्रमः, कार्यकारणभावेन निर्णीतस्य क्रमस्य सम्यगलक्ष्यत्वात्। स रसादिश्च, अङ्गित्वेन प्राधान्येन अवभासमानः प्रतीतिगोचरीभवन्, ध्वनेरात्मा स्वरूपमित्यर्थः।

'सहैव' इति पाठस्यासङ्गतिस्तु प्रागेव दर्शिता। अत एव च 'इवशब्देनासंलक्ष्यता विद्यमानत्वेऽपि क्रमस्य व्याख्याता' इति लोचनं सङ्गच्छते॥

वृत्तिकार उक्त असंलक्ष्यक्रमको व्यक्त करते हैं—रसादिरिति। उक्तर रसादि, विभावादि वाच्योंके साथ एक साथकी भांति प्रतीत होते हैं, इसलिये सूक्ष्म

व्यवधान होने पर भी व्यवधान-क्रम क्रम लक्षित नहीं होता, अतः ये अ संलक्ष्य क्रम कहे गये हैं। परन्तु वे रसादि मुख्यरूपसे सहृदयो द्वारा आस्वादित होनेके कारण ही ध्वनिरूपमें व्यवहृत होते हैं।

नन्वङ्गिनोऽपि रसादिध्वने रसवदाद्यलङ्कारेभ्यः को भेद इत्याशङ्कां कारिकाद्वितयेन समाधातुमवतारयति—

इदानीं रसवदाद्यलङ्कारादलक्ष्यक्रमद्योतनात्मनो ध्वनेर्विभक्तो विषय इति प्रदर्श्यते—

अलक्ष्यक्रमद्योतनात्मनोऽसंलक्ष्यक्रमस्य रसादिध्वनेः। विभक्तोऽतिरिक्तः। विषयो लक्ष्यः। अलङ्कारादिति जातितात्पर्यक्रमेकवचनं प्रदर्श्यते, प्रस्तुतकारिकाभ्यामिति शेषः॥

अब आगे वक्ष्यमाण रसवदादि अलंकारोंसे असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यात्मक उक्त-रसादिध्वनिका विषय अतिरिक्त ही है, इस बातको अग्रिम दो कारिकाओं द्वारा कहते हैं।

वाच्यवाचकचारुत्व-हेतूनां विविधात्मनाम्।
रसादिपरता यत्र स ध्वनेर्विषयो मतः॥ २६॥

यत्र काव्ये विविधात्मनां नानारूपाणां, वाच्यं च वाचकं च तच्चारुत्वहेतवश्चेति तेषां शब्दार्थं तदुभयालंकारादीनाम्, रसादिपरता प्रधानीभूतरसादिव्यङ्ग्योपस्कारकत्वम्, भवतीति शेषः, स ध्वनेर्विषयो लक्ष्यो मतः प्रागुक्त इत्यर्थः।

विभागाय पुनरिहोपादानं ध्वनेरवगमनीयम्॥

जिस काव्यमें नाना प्रकारक वाच्य—वाचक और इनके सौन्दर्यको बढ़ानेवाले अलंकारादि, मुख्यरूपसे चमत्कारविषयीभूत उक्तरसादिको बतलानेमें तत्पर रहते हैं, वहीं पर ध्वनिका विषय समझा जाता है।

तदाह वृत्तिकृत्—

रस-भाव-तदाभास-तत्प्रशमलक्षणं मुख्यमर्थमनुवर्तमाना यत्र शब्दार्थालङ्कारा गुणाश्च परस्परं ध्वन्यपेक्षया च विभिन्नरूपा व्यवस्थिताः, तत्र काव्ये ध्वनिरिति व्यपदेशः।

तत्प्रशमपदं भावोदयादीनां त्रयाणामप्युपलक्षणम्। अनुवर्तनमुपस्करणम्। प्राग्वच्छब्दश्चार्थश्चालंकाराश्चेति द्वन्द्वः। शब्दादीनां स्वरूपतोऽधिकरणभेदतश्च भेदोऽवसेयः। अन्यत्स्फुटम्॥

वृत्तिकार उक्त विषयको स्पष्ट करते हैं—रसेति। रस-भाव-तदाभास-भाव-प्रशमादि रूप मुख्य व्यङ्ग्योंके अनुगमन करते हुए जिस काव्यमें वाच्य-वाचक-अलंकार और गुणादि, ध्वनिकी अपेक्षा और परस्परमें विभिन्नरूपसे व्यवस्थित हैं, उसी काव्यमें ध्वनिका व्यवहार होता है।

प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गं तु रसादयः।
काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः॥ २७॥

तु पुनः, यत्र काव्ये, अन्यत्रान्यस्मिन् स्वभिन्ने वस्त्वलंकाररसादिरूपे व्यङ्ग्ये, वाच्ये वा वस्त्वलङ्कारलक्षणे, वाक्यार्थे तदर्थबोधे, प्रधाने सति, रसादयो नातिचमत्कारितयाऽङ्गम्, तस्मिन् काव्ये रसादि-नामैकदेशग्रहणे नाममात्रग्रहणं देवदत्तोदत्तः इति न्यायेन रसवदादिः 'रसवत्, प्रेयः ऊर्जस्वि, समाहितम्, भावोदयम्, भावसन्धिः भावशबलत्वम्' अलङ्कारो भवतीति मे मतिरित्यर्थः।

अत्र 'मे मतिः' इत्युक्तिरेव खण्डनीयमतान्तराणामपि सद्भावं सूचयति। तथाच रसादीनामलङ्कार्यत्वेन शब्दार्थवृत्यभावेन च नालङ्कारता' 'रसादीनामङ्गितायामेव रसवदाद्यलङ्कारः, अङ्गतायान्तूदात्तालङ्कारस्य द्वितीयो भेदः' 'रसादिषु रूपकादिसाम्यादलङ्कारत्वव्यपदेशो गौणः' इत्यादय ओद्भटाः पक्षाः पूर्वपक्षायमाणाः समुल्लसन्ति।

तत्खण्डनान्यपि क्रमशः 'प्रधानानामेव रसादीनामलङ्कार्यता, प्रकृते त्वङ्गत्वमेवेत्यलंकारतैव, शब्दार्थवृत्तित्वं नालंकारतायां नियामकम् किन्तु चमत्कारः, स च प्रकृतेऽप्यक्षतः। यद्वा व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावेन रसादीनां शब्दार्थयोरपि वृत्तिः' 'रसादीनामङ्गित्वे, स्वयमेवालंकार्यत्वात् कुतोऽलंकारता। अङ्गतायामुदात्तालंकारप्रकारकल्पना न सम्भवति, तत्र महतां चरितस्यैवोपलक्षणत्वनियमो नतु रसादीनाम्' 'विच्छित्तिविशेषकृत्त्वरूपमुख्यधर्म्मयोगेऽपि कुतो व्यवहारस्य गौणत्वम्?' इत्यादीनि ज्ञेयानि।

इत्थञ्च रसस्याङ्गत्वे रसवत्, भावस्य प्रेयः, रसाभासस्य भावाभासस्य चोर्ज्जस्वि, भावशान्तेः समाहितम्, भावोदयस्य भावोदयम्, भावसन्धेर्भावसन्धि, भावशबलताया भावशबलत्वं चालंकारोऽवधारणीयः॥

किन्तु जिस काव्यमें पूर्वोक्त व्यङ्ग्यरसादिकी अपेक्षा दूसरे हो वस्तु अलंकारादि वाच्यार्थ, प्रधानरूपसे चमत्कारितया वाक्यार्थ बोधके विषय प्रतीत होते हैं, और उक्त रसादि तो अप्रधान रूपसे ही प्रतीत होते हैं, उस काव्यमें क्रमशः रसके अङ्ग होने पर 'रसवत्' भावके अङ्ग होने पर 'प्रेयः' रसाभास और भावाभासके अङ्ग होने

पर 'ऊर्जस्वी' भावशान्तिके अङ्ग होने पर 'समाहित' एवं शेषके भावोदय, भावसन्धि और भावशबलता, अलंकार माने गये हैं। यह ग्रन्थकारका सिद्धान्त है।

तदाह वृत्तिकारः—

यद्यपि रसवदलङ्कारस्यान्यैर्दर्शितो विषयः, तथापि यस्मिन् काव्ये प्रधानतयाऽन्योऽर्थो वाक्यार्थीभूतः, तस्य चाङ्गभूता ये रसादयः, ते रसादेरलङ्कारस्य विषया इति मामकीनः पक्षः।

चकारस्त्वर्थकः। उद्भटादिभिर्यद्यपि रसादीनां वाक्यार्थबोधे प्राधान्य एव रसवदाद्यलंकारा उक्ताः, किन्तूक्तयुक्त्या सिद्धान्तभूतेऽस्मन्मते रसादीनां तत्राप्रधानतायामेव तेऽलंकारा इति सारम्। यद्यपीत्यनेन परमतस्य युक्तिरिक्तत्वम्, तथाऽपीत्यनेन स्वमतस्यागतार्थत्वं च सूच्यते॥

वृत्तिकार उक्त कारिकाशयोंको विशद करते हैं—यद्यपीति। यद्यपि उद्भट प्रभृतियोंने तो प्रधानरूपसे वाक्यार्थ बोध विषयतया रसादिके भासित होने पर ही रसवदादि अलंकार माना है, अन्य किसीने तो रसादिके अलंकार्यत्व होनेसे उस (रसादि) में अलंकारत्वका खण्डन ही कर दिया है, तथापि रसादिके अङ्गी (प्रधान) होने पर चमत्कारजनक होनेपर उसमें अलंकार्यत्व ही हो सकता है। अलंकारत्व मानना ठीक नहीं, क्योंकि प्रधानीभूत रसादिमें ही सब कोई अलंकार्यत्व मानते हैं, अप्रधान रसादिमें नहीं मानते, इन युक्तियोंसे जिस काव्यमें प्रधानरूपसे अन्य वाच्य अर्थ ही वाक्यका बोध विषय हो रहा है, और उसका अङ्ग होकर ही पूर्वोक्त रसादि भासित होता है, उस काव्यमें रसवदादि अलंकार मानने में कोई आपत्ति नहीं आती। यह ग्रन्थकारका मत है।

निदर्शनेन स्वमतं द्रढयति—

तद्यथा—चाटुषु प्रेयोऽलङ्कारस्य वाक्यार्थत्वेऽपि रसादयोऽङ्गभूता दृश्यन्ते।

तद् रसादीनामङ्गत्वं यथाऽनुपदं वक्ष्यमाणोदाहरणे चाटुषु राजादिमृषाप्रशंसासु, भामहोक्तरीत्या प्रेयोऽलंकारो यस्मिन् स प्रेयोऽलंकारो वाक्यार्थबोधप्रधानीभूतोऽर्थः, तस्य वाक्यार्थत्वे तद्बोधप्राधान्येऽपि, रसादयोऽङ्गभूता दृश्यन्ते, नतु प्रधानीभूता इत्यर्थः।

उद्भटानुसारिणस्तु भिन्नक्रममपिशब्दं मत्वा प्रेयोऽलंकारसङ्ग्राहकं वाक्यमिदमङ्गीकृत्य चाटुषु (षष्ठ्यर्थे सप्तमी) चाटूनां वाक्यार्थत्वे प्रेयोऽलंकारोऽपि, न केवलं रसवदलंकारः' इति व्याचक्षते।

परन्तु षष्ठ्यर्थे सप्तम्या अननुचितत्वाया इह कल्पने क्लेशादुक्तं भामहानुसारिव्याख्यानमेव ज्यायः। वस्तुतस्तु चाटुषु प्रशंसनीयविषयकरतिभावस्य प्राधान्यात्

प्रेयोऽलङ्कारत्वम्, तेन तत्र रसादीनां प्रधानीभूतभावाङ्गतयैव रसवदाद्यलङ्कारत्वमिति द्रष्टव्यम् ॥

दृष्टान्त द्वारा अपने मतको पुष्ट करते हैं—तद्यथेति। जैसे राजा आदिकी मिथ्या प्रशंसा स्थलमें प्रेयोऽलंकारके वाच्यार्थबोधका प्रधान विषयत्व होने पर, रसादि अङ्ग रूपसे ही भासित होता है। वास्तवमें तो चाटु स्थलमें भी प्रशंसनीय राजादि-विषयक रति भावके प्राधान्य होनेसे प्रेयोऽलंकार नहीं है, अपितु रसादिके प्रधानीभूत उक्त रति भावके प्रति अङ्ग होनेसे रसवदाद्यलंकार ही समझना चाहिये।

तत्र रसवदलङ्कारं द्विधा विभजते—

स च रसादिरलङ्कारः शुद्धः सङ्कीर्णो वा।

वाशब्दः समुच्चये। यत्रान्यामिश्रणं स शुद्धः, यत्र चावयवाययिभावेनान्यमिश्रणं स संकीर्णः। रसादी रसवदादिः ॥

वह रसवदादि अलंकार 'शुद्ध और संकीर्ण' के भेदसे दो प्रकारका होता है। जहां अन्यसे मिश्रण नहीं है, उसे शुद्ध और जहाँ अवयवावयविभावसे अन्यका मिश्रण हो, उसे संकीर्ण कहते हैं।

उदाहरति—

तत्राद्यो यथा—

तत्र शुद्धसंकीर्णयोर्मध्ये आद्यः शुद्धः।

चाटुकारो राजानं प्रसादयति—

'किं हास्येन न मे प्रयास्यसि पुनः प्राप्तश्चिराद्दर्शनं,
केयं निष्करुण ! प्रवासरुचिता ? केनासि दूरीकृतः ?।
स्वप्नान्तेष्विति ते वदन् प्रियतमव्यासक्तकण्ठग्रहो
बुद्ध्वा रोदिति रिक्तबाहुवलयस्तारं रिपुस्त्रीजनः ॥

हास्येन प्रणयपरिहासेन किम् ? न किमपि। चिरान्मे दर्शनं दृष्टिविषयं प्राप्तो ननु बुद्धिपूर्वकं स्वयमागतस्त्वं पुनर्न प्रयास्यसि प्रस्थातुं शक्ष्यसि भुजनिगडनिबद्धो मोक्षं न लप्स्यस इति यावत्। हे निष्करुण ! निर्दय ! कान्त ! तव इयमनिवार्या, प्रवासे विदेशवासे रुचिरासक्तिर्यस्य तद्भावः प्रवासरुचिता का ? अनुचितेति यावत्। केन ममापराधेन दुर्भाग्येन वा दूरीकृतः, असि, इत्येवं स्वप्नान्तेषूत्स्वप्नायितेषु, वदन् व्याहरन्, प्रियतमे विशेषादासक्तः सम्बद्धः कण्ठस्य ग्रहो ग्रहणं येन स

तादृशः ते तव रिपूणां स्त्रीजनः, बुद्ध्वा जागरित्वा, रिक्तं प्रियेण शून्यं बाहुवलयं भुजमण्डलं यस्य तथाभूतः, तारमुच्चै रोदितीत्यर्थः।

इह 'किं हास्येन' इत्यनेन हसत एव प्रियतमस्य स्वप्नेऽवलोकनम्, 'न मे प्रयास्यसि पुनः' इत्यनेन भुजशृङ्खलया दृढं संयतस्य मोक्षासम्भवः, द्वाभ्यां शठत्वावगमोत्तरमुपालम्भौचित्यम्, 'निष्करुणे'त्यनेन प्रवासरुचितोपपत्तिः, 'केने'त्यनेन तदसह्यापराधानामपि सदा तूष्णीम्मर्षणम्, 'स्वप्नान्तेषु' इति बहुवचनेन स्वप्नानां पुनः पुनरुद्भूततया बहुत्वम्, रिक्तबाहुवलयत्वेन रोदनौचित्यम्, रोदनस्य तारत्वेन शोकस्यासह्यता च सूच्यते।

अत्र वस्त्वन्तरेणानुपस्कृतः स्वप्नदर्शनोद्दीपितः शोकस्थायिभावकः करुणरसः स्तुत्यराजप्रभावातिशयस्य वस्तुनोऽङ्गमिति शुद्धो रसवदलंकारः॥

अब शुद्ध रसवदलंकारका उदाहरण बतलाते हैं—तत्रेति। चाटुकार प्रशंसा द्वारा राजाको प्रसन्न करता है—हे राजन्! आपके शत्रुकी स्त्री स्वप्नमें हँसते हुए अपने पतिको देखकर कहती है—अब व्यर्थ हास्य-विनोद करनेसे क्या लाभ, चिर दिनों पर आज तुम भाग्यवशसे ही मिले हो, अब मेरे बांह पाशसे जकड़े हुए तुम भाग नहीं सकते, हे निर्दय! प्रदेशमें रहनेकी यह कौन सी तुम्हारी आदत हो गयी। किसने तुमको मुझसे इतनी दूर कर दिया। इस तरह स्वप्नमें प्रियतमके गलेमें लिपटकर बोलती हुई रिपु-स्त्री जागकर, भुजपाशको प्रियसे खाली ही पाकर बहुत जोरोंसे रोने लगी। यहां स्वप्न दर्शनसे उद्दीपित शोक स्थायिभाव वाला करुणरस प्रशंसा योग्य राजाके पराक्रमातिशयरूप वस्तुका अङ्ग है, इसलिये यह शुद्ध रसवत् अलंकार है।

तदाह वृत्तिकृत—

इत्यत्र करुणरसस्य शुद्धस्याङ्गभावात् स्पष्टमेव रसवदलङ्कारत्वम्।

वृत्तिकार उसीको संक्षेपसे बतलाते हैं—इत्यत्रेति। उक्त स्थलमें शुद्ध करुणरस स्तुत्य राजाके प्रभावातिशयका अङ्ग होनेसे स्पष्ट ही रसवदलंकार प्रतीत होता है।

लक्ष्यान्तराणामपि सङ्ग्रहाय व्याहरति—

एवमेवंविधे विषये रसान्तराणां स्पष्ट एवाङ्गभावः।

एवंविधे—वस्तुप्राधान्यभाजि चाटुरूप इत्यर्थः।

इसी तरह वस्तुप्रधानात्मक चाटु स्थलमें दूसरे रसोंको भी अङ्ग समझना चाहिये।

अथ द्वितीयमुदाहर्तुमाह—

सङ्कीर्णो रसादिरङ्गभूतो यथा—

अमरुककविर्मङ्गलमाचरति—

'क्षिप्तो हस्तावलग्नः प्रसभमभिहतोऽप्याददानोंऽशुकान्तं,
गृह्णन् केशेष्वपास्तश्चरणनिपतितो नेक्षितः सम्भ्रमेण ।
आलिङ्गन् योऽवधूतस्त्रिपुरयुवतिभिः साश्रुनेत्रोत्पलाभिः,
कामीवार्द्रापराधः स दहतु दुरितं शाम्भवो वः शराग्निः ॥'

आर्द्रापराधस्तत्कालकृतपराङ्गनासङ्गलक्षणापराधः, कामी कामुक इव, साश्रूणि न कोपेन च बाष्पपूर्णानि, नेत्रोत्पलानि नयनकमलानि यासां ताभिस्त्रिपुरयुवतिभिस्त्रिपुरासुरतरुणीभिः, हस्तेऽवलग्नो हस्तस्पर्शी क्षिप्तः पृथक्कृतस्तिरस्कृतश्च, प्रसभं हठात्, अंशुकान्त वसनाञ्चलम्, आददानो गृह्णन्नपि, अभिहतो निर्धूतस्ताडितश्च, यद्वा प्रसभमभिहतोऽप्यशुंकान्तमाददानः, केशेषु केशावच्छेदेन गृह्णन्नामृशन्नुपाददानश्च, अपास्तो दूरीकृतोऽनादृतश्च, चरणयोर्निपतितो भ्रष्टः प्रणतश्च, सम्भ्रमेण भयेन संवेगेन च नेक्षितोऽनवलोकितः, तथा य आलिङ्गन्नुपगूहन् संस्पृशंश्च, अवधूतः प्रक्षिप्तोऽवहेलितश्च स शम्भोरयं शाम्भवः, शिवनियुक्तः, शराग्निर्बाणवह्निः, वो युष्माकं, दुरितं पापं दहतु भस्मीकरोत्वित्यर्थः ।

तथाच 'सम्भ्रमः साध्वसेऽपि स्यात् संवेगादरयोरपि' इति मेदिनी । स्रग्धराच्छन्दः ।

अथ संकीर्ण रसवदलंकार का उदाहरण देते हैं—क्षिप्त इति । पराई स्त्रीके तत्कालकृत संसर्गके अपराधी कामुक पुरुषके समान त्रिपुरारि शिवजीका वह भीषण बाणाग्नि तुम्हारे पापपुञ्जको जलावे । श्लेषालंकार द्वारा दोनोंका विशेषण बतलाते हैं—भय या क्रोधके मारे आँसू भरे नयनकमल वाली त्रिपुरासुरकी तरुणियोंसे हस्तस्पर्श करनेपर पृथक् किया गया, या तिरस्कृत किया गया, बलात्कार वस्त्राञ्चल को पकड़नेपर दूर हटाया गया, या ताडित किया गया, केश ग्रहण करनेपर दूर फेका गया, या फटकारा गया, पैरों पर गिरनेपर या प्रणत होने पर भयसे या वेगसे नहीं देखा गया और छूनेपर या आलिङ्गन करने पर प्रक्षिप्त किया गया, या भर्त्सित किया गया, इस प्रकार (बाणाग्नि और कामुकको) समझना चाहिये ।

उपादानोपयोगं दर्शयति वृत्तिकारः—

इत्यत्र त्रिपुररिपुप्रभावातिशयस्य वाक्यार्थत्वे, ईर्ष्याविप्रलम्भस्य श्लेषसहितस्याङ्गभाव इत्येवंविध एव रसवदलङ्कारस्य न्याय्यो विषयः ।

अत्रोक्तश्लोके त्रिपुररिपोः शिवस्य, प्रभावातिशयस्य महिमोत्कर्षस्य, वाक्यार्थबोधविषयत्वेन प्राधान्येऽङ्गित्व इति यावत्, श्लेषोपस्कृतस्येर्ष्याविप्रलम्भाख्यशृङ्गाररसस्य, अङ्गभावोऽङ्गत्वम्, इति हेतोः, एवंविध एतादृशोऽप्रधानीभूत·सक एव, नतु रसप्राधान्यवानपि, रसवदलंकारस्य विषयो न्याय्यो न्यायादनपेतस्समुचित इत्यर्थः।

अत्र हि शिवप्रभावातिशयोऽङ्गी परेषां तस्यैवोपस्करणात् तस्येर्ष्याविप्रलम्भोऽङ्गम्, स च न शुद्धः, किन्तु श्लेषालंकारप्रसाधित इति संकीर्णस्य रसस्याङ्गत्वम्। श्लेषस्तुक्षिप्त इत्यादिष्वर्थंगतः। यद्यपि करुणोऽत्रोहास्त्येव रसः, तथाऽपि तस्य विच्छित्तिविशेषानाधायकत्वादङ्गाङ्गत्वेनानुपादानमित्येके।

परे तु श्लेषस्य च्छायात्मनो नेह प्ररोहः। अतः शिवप्रभावातिशयस्याङ्गिनो वस्तुनः शिवविषयकरतेर्भावस्य वा करुणः, तस्य च विप्रलम्भशृङ्गारो रसोऽङ्गमित्येवं संकीर्णतां वदन्ति। केचित्त्वत्र शिवविषयकरतिभावमेवं प्रधानं मन्यन्ते।

वृत्तिकार उक्तका ही समन्वय करते हैं—इत्यत्रेति। उक्त स्थलमें त्रिपुररिपु शिवजीका महिमातिशय ही चमत्कारी होनेसे वाक्यार्थबोधका प्रधान विषय प्रतीत होता है, और उक्त श्लेप–मिश्रित ईर्ष्याख्य विप्रलम्भ शृङ्गार तो उसका अङ्ग ही है, इसलिये इस तरहके अप्रधान रसादिको ही रसवदलंकारका समुचित विषय समझना चाहिये।

उपोद्घलकमाह—

अत एव चेर्ष्याविप्रलम्भकरुणयोरङ्गत्वेन व्यवस्थानात्समावेशे न दोषः।

अत एव शृङ्गारस्याप्रधानत्वादेव, मिथो विरुद्धयोरपि शृङ्गारकरुणयोरङ्गिनो वस्तुनोऽङ्गत्वेन व्यवस्थानात् स्थितेः, समावेशे सन्निवेशे, न दोष इत्यर्थः।

तृतीयोद्द्योते दर्शयिष्यमाणया रीत्या विरुद्धयोरपि रसयोः समावेशः पराङ्गत्वेन न दोषावहः। यद्युभयोरसयोरङ्गत्वं न स्यात्तर्हि समावेशोऽप्येकत्र दुष्टः स्यादिति सारम्॥

अतएव उक्तस्थलमें शृङ्गारके अप्राधान्यसे ही परस्पर विरुद्ध शृङ्गार-करुण रसों का प्रधानभूत वस्तुके अङ्गरूप होनेसे एकत्र समावेश करनेमें भी आगे कोई दोष नहीं होगा, अर्थात् यदि उक्त ये दोनों रस किसीके भी अङ्ग नहीं होते तो, आगे तीसरे उद्द्योतमें दोनोंका एकत्र समावेश करना भी कठिन सा हो जाता, किन्तु अब यह बात नहीं रही, क्योंकि रतिस्थायिभाव होनेके नाते सापेक्षभावसे रहने वाले शृङ्गाररसका, और शोकस्थायिभावतया निरपेक्षभावसे रहनेवाले करुणरसके साथ

विरोध होनेसे एकत्र तुल्य प्रधानतया दोनोंका रहना असंभावित होने पर भी दूसरेका अङ्ग होकर रहनेमें कोई दोष नहीं हुआ।

एवंविध एवेत्येवशब्दार्थं समर्थयति—

यत्र हि रसस्य वाक्यार्थीभावः, तत्र कथमलङ्कारत्वम्।

यतो रसः प्रधानम्, तस्मान्नालङ्कार इति निष्कर्षः॥

परन्तु जहाँ रस प्रधानरूपसे ही चमत्कारजनक रूपमें आस्वादित होता हुआ वाक्यार्थ बोधका विषय प्रतीत होता है, वहां वह ध्वनि रूपसे ही व्यवहृत होता है; अलंकार रूपसे व्यवहृत नहीं होता।

तत्र हेतुमाह—

अलङ्कारो हि चारुत्वहेतुः प्रसिद्धः। नत्वसावात्मैवात्मनश्चारुत्वहेतुः।

यथाऽऽत्मनः शोभायाः सम्पादकः कटकादिरलंकारः, तथाऽङ्गिनो रसादेरुपमाऽऽदिः। इत्थं च प्रधानस्य रसस्येतरचारुतासम्पादकत्वाभावान्नालंकारत्वम् तत्त्वे च न प्राधान्यम्। अलंकारस्य ध्वन्यमानतादशायां क्वचित्तद्व्यपदेशस्तु गौणो ब्राह्मणश्रमणन्यायेन भूतपूर्वालंकारत्वमादायैव, अङ्गित्वालंकारत्वयोर्विरोधात्। नहि स्वनिष्ठमुपमायाः सम्पादकः स्वयम्भवितुमर्हति, अलंकार्यालंकारभावस्य भेदप्रतिष्ठानात्।

क्योंकि जैसे कुण्डल कटकादि भूषण शरीरकी शोभाका वर्द्धक होता है, वैसे ही उपमा आदि अलंकार अङ्गीभूत रसादिकी शोभावर्द्धक होता है। कोई भी स्वयं ही स्वको अलंकृत नहीं करता। प्रधानरसादि तो स्वयं अलंकार्य हैं, वे प्रधान होते हुए अलंकार नहीं हो सकते। यदि उस दशामें भी वे अलंकार मान लिये जायँ तो, उनकी प्रधानता ही नष्ट हो जायगी।

उपसंहरति—

तथा चायमत्र संक्षेपः—

'रसभावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम्।

अलङ्कृतीनां सर्वासामलङ्कारत्वसाधनम्॥ २७॥

सर्वासामुपमाऽऽदीनामङ्कृतीनामलंकाराणां, रसभावादीनामुक्तप्रतीयमानप्रधानानां, तात्पर्य्यमलञ्चिकीर्षाम्, आश्रित्य, विनिवेशनं विन्यसनम्, अलंकारत्वस्य, साधनं प्रयोजनकमित्यर्थः।

रसादेरात्मभूतस्योत्कर्षं कुर्वतामेवोपमादीनामलंकारत्वम्, नतु स्वरूपत इति तात्पर्य्यम्। ननु वाच्यवृत्तीनामुपमाऽऽदीनां रसाद्युत्कर्षणमसम्भवि साक्षात्सम्बन्धाभा-

वादिति चेत्, नैवम्, शरीरवृत्तीनां कटककुण्डलादीनां शरीरद्वाराऽऽत्मन इव, काव्यावयववृत्तीनामुपमाऽऽदीनां तदात्मभूतस्य रसादेरवयवद्वारा परम्परयोत्कर्षस्य जनकत्वेऽप्यलंकारतायाः सुवचत्वात् ।

यथा कटकादयो न शरीरमात्रमलङ्कुर्वन्ति, किन्तु तद्द्वाराऽऽत्मानम् । इतरथा न कथं शवशरीराश्रयिणां तेषामलंकारत्वम् । 'अहमलङ्कृतः' 'ममायमलंकारः' इत्यादिप्रतीतिविषयता चात्मन एव भवति, नतु शरीरस्य । तथैवोपमाऽऽदयो न केवलं काव्यावयवमलङ्कुर्वन्ति, अपित्वात्मभूतं रसादिकम् । क्वचिद्रसादितात्पर्यविरहेऽप्यलंकारत्वव्यपदेशस्तु सादृश्यहेतुकत्वादौपचारिक एव—

भावबोधकक्तिन्प्रत्ययान्तालङ्कृतिपदस्योपमाऽऽदिबोधकत्वमपि लक्षणामन्तरेण न सम्भवतीति द्रष्टव्यम् ॥

अब सबका उपसंहार करते हैं—तथाचेति । सहृदयोंके अत्यन्त आह्लादजनक मुख्यरूपसे प्रतीयमान उक्तरसभावादिकी रमणीयताको बढ़ानेके तात्पर्यसे ही उपमा आदि अलंकारोंका काव्यमें कवियों द्वारा निवेश किया जाता है, और वही उनमें अलंकारत्वका प्रयोजक है, अर्थात् आत्मस्थानापन्न उक्तरसादिके उत्कर्षको करनेसे ही उपमा आदिमें अलंकारत्व माना जाता है, अन्यथा नहीं । जैसे शरीरवृत्ति कटककुण्डलादि शरीरमात्रको अलंकृत नहीं करता, अपितु उसके द्वारा आत्माको ही अलंकृत करता है, क्योंकि मृत शरीरको अलंकृत करता हुआ नहीं देखा गया है, वैसे ही काव्यके एकदेशभूत वाच्यादि वृत्ति उपमादि भी काव्यके अवयवभूत वाच्य को ही अलंकृत नहीं करता है, अपितु काव्यात्मभूत रसादिको ही अलंकृत करता है ।

पर्यवसितं दर्शयति—

तस्माद्यत्र रसादयो वाक्यार्थीभूताः, स सर्वो न रसादेरलङ्कारस्य विषयः, स ध्वनेः प्रभेदः । तस्योपमाऽऽदयोऽलङ्काराः । यत्र तु प्राधान्येनार्थान्तरस्य वाक्यार्थीभावे, रसादिभिश्चारुत्वनिष्पत्तिः क्रियते, स रसादेरलङ्कारताया विषयः ।

तस्माद्रसादीनां प्राधान्येऽलङ्कारत्वाभावाद्धेतोः यत्र रसादीनां वाक्यार्थबोधप्राधान्यम्, तत्र न रसवदाद्यलंकाराणां प्रसरः, किन्तु रसादिध्वनेरेव, रसादीनामलंकार्यत्वात् । उपमाऽऽदयस्तु प्रधानीभूतस्य तस्य प्रसाधकत्वादलंकाराः । यत्र पुनरर्थान्तरस्य वस्तुतोऽलंकारस्य रसादेर्वा वाक्यार्थबोधप्राधान्यम्, रसादिभिश्च तस्य चारुत्वस्य शोभाविशेषस्य, निष्पत्तिः सम्पदनं, क्रियते । तत्र रसादीनां प्रधानालंकारकत्वादलंकारत्वस्य प्रसर इत्यर्थः ।

'न रसादेरलङ्कारस्य वा विषयाः' इति पाठस्तु वाशब्दार्थस्यायोग्यत्वादुपेक्षितः।

रसादीनां प्राधान्ये ध्वनिः उपमाऽऽदीनां तदुपकारत्वेऽलङ्कारत्वम्, रसादेरन्यस्य व्यङ्ग्यस्य प्राधान्ये रसादेः पुनरङ्गत्वे रसवदादयोऽलंकारा इति विषयविभागः स्फुटमवगन्तव्यः॥

सबका सारांश बतलाते हैं—तस्मादिति। जिस काव्यमें उक्त रसादि ही वाक्यार्थबोधका प्रधान विषय प्रतीत होता है, वहां ध्वनिका ही विषय समझना चाहिये, रसवदादि अलंकारोंका नहीं, वहां तो उक्त व्यङ्ग्य रसादिकी रमणीयताका वर्द्धक उपमादि ही अलंकार माना जाता है। परन्तु जहां रसादिसे भिन्न व्यङ्ग्य वस्तु या अलंकारादि ही वाक्यार्थबोधका प्रधान विषय प्रतीत होता है, रसादि तो उसकी शोभाको ही बढ़ाता है, वहां रसवदादि अलंकार समझना चाहिये।

तदाह—

एवं ध्वनेरुपमाऽऽदीनां रसवदलङ्कारस्य च विभक्तविषयता भवति।

विभक्तो विषयो येषां ते विभक्तविषयास्तेषां भावो विषयविभाग इत्यर्थः।

तत्र रसवदलंकारस्योदाहरणद्वयमुक्तमेव।

प्रेयसो यथा—

'तद्वक्त्रामृतपानदुर्ललितया दृष्ट्या क्व विश्रम्यतां?,
तद्वाक्यश्रवणाभियोगपरयोः श्राव्यं कुतः कर्णयोः।
एभिस्तत्परिरम्भनिर्भरतरैरङ्गैः कथं स्थीयतां,
कष्टं तद्विरहेण सम्प्रति वय कृच्छ्रामवस्थां गताः॥'

अत्र चिन्तारूपस्य व्यभिचारिभावस्य विप्रलम्भाङ्गतया प्रेयोऽलंकारः।

ऊर्जस्विनो यथाऽभिनवगुप्तपादानां देवतास्तोत्रे—

'समस्तगुणसम्पदः सममलंक्रियाणां गुणैर्भवन्ति यदि भूषणं तव तथाऽपि नो शोभसे।
शिवं हृदयवल्लभं यदि यथा तथा रञ्जयेस्तदेव ननु वाणि! ते जगति सर्वलोकोत्तरम्॥'

अत्र हि परमेश्वस्तुतिमात्रं वाचः परमोपादेयमिति वाक्यार्थे शृङ्गाररसाभासोऽङ्गम्।

'स पातु वो यस्य हतावशेषा स्तत्तुल्यवर्णाञ्जनरञ्जितेषु।
लावण्ययुक्तेष्वपि वित्रसन्ति, दैत्याः स्वकान्तानयनोत्पलेषु॥'

इत्यत्र रौद्रप्रभृतीनामनुचितस्त्रासो भगवत्प्रभावातिशयस्याङ्गम्।

समाहितस्य यथा—

'अक्ष्णोः स्फुटाश्रुकलुषोऽरुणिमा विलीनः, शान्तं च साधरपुटस्फुरणं भ्रुकुट्या'

भावान्तरस्य तव चण्डि ! गतोऽपि रोषो नोद्गाढवासनतया प्रसरं ददाति ॥'
अत्रानौचित्यप्रवृत्तस्य कोपभावस्य शान्तिश्शृङ्गारस्याङ्गम् ।

भावोदयस्य यथा—

'साकं कुरङ्गकदृशा मधुपानलीलां, कर्तुं सुहृद्भिरपि वैरिणि सम्प्रवृत्ते ।
अन्याभिधायि तव नाम विभो ! गृहीत, केनापि तत्र विषमामकरोदवस्थाम् ॥'

अत्र त्रासभावोदयस्य राजरतिभावाङ्गत्वम् ।

भावसन्धेर्यथा—'जन्मान्तरीणरमणस्याङ्गसङ्गसमुत्सुका ।
सलज्जा चान्तिके सख्याः पातु नः पार्वती सदा ॥'

इहौत्सुक्यलज्जयोर्भावयोः सन्धिः कविनिष्ठपार्वतीविषयकरतिभावस्याङ्गम् ।

भावशबलताया यथा—

'पश्येत् कश्चिच्चल चपल ! रे का त्वराऽहं कुमारी,
हस्तालम्बं वितर हहहा व्युत्क्रमः क्वासि यासि ।
इत्थं पृथ्वीपरिबृढ ! भवद्विद्विषोऽरण्यवृतेः,
कन्या कञ्चित् फलकिसलयान्याददानाऽभिधत्ते ॥'

अत्र शंकाऽसूया–धृति–स्मृति–श्रम–दैन्य–विब्राधौत्सुक्यानां शबलता राजरतेरङ्गम् । एषामलंकारसर्वस्वकारोक्तान्युदाहरणानि तु चिन्तनीयान्येव, तेषु भावोदयादेः प्रधानतया व्यङ्ग्यत्वात् ॥

उक्त रीतिसे प्रत्येकके अलग अलग विषय होनेसे ध्वनि, उपमादि, और रसवदादि अलंकारका विषय विभाग स्पष्ट हो जाता है ।

'मे मतिः' इत्यनेन सूचितं परैकदेशिनो मतं निराकर्तुमनुवदति—

यदि तु 'चेतनानां वाक्यार्थीभावो रसाद्यलंकारस्य विषयः' इत्युच्यते ।

यदित्वित्यस्य तर्हीत्यनेनाग्रेसरेणान्वयः । चेतनानां चैतन्यभृतां प्राणिनाम् । अयमाशयः पूर्वपक्षिणः - चिद्रूपाणां रसानां, चित्तवृत्तिविशेषरूपाणां भावादीनां च जडेऽसम्भवात्तत्प्राधान्येऽचेतनवस्तुवृत्तान्तवर्णने रसवदादयोऽलंकारा न सम्भवन्तीति चेतनानामेव वाक्यार्थबोधप्रधानतायां तेषां सद्भावोऽङ्गीकरणीयः ।

किसी विद्वान्‌ने कहा कि चिदात्मक रस और चित्तवृत्तिविशेष उक्त भाव आदिके अचेतन वस्तुमें नहीं सम्भव होनेसे अचेतन वस्तुके प्रधानतया वर्णन स्थलमें रसवदादि अलंकार नहीं हो सकता, अपितु चेतनोंके मुख्य रूपसे वाक्यार्थ बोधस्थलमें ही रसवदादि अलंकार होता है ।

निराकरोति—

तद्धुपमाऽऽदीनां प्रविरलविषयता निर्विषयता वाऽभिहिता स्यात् ।

तर्हि तत्स्वीकृतो रसवदाद्यलङ्कारैरुपमाऽऽदीनामपि विषयेषु, व्याप्तेषु तेषामुदाहरणाल्पता, सर्वथोदाहरणाभावो वा स्यादित्येषाऽऽपत्तिः ।

परन्तु वक्ष्यमाण युक्तियोंसे उपमादि विषयोंको भी रसवदादि अलंकार द्वारा व्याप्त कर लेनेसे उपमादिका उदाहरण मिलना असंभव सा हो जायगा ।

नन्वचेतनचरितवर्णनात्मकान्युपमाऽऽदीनां लक्ष्याणि कुतो रसवदादिभिर्व्याप्ये-रन्नित्यत आह—

यस्मादचेतनवस्तुवृत्तान्तेव वाक्यार्थीभूते, पुनश्चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजनया यथाकथञ्चिद्भवितव्यम् ।

यतो जडसम्बन्धिन्यपि व्यापारे प्राधान्येन वर्णनीये, चेतनसम्बन्धिव्यापारोपारोपोयथाकथञ्चिद् विभावादित्वेनापि भवत्येव । ततश्च जडमपि वस्तु चेतनव्यापारोपारोपवशाच्चेतनायत इति तत्रापि रसवदादीनामेव साम्राज्यं, न तूपमाऽऽदीनाम्, बलीयसा दुर्बलस्य बाधादिति व्यक्तं निर्विषयत्वमुपमाऽऽदीनाम् ॥

क्योंकि चेतन विभावादि सम्बन्धि व्यापारके समारोप द्वारा अचेतन वस्तुओंके भी चेतनवत् चमत्कृत होनेसे अचेतन सम्बन्धि वृत्तान्तके प्रधान रूपसे वर्णन स्थलमें भी रसवदादि अलंकारका ही साम्राज्य हो जायगा, उपमादिका नहीं, इसलिये निरुक्त कल्पना करना ठीक नहीं ।

पुनः शङ्कते—

अथ 'सत्यामपि यस्यां यत्राचेतनानां वाक्यार्थीभावो, नासौ रसवदलंकारस्य विषय' इत्युच्यते ।

अथेति यद्यर्थे । तस्यामचेतने चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजनायां सत्यामपि, यत्र वस्तुतोऽचेतनानामेव प्राधान्यम्, असौ रसवदलङ्कारस्य न विषयः चेतनवृत्तान्तारोपेऽपि जडे चैतन्यविरहेण रसादेर्बाधात् । स एवोपमाऽऽदेर्विषयः इति भवद्भिरुच्यते चेत्, तदाऽपि न निरवद्यत्वमिति शेषः ।

यदि अचेतन वस्तुमें चेतन वृत्तान्तके आरोप होने पर भी वास्तवमें चैतन्यके अभावसे रसादिके बोध होनेसे अचेतनोंका ही प्राधान्य है, इसलिये ऐसे स्थलोंमें उपमादिका ही सम्भव है, रसवदादि अलंकारका नहीं, ऐसा कहें—

तदेव दूषणं दर्शयति--

तन् महतः काव्यप्रबन्धस्य रसनिधानभूतस्य नीरसत्वमभिहितं स्यात् ।

तत् तदा, महतो विपुलस्य वक्ष्यमाणस्यान्यस्य च, काव्यप्रबन्धस्य, रसनिधानभूतस्य रसैकाश्रयतया प्रसिद्धस्य, नीरसत्वं रसराहित्यम्, अभिहितमुक्तं स्यादित्यर्थः ।

रसप्राधान्ये रसवदलंकार इत्युद्भटानुयायिनो मन्यन्ते । नगनगरनदीगहनाद्यचेतनानां वर्णनं प्रायेण महाकवीनां काव्येषु रसैकजीवितेषु च समुपलभ्यते । नच तत्र नीरसत्वं कथञ्चन व्याहर्तुमुचितम्, रससारस्य चमत्कारविशेषस्यानुभूयमानस्यापलपितुमशक्यत्वात्, काव्यत्वाभावप्रसंगाच्च । अचेतने चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजनायामपि वास्तविकचैतन्याभावे भवन्तः साम्प्रतं रसवदलंकारमुपमाऽऽदिविषयरक्षणानुरोधेन नोरीकुर्वन्ति । ततश्च भवन्नयेन नगादिवर्णने रसवतोऽभावे रसाभावोऽप्यर्थत एवापतितः । मन्यते तु तत्र रसवतोऽभावेपि रसप्राधान्येन ध्वनेरेव सद्भाव इति नैव नीरसत्वम् । नहि वर्णनीयस्य चैतन्याचैतन्ये अपेक्ष्येते रसास्वादे, अपि त्वास्वादयितुरिति तत्त्वम् ॥

तो रसके निधि स्वरूप बहुतसे काव्य प्रबन्धोंमें नीरसत्व होकर उद्देश्य ही नष्ट हो जायगा, अर्थात् वन, उपवन, गिरि, नदी नगरादि, अचेतन वस्तु वर्णनात्मक सरस काव्य स्थलमें आपके दृष्टिकोणसे रसवान् चैतन्यके अभावसे रसाभाव ही सिद्ध हो जायगा । किन्तु उक्त स्थलोंमें भी रसके सारभूत अनुकूल अनुभूयमान चमत्कार विशेषका अपलाप नहीं किया जा सकता, इसलिये रसैकजीवित उक्त काव्योंको नीरस माननेके लिये कोई भी सहृदय व्यक्ति सहमत नहीं होगा । वास्तव में तो रसास्वाद करनेमें वर्णनीय वस्तुके चैतन्यकी अपेक्षा नहीं होती, अपितु आस्वाद कर्ताओंका ही चैतन्य होना आवश्यक होता है ।

अचेतनवर्णनमुदाहरति--

यथा—

नायको वदति--

'तरङ्गभ्रूभङ्गा क्षुभितविहगश्रेणिरसना,
विकर्षन्ती फेनं वसनमिव संरम्भशिथिलम् ।
यथाऽऽविद्धं याति स्खलितमभिसन्धाय बहुशो-
नदीरूपेणेयं ध्रुवमसहना सा परिणता ॥'

तरङ्गा ऊर्मय एव दैर्घ्यंकौटिल्ययोगाद्भ्रु वोर्भङ्गाः क्षेपा यस्याः सा, तथा क्षुभिता तरङ्गाघातेन चञ्चला, विहगश्रेणिः पक्षिपङ्क्तिरेव कलकलस्वनमाचरन्ती रसना काञ्ची-यस्याः सा, संरम्भेण त्वरया रोषेण वा शिथिलं श्लथमुच्छ्वसितबन्धमिति यावत्, वसनमिव धवलं फेनं विकर्षन्ती नीचैः पतदपि प्रियकरग्रहणशङ्कयेव बलान्नयन्ती, बहुशो नैकधा, स्खलितं मदपराधं गतिभंगं वा, अभिसन्धाय विभाव्य, असहना मानिनीत्वादमर्षणा, सेयं मद्दयिता, नदीरूपेण परिणता सरिदाकारेण पर्यवसिता, यथाऽऽविद्ध सकीलितं, यातीत्यर्थः। दन्त्यमध्योऽपि रसनशब्दः काञ्चीबोधकः।

दयितापक्षे पूर्वविशेषणयुगले रूपकसमासं विहायोपमितिसमासमेवाश्रयन्ति।

इहाचेतनायाः सरितश्चरिते गतिविशेष मानवतीचरितारोपात्सरसताऽनुभूयमा-नाऽपि भवन्नयेन तिरोधाप्येत।

अब अचेतनोंका चैतन्यवत् वर्णन करते हैं—यथेति। उर्वशीके विषयमें नाय-कोक्ति द्वारा नदीको लक्ष्य कर कवि उत्प्रेक्षा करता है—यह नदी नहीं है, अपितु प्रिय विरहजन्य तापको नहीं सहन कर पीड़ा शान्त करनेके लिये प्रियतमा उर्वशी ही नदी रूपमें परिणत हो गयी है, ऐसी मैं सम्भावना करता हूं, क्योंकि इसमें तरङ्ग ही कौटिल्ययुक्त कटाक्ष विक्षेप हैं, एव तरङ्गोंके आघातसे अत्यन्त चञ्चल पक्षियोंकी श्रेणी ही काञ्ची (करधनी) है, और वह वेग या कोपावेशसे बन्धन खुल जाने पर नीचे गिरते हुए कपड़ेको प्रियद्वारा पकड़ लेनेकी शङ्कासे मानो ऊपर खींचती हुई की तरह स्वच्छ फेनको आकृष्ट करती हुई, अनेकों वार प्रियकृत अप-राध या शिलादिस्खलनका अनुभव कर तिर्यग्गमन करती हो। यहां अचेतन नदीके गति विशेषरूप चरितमें मानिनी नायिकाके चरितके समारोप द्वारा सहृदयों से आस्वाद्यमान सरसता आपकी विचारधारासे तिरोहित (छिन्न) हो जायगी।

पुनरुदाहरति—

यथा वा—

कश्चन सुहृदं व्याहरति—

'तन्वी मेघजलार्द्रपल्लवतया धौताधरेवाश्रुभिः,
शून्येवाभरणैः स्वकालविरहाद्विश्रान्तपुष्पोद्गमा।
चिन्तामौनमिवाश्रिता मधुलिहां शब्दैर्विना लक्ष्यते,
चण्डी मामवधूय पादपतितं जातानुतापेव सा॥'

तन्वी कृशा कोमला च, मेघजलेनार्द्रपल्लवतया क्लिन्नकिसलयत्वेन, अश्रुभिर्धौ-ताधरेव क्षालितौष्ठेव, स्वकालस्य पुष्पोद्गमसमयस्य, विरहाद्व्यतिगमाद्, विश्रान्त

उपरतः पुष्पोद्गमो यस्याः सा, आभरणैर्भूषणैः शून्या रहितेव, मधुलिहां भ्रमराणां शब्दैर्विना, चिन्तया मत्समागमोपायानुसन्धानेन मौनं तूष्णीम्भावम् आश्रिताऽवलम्बितेव, सा प्रसिद्धा चण्डी कोपना, पादयोः पतितं चरणयोः प्रणत मामवधूय तिरस्कृत्य, जातानुतापोद्भूतानुशयेव, पुरो लक्ष्यत इत्यर्थः ।

इह लताचरिते कलहान्तरितावृत्तान्तारोपाद्रसवत्ता ।

उदाहरणान्तर बतलाते हैं—यथा वेति । कोई युवक अपनी प्रेयसीके विषयमें मित्रसे कहता है—हे सखे ! मेघके जलवृष्टिसे भींगे हुए नये पल्लवकी भांति आँसूधारासे प्रक्षालित होठवाली, एवं पुष्पोद्गम समयके बीत जानेसे विकसित पुष्प रहित की तरह आभूषणोंसे शून्य, तथा भ्रमरोंके मधुर गुञ्जनोंके विना स्तब्ध एक कोमल लताकी तरह चिन्तासे मौनत्वको प्राप्तकी हुई, और पैर गिरे हुए मुझको तिरस्कार कर पीछे पछताने वाली कोपवती वह मेरी प्राणप्रिया मुझसे कलहकर रूठी हुई अभी भी मेरे सामने मानो अत्यन्त खिन्न सी लक्षित हो रही है। यहां पर लताके चरितमें कलहान्तरिता नायिकाके वृत्तान्तके आरोप द्वारा ही रसवत्ता प्रतीत हो रही है।

दार्ढ्याय पुनरप्युदाहरति—

यथा वा—

व्रजादागतमुद्धवं श्रीकृष्णः पृच्छति—

'तेषां गोपवधूविलाससुहृदां राधारहस्साक्षिणां,
क्षेम भद्र ! कलिन्दशैलतनयातीरे लतावेश्मनाम् ।
विच्छिन्ने स्मरतल्पकल्पनमृदुच्छेदोपयोगेऽधुना,
ते जाने जरठीभवन्ति विगलन्नीलत्विषः पल्लवाः ॥'

हे भद्र ! सौम्य ! तेषामद्यापि मनोरमतया मत्स्मृतौ लग्नानां, गोपवधूनां विलासे सुहृदां नर्मसचिवानाम्, (तत्रापि) राधया यद्रह एकान्तक्रीडनं, तस्य, साक्षिणां साक्षात्कारिणाम्, कलिन्दशैलतनयाया यमुनायास्तीरे तटे, (स्थितानाम्) लतावेश्मनां कुञ्जानां, क्षेममनामयं कच्चित् ? अधुना मयि चिरप्रोषिते, स्मरतल्पस्य सुरतशय्यायाः कल्पनाय विन्यासाय यो मृदुरल्पः, छेदनोपयोगस्त्रोटनकार्य्यंम्, तस्मिन् विच्छिन्नेविरते सति, ते तदीयाः पल्लवाः किसलयाः, विगलन्त्यो जीर्णतया विनश्यन्त्यो नीलास्त्विषः कान्तयो येषां तादृशा, जरठीभवन्ति पुराणीभवन्तीति जाने मन्य इत्यर्थः ।

इहापि जडलतावेश्मवतो चेतनधर्मसचिववृत्तान्तारोपाद्रसवत्ता ॥

दृढताके लिये तीसरा उदाहरण देते हैं—यथा वेति। व्रजसे आये हुए उद्धवको कृष्ण भगवान् पूछते हैं—हे सौम्य! आज भी मेरी ही स्मृतिमें लीन एवं गोपयुवतियोंकी रतिक्रीड़ा–विलासमें नर्मसचिवकी तरह सहायता देनेवाले तथा राधाके एकान्त क्रीड़नका साक्षात्कार करनेवाले, यमुना तट पर विराजमान उन लताकुञ्जोंकी कुशलता तो है न? अभी बहुत दिनोंसे मुझको वहांसे चले आने पर सुरतशय्याके विन्यासार्थ थोड़ेसे त्रोटन कार्यके भी बन्द हो जानेसे उपयोग नहीं होनेके कारण हरे हरे नये पल्लव जीर्ण होकर पीलेसे हो रहे होंगे, ऐसा मैं समझता हूं। यहां भी जड़ लताकुञ्जोंके वृत्तमें चेतन क्रीड़ासचिवके वृत्तान्तके आरोपसे स्पष्ट ही सहृदयोंके रसवत्ताका अनुभव हो रहा है।

उदाहरणत्रयेऽस्मिन् वक्तव्यमाह—

इत्येवमादौ विषयेऽचेतनानां वाक्यार्थीभावेऽपि चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजनाऽस्त्येव।

व्यक्तोऽर्थः।

इस तरहके उक्त उदाहरणोंमें अचेतन नदी-लता-कुञ्जोंमें प्रधान रूपसे वाक्यार्थबोधविषयताके प्रतीत होने पर भी चेतन नायिका, और क्रीड़ासचिवोंका वृत्तान्त–समारोप स्फुटरूपसे ही प्रतीयमान हो रहा है।

पुनरेकदेशिमतमुपसंहारावसरेऽनुवदति—

अथ यत्र चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजनाऽस्ति तत्र रसादिरलंकारः।

इत्युच्यत इति शेषः।

जहां चेतन वस्तु वृत्तान्तका आरोप हो, वहां अवश्य ही रसवदादि अलंकार होता है, ऐसा यदि आप कहें—

तत्रापत्ति दर्शयति—

तदेवं सत्युपमाऽऽदयः प्रविरलविषया निर्विषया वा स्युः।

व्याख्यातं प्रागेव।

तब तो उपमादि अलंकार हमेशाके लिये काव्य जगत्से हाथ धोकर चला जायगा।

तत्र हेतुमाह—

यस्मान्नास्त्येवासावचेतनवस्तुवृत्तान्तो यत्र चेतनवस्तुवृत्तान्तयोजना नास्ति। अन्ततो विभावत्वेन।

असावीदृशोऽचेतनवस्तुवृत्तान्त एव नास्ति, यस्मिंस्तद्वृत्तान्ते चेतनवृत्तान्तयोजना नास्ति। अन्ततः पर्यवसाने (सर्वप्रकारस्वीकारासद्भावे) विभावत्वेनास्तीत्यन्वयः।

अयम्भावः— प्रकृतिजडान्यपि चन्द्रचन्दनादीनि चेतनसम्बन्धेन वर्ण्यमानानि। वस्तूनि सचेतनानीव शृङ्गारविभावतया यथा चित्तमाक्षिपन्ति, तथैवान्यान्यपि। किञ्च शिखरितरुप्रभृतीनामपि स्तम्भरोमाञ्चादिवर्णनमनायत्या चेतनत्वमवभासयति यत्र नान्य उपायः, तत्रापि कस्यचिद्रसस्य विभावत्वमागूरणीयम्, विभावत्वस्य वस्तुत्वसमनियतत्वात्। नहीदृशं किमपि वस्तु, यत् कस्यापि रसस्य विभावत्वं नालम्बितुं शक्नुयात्। स्वभावजडोऽपि गिरिः कविवाग्विषयतामवगाहमानः क्वचिच्छृङ्गारस्योद्दीपनत्वम्, कुत्रचिद्भयानकस्याद्भुतस्य वाऽऽलम्बनतामवलम्बत एव। इत्थञ्च सर्वेषु पदार्थेषु रसानां पारम्परिकसम्बन्धस्य दुष्परिहरत्वेन गुणीभावे प्राधान्ये वा रसवदलङ्कारस्य व्यापकतायामक्षुण्णायामुपमाऽऽदीनामेकोऽपि विषयः कोऽप्यवशिष्यते भवन्मते!॥

क्योंकि ऐसा कोई भी अचेतन वस्तु वृत्तान्त नहीं है, जहां चेतन वस्तु वृत्तान्त का समारोप नहीं हो अर्थात् स्वभावसे जड़ भी चन्द्र चन्दनादि पदार्थ चेतन रूपसे वर्णित होकर ही सचेतनोंकी तरह चित्ताकर्षक होते हैं, जैसे प्रकृतिसे जड़ भी गिरि पदार्थ कवियोंकी वाणीका विषय होकर कहीं शृङ्गाररसका उद्दीपन विभाव हो जाता है, और कहीं भयानक या अद्भुत रसका आलम्बन विभाव हो जाता है, इस प्रकार सभी जड वस्तुएं विभाग रूपसे वर्णित हो सकती हैं, ऐसी स्थितिमें सभी पदार्थोंमें साक्षात् या परम्परया रसके सम्बन्ध होनेसे रसवदादि अलंकारोंके ही व्याप्त करलेने पर उपमादिका उदाहरण सर्वथा लुप्त सा हो जायगा।

इत्थं परमतं निराकृत्य पर्यवसितं स्वमतं प्रत्यामनति—

तस्मादङ्गत्वेन च रसादीनामलङ्कारता। यः पुनरङ्गी रसो भावो वा सर्वाकारमलङ्कार्य्यः, ध्वनेरात्मेति।

सर्वाकारमिति क्रियाविशेषणम्। सर्वथेत्यर्थः। अन्यत्स्पष्टम्॥

इसलिये जहाँ व्यङ्ग्य रसादि अङ्ग ही हैं, अङ्गी तो वाच्य या व्यङ्ग्य वस्तु अलंकारादि ही हैं, वहां रसवदादि अलंकार समझना चाहिये। किन्तु जहां व्यङ्ग्य रसादि अङ्गी ही प्रतीत होते हैं, वहां सर्वथा वे अलंकार्य ही होते हुए ध्वनिके विषय समझे जाते हैं।

गुणगुणिनोरिवालंकार्य्यालङ्कारयोरपि भेदो दुरपह्नव इत्यतोऽप्यङ्गिनो रसध्वने रसवदाद्यलंकारा भिन्ना एवेति परमतमयुक्तमिति रहस्यं सूचयन् विभागगर्भंगुणालंकारस्वरूपं प्रदर्शयति—

किञ्च—

तमर्थमवलम्बन्ते येऽङ्गिनं ते गुणाः स्मृताः ॥
अङ्गाश्रितास्त्वलङ्कारा मन्तव्याः कटकादिवत् ॥ २९ ॥

येऽङ्गिनं तमर्थं रसमवलम्बन्तेऽधितिष्ठन्ति, ते गुणाः स्मृताः । तु पुनर्येऽङ्गाश्रिताश्शब्दार्थवर्त्तिनः, ते कटककुण्डलादिवद् अलङ्कारा मन्तव्या इत्यन्वयः ॥

गुण–गुणीकी तरह अलंकार्यसे अलंकार भिन्न है, इस सिद्धान्त द्वारा अङ्गीभूत रसादि ध्वनिसे रसवदादि अलंकार भिन्न है, इस रहस्यको सूचित करनेके तात्पर्यसे विभागपूर्वक गुण और अलंकारका स्वरूप बतलाते हैं—किञ्चेति । जो अङ्गीभूत उस रसको आश्रय कर रहते हैं, वे गुण कहे जाते हैं और जो अङ्गभूत शब्दार्थोंको आश्रय कर रहते हैं, वे कटक-कुण्डलादिवत् अलंकार माने जाते हैं ।

तदाह वृत्तिकृत्—

ये तमर्थं रसादिलक्षणमङ्गिनं सन्तमवलम्बन्ते, ते गुणः शौर्यादिवत् । वाच्यवाचकलक्षणान्यङ्गानि ये पुनराश्रिताः,तेऽलङ्कारा मन्तव्याः कटकादिवत् ।

शूरतासौजन्यविद्यादयो गुणा यथा प्रधानात्मनि विद्यमानास्तं प्रगुणयन्ति, तथैव माधुर्यौजःप्रसादा रसस्था आत्मभूतं रसादिम् । यथा च वलयकेयूरादयः शरीरस्था अलङ्काराश्शरीरद्वाराऽऽत्मानं भूषयन्ति, तथैव च शब्दार्थनिष्ठा अनुप्रासोपमाऽऽदयश्शब्दार्थद्वारा रसादिम् । इत्यञ्च गुणालङ्कारयोरात्मभूताद्रसान्मिथश्च लोकवन्महान् भेदः । अतएव 'रसोत्कर्षप्रयोजकत्वविशिष्टरसमात्रवृत्तित्वं गुणत्वम् रसोत्कर्षप्रयोजकत्वविशिष्टशब्दार्थान्यतरवृत्तित्वमलंकारत्वम्'इति तयोर्लक्षणे पर्यवस्यतः । लक्षणद्वयघटकरसपथं रसादिपरम्, रस्यत आस्वाद्यत इति रस इति व्युत्पत्तेः । अलंकारलक्षणविशेषस्त्वलंकारचन्द्रिकायां द्रष्टव्य इति सारम् ॥

वृत्तिकार उक्ताशयको विशद करते हैं–ये तमर्थमिति । जैसे शौर्य-सौजन्य-विद्या आदि गुण, शरीरके अन्दर प्रधानभूत आत्मामें रहते हुए उसीके उत्कर्षको बढ़ाते हैं, वैसे ही माधुर्य-ओज प्रसाद आदि गुण रसादि स्वरूप प्रधान अङ्गीमें रहते हुए रसादिकी ही उत्कृष्टताको बढ़ाते हैं, और जैसे केयूर-वलय आदि आभूषण शरीरमें रहता हुआ उसी (शरीर) के द्वारा आत्माको भूषित करता है, वैसे ही क्रमशः शब्दार्थ-वृत्ति अनुप्रास–उपमादि अलंकार शब्दार्थ रूप अङ्गोंके द्वारा ही रसादिको सुशोभित करता है ।

गुणानां रसमात्रवृत्तित्वेऽपि शब्दार्थवृत्तित्वप्रसिद्धिं कथञ्चिदुपपादयति— तथा च—

शृङ्गार एव मधुरः परः प्रह्लादनो रसः ॥
तन्मयं काव्यमाश्रित्य माधुर्यं प्रतितिष्ठति ॥ ३० ॥

यतः परः प्रह्लादनो मधुरो रसश्शृङ्गार एव अतो माधुर्यं गुणस्तन्मयं शृङ्गार-प्रधानं, काव्यं शब्दार्थावाश्रित्य व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावेनाधिष्ठाय प्रतितिष्ठतीत्यन्वय.।

रतेरापामरमाकीटञ्च प्रमोदातिशयमयत्वप्रसिद्धेस्तत्सारस्य शृङ्गारस्य सुतरां तत्त्वमिति माधुर्यनामा गुणो यद्यपि साक्षात्तत्रैव तिष्ठति, तथाऽपि, शृङ्गारव्यञ्जकश-ब्दार्थयोरप्युपचारेण प्रतिष्ठितो भवतीति व्यञ्जकत्वेन गुणवत्ता शब्दार्थयोर्वर्तत एव—

'गुणवृत्त्या पुनस्तेषां वृत्तिश्शब्दार्थयोर्मता' इति मम्मटानुशासनात्, तथैव तृती-योद्द्योतेऽपि व्यवस्थापयिष्यमाणत्वाच्च।

नचाग्रेसरेण 'करुणे च प्रकर्षवत्' इति करुणरसेऽपि माधुर्यगुणप्रकर्षबोधकग्रन्थेन शृङ्गारभिन्नरसेषु माधुर्यव्यावृत्तिं बोधयत् एवकारस्य सत्त्वाद् 'शृङ्गार एव मधुरः' इत्यस्य विरोध इति वाच्यम्, काव्यात्मनि शृङ्गार एव माधुर्यं नतु शब्दार्थयोरिति शब्दार्थवृत्तित्वव्यावृत्तावेवैवकारस्य तात्पर्यपर्यवसानात्।

नचैवं माधुर्यादिश्शब्दार्थवृत्तित्वप्रसिद्धेरनुपपत्तिः, उपचारस्य तदुपपादकस्य जागरूकत्वात् ॥

गुणोंके रसादिमात्रवृत्ति होने पर भी परम्परा सम्बन्धसे उपचार द्वारा शब्दार्थ-वृत्तित्वका प्रतिपादन करते हैं—तथा चेति। यद्यपि अत्यन्त आह्लादजनक शृङ्गार रस ही साक्षात् माधुर्यगुणविशिष्ट प्रतीत हो रहा है, तथापि शृङ्गार प्रधान शब्दार्थ-मय काव्य भी स्वाश्रयाभिव्यञ्जकत्वरूप परम्परा सम्बन्धसे माधुर्य गुणवान् व्यव-हृत होता है।

तदभिप्रेत्याह वृत्तिकृत्—

शृङ्गार एव रसान्तरापेक्षया मधुरः प्रह्लादहेतुत्वात् प्रकाशनपरः। शब्दार्थतया काव्यस्य स माधुर्यलक्षणो गुणः।

प्रकाशनं चित्तस्य निर्गलितत्वरूपा द्रुतिः इतरद् व्यक्तम् ॥

वृत्तिकार उक्ताशयको व्यक्त करते हैं—शृंगारेति। अन्य रसोंकी अपेक्षा शृङ्गार रस ही आकीट पामर पर्यन्त सभी प्राणियोंमें आनन्दातिशय जननद्वारा चित्तको

झटिति द्रवित करनेवाला साक्षात् माधुर्य-गुणशाली, प्रतीत होता है। शृङ्गारके अभिव्यञ्जक शब्दार्थमय काव्यमें तो उपचारसे ही माधुर्य गुणका व्यवहार होता है।

नन्वेतावता माधुर्यातिरिक्तगुणयोरश्रव्यत्वमापतत्तीत्यत आह—

श्रव्यत्वं पुनरोजसोऽपि साधारणमिति।

द्रुतिजनकत्वं माधुर्यं एव, श्रव्यत्वं सुशब्दतया श्रवणेच्छाविषयीभूतत्वं श्रवणानुद्वेजकत्वं दीर्घसमासाभावो वा, पुनः ओजसः—

'दीप्त्यात्मविस्तृतेर्हेतुरोजो वीररसस्थिति' इति मम्मटलक्षितस्य दीप्तिजनकत्वरूपस्य गुणविशेषस्यापि साधारणं तद्वृत्त्यपि। इतरथा गुणत्वापायसम्भवात्।

इदमुक्तम्भवति—'यो यश्शस्त्रं बिभर्ति' इत्यादिवक्ष्यमाणौजोगुणोदाहरणेऽपि श्रव्यत्वमस्त्येव। अतो माधुर्यलक्षणे परव्यावर्तकत्वेन तत्प्रवेशो नोचितः। तेन—

'श्रव्यं नातिसमस्तार्थं काव्यं मधुरमिष्यते' इत्यस्य माधुर्य्यलक्षणत्वं भामहाभिमतमपास्तम्। ओजःपदञ्च प्रसादस्याप्युपलक्षकम्॥

यद्यपि चित्तद्रुति-जनकत्व, माधुर्य गुणमात्रमें ही प्रतीत होता है, तथापि ओज-प्रसाद गुण भी साधारणतया कर्णसुखद प्रतीत होनेसे श्रव्यत्व धर्मयुक्त होनेके कारण विदग्ध रसिकोंका उपादेय होता है, अन्यथा उनमें गुणत्वका ही अपाय हो जायगा।

गुणानां शब्दार्थयोरौपचारिकीं वृत्तिं भङ्ग्या स्थापयति—

शृङ्गारे विप्रलम्भाख्ये करुणे च प्रकर्षवत्॥
माधुर्यमार्द्रतां याति यतस्तत्राधिकं मनः॥ ३१॥

यतो विप्रलम्भशृङ्गारे, ततोऽपि करुणे, मनः, अधिकमुत्तरोत्तरत्तम्, आर्द्रतां द्रुतिं द्वेषादिजन्यकाठिन्यशून्यतामिति यावत्, याति प्राप्नोति तस्मात्तत्र, क्रमशो माधुर्यम्—

'आह्लादकत्वं माधुर्यं शृङ्गारे द्रुतिकारणम्' इति प्रकाशोक्तलक्षणं (गुणः) प्रकर्षवद् विच्छित्तिविशेषकृदित्यर्थः।

इत्थं च व्यङ्ग्यत्वेन व्यञ्जकयोश्शब्दार्थयोरपि गुणास्तिष्ठन्त्येवेति निष्पन्नम्॥

गुणोंको दूसरे ढङ्गसे परम्परया शब्दार्थमें स्थापित करते हैं—शृङ्गारेति। क्योंकि विप्रलम्भ शृङ्गाररसमें और उत्तरोत्तर उससे भी अधिक करुण रसमें चित्त, कठोरता रहित होकर झटिति द्रवित हो जाता है, इसलिये उनमें माधुर्यगुण, विच्छित्ति विशेषके उत्पादक होनेसे अधिक व्यक्त रूपमें प्रतीत होता है, और तद्व्यञ्जक शब्दार्थमें भी परम्परया माधुर्यादि गुण रहता है।

तदेवाह—

विप्रलम्भशृङ्गारकरुणयोस्तु माधुर्यमेव प्रकर्षवत्, सहृदयावर्जनातिशयनिमित्तत्वादिति ।

रसवृत्तित्वेनैव गुणानान्तरत्वम् । प्रकाशे तु—

'करुणे विप्रलम्भे तच्छान्ते चातिशयान्वितम्' इति ताभ्यामपि शान्ते रसे माधुर्यप्रकर्ष उक्तः ।

सहृदयोंके चित्तोंको बहुत शीघ्र पिघलानेके कारण विप्रलम्भ शृङ्गार और करुणमें अतिशय चमत्कारजनक माधुर्य गुण प्रतीत होता है, काव्य-प्रकाशकारने तो इन दोनोंकी भी अपेक्षा शान्त रसमें ही अतिशय माधुर्य गुण माना है ।

गुणप्रसङ्गादाह—

रौद्रादयो रसा दीप्त्या लक्ष्यन्ते काव्यवर्त्तिनः ॥
तद्व्यक्तिहेतू शब्दार्थावाश्रित्यौजो व्यवस्थितम् ॥ ३२ ॥

काव्यवर्त्तिनश्शब्दार्थव्यङ्ग्याः, रौद्रादयो रौद्रवीराद्भुताख्या रसा दीप्त्या चेतस्समुज्ज्वलत्वेन लक्ष्यन्ते प्रतीयन्ते । तस्मात्तद्व्यक्तिहेतू दीप्ते रौद्रादीनां वा व्यञ्जननिमित्तभूतौ शब्दार्थौ आश्रित्य व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावेनावलम्ब्य, ओजो (गुणः) व्यवस्थितमित्यर्थः ॥

गुणोंके प्रसङ्गसे ओज गुणका वर्णन करते हैं—रौद्रेति । रौद्र-वीर और अद्भुत रस, शब्दार्थमय काव्यमें व्यङ्ग्य होते हुए दीप्त्याख्य चित्तसमुज्ज्वलतासे अधिक चमत्कृत होते हैं, इसलिये उज्ज्वलता या रौद्रादिरसोंकी अभिव्यक्तिमें निमित्तभूत शब्दार्थको भी आश्रय करके ओज गुण व्यवस्थित होता है ।

सारं निर्दिशति वृत्तिकारः—

रौद्रादयो हि रसाः परां दीप्तिमुज्ज्वलतां जनयन्तीति लक्षणया त एव दीप्तिरित्युच्यते ।

दीप्तिर्नाम ज्वलितत्वमिव चित्तस्य विस्तारात्मा वृत्तिविशेषः, तज्जनको गुण ओजस्तत्र दीप्तिपदम् 'आयुर्घृतम्' इतिवत् तत्कारणत्वाल्लाक्षणिकम् । दीप्त्याश्रया रौद्रादयो रसाः, तेष्वपि 'गृहा दाराः' इतिवत् तात्स्थ्याल्लाक्षणिकमेव । एवकारस्त्वप्यर्थकः ।

उज्ज्वलताख्य दीप्ति नामक चित्तविस्तारात्मक वृत्तिविशेषका जनक ओज गुण-वान् रौद्रादि रस ही 'गृहा दारा इतिवत्' उपचारद्वारा दीप्ति पदसे व्यक्त होता है ।

तद्व्यञ्जकं शब्दमुपदिशति—

तत्प्रकाशनपरः शब्दो दीर्घसमासरचनाऽलङ्कृतं वाक्यम् ।

तदोजोगुणं दीर्घसमासया रचनयालङ्कृतं वाक्यं व्यनक्तीति निष्कर्षः । समासदैर्घ्यमथौद्धत्यादेरुपलक्षणम् ॥

उस ओज गुणको बहुत बड़ा समासात्मक संघटित वाक्य व्यक्त करता है ।

तादृशं शब्दमुदाहरति । भीमसेनो याज्ञसेनीं क्रुद्धोऽभिधत्ते—

'चञ्चद्भुजभ्रमितचण्डगदाऽभिघातसञ्चूर्णितोरुयुगलस्य सुयोधनस्य ॥
स्त्यानावबद्धघनशोणितशोणपाणि-रुत्तंसयिष्यति कचांस्तव देवि ! भीमः ॥'

चञ्चता वेगवशादावर्तमानेन भुजेन भ्रमिता घूर्णिता चण्डा भीषणा या गदा, तस्या अभिघातेन सम्यक् चूर्णितं संक्षुण्णमूरुयुगलं जङ्घाद्वयं यस्य, तस्य सुयोधनस्य दुर्योधनस्य, स्त्यानं स्निग्धमवबद्धं संलग्नं, यद्घनं सान्द्रं, शोणित रुधिरं, तेन शोणो रक्तः पाणिः करो यस्य, स भीमः (शत्रुभीषणोऽहम्) हे देवि ! तव कचान् वेणीकृतकेशान्, उत्तंसयिष्यति शेखरविशिष्टान् करिष्यतीत्यर्थः ।

तथा च 'स्त्यानं स्निग्धे' इति मेदिनी । 'पुंस्युत्तंसावतंसावतंसौ द्वौ कर्णपूरे च शेखरे' इत्यमरश्च । इह 'भीमः' इत्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वनिसङ्कीर्ण देवीतिसम्बोधनबोधितराजावरोधविरुद्धविविधधर्षणापराधस्मरणोद्दीपितक्रोधप्रधानरौद्ररसध्वनिः । तद्व्यञ्जकं तु दीर्घसमासादिविशिष्टवाक्यम् । वसन्ततिलकं छन्दः ॥

ओज गुण द्योतक दीर्घ समासका उदाहरण बतलाते हैं—चञ्चदिति । भीमसेन क्रुद्ध होकर द्रौपदीसे कहता है—हे देवि ! घूमते हुए भुजदण्डसे घूर्णित प्रचण्ड गदाके अभिघातसे चूर्ण चूर्ण होकर विदीर्ण जंघावाले दुर्योधनके चिक्कण एवं संलग्न गाढ रुधिरों द्वारा रञ्जितहाथोंसे भीम तुम्हारे बालोंको सजायगा । यहां पूर्वोत्तरार्द्ध वाक्योंमें दीर्घतर ऊर्जस्वल शब्दसंघटित समासोंसे स्पष्ट ही ओज गुण व्यक्त होता है ।

तत्प्रकाशनपरश्चार्थोऽनपेक्षितदीर्घसमासरचनः प्रसन्नवाचकाभिधेयः ।

प्रासावसरं रौद्रादिव्यञ्जकमर्थमुपदिशति—

न केवलं तादृशः शब्द एव, किन्तु अनपेक्षिता दीर्घसमासरचना यत्र, तादृशस्य, प्रसन्नस्य प्रसादगुणव्यञ्जकस्य, वाचकस्य, अभिधेयोऽर्थश्चापि, तस्यौजसो दीप्तेर्वा व्यञ्जक इत्यर्थः ॥

दीर्घ समासरचनाकी अपेक्षा रहित एवं प्रसाद गुण बोधक शब्दसे प्रतिपाद्य उद्धत अर्थ भी ओज गुण या रौद्रादिकी दीप्तिको व्यक्त करता है।

उदाहरति—

यथा—

क्रुद्धोऽश्वत्थामा वक्ति—

'यो यश्शस्त्रं बिभर्ति स्वभुजगुरुमदः पाण्डवीनां चमूनां
यो यः पाञ्चालगोत्रे शिशुरधिकवया गर्भशय्यां गतो वा।
यो यस्तत्कर्मसाक्षी, चलति मयि रणे यश्च यश्च प्रतीपः,
क्रोधान्धस्तस्य तस्य स्वयमपि जगतामन्तकस्यान्तकोऽहम् ॥'

पाण्डवसम्बन्धिनीनां चमूनां सेनानां मध्ये, स्वभुजयोः (बलस्य) गुरुर्मदोऽभिमानो यस्य तादृशो यो यः शस्त्रं बिभर्ति धारयति। (तथा) पाञ्चालगोत्रे द्रुपदवंशे, यो यः शिशुः, स्तनन्धयः अधिकवयाः स्थविरश्च, गर्भशय्यां गर्भावस्थां गतः प्राप्तो वाऽस्ति। (तथा) यो यस्तस्य मृतद्रोणशिरश्चरणाभिमर्शलक्षणस्याग्राह्यनाम्नः कर्मणः, साक्षी द्रष्टा चास्ति। (तथा) मयि रणे चलति सति, यश्च यश्च प्रतीपः प्रतिकूलो भवति। तस्य तस्य, स्वयं जगतामन्तकस्यापि (का कथाऽन्येषाम् ?) क्रोधेनान्धोऽहम् अन्तको नाशको भवामीत्यर्थः।

अत्रोद्धतस्यार्थस्य दीर्घसमासवाक्यवाच्यत्वाभावेऽप्योजोगुणव्यञ्जकत्वम्। स्रग्धराच्छन्दः ॥

ओज गुण द्योतक उद्धत अर्थका उदाहरण बतलाते हैं—यथेति। क्रुद्ध होकर अश्वत्थामा कहता है—पाण्डवोंकी सेनाओंमें जो भी कोई अपने बाहुबलका घमण्ड करनेवाला शस्त्रधारण करता है, तथा द्रुपदवंशमें जो जो बाल, बुड्ढे, नौजवान या गर्भके बच्चे भी विद्यमान हैं, और जो जो मेरे पिता (द्रोण) के घृणित हत्याकाण्ड के दर्शक हैं, या संग्रामार्थ मुझे उद्यत होने पर जो जो मेरे प्रतिपक्षी होकर उपस्थित होते हैं, उन उन को एवं जगतके अन्तक स्वयं यमराजको भी क्रोधसे नष्ट करने वाला मैं तैयार हूँ, यहां दीर्घ समासके नहीं रहनेपर भी उक्त उद्धत अर्थ ही ओज गुणका व्यञ्जक है।

तदाह—

इत्यादौ द्वयोरोजस्त्वम्।

पूर्वश्लोके समासदैर्घ्याच्छब्दस्य, इहत्वौद्धत्यादर्थस्य व्यञ्जकत्वेनौजोगुणविशिष्टत्वमित्यर्थः ॥

पूर्व श्लोकमें दीर्घ समास होनेसे व्यञ्जक समस्त शब्द ही ओज गुणविशिष्ट है, और उत्तरश्लोकमें उद्धत अर्थ ही व्यञ्जक होनेसे ओज गुणविशिष्ट प्रतीत होता है।

प्रसङ्गात्प्रसादं निरूपयति—

समर्पकत्वं काव्यस्य यत्तु सर्वरसान् प्रति ॥
स प्रसादो गुणो ज्ञेयः सर्वसाधारणक्रियः ॥ १२ ॥

काव्यस्य सर्वरसान् प्रति तु यत् समर्पकत्वं सकलरसव्यञ्जकत्वम्, स सर्वसाधारणी सर्वरसानुकूला क्रिया वृत्तिर्यस्य, तादृशः प्रसादो गुणो ज्ञेय इत्यन्वयः ॥

सकल रसोंके प्रति काव्यमें जो स्फुटता (सरलता) पूर्वक अखिल रसव्यञ्जकता है, उसीको सर्वरसानुकूल वृत्तिवाला प्रसाद गुण समझना चाहिये।

विवृणोति—

प्रसादस्तु स्वच्छता शब्दार्थयोः। स च सर्वरसाधारणो गुणः सर्वरचनासाधारणश्चेति व्यङ्ग्यार्थापेक्षयैव मुख्यतया व्यवस्थितो मन्तव्यः।

इतिर्हेतौ। एवकारोऽप्यर्थकः। शब्दस्य स्वच्छता झटित्यर्थोपस्थापकता अर्थस्य तु झटित्युपस्थितिविषयता, ताभ्यां श्रोतुश्चित्तस्य सुतरां प्रसादनात्प्रसाद इत्यन्वर्था सञ्ज्ञा। अस्य च माधुर्यवदोजोवच्च न रसानां न च शब्दानार्थानां वा प्रतिनियमोऽस्तीति सर्वसाधारणोऽयं प्रसादो गुणः। अतएवायं व्यङ्ग्यानां रसानामपेक्षयाऽपि प्राधान्येन व्यवस्थितो बोध्य इत्यर्थः।

गुणानां रसापेक्षयाऽपि मुख्यत्वमिति भट्टभामहमतेनेदमुच्यते। अर्वाञ्चस्तु—

'ये रसस्याङ्गिनो धर्माश्शौर्यादय इवात्मनः ॥
उत्कर्षहेतवस्ते स्युरचलस्थितयो गुणाः ॥'

इति लक्षयित्वा गुणानां रसवृत्तित्वेपि तदुपकारकत्वेनाङ्गत्वमेव न प्राधान्यमित्यातिष्ठन्ते ॥

वृत्तिकार उसीको विशद करते हैं—प्रसाद इति। शब्दार्थोंकी स्वच्छता (स्फुटता) को ही प्रसाद गुण कहते हैं। यह प्रसाद गुण किसी रस, शब्द, या अर्थ विशेषकी-'माधुर्य-ओजवत्' अपेक्षा नहीं करके सभी रस या रचनाओंमें साधारणतया रहता है, इसलिये व्यङ्ग्य रसादिकी अपेक्षा भी प्रधान रूपसे यह समझा जाता है।

इत्थं गुणालङ्कारयोर्विभक्तो व्यवहारो यथाप्रागुक्तोद्भट—प्रतिभटमते समुपपन्नः, तथा दोषाणां नित्यानित्यत्वयोर्विभक्तो व्यवहारोऽपि तन्मत एवोपद्यत इत्युद्भटमतमत्र नादेयमित्याह—

श्रुतिदुष्टादयो दोषा अनित्या ये च दर्शिताः ॥
ध्वन्यात्मन्येव शृङ्गारे ते हेया इत्युदाहृताः ॥ ३४ ॥

श्रुतिदुष्टादय इति भावप्रधानो निर्देशः, दोषाणां धर्मरूपत्वात् । वृत्तिग्रन्थ—लोचनव्याख्ययोर्दर्शनेन 'दर्शिताः' इत्यत्र 'सूचिताः' इति पाठः साधीयान् प्रतिभाति ।

श्रुतिदुष्टत्वप्रभृतयो येऽनित्या दोषाः सूचिता न तु विभज्य दर्शिताः, ते ध्वन्यात्मनि प्राधान्येन व्यङ्ग्ये शृङ्गारे रस एव नतु रौद्रादौ हेयाः परित्याज्या इति, उदाहृता अभियुक्तैरुक्ता इत्यर्थः ॥

श्रुतिदुष्टत्व प्रभृति जिन अनित्य दोषोंको सूचित किया है, उनको प्रधान रूपसे व्यङ्ग्य श्रृङ्गार रसात्मक ध्वनि काव्यमें ही त्याज्य समझना चाहिये । रौद्रादि रसोंमें तो वे दोष, दोषरूपमें नहीं गिने जानेसे त्याज्य नहीं होते, ऐसा अभियुक्तोंने कहा है ।

विवृणोति—

अनित्या दोषाश्च ये श्रुतिदुष्टादयः, सूचिताः तेऽपि न वाच्येऽर्थमात्रेन च व्यङ्ग्ये शृङ्गारव्यतिरेकिणि वा ध्वनेरनात्मभावे, किं तर्हि, ध्वन्यात्मन्येव शृङ्गारेऽङ्गितया व्यङ्ग्ये ते हेया इत्युदाहृताः ।

श्रुतिदुष्टत्वं श्रवणोद्वेजकताऽवच्छेदकधर्मवत्त्वम् । आदिपदेन लोचनोक्तार्थदुष्टत्वादीनां सङ्ग्रहः । अनित्यत्वं तेषां क्वाचित्कतया । वाच्यमात्रप्रतीतौ शृङ्गारस्य व्यङ्ग्यस्याङ्गत्वेन प्रतीतौ शृङ्गारातिरिक्तरसानां व्यंग्यानामङ्गित्वेन प्रतीतौ च तेषामदुष्टत्वम्, केवलं शृङ्गारध्वनावेव दुष्टत्वमिति स्वरसः । आचार्यस्तु शृङ्गारवच्छान्ताद्भुतवीरध्वनावपि तेषां दुष्टत्वमेवाहुः ।

वृत्तिकार उक्त कारिकार्थको स्फुट करते हैं—अनित्या इति । श्रुतिदुष्टत्वादि जिन दोषों को अनित्य बतलाया है, वे भी वाच्यार्थमात्रमें या श्रृङ्गार-व्यतिरिक्त व्यङ्ग्यमें या ध्वनिभिन्नगुणीभूत व्यङ्ग्यात्मक श्रृङ्गारमें भी परित्याज्य नहीं होते, अपितु प्रधानरूपसे ध्वनिभूत श्रृङ्गारात्मक व्यङ्ग्य रसमें ही हेय होते हैं, अर्थात् श्रृङ्गार ध्वनिमें ही ये दोष त्याज्य होते हैं, अन्यत्र नहीं ।

तेषां क्वाचित्कताऽनभ्युपगमे दोषमाह—

अन्यथा हि तेषामनित्यदोषत्वं न स्यात् ।

त एवानित्यदोषाः, ये क्वचिद् दोषा भवन्ति, क्वचिन्नैव, यदि श्रुतिदुष्टत्वादीनां तथात्वं न स्यात्, तदाऽनित्यदोषताऽपि न स्यादिति भावः । एवञ्च सर्वं रसादीनामङ्गित्वे ध्वनित्वमङ्गीकुर्वतामेव मत उपपन्नमिति [illegible] ।

यदि इनकी क्वाचित्कता नहीं मानी जाय तो, इनकी अनित्यता ही नहीं होगी, क्योंकि वे ही अनित्य दोष गिने जाते हैं, जो कहीं दोष रूपमें माने जाते हों और कहीं दोष रूपमें नहीं माने जाते हों।

उपसंहरति—

एवमसंलक्ष्यक्रमोद्द्योतो ध्वनेरात्मा प्रदर्शितः सामान्येन।

एवमुक्तप्रकारेण, ध्वनेः, असंलक्ष्यक्रमोद्द्योतः आत्मा स्वरूपम्, सामान्येना-विशेषेण, प्रदर्शितो वर्णित इत्यर्थः।

इस तरह असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका स्वरूप सामान्यरूपसे दर्शाया गया।

तेषां विशेषेणानुक्तेर्हेतुमाह—

तस्याङ्गानां प्रभेदा ये प्रभेदाः स्वगताश्च ये॥
तेषामानन्त्यमन्योन्यसम्बन्धपरिकल्पने ॥ ३५ ॥

तस्याङ्गिनो रसादेः, अङ्गानामुपकारकाणामलंकारादीनां, ये प्रभेदा उपमाऽऽदयः, च तथा स्वगताः स्वीया ये प्रभेदा रसभावादयः सम्भोगविप्रलम्भादयश्च, तेषामन्योऽन्यं मिथः, सम्बन्धपरिकल्पने संकरसंसृष्टिसम्पादने कृते सति, आनन्त्यमनवधित्वं विद्यत इति ते विशेषेण न प्रदर्शिता इत्यभिप्रायः॥

उनको विशेषरूपसे नहीं बतलानेमें युक्ति देते हैं—तस्येति। उस अङ्गीभूत रसादिके उपकारक अलंकारादियोंके जो उपमादि प्रभेद हैं, और जो स्वगत रसभावादि तथा संभोग विप्रलम्भादि प्रभेद हैं—उन सबके परस्पर संकर संसृष्टिके प्रतिपादन करने पर अनन्त संख्या हो जायगी, इसलिये विशेषरूपसे उसका वर्णन नहीं किया गया है।

तदाह वृत्तिकारः—

अङ्गितया व्यङ्ग्यो रसादिर्विवक्षितान्यपरवाच्यस्य ध्वनेरेक आत्मा य उक्तः, तस्याङ्गानां वाच्यवाचकानुपातिनामलङ्काराणां ये प्रभेदा निरवधयो, ये च स्वगतास्तस्याङ्गिनोऽर्थस्य रसभावतदाभासतत्प्रशमलक्षणा विभावानुभावव्यभिचारिप्रतिपादनसहिता अनन्ताः स्वाश्रयापेक्षया निस्सीमानो विशेषाः, तेषामन्योऽन्यसम्बन्धपरिकल्पने क्रियमाणे, कस्यचिदन्यतमस्यापि रसस्य प्रकाराः परिसङ्ख्यातुं न शक्यन्ते, किमुत सर्वेषाम्।

तदवयवानां तदुदयादीनामुपलक्षणम्। रसानां मध्य एकस्यापि परं रसमा—

वादिभिर्विभावादिभिरलङ्कारप्रकारैश्च प्रचुरैः संकरे संसृष्टौ च प्रकारा असङ्ख्येया एवेति तत्त्वम् ।

विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनिका प्रधानरूपसे जो व्यङ्ग्यरसादिरूप एक प्रकार बतलाया है, उसके उपकारक वाच्यगत उपमादि और वाचकगत अनुप्रासादि अलंकारों के जो निःसीम प्रभेद हैं, और अङ्गीभूत उस व्यङ्ग्यरसादिके जो विभाव, अनुभाव, संचारिभावोंके प्रतिपादन सहित स्वगत रस-भाव-तदाभास-तत्प्रशम-तदुदयादि स्वरूपोंके, अनन्त प्रभेद हैं, उन सबके परस्पर संकर और संसृष्टिके संकलन करने पर उनमें भी किसी एकके भी दूसरे रसभावादि एवं विभावादि तथा अलंकारोंके प्रचुर प्रकारोंसे संकर और संसृष्टिके प्रतिपादन करनेपर अपरिगणित प्रकार हो जाते हैं, जिनकी गणना भी नहीं की जा सकती, सबकी तो बात ही दूर रही।

तदेव प्रकारानन्त्यमुपपादयति—

तथा हि—शृङ्गारस्यैवाङ्गिनस्तावदाद्यौ द्वौ भेदौ, सम्भोगो विप्रलम्भश्च । सम्भोगस्य च परस्परप्रेमदर्शनसुरतविहरणादिलक्षणाः प्रकाराः । विप्रलम्भस्याप्यभिलाषेर्ष्याविरहप्रवासविप्रलम्भादयः । तेषां च प्रत्येकं विभावानुभावव्यभिचारिभेदाः । तेषां च देशकालाद्याश्रयावस्थाभेदा इति स्वगतभेदापेक्षयैवतस्यापरिमेयत्वम्, किंपुनरङ्गप्रभेदकल्पनया । ते हि प्रभेदाः प्रत्येकमङ्गिप्रभेदसम्बन्धपरिकल्पने क्रियमाणे सत्यानन्त्यमेवोपयान्ति ।

प्रेम्णा दर्शनं प्रेमदर्शनम्, सुरतं चातुष्षष्टिकमालिङ्गनादि, विहरणमुद्यानसञ्चरणम् । अभिलाषः केवलः पूर्वरागः । ईर्ष्या मानमूलभूताऽक्षमा । विरह एकदेशस्थयोरप्येकतराननुरागगुरुजनलज्जापारवश्यदैवप्रतिबन्धकार्य्यान्तरादिहेतुकोऽसंय्योगः । प्रवासो विदेशस्थितिः । प्रथमादिपदग्राह्या आलापजलक्रीडापानकप्रभृतयः । द्वितीयादिपदग्राह्यः करुणविप्रलम्भः । तदुक्तं दर्पणे—

'यूनोरेकतरस्मिन् गतवति लोकान्तरं पुनर्लभ्ये ।
विमनायते यदैकस्तदा भवेत् करुणविप्रलम्भाख्यः ॥' इति ।

केचित्तु शापहेतुकमपि विप्रलम्भं मन्यन्ते ।

यद्येकः शृङ्गाररसश्शुद्धस्वीयप्रकारैरेवैतावद्भिः सम्बद्धो विशेषेण परिसङ्ख्यातुं न शक्यते, तर्हि का कथा परैः सम्बद्धस्य तस्य, परेषां वा रसानामिति समासेनैव गणना विहितेति सारम् ।

उन्हीं अनन्त प्रकारोंका प्रतिपादन करते हैं—तथाहि इति । उनमें शृङ्गाररूप अङ्गीभूत रसके ही तावत् 'संभोग और विप्रलम्भ' ये प्रथम दो भेद हैं, संभोगके

परस्पर प्रेम-दर्शन, ६४ प्रकारका आलिङ्गनादि सुरत और उद्यान-विहरणादि रूप अनेक प्रभेद हैं। विप्रलम्भके भी अभिलाषाख्य पूर्वराग–ईर्ष्या–विरह–करुणविप्रलम्भादि प्रभेद हैं। उनमें भी प्रत्येकके विभाव–अनुभाव–संचारिभावाख्य प्रभेद हैं। उनके भी देश-कालादि आश्रय अवस्थात्मक प्रभेद हैं। इस तरह स्वगत प्रभेदोंकी अपेक्षासे ही उसकी अपरिमेय संख्या हो जाती है, अङ्गोंके प्रभेद कल्पनाकी तो बात दूर ही रही। उन सब प्रभेदोंके प्रत्येक अङ्गी रसादिके प्रभेदोंके साथ संकर और संसृष्टिकी कल्पना करनेपर आनन्त्य हो जाता है, अर्थात् जब एक श्रृङ्गाररस का भी स्वकीय शुद्ध उक्त प्रकारोंसे सम्बन्ध करनेपर विशेष रूपसे परिगणन नहीं कर सकते, तब उसका दूसरोंसे सम्बद्ध होने पर या अन्य रसोंका परिगणन करना तो सर्वथा असंभावित है, इसलिये संक्षेपसे ही वर्णन किया है।

तदेवाह कारिकाकार :—

दिङ्मात्रं तूच्यते येन व्युत्पन्नानां सचेतसाम्॥
बुद्धिरासादितालोका सर्वत्रैव भविष्यति ॥ ३६ ॥

इत्थं रसादिध्वनेर्भेदानामसङ्ख्यत्वे, तु पुनः, दिङ्मात्रम् उच्यते, अनया रीत्याऽसंलक्ष्यक्रमध्वनिभेदा ज्ञेयाः, इति दिशा प्रदर्शनं मार्गप्रदर्शनमिति यावत्। केवलं क्रियते। येनदिग्दर्शनमात्रेण व्युत्पन्नानां विशेषज्ञानां सचेतसां बुद्धिः सर्वत्रैव रसादिध्वनेरनिर्दिष्टेष्वपि प्रकारेषु, आसादितालोका प्राप्तप्रकाशा भविष्यतीत्यर्थः।

व्यासेन वक्तुमशक्यत्वे वा, सप्रतिभानां दिग्दर्शनादपि सकलतत्त्वावगमः सम्पत्तुमर्हतीति समासेनैवासंलक्ष्यक्रमध्वनिरुच्यत इत्याकूतम्।

उक्त बातको ही मूलकार बतलाते हैं—दिङ्मात्रेति। उक्तरीतिसे रसादिध्वनिके अनन्त भेदोंके होनेसे असंलक्ष्य-क्रम-व्यङ्ग्य–ध्वनिभेदोंका मार्ग-प्रदर्शन मात्र किया जारहा है, जिससे विशेषज्ञ सहृदयों की बुद्धि रसादिध्वनि के अनिर्दिष्ट प्रकारोंमें भी प्रकाश प्राप्त कर लेगी, अर्थात् बृहद् रूपसे नहीं प्रतिपादन करनेपर भी प्रतिभाशाली व्यक्तियोंको दिग्दर्शनमात्रसे भी सभी तत्त्वोंका अवगम हो सकता है, इसलिये संक्षेपरूपसे ही असंलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य ध्वनिका वर्णन किया जाता है।

तदेवाचष्टे—

दिङ्मात्रकथनेन हि व्युत्पन्नानां सहृदयानामेकत्रापि रसभेदे कर्तव्येऽलङ्कारेऽङ्गाङ्गिभावपरिज्ञानादासादितालोका बुद्धिः सर्वत्रैव भविष्यति।

करणं विमज्यान्वाख्यानम्। अन्यद् व्यक्तम्।

वृत्तिकार उसीको संक्षिप्त करते हैं—दिङ्मात्रेति। दिग्दर्शन मात्रसे ही सरस चतुर विशेषज्ञोंको किसी एक रसके भी विशेषरूपसे अलंकारोंके साथ अङ्गाङ्गिभाव का सम्यग् ज्ञान हो जानेसे सभी रसादिके प्रकारोंका जानना सरल हो जायगा।

दिशमेव दर्शयति—

तत्र।

दिङ्मात्रदर्शने कार्य्यं पूर्वमियदवगमनमावश्यकमिति शेषः।

शृङ्गारस्याङ्गिनो यत्नादेकरूपानुबन्धनात् ॥
सर्वेष्वेव प्रभेदेषु नानुप्रासः प्रकाशकः ॥ ३७ ॥

अङ्गिनः शृङ्गारस्य सर्वेष्वेव प्रभेदेषु, यत्नाद्यत्नतः क्रियमाणाद्, एकरूपस्य समानाकारस्य अनुबन्धनात्सम्पादनाद्धेतोः, अनुप्रासः—'अनुप्रासः वर्णसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्' इति लक्षितोऽर्थानुसन्धानविधुरः शब्दालंकारः न प्रकाशको नैव व्यञ्जक इत्यर्थः ॥

दिग्दर्शन मात्र कराते हैं—तत्रेति। दिग्दर्शन मात्र करते समय विशेषज्ञोंको निम्न बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिये। प्रधान रूपसे प्रतीयमान शृङ्गाररसके साङ्गोपाङ्ग सभी प्रभेदोंमें अनुप्रास अलंकारकी विशेषयत्नसे समानरूपताके सम्पादन करनेकी और कविके ध्यान आकृष्ट हो जानेके कारण, उन (शृङ्गार भेदों) के प्रति उस (अनुप्रास) में व्यञ्जकता नहीं है।

विवृणोति—

अङ्गिनो हि शृङ्गारस्य ये उक्ताः प्रभेदाः, तेषु सर्वेष्वेकप्रकारानुबन्धितया प्रबन्धेन प्रवृत्तोऽनुप्रासो न व्यञ्जकः।

अयंभावः—शृङ्गारध्वनिं सुकुमारतरं त एवालंकारा उपस्कुर्वन्ति, येषां निबन्धने पृथग्यत्नो नापेक्ष्यते। अनुप्रासनिबन्धे तु समानस्वरूपकशब्दानुसरणात्मा यत्नोऽपरिहेय इति नायं तदलंकरणक्षमः ॥

वृत्तिकार उक्ताशयको विशेष रूपसे स्फुट करते हैं—अङ्गित इति। अङ्गीभूत अत्यन्त सुकुमार शृङ्गार ध्वनिके प्रभेदोंको वे ही अलंकार उपस्कृत (परिपुष्ट) करते हैं, जिनके विरचनमें विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता। अनुप्रासके विरचनेमें तो समानरूप शब्दोंके अनुसन्धान करनेमें अधिक प्रयासका होना स्वाभाविक है, इसलिये शब्दोंके विन्यास करनेमें ही कविके सारे ध्यान आकृष्ट हो जानेसे यह अनुप्रास उस (शृङ्गार ध्वनि) को उपस्कृत करनेमें क्षम नहीं होता है।

'अङ्गिनः' इति निवेशस्य फलं प्रकटयति—

अङ्गिन इत्यनेनाङ्गभूतस्य शृङ्गारस्यैकरूपानुबन्ध्यनुप्रासनिबन्धने कामचारमाह।

शृङ्गारस्य कारिकायामङ्गित्वेन विशेषणाद् ध्वनेरेवानुप्रासो न भासकः, तस्य गुणीभावे रसान्तरध्वनौ च कामचारः स्याच्छन्दमित्यर्थः ॥

उक्त अङ्गिभूत शृङ्गार ध्वनिको ही अनुप्रास केवल उपरञ्जक नहीं होता, परन्तु रसान्तर ध्वनिके प्रति अङ्गभूत शृङ्गारमें तो समानरूपानुसारी अनुप्रास इच्छानुसार व्यञ्जक हो सकता है।

तुल्यन्यायादाह—

ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे यमकादिनिबन्धनम् ॥
शक्तावपि प्रमादित्वं विप्रलम्भे विशेषतः ॥ ३८ ॥

ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे शृङ्गारध्वनौ, तत्रापि विशेषतो विप्रलम्भे तद्ध्वनौ, यमकम्—

सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः। क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते ॥'

इति दर्पणलक्षितमादिर्येषां ते तदादयः समङ्गश्लेषचित्रभाषासमप्रभृतयः, तेषां निबन्धनं सन्निवेशनं कवेः शक्तौ प्रतिभायां सत्यामपि प्रमादित्वमनवधानं स्खलनमिति यावद्भवतीत्यर्थः ॥

उक्त तुल्ययुक्तिसे ध्वन्यात्मक शृङ्गारमें तथा उसमें भी विशेष कर विप्रलम्भात्मक शृङ्गारध्वनिमें यमक-सभङ्गश्लेषादि प्रयोग करनेसे दोषोंको ढांकनेवाली प्रतिभा होने पर भी कविका स्खलन (विशेष दोष) समझा जाता है।

तदाह—

ध्वनेरात्मभूतः शृङ्गारस्तात्पर्येण वाच्यवाचकाभ्यां प्रकाश्यमानः, तस्मिन् यमकादीनां यमकप्रकाराणां निबन्धनं दुष्करशब्दभङ्गश्लेषादीनां शक्तावपि प्रमादित्वम्।

आदिशब्देन चित्रभाषासमप्रभृतीनां परिग्रहः। अन्यद् व्याख्यातमेव ॥

ध्वन्यात्मक प्रधानीभूत शृङ्गार, व्यञ्जना वृत्ति द्वारा वाच्य-वाचकोंसे व्यक्त होकर रमणीयताको प्राप्त करता है, उसको द्योतित करनेके लिये यमक-पद्मबन्ध-चित्रबन्ध-सभंगश्लेषादिके निवेश करनेसे दोषोंकी आच्छादक प्रतिभाके रहनेपर भी कविका प्रमादसूचित होता है।

प्रमादित्वपदकृत्यमाह—

'प्रमादित्वम्' इत्यनेनैतद्दृश्यते—काकतालीयेव कदाचित्कस्यचिदेकस्य यमकादेर्निष्पत्तावपि, भूम्नालङ्कारान्तरवद्रसाङ्गत्वेन निबन्धो न कर्तव्य इति।

काकतालीयेन काककृततालफलोपभोगवदकस्मात्, कदाचिन्नतु सर्वदा, कस्यचिदेकस्य यमकादेर्निष्पत्तौ सन्निवेशेऽपि, न क्षतिः किन्त्वलङ्कारान्तरवद् रूपकादिरसोपकारकान्यालङ्कारवद् रसाङ्गत्वेन रसोपकाराभिप्रायेण, भूम्ना बाहुल्येन तस्य निबन्धो न कर्तव्य इत्यर्थः।

काकतालीयपदसाधनमन्यत्रावलोकनीयम्। बाहुल्येन निबद्धो यमकादिः प्रधानीभूतश्रृङ्गारं नोपकरोतीत्याशयः॥

प्रमादित्व कथनसे यह अभिप्राय सूचित होता है कि काकतालीय न्यायसे कदाचित् कहीं किसी एक यमकादि अलंकारके निवेश करनेसे दोष नहीं होता, अपितु अन्य अलङ्कारों की तरह रसोपकारकतया इसका प्रचुरतर प्रयोग करना ही दोषाधायक होता है, अर्थात् अधिकतर प्रयुक्त ही यमकादि अलंकार, प्रधानीभूत श्रृङ्गारका उपकारक नहीं होताः।

कारिकाचतुर्थचरणकार्यमाह—

'विप्रलम्भे विशेषतः' इत्यनेन विप्रलम्भे सौकुमार्यातिशयः ख्याप्यते। तस्मिन् द्योत्ये यमकादेरङ्गस्य निबन्धो नियमान्न कर्तव्य इति।

विप्रलम्भश्रृङ्गारो हि सुकुमारतरस्तनीयांसमप्यन्यव्यासङ्गं न सहत इत्येकोऽपि यमकादिनिबन्धस्तद्ध्वनौ न कार्य इति भावः।

विप्रलम्भ श्रृङ्गार अत्यन्त सुकुमार होनेसे लेशमात्र भी अन्य व्यासङ्गको नहीं सहन करता, इसलिये उसके द्योतनार्थ यमकादि अलङ्कारका कभी भी प्रयोग नहीं करना चाहिये।

ननु कस्तर्हि श्रृङ्गारादिध्वनावलङ्कारः? इति पृच्छायामाह—

अत्र युक्तिरभिधीयते।

रसादिध्वनावलंकारयोजनोपाय उच्यत इत्यर्थः

श्रृङ्गारादि रसादि ध्वनिमें उपादेय अलंकारोंके योजनक्रमका निम्न उपाय बतलाते हैं।

रसाक्षिप्ततया यस्य बन्धश्शक्यक्रियो भवेत् ॥

अपृथग्यत्ननिर्वर्त्यः सोऽलङ्कारो ध्वनौ मतः ॥ ३९ ॥

रसादिध्वनौ स एवालङ्कारो मत उपकारकः स्मृतः। योऽपृथग्यत्नेन निर्वर्त्यो नान्तरीयकतया रसबन्धानुकूलप्रयासेनैव निष्पाद्यो भवेत्। किञ्च यस्य बन्धसन्निवेशो रसाक्षिप्ततया रसैकताnतया शक्यक्रियः कर्तुं शक्यो भवेदित्यर्थः ॥

रसादि ध्वनिमें वही अलंकार उपकारक माना गया है जो कि रसनिबन्धानुकूल प्रयाससे ही निष्पन्न होनेवाला हो, और जिसका सन्निवेश रसैकतानता (रसैकलीनता) से ही करने योग्य हो।

तदाह—

निष्पत्तावाश्चर्यभूतोऽपि यस्यालङ्कारस्य रसाक्षिप्ततयैव बन्धः शक्यक्रियो भवेत्, सोऽस्मिन्नलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्ये ध्वनावलङ्कारो मतः। तस्यैव रसाङ्गत्वं मुख्यमित्यर्थः।

रसनिबन्धप्रवणधियाऽबुद्धिपूर्वकं कृतोऽलङ्कारबन्धः सम्पन्नोऽवधीयमानः 'कथमयं निष्पन्नः' इत्याश्चर्य्यमुदञ्चयेद्यः, स एव रसादिध्वनावलंकारः, तस्यैव प्रधानं रसोपकारकत्वम्, नेतरेषाम्। अत एव संग्रहश्लोकेऽनुपदं वक्ष्यति—'रसेऽङ्गत्वं तस्मादेषां न विद्यते' इति।

रसबन्धानुकूलव्यापारेणैवानुषङ्गिकतयाऽकस्मान्निष्पन्नामेव मुख्यमलंकारत्वम्। इतरेषान्तु तत्साम्याद्गौणमिति तात्पर्यम् ॥

रसोत्पादनकी तल्लीनतासे ही अबुद्धि पूर्वक (बिना विशेष प्रयासके ही) आपसे आप स्वयं निष्पन्न होकर, जो अलङ्कार, मनन करने पर आश्चर्य जनक प्रतीयमान हो, वही इस असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनिमें मुख्य उपकारक समझा जाता है, अन्य नहीं, अर्थात् रसनिर्माणानुकूल व्यापारसे ही अनायास (आनुषङ्गिक) रूपसे निष्पन्न होनेवाले अलंकारोंमें ही उक्त रसादिके प्रति प्रधान अङ्गत्व होता है।

अपृथग्यत्ननिर्वर्त्यमलङ्कारमुदाहरति—

यथा—

मानिनीमनुनयन्नायको ब्रवीति—

'कपोले पत्त्राली करतलनिरोधेन मृदिता,
निपीतो निश्श्वासैरयममृतहृद्योऽधररसः ॥

मुहुः कण्ठे लग्नस्तरलयति बाष्पः स्तनतटं,
प्रियो मन्युर्जातस्तव निरनुरोधे ! नतु वयम् ॥

हे निरनुरोधे ! निरपेक्षे ! तव कपोले गण्डे, पत्त्राली चन्दनपत्ररचना, करतलस्य निरोधेन विषादाद्वामहस्तमण्डलस्यावरोधेन मृदिता प्रोञ्छिता । तथा- अयं प्रत्यक्षीक्रियमाणः अमृतमिव हृद्यो मनोरमः, अधररसः, निश्वासैः खेदादायतोच्छ्वासैः, निपीतो निकामं पीतः। तथा–कण्ठे लग्नो गलाधिष्ठितः, बाष्पोऽश्रु मुहुःस्तनतटं तरलयत्यान्दोलयति । तेन तव मन्युः क्रोधः प्रियो जातोऽजनि, तु पुनर्वयं न जाता इत्यर्थः । तथा च 'मन्युर्दैन्ये क्रतौ क्रुधि' इत्यभिधानम् ।

क्रोधानुरोधेनास्मत्त्यागस्त्वया क्रियते, नत्वस्मदनुरोधेन क्रोधत्याग इत्युपालम्भस्तात्पर्यविषयः ।

अत्र वक्त्रपेक्षया मानस्य नायिकाप्रियत्वेन निष्पद्यमानो व्यतिरेकालंकारोऽपृथग्यत्ननिष्पन्नत्वाद्विप्रलम्भशृङ्गारध्वनिमुपस्करोतीति तस्य तदङ्गत्वम् ॥

अनायास निष्पन्न (सिद्ध) अलंकारका उदाहरण बतलाते हैं—तथेति । मानिनीसे अनुनय करता हुआ नायक कहता है—हे पराङ्मुखि ? तुम्हारे कपोल पर लिखित चन्दनपत्र (मकराकृति) की रचना भी विषादके मारे वाम हस्ततल पर उस (कपोल) को रखनेसे प्रोञ्छित हो (धुल) रही है, तथा अमृत रससे सना हुआ अत्यन्त मधुर यह तुम्हारा अधररस निश्वास पवनसे सूख रहा है, और गले तक अविरल रूपसे बहता हुआ आंसू बार बार स्तनतटको तरलित कर रहा है, इससे यही प्रतीत होता है कि—क्रोध ही तुम्हारा प्रिय है, मैं तुम्हारा प्रिय नहीं हूँ, अर्थात् क्रोधके अनुरोधसे मुझे तू छोड़ रही है, पर मेरे अनुरोधसे क्रोधको नहीं छोड़ती । यहां नायककी अपेक्षा मान ही नायिकाका अधिक प्रिय समझा गया है, अतः अनायास निष्पद्यमान व्यतिरेकालंकार विप्रलम्भशृङ्गारध्वनिको उपस्कृत (परिपुष्ट) करता हुआ उसका अङ्ग बन जाता है ।

पर्यवसितमाह—

रसाङ्गत्वे च तस्य लक्षणमपृथग्यत्नं निर्वर्त्यत इति ।

योऽलङ्कारः अपृथग्यत्नं पृथक्प्रयासमन्तरेण निर्वर्त्यते निष्पाद्यते कविनेति– शेषः । इतिहेतोस्तस्य रसाङ्गत्वे लक्षणमलङ्कारवृत्तिस्तदितरव्यावर्तको धर्मः अक्षुण्णं व्यापकं सङ्गतमिति यावत् । यद्वा तस्यालंकारस्य रसाङ्गत्वे लक्षणम्, अक्षुण्णम्, यतः सोऽपृथग्यत्नं निर्वर्त्यते । यद्वा लक्षणमेवापृथग्यत्नं निर्वर्त्यत इत्यन्वयः ॥

विशेष प्रयासके विना ही जो अलंकार निष्पन्न हो जाता है, इसलिये उस (अलंकार) में रसाङ्गताका लक्षण अबाधित होकर स्पष्ट ही प्रतीत होता है।

अथ यमकादीनां रसध्वनेरङ्गत्वाभावमुपपादयति—

रसं बन्धुमध्यवसितस्य कवेर्योऽलङ्कारस्तां वासनामत्यूह्य यत्नान्तरमास्थितस्य निष्पद्यते, स न रसाङ्गमिति। यमके च प्रबन्धेन बुद्धिपूर्वकं क्रियमाणे नियमेनैव यत्नान्तरपरिग्रह आपतति शब्दविशेषान्वेषणरूपः।

रसनिबन्धाय कृताध्यवसायस्य कवेः, तां रससम्बन्धिनीं वासनां संस्कारशृङ्खलाम्, अत्यूह्यातिक्रम्य यत्नान्तरं समानशब्दान्वेषणादिलक्षणं रसानुपयोगिनमन्यं व्यापारम्, आस्थितस्य कृतवतस्तस्य, योऽलङ्कारो निष्पद्यते, स न रसाङ्गम्, रसप्रतिकूलव्यापारनिष्पन्नत्वात्। बुद्धिपूर्वकं यमकं निबध्नामीति ज्ञानपुरस्सरं प्रबन्धेन बाहुल्येन क्रियमाणे निबध्यमाने यमके तु, शब्दविशेषस्य समानाकारकासमानार्थक शब्दस्यान्वेषणरूपं यद् यत्नान्तरम्, तस्य परिग्रहः स्वीकारो नियमेनैव, आपतत्यापन्नो भवतीत्यर्थः।

नहि प्राग्दर्शितव्यतिरेकवद् रसवासनयैव विपुलं यमकमप्यनायासेन कविना निबन्धुं शक्यम्, व्यापारान्तरसाध्यत्वात्। तस्मान्न रसाङ्गं यमकमिति सारम्॥

रसनिष्पत्तिमें लगे हुए कविके रस-सम्बन्धी भावनाको अतिक्रमण (लांघ) कर रसानुपयोगी समान शब्दानुसन्धानादि व्यापारसे जो अलंकार निष्पन्न होता है, वह रसाङ्ग नहीं हो सकता, क्योंकि वह रसप्रबन्धके प्रतिकूल व्यापारसे निष्पन्न हुआ है। अत्यन्त सावधानी पूर्वक विशेष यत्नसे निबध्यमान यमक अलंकारमें अनिवार्य रूपसे समान शब्दविशेषोंका अन्वेषण करना पड़ता है, अर्थात् पूर्वोक्त व्यतिरेकवत् विना यत्नविशेषके यमकालंकारको कवि निष्पन्न नहीं कर सकता, इसलिये उस (यमक) अलंकारको रसका अङ्ग नहीं माना गया है।

तुल्यन्यायेनाशङ्क्य समाधत्ते—

अलङ्कारान्तरेष्वपि तत् तुल्यमिति चेत्, नैवम्, अलङ्कारान्तराणि हि निरूप्यमाणदुर्घटनान्यपि रससमाहितचेतसः प्रतिभानवतः कवेरहम्पूर्विकया परापतन्ति।

अन्येष्वप्यलङ्कारेषु निबन्धनीयेषु कश्चन भिन्नप्रयत्नोऽवश्यमपेक्ष्यते, अर्थविशेषान्वेषणस्वरूपः, अन्यथा रसादितो भिन्नानामुपमाऽऽदीनां निष्पत्तिरेव न स्यात्। एवञ्च यमके यथा प्रयत्नान्तरनिष्पाद्यत्वम्, तथैवान्यत्रापीति कथं तेषामपि रसाङ्ग-

त्वम् ? इति शङ्कयते चेन्न, हि यतो रसैकतानमानसस्य सप्रतिभस्य कवे रसे निबन्धनीये, निरूप्यमाणदुर्घटनान्यपि निष्पत्त्युत्तरं विचारे दुष्करत्वेन प्रतिभासमानान्यपि अलङ्कारान्तराणि परेऽर्थालङ्कारा:, अहम्पूर्विकया अहंपूर्वमहम्पूर्वमिति यस्यां क्रियायां तथा नितान्तत्वरया परापतन्त्युपतिष्ठन्तीत्यर्थः।

सप्रतिभस्य कवे रसानुकूलायासेनैवालङ्कारान्तराणि निष्पद्यन्त इति तेषां नैव यमकतुल्यत्वमिति सारम् ॥

यमकवत् उपमादि अर्थालंकारोंमें भी अनिवार्य रूपसे अर्थानुसंधानरूप प्रयत्न विशेष करनेका सन्देह नहीं करना चाहिये, क्योंकि रसनिर्माणमें ही एकतानसे लगे हुए अत्यन्त प्रतिभाशाली कवियोंके प्रयासविशेषके बिना ही अत्यन्त विस्मयकारक चमत्कारशाली अलंकारोंकी सबसे पहले आनेके लिये आपसमें एक होड़सी लग जाती है, अर्थात् प्रतिभाशाली कविके रसानुकूल प्रयाससे ही अन्य अलंकार भी आपसे आप निष्पन्न हो जाते हैं, अतः उनमें यमककी तुलना नहीं दी जा सकती है।

स्वोक्तिं द्रढयितुमुदाहरति—

यथा कादम्बर्याम्—कादम्बरीदर्शनावसरे। यथा च मायारामादिशिरोदर्शनविह्वलायां सीतादेव्यां सेतौ।

कादम्बरीनाम्नि बाणस्य कथाकाव्ये चन्द्रापीडस्य कादम्बरीदर्शनकाले पूर्वार्धोपान्ते, सेतौ प्रवरसेनविरचितप्राकृतमयसेतुबन्धमहाकाव्य एकादशाश्वासके मेघनादेन मायया छिन्नस्य दर्शितस्य च रामादिशिरसो दर्शनेन विह्वलायाः सीतायाः 'अह तेहि' इति ५२ श्लोकत आश्वासकान्तं यावद्वर्णिते विलापे च रसानुसन्धानेनैव प्रवृत्ते प्रबन्धे तदुपकारिणोऽलङ्कारा अनितरयत्ननिष्पन्नाः स्फुरन्तीत्यर्थः।

जैसे कादम्बरीके पूर्वार्द्धके उपान्त्यमें चन्द्रापीड़के कादम्बरी-दर्शनके अवसर पर, और प्राकृतमय सेतुबन्ध महाकाव्यके एकादश आश्वासमें मेघनाद द्वारा माया (इन्द्रजाल) कल्पित राम-मस्तकके छेदनको देखनेसे अत्यन्त विह्वल सीताके विलापके वर्णन प्रसङ्ग पर रसानुसन्धानसे ही प्रवृत्त कविके काव्य-प्रबन्धमें रसोपकारक अलंकार आपसे आप निष्पन्न होकर स्फुरायमान होते हुए दिखलाई पड़ रहे हैं।

उक्तं समर्थयति

युक्तं चैतत्, यतो रसा वाच्यविशेषैरेव क्षेप्तव्याः तत्प्रतिपादकैश्च शब्दैः तत्प्रकाशिनो वाच्यविशेषा एव रूपकादयोऽलङ्काराः, तस्मान्न तेषां बहिरङ्गत्वं रसाभिव्यक्तौ। यमकदुष्करमार्गे तु तत् स्थितमेव।

एतदर्थालङ्काराणामहम्पूर्विकया परापतनं च युक्तमुचितम्, यतो वाच्यविशेषै-स्तत्प्रतिपादकैश्शब्दैरेव च रसा आक्षेप्तव्या व्यञ्जनीयाः रसप्रकाशनकारणानि रूप-कादयश्चार्थालङ्कारत्वाद्वाच्यार्थरूपा एवेति तेषां रसव्यञ्जने बहिरङ्गत्वमनुपयोगित्वं साक्षादनुपयोगित्वं वा नास्ति। प्रयत्नविशेषसाध्यत्वाद् दुष्करे यमके तु तद्बहिरङ्गत्वं स्थितमेव नत्वपनेतुं कथञ्चन शक्यत इत्यर्थः॥

रसध्वनिमें अर्थालंकारोंका अहंपूर्विकापूर्वक एकबार ही टूट पड़ना उचित ही मालूम पड़ता है, क्योंकि वाच्यविशेषों एवं तत्प्रतिपादक शब्दविशेषोंसे ही रस अभिव्यङ्ग्य होते हैं, और रूपकादि अर्थालंकार वाच्यविशेषरूप होनेसे रसाभि-व्यक्ति जनक हैं, इसलिये रसव्यञ्जनमें उनकी बहिरंगता या अनुपयोगिता नहीं प्रतीत होती है। परन्तु प्रयत्नविशेष साध्य होनेसे अत्यन्त दुष्कर वाच्यभिन्न यमकादि अलंकारमें रसानुपयोगिता स्पष्ट ही प्रतीत होती है।

ननु शिशुपालवधे षष्ठसर्गे माघस्य, रघुवंशनवमसर्गे कालिदासस्य च बाहुल्येन यमकनिबन्धो दृश्यते, स किं रसध्वनिविधुर एवेत्याशङ्कां समादधाति—

यत्तु रसवन्ति कानिचिद् यमकादीनि दृश्यन्ते, तत्र रसादीनामङ्गता यमकादीनां त्वङ्गितैव।

रसादीनामङ्गत्वमप्राधान्यम्, यमकाद्यलङ्काराणामेव तत्र प्राधान्यमित्यर्थः॥

जहाँ भी कहीं माघ आदि काव्योंमें यमकादि अलंकार सरस दिखाई पड़ते हैं, वहाँ भी रसादि ध्वनि नहीं है, अपितु रसादिकी अप्रधानता ही है। चमत्कारजनक प्रधानता तो यमकादि अलंकारों की ही प्रतीत होती है। अतः वहाँ उक्त उपकार्यो-पकारक भावकी बात नहीं है।

विशेषमाह—

रसाभासे चाङ्गत्वमप्यविरुद्धम्।

रसाभासस्य तादृशसौकुमार्यविरहाद्यमकादय उपकारका इत्यर्थः॥

रसाभासमें तो रसकी तरह अत्यन्त सुकुमारता नहीं होती है, अतः उसमें यमकादिको अंग माननेमें भी कोई क्षति नहीं है।

निगमयति—

अङ्गिता तु व्यङ्ग्ये रसे नाङ्गत्वम् पृथग्यत्ननिर्वर्त्यत्वाद् यमकादेः।

यमकादेः पृथग्यत्ननिर्वर्त्यत्वाद् व्यङ्ग्ये रसेऽङ्गिता नत्वङ्गत्वमित्यन्वयः॥

प्रधानतया भासमान व्यंग्य रसध्वनिमें भिन्न प्रयत्न साध्य होनेसे यम-

कादिको अङ्ग नहीं माना गया है। गुणीभूत व्यङ्ग्य रसादिमें तो यमकादि अलंकार ही प्रधान रूपसे व्यवहृत होता है।

उक्तानर्थान् वृत्तिकृत्त्रिभिः श्लोकैः सङ्गृह्णाति—

अस्यैवार्थस्य संग्रहश्लोकाः—

'रसवन्ति हि वस्तूनि सालङ्काराणि कानिचित्।
एकेनैव प्रयत्नेन निर्वर्त्यन्ते महाकवेः॥
यमकादिनिबंधे तु पृथग्यत्नोऽस्य जायते।
शक्तस्यापि, रसेऽङ्गत्वं तस्मादेषां न विद्यते॥
रसाभासाङ्गभावस्तु यमकादेर्न वार्यते।
ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे त्वङ्गता नोपपद्यते॥'

महाकवे रसवन्ति सालङ्काराणि च कानिचिद् वस्तूनि, एकेनैव प्रयत्नेन निर्वर्त्यन्ते। शक्तस्याप्यस्य यमकादिनिबन्धे तु यतः पृथग्यत्नो जायते, तस्मादेषां यमकादीनां रसेऽङ्गत्वं न विद्यते। यमकादे रसाभासाङ्गभावस्तु न वार्यते, ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे तु पुनरङ्गता नोपपद्यते यमकादेरित्यन्वयः।

उक्तार्थ का संग्रह करते हैं—अस्यैवेति। महाकविके एक ही प्रयत्नसे रस—अलंकार सहित कितने ही वर्णनीय विषय निष्पन्न हो जाते हैं, परन्तु अत्यन्त, प्रतिभाशाली कविको भी यमकादिकी रचना करनेमें विशेष यत्न करना पड़ता है, अतः उसके निर्माणमें कविके ध्यान बट जानेसे यमकादि रसका अङ्ग नहीं होता, एवं ध्वनिभूत शृङ्गारमें भी यमकादि अङ्ग नहीं है परन्तु रसाभासके प्रति यमकादिको अङ्ग होनेमें कोई क्षति नहीं है।

केषां तर्ह्यलङ्काराणां रसाङ्गत्वम्? इत्याकाङ्क्षायां कारिकामवतारयति—

इदानीं ध्वन्यात्मभूतस्य शृङ्गारस्य व्यञ्जकोऽलङ्कारवर्ग आख्यायते—

ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे समीक्ष्य विनिवेशितः।
रूपकादिरलङ्कारवर्ग एति यथार्थताम्॥ ४०॥

शृङ्गारे ध्वन्यात्मभूते सति, समीक्ष्य वक्ष्यमाणां रसोपयोगित्वसमीक्षां विधाय, प्रबुद्धेन कविना विनिवेशितो निबद्धः, रूपकादिरर्थालंङ्कारवर्गः यथार्थतां रसोपयोगि तथा वस्तुतोऽलंकारत्वं चारुताहेतुतामिति यावत् यान्तीत्यर्थः॥

अब ध्वन्यात्मक शृङ्गारमें अङ्गभूत अलंकारोंका वर्णन करते हैं—इदानीमिति।

ध्वन्यात्याक शृङ्गारमें रसोपकारकत्वकी भावनासे प्रतिभासम्पन्न कवि द्वारा निवद्ध रूपकादि अलंकार वास्तवमें रसोपयोगी होकर सौन्दर्यको वढ़ाता है।

तदेव विवृणोति—

अलङ्कारो हि बाह्यालङ्कारसाम्यादङ्गिनश्चारुत्वहेतुरुच्यते वाच्यालङ्कारवर्गश्च रूपकादिर्यावानुक्तो वक्ष्यते च कैश्चित्, अलङ्काराणामनन्तत्वात्, सर्वोऽपि यदि समीक्ष्य विनिवेश्यते, तदलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्य ध्वने रङ्गिनः सर्व एव चारुत्वहेतुर्निष्पद्यते।

बाह्यालङ्कारो लौकिकालङ्कारः। उक्तो भामहादिभिः। वक्ष्यते च ग्रन्थकृद्भिरर्वाचीनैः। कविप्रतिभाऽऽनन्त्यादलङ्काराणामानन्त्यम्।

यथा कटककुण्डलादिरलङ्कारः समीक्ष्य सन्निवेशित एव शरीरस्य शोभां जनयन्नलङ्कारत्वं भजति, तथैव रूपककादी रसस्य। नहि करे धृतो नूपुरश्चरणे धृतो बलयश्चशरीरस्य शोभां जनयतीति भाव।

जैसे लौकिक कटक कुण्डलादि उचित रूपसे पहना जाकर शरीरको भूषित करता है वैसे ही अलंकार भी अङ्गीभूत रसादि ध्वनिकी रमणीयताका हेतु होता है, जितने भी रूपकादि वाच्य-अलंकार समूहको भामहप्रभृति कवियोंने कहा है, या कहेंगे, ये सभी अलंकार यथास्थानमें कविद्वारा निवद्ध होकर प्रधान असंलक्ष्य-क्रम-व्यङ्ग्य ध्वनिकी शोभाको वढ़ाते हैं, अर्थात् जैसे कटक कुण्डलादि भूषण यथास्थानमें पहने जाने से ही शरीरकी शोभा वढ़ाता है, क्योंकि हाथमें नूपुर और पादमें वलयको पहननेसे शोभा नहीं होती, वैसे ही आवश्यकतानुसार समीक्षा करके यथास्थान प्रयुक्त अलंकार ही रसकी शोभा वढ़ाता है।

समीक्षामभिधत्ते—

एषा चास्य विनिवेशने समीक्षा—

विवक्षा तत्परत्वेन नाङ्गित्वेन कथञ्चन
काले च ग्रहणत्यागौ नातिनिर्वहणैषिता॥
निर्व्यूढावपि चाङ्गत्वे यत्नेन प्रत्यवेक्षणम्।
रूपकादेरलङ्कारवर्गस्याङ्गत्वसाधनम्॥ ४२॥

तत्परत्वेन रसाद्यङ्गत्वेन, न तु स्वयमङ्गित्वेन विवक्षा। काल उचितावसरे ग्रहणमुपादानं त्यागश्च। अतिनिर्वहणैषिता ... अपेक्षा न। निर्व्यूढो निर्वाहेऽपि

यत्नेन, अङ्गत्वेऽप्राधान्ये, प्रत्यवेक्षणं पर्यालोचनम्। इति सर्वं रूपकादेरलङ्कारवर्गस्य अङ्गत्वसाधनं रसाद्युपकारकत्वकारणमित्यर्थः ॥

अलंकारों के निवेश करनेकी रीति बतलाते हैं-एषेति। १. रसके प्रति अङ्गरूप में ही अलंकारोंकी विवक्षा करना, २. अङ्गीरूपमें विवक्षा नहीं करना, ३. अवसर पर उसका ग्रहण और परित्याग करना, ४. आरम्भ कर अन्त तक उसको निभानेका प्रयास नहीं करना, ५. समाप्ति पर्यन्त उस अलंकारको रसपोषक बनानेका ध्यान रखना, इन पांच प्रकारोंकी समीक्षाओंको ही रसोंके प्रति रूपकादि अलंकारोंके अङ्गत्व साधक युक्ति कहते हैं।

अथ 'यमलङ्कारं तदङ्गतया विवक्षति नाङ्गित्वेन, यमवसरे गृह्णाति, यमवसरे त्यजति, यं नात्यन्तं निर्वोढुमिच्छति, यं यत्नादङ्गत्वेन, प्रत्यवेक्षते, स एवमुपनिबध्यमानो रसाभिव्यक्तिहेतुर्भवतीति विततं महावाक्यम्, इति लोचनोक्त महावाक्यस्य प्रथमांशप्रतिपाद्यमुदाहर्तुमाह—

रसबन्धेष्वत्याहतमनाः कविर्यमलङ्कारं तदङ्गतया विवक्षति (स) यथा।

तदङ्गतया रसाद्युपकारकत्वेन। विवक्षति विवक्षाविषयीकरोति।

रसनिष्पत्तिमें अत्यन्त व्यासक्त कवि, उसके पोषणार्थ जिस अलंकारको प्रयुक्त करना चाहता है, उसका उदाहरण देते हैं—

दुष्यन्तनृपो मधुपं वक्ति—

'चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं,
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकगतः॥
करौ व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं,
वयं तत्त्वान्वेषान्मधुकर! हतास्त्वं खलु कृती॥'

हे मधुकर! वयं किङ्कर्तव्यमिति तत्त्वस्यान्वेषान्मार्गणाद्विवेचनादिति यावत्, हतानष्टा अभीष्टासिद्धेः, त्वं खलु निश्चितं पुनर्वा, कृती धन्योऽभीष्टसिद्धेरसीति शेषः। यतोऽस्याः चलापाङ्गां लोलकटाक्षां, वेपथुमतीं सकम्पां, दृष्टिं बहुशोऽसकृत्, स्पृशसि। तथा रहस्यस्य गुह्यार्थस्य, आख्यायी वक्तेव, कर्णान्तिकं श्रवणसमीपं गतः प्राप्तः, मृदु कोमलं स्वनसि शब्दायसे। तथा करौ व्याधुन्वत्यास्त्वद्भीत्या विक्षिपन्त्याः कम्पयन्त्या वा, रतौ रतेर्वा सर्वस्वमधरं पिबसीत्यर्थः। शिखरिणीच्छन्दः।

'केयम्? मत्परिग्रहयोग्या नवा, तत्वेऽपि मय्यनुरक्ता न वा, अपरिचितायां च साहसं नोचितम्' इत्यादि बहु विवेचयतैव स्वमनोरथो व्यर्थीकृतः। त्वया पुनः साह-

सिकेन मदुचितमुपभोगमाचरता धन्यत्वं लब्धमिति मदपेक्षया त्वमेवोत्कृष्ट इति व्यतिरेकोऽत्र स्फुटः, तदुक्तं चन्द्रालोके — 'व्यतिरेको विशेषश्चेदुपमानोपमेययोः ॥' इति ॥

राजा दुष्यन्त भ्रमर को लक्ष्य कर कहते हैं—हे मधुप! शकुन्तलाके रसको लूट कर वास्तवमें तुम ही कृतकृत्य हुए, मैं तो तत्त्वको ही ढूढ़नेमें लगे रहनेसे किंकर्तव्य विमूढ होकर बिलकुल वञ्चित ही रहा, क्योंकि अत्यन्त चंचल कटाक्ष भरे कम्पयुक्त तिरछे भ्रूविक्षेपोंको अनेकों बार स्पर्श कर, एवं अत्यन्त गुप्त रहस्य वक्ताकी भांति कानके पास जाकर मधुर ध्वनि गूंजकर, तथा आक्रमणके भयसे चौतरफ हाथोंको चलाती हुई उसके रतिसर्वस्व अधररसका पान कर तू मानो मालोमाल हो गया, केवल मेरे जैसा अभागा ही ठगा सा रह गया। यहां 'यह मेरे परिग्रह योग्य है, या नहीं, एवं मुझमें अनुरक्त है, या नहीं' इत्यादि विचारनेमें ही मैंने अपना मनोरथ व्यर्थ कर दिया, किन्तु तुम तो साहस करके मेरे योग्य उपभोगका रस लूटकर कृतकृत्य (निहाल) हो गये, इसलिये तूही मुझसे उत्कृष्ट है, इसतरह व्यतिरेकालंकार अनायाससें ही सिद्ध होकर शृङ्गाररसका पोषक हो गया है।

सङ्गमयति —

अत्र हि भ्रमरस्वभावोक्तिरलङ्कारो रसानुगुणः।

अत्रोक्तश्लोके भ्रमरस्वभावोक्तेः—'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्' इति मम्मटलक्षितस्वभावोक्त्यलङ्कारो रसस्य शृङ्गारस्यानुगुण उत्कर्षव्यायकत्वादङ्गभूत इत्यर्थः। वस्तुतस्तु भ्रमरासाधारणधर्मवर्णनाभावान्न स्वभावोक्तिः, किन्तु व्यतिरेक एवाङ्गिकचमत्कारभूमिरलङ्कारः। इत्थं च भ्रमरस्य स्वभावे उक्तयंस्येति बहुव्रीहिः। समुदितं पदं च व्यतिरेकपरमवगमनीयम् ॥

यत्त्विह रूपकमपि केचनोचिरे, तन्न कस्मिश्चिदप्यंशे तादात्म्यारोपादर्शनात्। इह शृङ्गाररससन्निवेशव्यासक्तेन कविनाऽपृथग्यत्नेनैव निवेशितो व्यतिरेकः शृङ्गारं पुष्णन्नङ्गत्वं भजन्नलङ्कारतां वास्तविकीं श्रयतीति विभावनीयम् ॥

उक्त श्लोकमें भ्रमरकी स्वभावोक्ति नामक अलंकार ही शृङ्गाररसके उत्कर्षाधायक होनेसे अङ्गभूत प्रतीत होता है। वास्तवमें तो भ्रमरके नैसर्गिक धर्मके वर्णन नहीं होनेसे स्वभावोक्ति अलंकार नहीं है, अपितु पूर्वोक्त व्यतिरेकालंकार ही चमत्कृतिजनक प्रतीत होता है।

तद्द्वितीयांशं व्याचष्टे—

नाङ्गित्वेनेति प्राधान्येन।

अङ्गित्वेनेत्यस्य प्राधान्येनेति विवृतिः । कथञ्चन प्राधान्येन न विवक्षा:, किन्त्वलङ्कारस्य रसाङ्गत्वेनैवेत्यर्थः । प्राधान्येन विवक्षायान्तु गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वं भवति ।।

किन्तु रस ध्वनिमें कविको किसी भी प्रकार प्रधानरूपसे अलंकारकी विवक्षा नहीं करनी चाहिये, अपितु रसाङ्गरूपमें ही विवक्षा करना उचित है, प्रधानरूपसे अलंकारके विवक्षास्थलमें तो गुणीभूत व्यङ्ग्य हो जाता है ।

तृतीयांशमुदाहर्तुमाह—

कदाचिद्रसादितात्पर्येण विवक्षितोऽप्यलंङ्कारः कश्चिदङ्गित्वेन विवक्षितो दृश्यते ।

कश्चिदलंङ्कारः कदाचित् पूर्वं, रसादितात्पर्येण रसाद्युपकारकत्वेन विवक्षितोऽपि, प्राधान्येन पश्चाद्विवक्षितो दृश्यत इत्यर्थः ।।

कुछ अलङ्कार पहले रसादिके उपकारक रूपमें विवक्षित होकर भी पीछे प्रधान रूपसे ही कविद्वारा विवक्षित होता हुआ देखा जाता है ।

यथा—चक्राभिघातप्रसभाज्ञयैव, चकार यो राहुवधूजनस्य ।
आलिङ्गनोद्दामविलासवन्ध्यं, रतोत्सवं चुम्बनमात्रशेषम् ।।'

यो भगवान्, चक्रेण सुदर्शनेन, अभिघातो हननं चक्राभिघातः, तत्र प्रसभाज्ञाऽलङ्घनीयो नियोगस्तयैव नत्वन्यथा, राहोस्तमोग्रहस्य यो वधूजनः, तस्य, रतोत्सवं निधुवनविनोदम्, आलिङ्गनमुद्दाममुत्कटं प्रधानं वा येषु तैर्विलासैर्वन्ध्यं शून्यम्, अत एव चुम्बनमात्रं शेषमवशिष्टं यस्मिंस्तादृशं चकारेत्यर्थः । राहोश्शिरश्चिच्छेदेति भावः ।। अलंकारस्याङ्गित्वान्न रसोपयोगित्वम् ।

जैसे—जिस भगवान्ने सुदर्शन नामक चक्राभिघातके अनुल्लंघनीय शासनसे ही राहु-वधूजनके रतोत्सवको गाढ़ालिङ्गनविलासोंसे रहित करके केवल चुम्बन मात्र अवशिष्ट कर दिया, अर्थात् राहुके शिरको काट डाला ।

अत्राह—

अत्र हि पर्यायोक्तस्याङ्गित्वेन विवक्षा, रसादितात्पर्ये सत्यपि ।

अत्रास्मिन् पद्ये रसादितात्पर्ये सत्यपि रसस्य शृङ्गारवीरकरुणान्यतमस्य विष्णुविषयकरतिभावस्य विवक्षायां सत्यामपि, राहुवधूजननिधुवन-चुम्बनमात्रशेषीकरणोक्तेः राहुशिरश्छेदपर्यवसायितया पर्यायोक्तालङ्कारस्यैवाङ्गित्वेन विवक्षेत्यर्थः ।

यद्यपि रसादिप्रतीतिरप्यत्र भवत्येव किन्तु तेषां प्राधान्येनाविवक्षितत्वादङ्गता, पर्यायोक्तस्य त्वलङ्कारस्याङ्गिता चमत्काराधिक्यादिति सारम् ।

केचित्तु रसादिमिहाविवक्षितमेव मन्वते, तदसमञ्जसम्, स्फुटमङ्गत्वेनावभासमानानां तेषां विवक्षाया अपलपितुमनर्हत्वात् ।

उक्तपद्यमें शृङ्गार, वीर, करुण अन्यतम रस, या विष्णु विषयक रतिभावकी विवक्षा रहनेपर भी राहुवधूजनके संभोगका चुम्बन मात्र अवशिष्टके कथनसे राहु-शिरश्छेदनका पर्यवसान होकर पर्यायोक्त अलङ्कार ही प्रधान रूपसे अधिक चमत्कार-जनक प्रतीत होता है, क्योंकि राहु-शिरश्छेदको सीधे नहीं कह कर दूसरे ढङ्गसे कहनेसे विशेष विच्छित्ति (चमत्कार) प्रतीत होती है ।

तच्चतुर्थपञ्चमांशावुदाहर्तुमाह—

अङ्गित्वेनाविवक्षितमपि यमवसरे गृह्णाति, नानवसरे ।

यमलङ्कारम्, अङ्गित्वेनाविवक्षितमपि, अवसरे रसाद्युपयोगोचितसमये गृह्णात्युपादत्ते नत्वनवसरे, अनवसरे तं नोपादत्त इत्यर्थः ।

एतेन "काले च ग्रहणत्यागौ" इति प्रागुक्तं विवृतम् ॥

प्रधानरूपसे अविवक्षित होने पर भी जिस अलङ्कारको रसके उपकारक रूपमें विवक्षित करके रसोपयोगोचित समयमें ही कवि ग्रहण करता है, अनवसरमें ग्रहण नहीं करता, उसको आगे बतलाते हैं ।

तत्र काले—ग्रहणमुदाहरति—

अवसरे गृहीतिर्यथा—

अलङ्कारस्येति शेषः । गृहीतिरुपादानम् ॥

अवसर पर अलङ्कारके ग्रहण करनेका उदाहरण बतलाते हैं—यथेति ।

अग्निमित्रो ब्रवीति—

'उद्दामोत्कलिकां विपाण्डुररुचं प्रारब्धजृम्भां क्षणा-
दायासं श्वसनोद्गमैरविरलैरातन्वतीमात्मनः ।
अद्योद्यानलतामिमां समदनां नारीमिवान्यां ध्रुवं,
पश्यन् कोपविपाटलद्युति मुखं देव्याः करिष्याम्यहम् ॥'

उद्दामोत्कलिकामुत्कटोद्गतकुड्मलाम्, पक्षे समधिकोत्कण्ठाम्. विशेषेण पाण्डुररुचं पीतवर्णाम् , क्षणात्तस्मिन्नेवासरे प्रारब्धा जृम्भा विकासः पक्षे मन्मथकृतोऽङ्गमर्दो मुखविकासो वा यया, ताम्, अविरलैर्निरन्तरैः, श्वसनोद्गमैर्वसन्तमारुतोल्लासैः पक्षेश्वासोल्लासैः, आत्मन आयासमान्दोलनयत्नं पक्षे मन्मथेन सहिताम्, अन्यां देव्या धारिण्या भिन्नां नारीमिव । अद्य, इमां पुरोवर्तिनीम्, उद्यानस्योपवनस्य लतां

पश्यन्, अहम्, देव्या धारिण्या मुखं कोपेन विपाटलाऽतिरक्ता द्युतिर्यस्य तादृशं ध्रुवमवश्यं करिष्यामीत्यर्थः ।

तथा च 'कथितोत्कलिकोत्कण्ठा, 'जृम्भा विकासजृम्भणयोः' इति मेदिनी । पिण्डीतको मरुवकः श्वसनःकरहाटकः । शल्यश्च मदने' इत्यमरश्च ॥

अग्निमित्रकी उक्ति है—उत्कट रूपसे निकली हुई कलियोंसे युक्त, पीली कान्ति वाली एवं तुरन्तही विकसित होनेवाली तथा लगातार वसन्त पवनसे आन्दोलित इस उपवन-लताको, अधिक उत्कण्ठा युक्त, पीली सी कान्ति वाली अङ्गड़ाई लेती हुई तथा गरम सांससे हृदय स्थित खेदको व्यक्त करती हुई मदनपीडित एक अन्य नायिकाकी तरह देखता हुआ मैं अपनी प्रेयसी धारिणीको निश्चय ही कोपसे लाल लाल मुखकान्तिवाली की भाँति करूँगा

उपादानोपयोगमाचष्टे—

इत्यत्र श्लेषस्य ।

श्लेषस्य श्लेषानुप्राणितोपमायां भविष्यदीर्ष्याविप्रलम्भशृङ्गारस्यानुगुणत्वेनावसरे ग्रहणमित्यर्थः । पूर्णोपमाऽत्र रसमुपकरोत्येवेत्यवसरे रसस्य प्रमुखीभावदशायां तदुपादानमुचितमित्याशयः ॥

यहां श्लेषसे अनुप्राणित उपमा अलंकारका भविष्यत्कालिक ईर्ष्याख्यविप्रलम्भ शृङ्गारके उत्कर्षाधायक होनेकी दृष्टिसे उक्त अवसर पर ग्रहण किया है ।

काले त्यागमुदाहर्तुमाह—

गृहीतमपि च यमवसरे त्यजति, तद्रसानुगुणतयाऽलङ्कारान्तरापेक्षया ।

उपात्तमप्यलङ्कारं यत्त्यजति, तद्रसानुगुण्यादन्यालङ्कारस्यापेक्षयेत्यर्थः । यदाऽन्यमलङ्कारं कविर्नितरां रसोपयोगिनं पश्यति, तदोपात्तमप्यलङ्कारं त्यजति रसोपयोगातिशयानाधानादित्याकूतम् ॥

कवि जब अन्य अलङ्कारको ही अत्यन्त प्रकृत रसोपयोगी समझता है तब प्रथम गृहीत अलङ्कारको भी रसके अनुपयोगी होनेसे छोड़ देता है ।

उदाहरति—

यथा—

अशोकं विरही व्याहरति—

रक्तस्त्वं नवपल्लवैरहमपि श्लाघ्यैः प्रियाया गुणै-
स्त्वामायान्ति शिलीमुखाः स्मरधनुर्मुक्ताः सखे ! मामपि ॥

कान्तापादतलाहतिस्तव मुदे तद्वन्ममाप्यावयोः,
सर्वं तुल्यमशोक ! केवलमहं धात्रा सशोकः कृतः ॥

हे अशोक ! वञ्जुल ! त्वं नवपल्लवै रक्तो लोहितोऽसि, अहमपि श्लाघ्यैः प्रशंसनीयैः, प्रियाया गुणै रक्तोऽनुरक्तोऽस्मि । हे सखे ! स्मरधनुषी मदनचापात् , पक्षे पुष्पात् । मुक्ताः, शिलीमुखा बाणाः पक्षे भ्रमराः, त्वामायान्ति त्वदुपरि पतन्ति मामप्यायान्ति । यथा कान्तायाः पादतलेनाहतिस्ताडनं तव मुदे मोदजननाय भवति तद्वत् कान्तापादतलाहतिर्ममापि मुदे भवतीति सर्वमावयोस्तुल्यमस्ति, केवलं धात्रा दुर्दैवेनाहं सशोकः कृतोऽस्मीत्यर्थः ।

तथा च, 'रक्तोऽनुरक्ते नील्यादिरञ्जिते लोहिते त्रिषु' इति मेदिनी । भृङ्गबाणौ शिलीमुखौ' इत्यनेकार्थध्वनिमञ्जरी । 'वञ्जुलोऽशोके 'इत्यमरः । 'पादाघातादशोको विकसति बकुलः सीधुगण्डूषदानात्' इति कविसमयश्च ॥

जैसे—विरही नायक अशोकको लक्ष्यकर कहता है—हे अशोक ! तुम भी नये नये पल्लवोंसे रक्त हो, और मैं भी प्रियाके प्रशंसनीय गुणोंसे अनुरक्त हूँ, एवं तुम्हारे पास मदन-पुष्पोंसे मुक्त होकर भौंरे आते हैं, तो मेरे पास भी कामदेवसे मुक्त होकर बहुतसे बाण आते हैं, और ललनाका पादताडन जैसे तुम्हारे आनन्दके लिये होता है, वैसे ही प्रेयसीके पादका ताडन मेरे भी आनन्दके लिये होता है, इस तरह हम दोनोंके समान व्यवहार होने पर भी केवल दुर्दैवने मुझे सशोक बना दिया बस यही मेरा दुर्भाग्य है, अर्थात् मेरा तुझसे इतना ही केवल अन्तर है ।

सङ्गमयति—

अत्र हि प्रबन्धप्रवृत्तोऽपि श्लेषो व्यतिरेकविवक्षया त्यज्यमानो रसविशेषं पुष्णाति ।

अत्र श्लोके प्रबन्धप्रवृत्त आदिमंचरणत्रयनिर्व्यूढोऽपि श्लेषश्चतुर्थचरणस्य व्यतिरेकस्य रसानुगुणतमस्यानुरोधेन त्यज्मानो रसविशेषं विप्रलम्भश्रृङ्गारं पुष्णातीत्यर्थः । रक्तशिलीमुखशब्दयोश्शब्दश्लेषः । शब्दस्य परिवृत्त्यसहत्वात्, कान्तापादतलाहतिरित्यत्र तु तदभावादर्थश्लेषः । रक्तत्वादिभिः साधर्म्ये प्रतिपादितेऽपि सशोकत्वेनात्मन उपमेयस्य न्यूनतायाः प्रतिपादनाद्व्यतिरेकः । भवति हि 'हनूमदाद्यैर्यशसा मया पुन, द्विषांहसैर्दूत्यपथः सितीकृतः, इत्याद्युदाहरणस्य 'न्यूनताऽथवा' इति लक्षणस्य च सद्भावादुपमेयस्य न्यूनतोक्तावपि व्यतिरेकालङ्कारः । 'सशोकश-

-ब्देन व्यतिरेकमानयतां शोकसहभूतानां निर्वेदचिन्ताऽऽदीनां व्यभिचारिणां विप्रल-म्भपरिपोषकाणामवकाशो दत्तः' इति लोचनम् ।

उक्त श्लोकमें प्रथम तीन चरणों तक श्लेषालङ्कार निबद्ध होकर चतुर्थ चरणमें प्रस्तुत रसोत्कर्षाधायक व्यतिरेकके अनुरोधसे परित्यक्त होता हुआ सा भी विप्रलम्भश्रृङ्गारको ही पुष्ट करता है ।

उक्तश्लोके श्लेषव्यतिरेकयोः सङ्करं शङ्कते—

नात्रालङ्कारद्वयसन्निपातः, किन्तर्हि ? अलङ्कारान्तरमेव श्लेषव्यतिरेकलक्षणं नरसिंहवदिति चेत् ।

अत्र श्लोकेऽलङ्कारद्वयस्य स्वतन्त्रयोः श्लेषव्यतिरेकयोः, सन्निपातः समावेशो, नास्ति, किन्तु मनुष्यसिंहयोर्नरसिंहो यथा सङ्करस्तथैव तयोरङ्गाङ्गिभावेन सङ्कर इत्याकूतम् ॥

उक्त श्लोकमें श्लेष और व्यतिरेककी स्वतन्त्ररूपसे निरपेक्ष होकर उपस्थिति नहीं है, अपितु नरसिंहवत् अङ्गाङ्गिभावसे मिले जुले ही दोनोंका संकर अलंकार है, ऐसा सन्देह करना ठीक नहीं—

खण्डयति—

न, तस्य प्रकारान्तरेण व्यवस्थापनात् ।

तस्य श्लेषव्यतिरेकसङ्करस्य ॥

क्योंकि श्लेष-व्यतिरेकका संकर दूसरे ही ढङ्गसे निष्पन्न होता है ।

तदेव प्रकारान्तरं दर्शयति—

यत्र हि श्लेषविषय एव शब्दे प्रकारान्तरेण व्यतिरेकप्रतीतिर्जायते स तस्य विषयः ।

यत्र श्लेषस्य विषये लक्ष्य एव शब्दे प्रकारान्तरेणोपकार्यत्वेन व्यतिरेकालङ्कारस्य प्रतीतिर्जनकतासम्बन्धेन जायते, स तस्य श्लेषव्यतिरेकसङ्करस्य विषयो लक्ष्यमित्यर्थः । उभयोरुपकार्योपकारकभावे सामानाधिकरण्ये च सङ्करः, न तु नैरपेक्ष्ये वैयधिकरण्ये चेति भावः ।

ननु शब्दार्थालङ्कारयोः कथं संकरः, तयोरङ्गाङ्गिभावासंभवादिति चेत्, मैवम् अर्थानुसन्धानविरहिण एवानुप्रासादेश्शब्दालङ्कारस्यार्थालङ्कारेण सह साङ्कर्य्यस्यास्वीकारात् । श्लेषे तु स्फुटैवार्थापेक्षा ॥

उसीमें युक्ति दर्शाते हैं—यत्रेति। जहां श्लेषका लक्ष्यभूत शब्द ही उपकार्य रूपमें व्यतिरेकालंकारकी प्रतीतिका जनक हो, वहीं पर श्लेष-व्यतिरेकका संकर माना जाता है, अर्थात् दोनोंके उपकार्य-उपकारकभाव और एकविषयता रहने पर ही उक्त संकर होता है, परस्पर निरपेक्षता और भिन्नविषयता रहने पर नहीं होता है।

सङ्करोदाहरणमाह—

यथा—

'स हरिर्नाम्ना, देवः सहरिर्वरतुरगनिवहेन' इत्यादौ ॥

स इन्द्रो नाम्ना हरिः, देवो भवान् पुनर्वरेण श्रेष्ठेन तुरगनिवहेनाश्वसमूहेन हरिभिः सहितः सहरिरिति कस्यचन चाटुपटो राजानं प्रत्युक्तिरियम्।

अत्र—

हरिश्चन्द्रार्कवाताश्वशुकभेकयमादिषु कपौ सिंहे हरेऽजेंशौ शक्रे लोकान्तरे पुमान् ॥,

इति मेदिनीकोशाद्धरिशब्दस्य शक्राश्वयोः शक्तौ बोधितायां सहरिशब्दे श्लेषः स चेन्द्रापेक्षया राज्ञोवास्तविकहरिसम्बन्धवर्णनेनाधिक्यात् स्फुटं व्यतिरेकमुरस्करोतीत्युभयोरलङ्कारयोरेकः सहरिशब्द आस्पदमिति संकरः।

वस्तुतस्तु नात्र श्लेषः प्रथमस्य हरिशब्दस्येन्द्रमात्रबोधकत्वाद् द्वितीयस्याश्वमात्रबोधकत्वाच्च। यद्यपि लोचने सह हरिः सहरिः। यदि वा सह हरिभिः सहरिः इत्यर्थद्वयं व्याख्यातं, किन्तु तत्स्फुटं न प्रतीयत इति 'अतिगाढगुणायाश्च नाब्जवद्भङ्गुरा गुणाः' इत्येवोत्रोदाहरणीयम् ॥

जैसे—कोई चाटुकार राजा की प्रशंसा करता हुआ कहता है हे राजन्! वह इन्द्र, केवल हरि नामसे ही स, हरि' ऐसा कहलाता है, किन्तु आप तो श्रेष्ठ तुरगोंसे युक्त होनेके कारण वास्तवमें 'सहरि':' कहलाने योग्य हैं, यहां हरिशब्द इन्द्र और अश्वका वाचक है, अतः 'सहरि' शब्दमें श्लेष है, और वह श्लेष इन्द्र की अपेक्षा राजामें वास्तविक हरि (अश्व) युक्त होनेसे विशेषता होनेके कारण प्रतीयमान व्यतिरेकका पोषक है, तथा दोनोंका 'सहरि' शब्द ही आस्पद है, इसलिये दोनोंका अङ्गाङ्गिभाव होकर स्पष्ट ही संकर प्रतीत होता है।

'रक्तस्त्वम्' इत्यादिपद्ये तदन्यथाभावमाह—

अत्र ह्यन्य एव शब्दः श्लेषस्य विषयः, अन्यश्च व्यतिरेकस्य।

हिशब्दस्त्वर्थे। अत्रोक्तपद्ये तु, अन्यो रक्तत्यादिः शब्द एव श्लेषस्य लक्ष्यम्, अन्योऽशोकसशोकादिशब्दश्चार्थद्वारा व्यतिरेकस्य लक्ष्यमिति वैयधिकरण्यान्न संकर इत्यर्थः।

उक्त 'रक्तस्त्वम्'—इस पद्यमें तो रक्तादि शब्द श्लेषका विषय है, और अशोक-सशोक शब्द अर्थ द्वारा व्यतिरेकका विषय है, इसलिये दोनोंके भिन्न विषय होनेसे संकर नहीं हो सकता है।

ननु एकवाक्यरूपं तूभयोर्धिकरणमिहाप्यस्त्येवेति न कथं सामानाधिकरण्यात्संकर इत्याशंकामापत्तिदर्शनेन निराकरोति—

यदि चैवंविधे विषयेऽलंकारान्तरत्वकल्पना क्रियेत, ततः संसृष्टेर्विषयापहार एव स्यात्।

यदि च एवंविधे विषये वाक्यमात्रापेक्षया कल्पितसामानाधिकरण्ये स्थले, अलंकारान्तरत्वस्य सांकर्यस्य, कल्पना क्रियेत, तर्हि संसृष्टेरेकवाक्यस्थमिथोनिरपेक्षानेकालंकारसमवायलक्षणायाः, विषयापहारो लक्ष्यलोप एव स्यादित्यर्थः।

एकवाक्यस्थत्वरूपं सामानाधिकरण्यन्तु संसृष्टावप्यस्त्येवेति तत्रापि संकर एव स्यादिति भावः।

इदमत्र बोध्यम्—संकरवत्संसृष्टेरप्यलंकारान्तरत्वमेव, किन्तु संकरेऽलंकारयोर्मिथोऽपेक्षा, संसृष्टौ तु नैरपेक्ष्यम्। पूर्वत्र सामानाधिकरण्यं क्वचित्पदापेक्षमपि दृश्यते, उत्तरत्र तु सर्वत्र वाक्यापेक्षमेवेत्युभयोर्विभाग इदानीं वाक्यापेक्षसामानाधिकरण्येऽपि संकरस्वीकारे लुप्येत॥

यदि इस तरहकी भिन्न विषयता रहनेपर भी वाक्यगत एकवाक्यता मानकर एकविषयता—सम्पादन द्वारा उक्त स्थलमें भी संकरालंकारकी ही कल्पना की जायगी तो, परस्पर निरपेक्ष होकर एकवाक्यमें रहनेवाली संसृष्टिका विषय ही लुप्त हो जायगा, क्योंकि वाक्यगत समानविषयताको लेकर संकरालंकार ही सब जगह व्याप्त हो जायगा।

पुनश्शंकते—

श्लेषमुखेनैवात्र व्यतिरेकस्यात्मलाभ इति नायं संसृष्टेर्विषय इति चेत्।

श्लेषपदमिह श्लेषोत्थापितोपमापरम्। पूर्वपक्षिणोऽयमाशयः—अलंकारद्वयस्योपकार्योपकारकभावे सांकर्यं सर्वसम्मतम्, अतः प्रागुक्तश्लोके व्यतिरेकस्तदैव स्वरूपप्रतिष्ठां लभते, यदा श्लेषमूलिकोपमाऽऽत्मानं प्रकाश्य भूमिकां रचयति। अन्यथा साम्येऽप्रतीते प्रतीयमानमपि केवलं वैषम्यं व्यतिरेकप्रकाशाय न प्रभवतीति श्लेषोपमाव्यतिरेकयोरनुग्राह्यानुग्राहकभावस्य स्फुटत्वान्न कथं संकरः? कथं वा संसृष्टेर्विषयापहारः? तस्याः सापेक्षत्वानपेक्षतयाऽत्र प्राप्तेरेवासम्भवात्॥

अलंकारद्वयके उपकार्योपकारक भाव होने पर संकर होता है, अतः उक्त स्थलमें श्लेषमूलक उपमाके विना व्यतिरेक अलंकार स्वरूपप्रतिष्ठाको ही नहीं प्राप्त कर सकता, क्योंकि उपमागर्भ व्यतिरेक है, और उपमा उक्त श्लेषके विना भासित नहीं होती, इसलिये श्लेषोपमा और व्यतिरेकके अनुग्राह्य-अनुग्राहक भाव होनेसे स्पष्ट ही संकर प्रतीत होता है, संसृष्टिकी तो निरपेक्षता होनेसे विषयता ही नहीं है, यह कथन भी ठीक नहीं।

समाधत्ते —

न, व्यतिरेकस्य प्रकारान्तरेणापि दर्शनात् ।

प्रकारान्तरेणापि साम्याभिधानं विनाऽपि वक्ष्यमाणश्लोके व्यतिरेकस्य दर्शनान्नेदं युक्तमित्यर्थः। यदि व्यतिरेके सर्वत्र वाच्यैवोपमाऽपेक्ष्येत, तदा त्वत्रापि श्लेषोपमाया अपेक्षणाद् व्यतिरेकस्य सङ्करो वक्तुमुचितः, किन्तु 'नो कल्पापाय' इत्यादिवक्ष्यमाणश्लोके वाच्यश्लेषोपमाया अभावेऽपि व्यतिरेकदर्शनादुभयोरङ्गाङ्गिभाव एवानिर्णीति, कुतस्स उच्यत इत्याकूतम् ॥

क्योंकि साम्य कथनके विना भी वक्ष्यमाण श्लोकमें व्यतिरेक देखा जारहा है, इसलिये व्यतिरेकमें वाच्योपमाकी अपेक्षा नहीं होती, अर्थात् यदि व्यतिरेकमें सब जगह वाच्य श्लेषोपमाकी अपेक्षा होती, तो उक्तस्थलमें भी श्लेषोपमाकी अपेक्षा होनेसे व्यतिरेकका संकर कह सकते थे, लेकिन अग्रिम श्लोकमें वाच्योपमाके विना भी व्यतिरेक होनेसे उक्त दोनोंका अङ्गाङ्गिभाव ही निश्चित नहीं हो पाता, संकरकी तो बात ही दूर रही।

श्लेषोपमाव्यतिरिक्तव्यतिरेकमुदाहरति—

नो कल्पापायवायोरदयरयदलत्क्ष्माधरस्यापि शम्या,
गाढोद्गीर्णोज्ज्वलश्रीरहनि न रहिता नो तमः कज्जलेन ॥
प्राप्तोत्पत्तिः पतङ्गान्न पुनरुपगता मोषमुष्णत्विषो वो,
वर्तिः सैवान्यरूपा सुखयतु निखिलद्वीपदीपस्य दीप्तिः ॥

अदयो निर्दयो दारुण इति यावत्, यो रयो वेगः, तस्माद् दलन्तो विशीर्णतां व्रजन्तः क्ष्माधराः पर्वता यस्मात्तस्य कल्पापायवायोः प्रलयपवमानस्यापि या नो शम्या नैव निर्वापणीया, तथाऽहनि दिवा गाढमत्यन्तमुद्गीर्णा प्रकाशितोज्ज्वला श्रीः शोभा यया तादृशी, तथा या तम एव कृष्णत्वात्कज्जलं तेन न रहिता नो, किन्तु रहितैव, यद्वाऽहनि नराणां हितोपकारिणी, तमः कज्जलेन नो युक्ता, पतङ्गात्सूर्यात्प्राप्तो-

त्पत्तिर्यया सा, तथा या मोघं निर्वाणं पुनर्नोपगता, सा निखिलानां प्रकाशकत्वाद्दीपस्यान्यरूपा विलक्षणा वर्तिर्दशैव, उष्णत्विषः सूर्यस्य दीप्तिः प्रभा वो युष्मान् सुखयत्वित्यर्थः ।

तथा च 'श्रीर्वेशरचना शोभा' इति मेदिनी। 'पतङ्गः पक्षिसूर्ययोः' समौ पतङ्गशलभौ' इत्यमरः । 'वर्तिर्दीपदशास्वपि' इति त्रिकाण्डशेषश्च ॥

श्लेपोपमा-व्यतिरिक्त व्यतिरेकका उदाहरण देते हैं—नो इति । अत्यन्त दारुण वेगसे पर्वतोंको भी विशीर्ण करनेवाले प्रलयकालिक प्रभञ्जन (पवन) से भी नहीं बुझनेवाली तथा दिनमें भी अत्यन्त प्रकाशित होनेवाली एवं अन्धकार रूप कज्जलसे बिलकुल रहित, सूर्यसे उत्पन्न होनेवाली और कभी भी नहीं बुझनेवाली वह कोई विलक्षण ही ब्रह्माण्ड दीपककी बत्ती रूप सूर्यकी दीप्ति तुमको सुख दे ।

वक्तव्यमाह—

अत्र हि साम्यप्रपञ्चप्रतिपादनं विनैव व्यतिरेको दर्शितः ।

साधारणी हि दीपशिखा स्वल्पेनापि वायुना शम्या, दिवा विच्छाया, कज्जलप्रसूः, पतङ्गाच्छलभाद् ध्वंसिनी शलभानां वा नाशिनी, नैकदा निर्वाणमनुभूतवती च । इयं पुनस्तद्विलक्षणेत्यस्या दीपशिखाया आधिक्यप्रदर्शनाद्व्यतिरेकोऽत्र साम्यस्य प्रपञ्चेन प्रतिपादनं श्लेषोत्थापितोपमायाः प्रबन्धेनाभिधानं विनैव यतो दर्शितोऽस्ति, तस्मान्न तयोः सङ्कर इत्यर्थः । तथा चोक्तमाचार्यैः—'एतदुक्तम्भवति—प्रतीयमानैवोपमा व्यतिरेकस्यानुग्राहिणी भवन्ती नाभिधानं कण्ठेनापेक्षते । तस्मान्न श्लेषोपमा व्यतिरेकस्यानुग्राहित्वेनोपात्ता' इति ॥

उक्त स्थलमें साधारण दीपकलिका तो थोड़े भी पवनसे बुझ जाती है, तथा दिनमें प्रकाशित नहीं होती, एवं शलभोंको नाश करती और अनेकों बार बुझ जाती है, परन्तु यह तो उससे विलक्षण ही है, अतः इस दीपशिखामें आधिक्य प्रतीत होनेसे श्लेषोत्थापित वाच्योपमाके कथनके विना ही व्यतिरेकका प्रदर्शन किया गया है, इसलिये श्लेप-वाच्योपमा और व्यतिरेकका संकर यहाँ नहीं हो सकता, अर्थात् व्यङ्ग्यरूपसे प्रतीयमान उपमा ही व्यतिरेकका पोषक होती है, तदर्थ कण्ठरवसे उसका अभिधान होना कोई आवश्यक नहीं है, अतः उक्तोपमा व्यतिरेककी अनुग्राहिका नहीं है ।

पुनश्शङ्कित्वा समाधत्ते—

नात्र श्लेषमात्राच्चारुत्वप्रतीतिरस्तीति श्लेषस्य व्यतिरेकाङ्गत्वेनैव विवक्षितत्वम्, स्वतोऽलङ्कारत्वेनेत्यपि न वाच्यम्, यत एवंविधे विषये साम्यमात्रादपि सुप्रतिपादितात्चारुत्वं दृश्यत एव ।

अत्र 'रक्तस्त्वम्' इत्यादिपद्ये, यद्यपि श्लेषोपमा व्यतिरेकानुग्राहित्वेन नोपात्ता, तथापि तदधीनतयैवोपात्ता मन्तव्या, यतस्तस्या अत्र स्वातन्त्र्येण चारुत्वस्याजनकत्वात्पृथगलङ्कारत्वं नाङ्गीकर्तुं शक्यमतोऽनायत्या सङ्कर एव स्वीकर्तव्य इत्यपि न वाच्यम्, यस्मादेवंविधे व्यतिरेकप्रत्यायके विषये, श्लेषशून्यात्केवलसाम्यप्रतिपादनादपि चारुत्वं दृश्यत एवेत्यर्थः।

तदैव श्लेषोपमाया व्यतिरेकाङ्गत्वमनायत्या कल्पयितुं शक्यम्, यदि तां विना व्यतिरेकः स्वरूपं प्रकाशयितुं न प्रभवेद्, तन्नास्ति यतः 'आक्रन्दाः' इत्यादिवक्ष्यमाणश्लोके श्लेषहीनेन साम्येनापि व्यतिरेकः प्रतिभासते, तस्मान्न तयोरङ्गाङ्गिभावो ध्रुवच इति सारम्॥

उक्तस्थलमें श्लेषोपमा उक्तरीतिसे यद्यपि व्यतिरेकका अनुग्राहक नहीं है, तथापि स्वतन्त्र होकर रमणीयता की प्रतीति जनक नहीं होनेसे उसको पृथक् अलङ्कार नहीं मानकर, व्यतिरेकका ही अङ्ग स्वीकार करके संकरका आपादन करना ठीक नहीं, क्योंकि व्यतिरेकके प्रत्यायकोंके विषयमें श्लेष नहीं रहने पर भी केवल सादृश्यके प्रतिपादन मात्रसे ही चारुता देखी जाती है, अर्थात् श्लेषोपमाको तभी व्यतिरेकका अङ्ग मान सकते हैं, यदि उसके बिना व्यतिरेक प्रकाशित नहीं होता, परन्तु अग्रिम उदाहरणमें श्लेषके बिना भी साम्यमात्रके मानसे ही व्यतिरेक प्रतीत होता है, अतः इन (श्लेप और व्यतिरेक) में अङ्गाङ्गिभाव नहीं है।

तदुदाहरणमाह—

यथा—

वियोगी पयोदं वक्ति—

आक्रन्दाः स्तनितैर्विलोचनजलान्यश्रान्तधाराऽम्बुभि-
स्तद्विच्छेदभुवश्च शोकशिखिनस्तुल्यास्तडिद्विभ्रमैः।
अन्तर्मे दयितामुखं तव शशी वृत्तिः समैवावयो-
स्तत्किं मामनिशं सखे? जलधर? त्वं दग्धुमेवोद्यतः॥' इत्यादौ।

हे सखे? जलधर? यतो मे ममाक्रन्दास्तव स्तनितैर्गर्जितैस्तुल्याः, तथा मे विलोचनजलान्यश्रूणि तेऽश्रान्तधाराऽम्बुभिः सन्ततासारजलैस्तुल्यानि, तथा मे तद्विच्छेदभुवः, प्रियाविरहोत्पन्नाः, शोकशिखिनः शोकाग्नयस्तव तडिद्विभ्रमैर्विद्युद्विलासैस्तुल्याः, तथा मे ममान्तर्भावनाविषयीभूतमिति यावत् दयिताया मुखम्, तवान्तश्चाकृशमण्डलः शशी निवसति यद्यप्येवंम तव च वृत्तिर्व्यापारो यतः समा

तुल्यैव तस्मादनिशं सन्ततं, मां दग्धुं विरहानलप्रज्वालनेन भस्मीकर्तुमेव त्वं किमुद्यतोऽसीत्यर्थः।

इत्यादावुदाहरणे श्लेषमन्तरेणापि केवलेन मेघविरहिणोः साम्यप्रतिपादनेन मेघे दाहोद्यमस्य वर्णनादाधिक्येन व्यतिरेकः स्फुरतीति न व्यतिरेकस्य श्लेषावश्यकत्वमिति कुतःश्लेषस्य व्यतिरेकाङ्गतेत्यभिप्रायः। वस्तुतस्तु—'रक्तस्त्वम्'इत्यादावङ्गाङ्गिभावात् सङ्कर एवेति ध्येयम्।

उदाहरण बतलाते हैं—यथेति। वियोगी व्यक्ति बादलसे कहता है—हे सखे! जलधर! मेरा क्रन्दन तुम्हारे गर्जनके तुल्य है, तथा अश्रुधारा मुशलाधार वर्षाके सदृश है, एवं प्रिया-विरह-जन्य शोकाग्नि चमकती हुई बिजली जैसी है, और हृदय के अन्तर्गत विराजमान दयिता का मुख, आवृत चन्द्रमण्डल जैसा है, इस तरह हम दोनोंके तुल्य व्यवहार होने पर भी हमेशा तुम मुझको ही विरहानल धधकाकर जलानेके लिये क्यों इतना उद्यत (उतारू) हो रहे हो, यहाँ श्लेषके विना भी केवल मेघ और विरही पुरुषमें साम्यके प्रतिपादनसे ही मेघमें दाहोद्यम प्रयुक्त आधिक्यके भान द्वारा व्यतिरेक भासित होता है, अतः व्यतिरेकमें श्लेषकी अपेक्षा नहीं होनेसे श्लेष व्यतिरेकका अङ्ग नहीं है।

'नातिनिर्वहणैषिता' इत्यंशमुदाहर्तुमाह—

रसनिर्वहणैकतानहृदयो यो यं च नात्यन्तं निर्वोढुमिच्छति।

चकारोऽन्यान् समीक्षाप्रकारान् समुच्चिनोति। रसनिर्वहणे रसबन्धनिर्वाहएकतानं सर्वथा प्रवणं हृदयं यस्य तादृशो यः कविः यमलङ्कारं नात्यन्तं निर्वोढुमिच्छति, प्रबन्धवृत्तमपि नासमाप्ति निनीषति, स यथा रसमुपकुर्वन्वास्तविकालङ्कारत्वं भजतीत्यर्थः॥

आरम्भसे लेकर समाप्ति पर्यन्त अविच्छिन्नरूपसे रस प्रवाहको प्रवाहित करनेमें ही एकतान मनसे लगे हुए कविप्रवर रसपोषणार्थ जिस अलंकारको आदिमें निर्माण कर अन्त तक निभानेका प्रयास नहीं करते हैं, वह अलंकार भी रसका उपकारक होता हुआ वास्तविक अलंकारत्वको प्राप्त करता है।

उदाहरति—

यथा —'कोपात्कोमललोलबाहुलतिकापाशेन बद्ध्वा दृढं,
नीत्वा वासनिकेतनं दयितया सायं सखीनां पुरः॥
भूयो नैवमिति स्खलत्कलगिरा संसूच्य दुश्चेष्टितं,
धन्यो हन्यत एव निह्नुतिपरः प्रेयान् रुदत्या हसन्॥'

सायं कोमला मृद्वी लोला च बाहुलतिकैव पाशस्तेन दृढं कोपाद्बद्ध्वा, तथा वासनिकेतनं भोगावासं नीत्वा, सखीनां पुरोऽग्रे, भूयो नैवं करिष्यसीति कोपसमुद्वेगेन स्खलन्ती त्रुटचन्ती कला मधुरा गीर्वाग् यस्यास्तया रुदत्या क्रन्दन्त्या, दयितया दुश्चेष्टितं प्रेयसो दुर्व्यवहारं दन्तनखक्षतादिलक्षितं सम्यगङ्गुल्यादिनिर्देशेन सूचयित्वा धन्यः सौभाग्यशाली हसन्, तथा निह्नतिपरो हसनेनापराधापलापरायणः प्रेयान् हन्यते ताड्यत एव, न तु सौख्यादिकृतोऽनुनयो मनागप्यनुरुध्यत इत्यर्थः।

सखीनां पुर इति—भवत्योऽनवरतं ब्रुवते नायमेवं करोतीति, तत्पश्यन्त्विदानीमिति भावः इत्यभिनवगुप्तपादाः।

जैसे—अत्यन्त कोमल चञ्चल बाहुलतारूप पाशसे क्रोधके मारे अत्यन्त दृढ़तापूर्वक बाँधकर सन्ध्याके समय केलिभवनमें ले जाकर सखियोंके सामने 'फिर तो ऐसा नहीं करेगा ?' इस तरह कोपवेगसे गिरगिराती हुई प्रेयसीने प्रियके अन्य नायिकाकृत दन्त-नखक्षतादि दुर्व्यवहारको अङ्गुली आदिके संकेत (इशारे) से बतलाकर, अपने अपराधको हास्य द्वारा छिपानेका प्रयास करनेवाले प्रियनायकको बुरी तरह पीटा, नकि उस (नायक) के प्रेमादि कृत अनुनयकी थोड़ी भी परवाह (अपेक्षा) की।

वक्तव्यमाह—

अत्र हि रूपकमाक्षिप्तमनिर्व्यूढं च।

बाहुलतिकापाशेत्यनेन रूपकं प्रारब्धम्, नतु समाप्तिं यावन्नीतमित्यर्थः। तथा सति सुतरामर्थसङ्गतिः स्यात्। तदुक्तं लोचने 'बाहुलतिकायाः पाशत्वेन रूपणं यदि निर्वाहयेत् दयिता व्याधवधूः, वासगृहं कारागारपञ्जरादीति परमनौचित्यं स्यात्' इति

उक्त स्थलमें यदि दयितामें व्याध-वधूत्व और केलिभवनमें कारागार-पञ्जरादित्वके आरोपण द्वारा बाहुलतिकामें पाशबन्धनके आरोपणात्मक रूपकको कवि अन्त तक निभानेका प्रयत्न करता, तो श्रृङ्गार रस ही भग्न हो जाता।

'निर्व्यूढावपि चाङ्गत्वे यत्नेन प्रत्यवेक्षणम्' इत्यन्तिममंशमुदाहर्तुमाह—

परं रसपुष्टये निर्वोढुमिष्टमपि यं यत्नादङ्गत्वेन प्रत्यवेक्षते।

रसपोषकत्वाद्य परिसमापयितुमिष्टमप्यलङ्कारं कविरङ्गत्वेन यत्नात्पर्यालोचयतीत्यर्थः। यथेति शेषः॥

रसपुष्टिके लिये पर्यवसान (अन्त) तक रखनेकी प्रबल इच्छा रहने पर भी जिस अलंकारको अङ्ग (गौण) रूपसे ही कवि अन्त तक निभानेकी चेष्टा करता है, उसका उदाहरण आगे बतलाते हैं।

उदाहरति—

यथा—

विरही यक्षो जायां सन्दिशति—

'श्यामास्वङ्गं चकितहरिणीप्रेक्षणे दृष्टिपातं,
वक्त्रच्छायां शशिनि शिखिनां बर्हभारेषु केशान् ।।
उत्पश्यामि प्रतनुषु नदीवीचिषु भ्रूविलासान्,
हन्तैकस्थं क्वचिदपि न ते भीरु ! सादृश्यमस्ति ।।'

हे भीरु ! कातरे ! श्यामासु प्रियङ्गुलतासु तेऽङ्गम् । चकितायाः हरिण्याः प्रेक्षणे विलोकने ते दृष्टिपातं दृग्व्यापारम्, शशिनि चन्द्रे ते वक्त्रस्य छायां कान्तिम्, शिखिनां मयूराणां बर्हभारेषु पिच्छकलापेषु ते केशान्, तथा प्रतनुषु कृशासु नद्याः मन्दाकिन्या वीचिषु ते भ्रुवोर्विलासान् विभ्रमान् यद्यपि उत्पश्याम्युत्प्रेक्षे, तथापि हन्त कष्टम्, एकस्थमेकस्मिन् पदार्थे स्थितं ते सादृश्यं क्वचिदपि नास्तीत्यर्थः ।

तथा च 'श्यामा तु महिलाह्वया ।। लता गोवन्दनी गुन्द्रा प्रियङ्गुः फलिनी फली' 'हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः' इत्यमरः ।

कथंचित्पृथक् सादृश्यावलोकनेन जीवनं दधानोऽपि क्वचिदेकत्र सर्वसादृश्यमालोकयितुं दोलायमानोऽहं तदनुपलभ्य न निर्वृणोमीति तात्पर्यम् । 'भीरु' इतिसम्बोधनस्य 'यो हि कातरहृदयो भवति, नासौ सर्वस्वमेकस्थं धारयतीति' भाव इत्याचार्यः । 'अनेनास्याः सौन्दर्यमनुपममिति व्यज्यते' इति मल्लिनाथः । छायाशब्दस्य क्लीबत्वाभावोपपत्तिस्तु प्रागुक्तैव ।।

विरहसे पीड़ित होकर यक्ष अपनी प्रेयसीके पास संदेश भेजता हुआ कहता है—हे भीरु ! यद्यपि मैं प्रियङ्गुलतामें तेरे सुकुमार अङ्गकी, चकित हरिणीके प्रेक्षण में (तेरे) दृग्व्यापारकी, चन्द्रमा में (तेरे) मुखकान्तिकी तथा मोरके पिच्छकलापमें (तेरे) केशपाशकी और मन्दाकिनीकी मन्द लहरोंमें (तेरे) भ्रूविक्षेपोंकी उत्प्रेक्षा (संभावना) कर रहा हूँ, तो भी अत्यन्त खेदकी बात है—कहीं भी एक वस्तुमें तुम्हारे सारे अङ्गोंका पूरा सादृश्य नहीं मिलता, अर्थात् अलग-अलग वस्तुमें तुम्हारे एक एक अङ्गके सादृश्यको देखकर कथंचित् जीवन धारण करने पर भी सारे अङ्गोंके एकत्र सादृश्य नहीं मिलनेसे मुझे पूर्ण शान्ति नहीं मिलती, इससे नायिकाका अनुपम सौन्दर्य सूचित होता है ।

वक्तव्यमाह—

इत्यादौ स एवमुपनिबध्यमानोऽलङ्कारो रसाभिव्यक्तिहेतुः कवेर्भवति।

श्लोकेऽस्मिन्नुत्प्रेक्षाऽलङ्कारस्य निर्वाहकं साम्यं यथा प्रारब्धं तथैव परिसमापितमपि विप्रलम्भशृङ्गाररसं पुष्णात्येवेति निर्व्यूढस्यापि साम्यस्य यत्नाद्रसो पकारकत्वेन समीक्षणादङ्गत्वमित्याकूतम् ॥

उक्त श्लोकमें उत्प्रेक्षालंकारका निर्वाहक कवि-निबद्ध-सादृश्य, आदिसे अन्त तक भासित होता हुआ, विप्रलम्भ शृङ्गारको पुष्ट करता है, और कविने समाप्ति पर्यन्त उसको रसपोषक बनानेका पूरा प्रयास किया है, इसलिये यह (उत्प्रेक्षा अलंकार) रसका अंग है।

उक्तसमीक्षाप्रकारातिक्रमे दोषमाह—

उक्तप्रकारातिक्रमे तु नियमेनैव रसभङ्गहेतुः सम्पद्यते।

असमीक्ष्य विनिवेशितो ह्यलङ्कारः शरीरस्येव रसस्यापकर्षमेव जनयति, नतूत्कर्षमिति भावः ॥

विना समीक्षाके अलंकारके सन्निवेश करनेसे रसका अपकर्ष ही होता है, उत्कर्ष नहीं होता।

नन्वसमीक्षितालङ्कारसन्निवेशं लक्ष्यं न सम्भवति, विरलमेव सम्भवतीत्याशङ्कायामाह—

लक्ष्यं च तथाविधमपि महाकविप्रबन्धेषु दृश्यते बहुशः।

महाकवीनामपि कदाचिदलङ्कारैकाभिनिवेशेन रसानुसन्धिविरमात् ॥ चकारः पुनरर्थकः ॥

महाकवियोंके भी प्रबन्धोंमें प्रायः करके इस तरहकी कमी (अस्तव्यस्तरूपमें अलंकारोंका संनिवेश रूप त्रुटि) देखी जाती है।

ननु तर्हि कथं न तद् विभज्य दर्शितमित्यत आह—

तत्तु सूक्तिसहस्रद्योतितात्मनां महात्मनां दोषोद्घोषणमात्मन एव दूषणं भवतीति न विभज्य दर्शितम्।

सूक्तिः सुभाषितं तासां सहस्रेण द्योतिताः प्रख्यापिता आत्मानो यैस्तेषां महात्मनां महीयसां कवीनां तत्तादृशविभागपूर्वकं दोषाणां स्खलितानामुद्घोषणं प्रख्यापनम्, आत्मन उद्घोषकस्यैव दूषणं दोषो भवतीति तथा नोक्तं तदित्यर्थः। महीयसां

स्वयशोविदितानां दोषप्रख्यापक एव लोकैर्दुष्टो मन्यत इति भिया तद्विवरणं विस्तरेण मया न कृतम्। तावता तन्न सम्भवत्येवेति न मन्तव्यमित्यभिप्रायः ॥

हजारों सुभाषितोंसे विश्व भरमें कीर्ति प्राप्त किये हुए महापुरुषोंके दोषोंके उद्घोषण (प्रचार) से उद्घोषक व्यक्तिकी ही निन्दा होती है, अर्थात् महान् पुरुषकी निन्दा करनेसे निन्दक व्यक्ति ही निन्दित होता है। इसलिये विश्लेषणके साथ उनके दोषोंका उद्‌घाटन करना मैं उचित नहीं समझता, एतावता यह नहीं समझना चाहिये कि त्रुटियाँ हो ही नहीं सकती।

ननु तेषां दोषलक्ष्याणामनुक्तानामज्ञानात् कथं निर्वाह इत्यत आह—

किन्तु रूपकादेरलङ्कारवर्गस्य येयं व्यञ्जकत्वे रसादिविषये (वि) लक्षणादिग्दर्शिता, तामनुसरन् स्वयं चान्यल्लक्षणमुत्प्रेक्षमाणो यद्यलक्ष्यक्रमपतितमनन्तरोक्तमेनं ध्वनेरात्मानमुपनिबध्नाति सुकविः समाहितचेताः, तदस्यात्मलाभो भवति महीयानिति।

रूपकादेरलङ्कारवर्गस्य, रसादिविषये व्यञ्जकत्वे रसादिविषयकव्यञ्जनकारित्वविषये, इयमधुनैवोक्ताया लक्षणायाः समीक्षाया दिक् पद्धतिः, तामनुसरन्ननुशीलयन्, स्वयम् अन्यदनुक्तं चापि लक्षणं समीक्षाप्रकारम्, उत्प्रेक्षमाणो दर्शितयादिशोहमानः, समाहितचेताः सावधानः सुकविर्यदि अनन्तरमिदानीमेवोक्तम्, अलक्ष्यक्रमपतितमसंलक्ष्यक्रममेनं ध्वनेरात्मानं स्वरूपमुपनिबध्नाति, तत्तदाऽस्य कवेर्महीयानात्मलाभः कवित्वलाभो भवतीत्यर्थः।

प्रत्युदाहरणदर्शनेऽप्युदाहरणमात्रपर्यालोचनेन स्वयं समीक्षाप्रकारान्त तर्कणेन च रसादिध्वनि रचयत एव कृतार्थतेति न तादृशी प्रत्युदाहरणप्रदर्शनापेक्षेति हृदयम्।

इतिशब्दोऽसंलक्ष्यक्रमध्वनिनिरूपणसमाप्तिसूचकः। अत्राहुर्लोचनकाराः—'अन्यल्लक्षणमिति परीक्षाप्रकारमित्यर्थः। तद्यथाऽवसरे त्यक्तस्यापि पुनर्ग्रहणमित्यादि'। यथा ममैव—

> 'शीतांशोरमृतच्छटा यदि कराः कस्मान्मनो मे भृशं,
> सम्प्लुष्यन्त्य (थ) कालकूटपटली-संवाससन्दूषिताः ॥
> किं प्राणान्न हरन्त्युत प्रियतमासञ्जल्पमन्त्राक्षरै-
> रक्ष्यन्ते किमु मोहमेमि हहहा नो वेद्मि केयं गतिः ॥'

इत्यत्र हि [illegible] त्यक्त्वा पुनरुपात्तं रसपरिपोषायैवालम्, इति ॥

किन्तु रूपकादि अलंकार समुदायके रसादिविषयक व्यञ्जन क्रमका मैंने जो समीक्षा-प्रकार बतलाया है, उसका परिशीलन करके अनुक्त समीक्षा-प्रकारको भी स्वयं ऊहापोह करते हुए प्रतिभाशाली कवि यदि सावधानता पूर्वक पूर्वोक्त असंलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनि स्वरूपका हृदयंगम कर निरूपण करेंगे, तो उनको अवश्य ही अत्यन्त प्रशंसनीय कवित्व शक्ति प्राप्त होगी।

इत्थमसंलक्ष्यक्रमध्वनिं निरूप्य सम्प्रति प्रतिपन्नावसरं विवक्षितान्यपरवाच्य-ध्वनिद्वितीयभेदं संलक्ष्यक्रमं निरूपयन् विभजते—

क्रमेण प्रतिभात्यात्मा योऽस्यानुस्वानसन्निभः ॥
शब्दार्थशक्तिमूलत्वात् सोऽपि द्वेधा व्यवस्थितः ॥ ४२ ॥

अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनेः अनुस्वानसन्निभो घण्टादिशब्दानन्तरजाय-मानप्रतिशब्दसदृशः संलक्ष्यक्रम इति यावत्, य आत्मा स्वरूपप्रकार आभाति, सोऽपि शब्दार्थशक्तिमूलत्वाच्छब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्चेति द्वेधा द्विप्रकारको व्यवस्थित इत्यर्थः ॥

उक्त रीतिसे असंलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका निरूपण कर संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका निरूपण करते हैं-क्रमेणेति। विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनिका, घण्टा आदिसे उत्पन्न ध्वनिके बाद क्रमशः उत्पन्न प्रतिध्वनि (टनटनाहट) के सदृश जो संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका स्वरूप प्रकार है, वह शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूलके भेदसे दो प्रकारका माना गया है।

तदाह वृत्तिकारः—

अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यस्य ध्वनेः स क्रमव्यङ्ग्यत्वादनुरणनप्रख्यो य आत्मा सोऽपि शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्चेति द्विप्रकारः।

अत्र कमलनिमीलनरूपवाच्यार्थेन यद्यपि सायंसन्ध्यालक्षणः संकेतकालो व्यज्यत इति ध्वनेः सम्भावनाऽस्ति, किन्त्वाकूतशब्देन सोऽर्थोऽभिहित इति न ध्वनिः, अपितु गुणीभूतव्यङ्ग्य एव। नन्वाकूतशब्दस्याद्यचरणत्रयस्य वा तदर्थेऽभिधाऽभावादिदानीमपि कथं न ध्वनिरिति चेत्, न, अभिधाविरहात्तदर्थस्याभिधेयीकरणाभावेऽप्याकूतशब्देनार्थान्तरस्य व्यञ्जकोऽत्र शब्दोऽस्तीतिसूचनाद्वाराऽर्थान्तरेऽभिधेयायमानताऽऽधानात्।

जैसे किसी चतुर नायिकाने संभोगके लिये समागम योग्य संकेतकालको जाननेकी इच्छावाले जार पुरुषके भाव (आशय) को जानकर किञ्चित् प्रफुल्ल आंखोंके इशारेसे अभिप्रायको सूचित करती हुई लीला कमलको संकुचित कर दिया। यहाँपर लीलाकमलका निमीलन रूप वाच्यार्थ आकूत शब्दकी अभिधाके सहारेसे ही समागम योग्य सायंकालरूप व्यङ्ग्यार्थको अभिव्यक्त करता है, अर्थात् कमलसंकोचनद्वारा यद्यपि संध्यारूप संकेतकालकी अभिव्यक्तिसे उक्त ध्वनिकी संभावना है,

तथापि आकूत शब्दसे ही वह व्यङ्ग्यार्थ अभिहित हो जाता है, इसलिये ध्वनि न होकर गुणीभूत व्यङ्ग्यका ही यह उदाहरण है।

तदाह—

अत्र लीलाकमलनिमोलनस्य व्यञ्जकत्वमुक्त्यैव निवेदितम्।

अतो नार्थशक्तिमूलो ध्वनिरिति शेषः॥

वृत्तिकार उसीको संक्षेपमें बतलाते हैं—अत्रेति। अर्थात् लीलाकमल-निमीलनके सन्ध्यारूप संकेतलग्नाभिव्यञ्जकत्वको आकूत शब्दने ही उक्ताभिप्राय सूचनद्वारा अन्यथासिद्ध (व्यर्थ) कर दिया, इसलिये यह अर्थशक्तिमूलक उक्त ध्वनि नहीं है।

तदाह ध्वनिकारोऽपि—

तथा च—

शब्दार्थशक्त्या वाऽऽक्षिप्तो व्यङ्ग्योऽर्थः कविना पुनः॥
यत्राविष्क्रियते स्वोक्त्या साऽन्यैवालंकृतिर्ध्वनेः॥४६॥

शब्दश्चार्थश्च शब्दार्थौ, शब्दार्थौ च शब्दार्थौ च शब्दार्थाः, तेषां शक्तिरभिधामूला स्वतन्त्रा च व्यञ्जना तयाऽऽक्षिप्तो बोधितोऽर्थो यत्र कविना पुनः स्वोक्त्या तद्वाच्यघटकपदान्तरेण, आविष्क्रियते प्रकाश्यते, सा ध्वनेरन्या वाच्यत्वादतिरिक्ता, अलंकृतिरलङ्कार एव, न तु ध्वनिरित्यर्थः।

यत्र वाक्ये बहुभिः पदैरर्थो व्यज्यते, किन्त्वेकेन केनापि पदेन पुनरत्र वाच्यभिन्नोऽप्यर्थोऽस्तीति सूच्यते चेत्, तर्हि न तत्र सलक्ष्यक्रमोऽसंलक्ष्यक्रमो वा ध्वनिः, व्यङ्ग्यार्थस्य स्फुटीभावेन निरावरणीकृतकामिनीकुचकलशवच्चमत्कारकत्वविरहात्, अपि तु तत्र श्लेषादिरलंकार एव भवतीति सारम्॥

ध्वनिकार भी उक्ताशयको निबद्ध करते हैं—शब्दार्थेति। जहाँ पर अभिधामूल एवं स्वतन्त्र व्यञ्जनासे अभिव्यञ्जित होनेवाला व्यङ्ग्यार्थ तद्व्यञ्जक वाक्यवर्ति किसी पदके द्वारा स्फुटरूपसे प्रकाशित हो जाता है, वहाँ व्यङ्ग्यके वाच्यकी तरह प्रतीयमान होनेसे अलंकारका ही व्यवहार होता है, ध्वनिका व्यवहार नहीं होता, अर्थात् जिस काव्यमें अनेकों पदोंसे व्यञ्जनाद्वारा जो अर्थ अभिव्यक्त होता है, उस अर्थको यदि कोई एक पद अभिधा द्वारा ही स्पष्टतापूर्वक बतला देता है, वहाँ पर व्यङ्ग्यार्थके स्फुट हो जानेसे अनाच्छादित कामिनीकुचकलशवत् चमत्कारिता नहीं रहती, इसलिये संलक्ष्य या असंलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका व्यवहार न होकर श्लेषादि अलंकारका ही व्यवहार होता है।

तद्व्याचष्टे वृत्तिकृत्—

शब्दशक्त्याऽर्थशक्त्या शब्दार्थशक्त्या वाऽऽक्षिप्तोऽपि व्यङ्ग्योऽर्थः कविना पुनर्यत्र स्वोक्त्या प्रकाशीक्रियते, सोऽस्मादनुस्वानोपमव्यङ्ग्याद् ध्वनेरन्य एवालङ्कारः। अलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्य वा ध्वनेः सति सम्भवे, स तादृगन्योऽलङ्कारः।

एतेन पूर्वोक्तशब्दशक्त्युद्भवध्वनेस्तृतीयोऽपि प्रकारः साधितः॥

जहाँ शब्दशक्ति एवं अर्थशक्ति तथा शब्दार्थोभयशक्तिमूल व्यञ्जनासे अभिव्यक्त होनेवाला व्यङ्ग्यार्थ किसी पदसे अभिधाद्वारा ही स्फुट हो जाता है, वहाँ संलक्ष्य या असंलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका व्यवहार नहीं होता,अपितु उन दोनोंसे भिन्न यथासंभव अलंकारका ही व्यवहार होता है।

तत्र शब्दशक्त्या व्यङ्ग्यस्य पदान्तरेण प्रकाशनात्संलक्ष्यक्रमध्वनेरभावमुदाहरति—

तत्र शब्दशक्त्या यथा—

'वत्से! मा गा विषादं श्वसनमुरुजवं सन्त्यजोर्ध्वप्रवृत्तं,
कम्पः को वा गुरुस्ते किमिह बलभिदा जृम्भितेनात्र याहि॥
प्रत्याख्यानं सुराणामिति भयशमनच्छद्मना कारयित्वा'
यस्मै लक्ष्मीमदाद्वः स दहतु दुरितं मन्थमूढां पयोधिः॥'

हे वत्से! पुत्रि! विषादं खेदं पक्षे विषमत्तीति विषादस्तं शिव, मा गा न प्राप्नुहि पक्षे न वृणु, ऊर्ध्वप्रवृत्तमुच्चैर्जातम्, उरुजवं बहुवेगं, श्वसनं श्वासं सम्यक् त्यज, पक्षे उरुजवं श्वसनं वायुम् ऊर्ध्वप्रवृत्तं 'प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः' इत्यादिदर्शनादग्निं सन्त्यज, गुरुर्महान् कम्पो वेपथुर्वा ते कः? कुतो भवति? पक्षे कं जलं पातीति कम्पो वरुणः को ब्रह्मा वा ते गुरुः पूज्यस्तेन तावपि न वृणु, बलभिदाऽऽयासकारितया बलहानिकारिणा जृम्भितेन जृम्भया गात्रसम्मर्दनेन च, इह किम्? न किमपि प्रयोजनम्, पक्षे जृम्भितेन परमैश्वर्यशोभितेन बलभिदा शक्रेणेह किम्? अत्र निर्भये स्थाने, पक्षे विष्णौ, याहि, इत्येवं भयस्य शमनच्छद्मना निवारणव्याजेन, सुराणां शिवप्रभृतिदेवानां प्रत्याख्यानं निराकरणं मन्थमूढां मन्दरान्दोलनजलधितरङ्गभङ्गपर्याकुलितां लक्ष्मीं कारयित्वा, पयोधिः समुद्रो यस्मै तामदाद्दौ, स विष्णुर्वो युष्माकं दुरितं पापं दहत्वित्यर्थः।

अत्र विषादादिशब्दैर्व्यंज्यमानोऽपि शिवादिरूपोऽपरार्थश्छद्मशब्दं प्रयुञ्जानेन कविना प्रकाशित इति न ध्वनिः विषादादिशब्दानां परिवर्तनं च कर्तुमशक्यमिति शब्दशक्तिमूलत्वसम्भावना। कमित्यव्ययं जलवाचीति कम्पशब्दः सिध्यति। विषभक्षकत्वाच्छिवस्य, प्रचण्डवेगत्वाद्वायोः, ऊर्ध्वंप्रवृत्तत्वादग्नेः, गुरुत्वाद्वरुणविरिञ्च्योः, वलभेदकत्वादिन्द्रस्य च त्याज्यत्वं दोषविशेषानुक्तेर्विष्णोश्चात्याज्यत्वं च व्यज्यते ॥ ४० ॥

अब शब्दशक्तिमूल व्यञ्जना से व्यङ्ग्य होने योग्य अर्थके पदान्तरसे प्रकाशन स्थलमें संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनिका अभाव बतलाते हैं—यथेति। कवि लक्ष्मीके प्रति समुद्रकी उक्तिके वर्णनद्वारा विष्णुकी प्रशंसा करता है, जैसे—हे पुत्री! तुम खेद न करो एवं अत्यन्त वेगके साथ दीर्घ साँस भी न छोड़ो, तुम इतनी क्यों काँप रही हो, शक्ति को नष्ट करनेवाली इतनी अङ्गड़ाई लेनेसे क्या लाभ? तुम इस निर्भय स्थानमें जाओ, इस तरह कहकर समुद्रने जिसके शरणमें मन्दराचल के मन्थनसे डरी हुई लक्ष्मीको दे दिया, वह विष्णु भगवान् तुम्हारे पापराशिको जलावे, यह वाच्यार्थ है। 'हे वत्से! लक्ष्मि! विषभक्षक शिव को तुम नहीं वरण करो, एवं वायु तथा अग्नि को भी नहीं वरण करो, और वरुण तथा ब्रह्मा तो तुम्हारे पूज्य ही हैं, अतः उन दोनों को भी न वरो, परम ऐश्वर्यशाली इन्द्र से तुम्हें प्रयोजन ही क्या है, अतएव सर्वश्रेष्ठ विष्णुको ही वरण करो, इस तरह व्यञ्जनावृत्ति से भयको दूर करनेके बहाने से अन्य देवोंके वरणका निषेध करवाकर समुद्रने मन्दराचलके मन्थनसे घबड़ाई हुई लक्ष्मीको जिसके अधीन कर दिया, वह विष्णु तुम्हारे सारे पापको दग्ध करें। यह व्यङ्ग्यार्थ सूचित होता है।

यहाँ पर विषाद आदि शब्दों से व्यञ्जित होने वाले शिव आदि व्यङ्ग्यार्थको छद्म शब्द ने ही अत्यन्त स्फुट कर दिया है, अतः ध्वनि न होकर गुणीभूत व्यङ्ग्य ही का यह उदाहरण है।

अर्थशक्त्या व्यङ्ग्यस्य गुणीभावमुदाहरति—

अर्थशक्त्या यथा—

अम्बा शेतेऽत्र वृद्धा परिणतवयसामग्रणीरत्र तातो-
निःशेषागारकर्मश्रमशिथिलतनुः कुम्भदासी तथाऽत्र।
अस्मिन् पापाऽहमेका कतिपयदिवसप्रोषितप्राणनाथा,
पान्थायेत्थं तरुण्या कथितमवसरव्याहृतिव्याजपूर्वम् ॥

हे पान्थ! अत्रास्मिन् गृहे वृद्धा जरती, अम्बा माता शेते, अत्र परिणतवयसो-

वृद्धानामग्रणीर्वर्षीयांस्तातः पिता शेते, तथाऽत्र निश्शेषैरखिलैरगारकर्मभिर्गृहकार्यैरिन्धनाहरणादिभिर्यः श्रम आयासस्तेन शिथिला तनुर्यस्याः सा, कुम्भदासी जलहारिणी चेटी शेते, अस्मिन् गृहे च कतिपयदिवसैः प्रोषितः परदेशं गतः प्राणनाथो यस्याः सा, अतएव पापाऽपुण्यात्माऽहं शये, इत्थम्, अवसरव्याहृतिव्याजपूर्वं तत्समागमप्रसरोक्तिपुरस्सरं पान्थाय पथिकाय तरुण्या स्वैरिण्या युवत्या कथितमित्यर्थः।

अत्राम्बावार्द्धक्यादयोऽर्थाः समागमसंनिधानसौकर्यमुखेन यां तदीयसम्भोगेच्छां व्यञ्जन्ति, सा व्याजशब्देन स्फुटीकृतेति नार्थशक्त्युद्भवव्यङ्ग्यो ध्वनिः। तदभावे च ध्वनिः स्यादेव, एवं पूर्वत्रापि बोध्यम्।

पित्रोर्वार्द्धक्येन दास्याश्श्रमशिथिलाङ्गत्वेन गृहान्तरशयनेन च रहस्यविहारस्य सौकर्यमुद्भेदायोग्यता च, ततस्तदाचरणसमीहा, प्रोषितपतिकत्वेनात्मन उत्कटा विजिहीर्षा पान्थस्य भीत्यसम्भावना च, दास्याः कुम्भसम्बन्धेन परचरितानभिज्ञत्वं च सूच्यते।

अब अर्थशक्तिमूल व्यञ्जना से व्यञ्जित होनेवाले व्यङ्ग्य का गौणत्व बतलाते हैं—कोई चतुर कामुकी पथिक से कहती है—हे पान्थ ! इस घर में वृद्धा माता अलग ही सोती है, और इस घर में अत्यन्त वृद्ध पिताजी सोते हैं, तथा सारे गृहके कार्यभारोंसे थककर अत्यन्त शिथिल शरीरवाली दासी दूसरे घर में गाढ़ निद्रामें सोई हुई पड़ी रहती है, कितने ही दिनों से प्राणनाथ से बिछुड़ी हुई अभागिन मैं ही अकेली इस घर में सोती हूँ, इस तरह युवती नायिका ने पान्थके साथ बातचीतके बहानेसे संभोगावसरको सूचित किया है।

यहाँ पर अम्बा आदिका वार्द्धक्यादि अर्थ, समागमके सौकर्य प्रतिपादन द्वारा नायिकाकी जिस संभोगाभिलाषाको व्यक्त करता है, उसको व्याज शब्दने ही स्फुट कर दिया, इसलिये यह अर्थशक्त्युद्भव ध्वनि न होकर गुणीभूत व्यङ्ग्य ही है।

उभयशक्त्या व्यङ्ग्यस्य गुणीभावमुदाहरति—

उभयशक्त्या यथा -'दृष्ट्या केशव ! गोपरागहृतया' इत्यादौ।

श्लोकोऽयं प्रागेव विवृतो वर्णितव्यङ्ग्यगुणीभावश्च। तत्र गोपरागादिशब्दानां परिवर्तनाक्षमत्वेन दृष्टमित्यादिशब्दानां तत्क्षमतया चोभयशक्तिमूलध्वनेः सम्भावना लेशशब्देन निराकृतेति सङ्क्षेपः।

अब शब्दार्थोभय शक्तिमूल व्यञ्जनासे व्यङ्ग्य होनेके योग्य अर्थका गौणत्व बतलाते हैं—हे केशव ! पृथिवीकी धूलि पड़ जानेसे आँखें बन्द हो गईं इसीलिये

मैं नहीं देख सकी, या आपमें अधिक अनुराग होनेसे मैं अत्यन्त कामान्ध होकर कुछ भी नहीं सोच विचार कर सकी, इस तरह पूर्वोक्त व्यङ्ग्यार्थको लेश शब्दने ही स्फुट कर दिया, अतः शब्दार्थोभय शक्त्युद्भव ध्वनिकी संभावना नहीं रही।

अर्थशक्त्युद्भवध्वनिमुदाहर्तुमर्थभेदं दर्शयति—

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः सम्भवी स्वतः।
अर्थोऽपि द्विविधो ज्ञेयो वस्तुनोऽन्यस्य दीपकः ॥४७॥

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः स्वतः सम्भवी चेति द्विविधोऽर्थोऽपि अन्यस्य व्यङ्ग्यस्य वस्तुनोऽर्थस्य दीपको व्यञ्जक इत्यर्थः। केचित्तु—'योऽर्थान्तरस्य दीपको व्यञ्जकोऽर्थ उक्तः, सोऽपि द्विविधः, न केवलमनुस्वानोपमो द्विविधः, यावत्तद्भेदो यो द्वितीयः, सोऽपि व्यञ्जकार्थद्वैविध्यद्वारेण द्विविध इत्यपिशब्दस्यार्थः' इत्याहुः॥

अब अर्थशक्त्युद्भव ध्वनिका उदाहरण बतलानेके लिये पहले अर्थका भेद बतलाते हैं—प्रौढोक्तेति। कविकी प्रतिभा वश निष्पन्न (कविके दिमागकी उपज) या कविनिबद्ध व्यक्तिकी प्रतिभा वश निष्पन्न (केवल काल्पनिक) और स्वतः सम्भवी, इस तरह दो प्रकारका अर्थ व्यङ्ग्यार्थका व्यञ्जक होता है।

तदनुसारेण विवृणोति वृत्तिकृत्—

अर्थशक्त्युद्भवानुरणनरूपव्यङ्ग्ये ध्वनौ यो व्यञ्जकोऽर्थ उक्तः, तस्यापि द्वौ प्रकारौ। कवेः कविनिबद्धस्य वा वक्तुः प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्न-शरीर एकः, स्वतः सम्भवी च द्वितीयः।

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः कवेः कविकल्पितस्य वक्तुर्वा 'अत्यन्तासत्यपि ह्यर्थे ज्ञानं शब्दः करोति हि' इति न्यायात्काल्पनिकभणित्यैव, न तु वस्तुस्थित्याऽपि, सम्पन्नाकारः, स्वतः सम्भवो योग्यतया लोकेऽपि सम्भवनाविषयः, नतु काल्पनिक-भणितिमात्रेण निष्पन्नशरीर इति द्विविधः, वस्तुनः प्रथमप्रकारस्य द्वैविध्यात्त्रिवि-धोऽर्थो व्यञ्जक इत्यर्थः।

त्रिविधोऽप्यसौ वस्तुरूपोऽलङ्काररूपश्चार्थो वस्तुनोऽलङ्कारस्य च व्यञ्जक इति द्वादशधाऽर्थशक्त्युद्भवध्वनिरन्यत्र दर्शितः। तथाहि— कविप्रौढोक्तिसिद्धवस्तुव्यङ्ग्य-वस्तुध्वनिः १, तादृशवस्तुव्यङ्ग्यालङ्कारध्वनिः २, तादृशालङ्कारव्यङ्ग्यवस्तुध्वनिः ३, तादृशालङ्कारव्यङ्ग्यालङ्कारध्वनिः ४, एवं कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धवस्तुव्य-ङ्ग्यवस्तुध्वनिः ५, तादृशवस्तुव्यङ्ग्यालंकारध्वनिः ६, तादृशालंकारव्यङ्ग्यवस्तुध्वनिः

७, तादृशालङ्कारव्यङ्ग्यालङ्कारध्वनिः ८, स्वतःसम्भविवस्तुव्यङ्ग्य वस्तुध्वनिः ९, तादृशवस्तुव्यङ्ग्यालंकारध्वनिः १०, तादृशालंकारव्यङ्ग्यवस्तुध्वनिः ११, तादृशालंकारव्यङ्ग्यालंकारध्वनिः १२, इति तत्र प्रथमस्य द्वितीयस्य पञ्चमस्य षष्ठस्याष्टमस्य नवमस्य दशमस्य च प्रकारस्योदाहरणानि मूले दर्शयिष्यन्ते, परेषां प्रकाराणां प्रकाशप्रभृतौ दर्शितानि— तृतीयस्य प्रकाशे यथा—

'गाढालिंगणरहसुज्जुअम्मि दइए लहुं समोसरइ ।
माणं–सिणीण माणो पीलणभीअ व्व हिअआहि ॥'
'गाढालिङ्गनरभसोद्यते दयिते लघु समपसरति ।
मनस्विन्या मानः पीडनभीत इव हृदयात् ॥' इतिच्छाया ।

चतुर्थस्य यथा प्रतापरुद्रीये— 'काकतीयविभोः कीर्ति–पुण्डरीकैर्विजृम्भिते ।
धत्ते मधुकरक्रीडां तमालश्यामलं नभः ॥'

सप्तमस्य यथा दर्पणे— 'मल्लिकामुकुले चण्डि ! भाति गुञ्जन् मधुव्रतः ॥
प्रयाणे पञ्चबाणस्य शङ्खमापूरयन्निव ॥'

अष्टमस्य यथा प्रकाशे— महिलासहस्सभरिए तुह हिअए सुहअ ! सा अमाअन्ती ।
अणुदिणमणण्णकम्मा अङ्गं तणुअं वि तणुएइ ॥'
'महिलासहस्रभरिते तव हृदये सुभग ! साऽमान्ती ।
अनुदिनमनन्यकर्मा अङ्गं तन्वपि तनयति ॥' इतिच्छाया ।

एकादशस्य यथा दर्पणे— 'आपतन्तममुं दूरादूरीकृतपराक्रमः ।
बलोऽवलोकयामास मातङ्गमिव केसरी ॥'

द्वादशस्य यथा रसगङ्गाधरे— 'उदितं मण्डलमिन्दो रुदितं सद्यो वियोगिवृन्देन ॥
मुदितं च सकलललना–चूडामणिशासनेन मदनेन ॥' इति ।

यत्तु जगन्नाथेन— 'कवितदुम्भितप्रौढोक्तिवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नयोर्न पृथग्भावेन गणनोचिता, उम्भितोम्भितादेरपि भेदान्तरप्रयोजकताऽऽपत्तेः' इत्युक्तम्, तन्न, वृद्धोक्तिविषयाच्छिशूक्तिविषय इव, कव्युक्तविषयात्तन्निबद्धोक्तिविषयोऽधिकतररागप्रकटकत्वेनाधिकचमत्कारीति द्वयोर्भेदस्य स्फुटत्वात् । अन्यथा कविनिबद्धभणितिनिष्पन्नः कविर्भणितिनिष्पन्न एवेति स्वतस्सम्भवित्वं प्रौढोक्तिनिष्पन्नत्वं चेति द्वैरूप्यमेव विदध्यात् । इतः परं च प्रणिधानप्रतीतिकतया चमत्कारस्य स्थगनान्न कविनिबद्धनिबद्धवक्त्रादेः पृथग्गणनमित्युद्द्योतादौ स्पष्टं द्रष्टव्यम् ॥

वृत्तिकार उक्तार्थको ही विशद करते हैं—अर्थेति । अर्थशक्त्युद्भव संलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य ध्वनिका व्यञ्जक अर्थ दो प्रकारका है—एक कवि या कविनिबद्ध वक्ताकी

कल्पनासे कल्पित, (केवल बनावटी) और दूसरा स्वतः संभवी, (वास्तविक व्यावहारिक) वास्तवमें तो प्रथम के दो प्रकार होनेसे उक्त तीन प्रकारका अर्थ, व्यङ्ग्यार्थका व्यञ्जक होता है और उक्त तीनों प्रकारका अर्थ, वस्तु और अलंकारके भेदसे छः प्रकारका होकर व्यङ्ग्य वस्तु और व्यङ्ग्य अलंकारके व्यञ्जक होनेसे अर्थशक्त्युद्भव ध्वनि १२ प्रकारकी होती है।

प्रथमं प्रकारमुदाहर्तुमाह—

कविप्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरो यथा—

सज्जेहि सुरहिमासो ण दाव अप्पेइ जुअइजणलक्खमुहे।

अहिणवसहआरमुहे णवपल्लवपत्तले अणङ्गस्स शरे ॥'

'सज्जयति सुरभिमासो न तावदर्पयति युवतिजनलक्ष्यमुखान्।

अभिनवसहकारमुखान् नवपल्लवपत्त्रलाननङ्गस्य शरान् ॥' इतिच्छाया ॥

सुरभिमासश्चैत्रमासः, युवतिजनैर्लक्ष्यं रमणीयतया दर्शनीयं मुखमग्रभागो येषां तान्, नवपल्लवाः किसलया एव पत्त्राणि पक्षास्तानि लान्ति गृह्णन्ति ये, तान्, तथा अभिनवो नवमुकुलितः सहकारोऽतिसौरभाम्रो मुखमादिर्येषां तान्, अनङ्गस्य कामस्य, शरान् बाणान्, सज्ज्यति निर्मिति प्रसाधयति वा, न केवलं तावदर्पयति कामाय ददातीत्यर्थः।

इहाचेतनो वसन्तः शरनिर्माता, अनङ्गो धन्वीत्यादिवस्तुरूपोऽर्थः कविप्रौढोक्तिमात्रेण केवलं सिद्धः प्रधानं मन्मथोन्माथदायकत्वं वस्तु वसन्तस्य क्रमेण व्यनक्तीति संलक्ष्यक्रमार्थशक्त्युद्भवकविप्रौढोक्तिसिद्धवस्तुव्यङ्ग्यवस्तुर्ध्वनिः। किञ्च सुरभिमासादीनां कविप्रौढोक्तिविषयीकरणादेव व्यञ्जकत्वम्। अन्यथा वसन्तकालिकसहकार-किसलय–कुलोद्गमस्य वस्तुमात्रस्य तन्न स्यात्। स्कन्धकं छन्दः ॥

द्वितीयभेदस्योदाहरणान्यग्रे 'वीराणं रमइ' इत्यादीनि दर्शयिष्यन्ते। तृतीयचतुर्थभेदयोस्तु प्रागेव मया दर्शितम् ॥

उनमें सबसे पहले कविप्रौढोक्ति सिद्ध वस्तुसे व्यङ्ग्य वस्तु रूप अर्थशक्त्युद्भव संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका उदाहरण बतलाते हैं–कवीति। जैसे वसन्त समय युवति जनकी ओर लक्ष्य करके नवीन पल्लवोंकी पंखुरी रूप पंखोंसे युक्त अत्यन्त सौरभ मय नूतन आम्रमञ्जरी रूप कामबाणोंको तैयार करता है, पर केवल छोड़नेके लिये कामदेवको नहीं देता।

यहां पर 'चेतन वसन्त बाण बनानेवाला है और काम धनुर्धारी है' इत्यादि

वस्तु रूप अर्थ कविकी कल्पनामात्रसे निष्पन्न होकर क्रमशः (बादमें) वसन्त ऋतुमें कामवासना जनित पीड़ा वर्द्धकत्व रूप वस्तुको व्यक्त करता है।

पञ्चमं भेदमुदाहरति—

कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरो यथा—'शिखरिणि' इत्यादौ।

पूर्वमेव व्याख्यातोऽयं श्लोकः। अत्र कविनिबद्धस्य कामिनो वक्तुः प्रौढोक्त्या निष्पन्नस्य शुकशावककृतनायिकाऽधरलोहितबिम्बफलदंशनस्य वस्तुनो वस्तुव्यञ्जकत्वेन द्वितीयभेदोदाहरणत्वम्। अन्यथा शुकशिशुर्लोहितं बिम्बफलं दशतीत्येतावन्मात्रस्य व्यञ्जकत्वं न स्यात्॥

कवि-निबद्ध वक्ताकी प्रौढोक्ति वश निष्पन्न अर्थसे अभिव्यञ्जित ध्वनिका उदाहरण बतलाते हैं—कविनिबद्धेति। कामुक नायक अनुनयके साथ नायिकासे कहता है—हे सुमुखि! अत्यन्त भाग्यवान् शुकशावकने किस पहाड़ पर कितने दिनों तक कौनसा तीव्र तप किया, जिससे तेरे अधर जैसे लाल सुस्वादु मीठे बिम्ब फलको बड़ी चावसे चखरहा है, अर्थात् 'अतिशय पुण्यशाली व्यक्ति ही तेरे अधर रसका पान कर सकता है' यह व्यङ्ग्यार्थ है।

यहां पर कविनिबद्ध कामी वक्ताकी प्रौढोक्तिवश निष्पन्न शुकशावककृत, नायिका अधरवत् लोहित बिम्ब फलका आस्वादन रूप वस्तु उक्त व्यङ्ग्यात्मक वस्तुको अभिव्यक्त करती है, अतः इसको अर्थशक्त्युद्भव ध्वनिके द्वितीय भेदका उदाहरण समझना चाहिये।

पुनरुदाहरति तमेव प्रकारम्—

यथा वा—

कश्चिद्विटो नवयौवनां व्याहरति—

'साअरविइण्णजोव्वणहत्थालम्बं समुण्णमन्तेहिं।
अब्भुट्ठाण विअ मम्महस्स दिण्णं थणेहिं।

'सादरवितीर्णयौवनहस्तालम्बं समुन्नमद्भ्याम्।
अभ्युत्थानमिव मन्मथस्य दत्तं तव स्तनाभ्याम्॥' इतिच्छाया।

अयि बाले! सादरं ससत्कारं वितीर्णस्य यौवनेनेति शेषः, यौवनहस्तस्य तारुण्यकरस्य, आलम्बमवलम्बनं कृत्वा, तद् यथा भवति तथा वा, समुन्नमद्भ्यां समुत्तिष्ठद्भ्याम्। तव स्तनाभ्यां कर्तृभ्याम्, मन्मथस्य कामस्याभ्युत्थानमिव दत्तमित्यर्थः।

यौवनोन्नम्यमानाभ्यां तव स्तनाभ्यां कामः सम्भावित इति भावः। झटिति स्वयमुत्थातुमशक्नुवन्नन्योऽप्यनुचरकरमवलम्ब्योत्तिष्ठन् समागच्छते गुरवे प्रभवे वाऽभ्युत्थानं ददातीति समुदाचार इति प्रधानीभूताभ्यामपि स्वयमुत्थातुमशक्नुवद्भ्यां तव कुचाभ्यां यौवनलक्षणानुचरहस्तावलम्बनं विधाय प्रभवे प्रधानतमाय कामायाभ्युत्थानमिव दत्तमिति समासोक्त्युत्प्रेक्षयोः सङ्करः।

ददातेर्योगेऽपि मन्मथस्येति सम्बन्धसामान्यविवक्षायां षष्ठी, रजकस्य वस्त्रं ददातीतिवत्तरसत्त्वोत्पत्त्यनुत्पत्तिविभावनाच्चतुर्थ्यभावो वा।

अत्रापि यौवनेन स्तनावुन्नमिताविति साधारणार्थस्य न व्यञ्जकत्वम्, अपि तूक्तस्य कविकल्पितकामुकप्रौढोक्तिनिष्पन्नस्यैवेति वस्तुनोऽसम्भवितया प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरत्वमिति च विवेचनीयम्।

षष्टभेदस्योदाहरणं 'लावण्यपूरपरिपूरितदिङ्मुखेऽस्मिन्' इत्यादिना मूले दर्शयिष्यते, सप्तमाष्टमभेदयोस्तु मयैव दर्शितम्।

उसीका दूसरा उदाहरण बतलाते हैं—यथा वेति। कोई लम्पट पुरुष नवयौवनासे कहता है—हे बाले! यौवन द्वारा आदरके साथ आगे बढ़ाये गये तारुण्यरूप हाथके सहारे उठते हुए तुम्हारे दोनों उन्नत स्तन झुककर आगन्तुक कामदेवका मानो स्व गत कर रहे हों, अर्थात् जवानीसे उन्नत होकर तुम्हारे स्तनों द्वारा कामदेव सत्कृत हुआ, याने तुम अत्यन्त रतिसंभोगके योग्य हो, यह आशय व्यञ्जनासे व्यक्त होता है, जैसे कोई प्रधान व्यक्ति शीघ्र स्वयं उठनेमें यदि समर्थ न होता है, तो अनुचरका हस्तावलम्बन कर उठता हुआ सा होकर आगन्तुक महानुभावोंका स्वागत करता है, वैसे ही रमणीयतया अङ्गोंमें प्रधान होते हुए भी स्वयं उठनेमें असमर्थ तुम्हारे कुच यौवनरूपी हस्तके सहारे उठकर आदरणीय कामदेवका मानो स्वागत जैसे कर रहे हों, यहाँ पर भी कविकल्पित कामुक व्यक्तिकी प्रौढोक्तिवश निष्पन्न होकर उक्त वाच्यार्थ तादृश व्यङ्ग्यार्थको व्यक्त करता है।

इदानीं नवमं भेदमुदाहर्तुमाह—

स्वतः सम्भवी, य औचित्येन बहिरपि सम्भाव्यमानसद्भावो, न केवलं भणितिवशेनैवाभिनिष्पन्नशरीरः।

स्पष्टम्। उदाहरति—

यथोदाहृतम्—'एवं वादिनि' इत्यादौ।

इदमपि पद्यं प्राग् विवृतमेव। अत्र स्वतःसम्भविना मुखनमनादिवस्तुना तादृशं वस्तु व्यज्यते।

स्वतः संभवी उसको कहते हैं, जो कि केवल कविकल्पना कल्पित बिल्कुल बनावटी ही न हो, अपि तु लोकव्यवहारमें भी प्रचलित होकर प्रसिद्ध हो। जैसे 'एवं वादिनि'—इत्यादि श्लोकमें दिखला चुके हैं, अर्थात् स्वतः सम्भवी मुखनमनादि वस्तुसे पार्वतीकी लज्जारूप व्यभिचारी भाव व्यक्त होता है।

उदाहरणान्तरमपि दर्शयति—

'सिहिपिच्छकण्णपूरा जाआ वाहस्स गव्विरी भमइ।
मुत्ताफलरइअपसाहणाणं मज्झे सवत्तीणम् ॥'
'शिखिपिच्छकर्णपूरा जाया व्याधस्य गर्विणी भ्रमति।
मुक्ताफलरचितप्रसाधनानां मध्ये सपत्नीनाम् ॥' इतिच्छाया।

शिखिपिच्छस्य बर्हस्य शिखिपिच्छमेव वा कर्णपूरः कर्णाभरणं यस्याः सा, व्याधस्य मृगयोर्जाया वधूः, मुक्ताफलैर्मौक्तिकै रचितानि विन्यस्तानि प्रसाधनान्यलङ्करणानि यासां,तादृशीनां सपत्नीनां मध्ये गर्विणी साभिमाना भ्रमति सञ्चरतीत्यर्थः।

अत्र स्वतस्सम्भविगर्विव्याधवधू-तादृशसपत्नीजनमध्य-भ्रमणलक्षणं वस्तु सपत्नीनां दिवसेषु पत्युः सम्भोगैकलग्नमनस्त्वाभावाद्धस्तिनोऽपि हन्तुं क्षमतां द्वारीकृत्य तासां दौर्भाग्यातिशयं, स्वस्य वासरेषु तु साम्प्रतं तस्य निरन्तरस्मरसमरपरायणस्य क्षामतयाऽलब्धभूयोऽवकाशतया वा सुहिंसान् गृहपर्यन्तचरान् वा मयूरानेव मारयितुं समर्थतामन्तरा विधाय स्वसौभाग्यप्रकर्षं च वस्तु व्यनक्तीति स्वतस्सम्भविवस्तुव्यङ्ग्यवस्तुलक्षणोऽर्थशक्त्युद्भवध्वनिप्रकारः।

'गर्वश्च बाल्याविवेकादिनाऽपि भवतीति नात्र स्वोक्तिसद्भावः शंक्यः' इति लोचनम्।

दूसरा उदाहरण बतलाते हैं—शिखिपिच्छेति। केवल मोरकी पिच्छ कानमें पहनकर व्याधकी वधू बहुमूल्यक मौक्तिक भूषणोंसे अलंकृत सपत्नियों (सौतों) के बीचमें गर्वसे इठलाती हुई विचर रही है।

यहाँ पर मौक्तिकोंसे अलंकृत सपत्नी जनोंके मध्यमें गर्वीली व्याध वधूका भ्रमण रूप स्वतःसंभवी वस्तु है, जो कि—सपत्नियोंकी वारी (संभोग दिन) में उन (सपत्नियों) के वदसूरतसे संभोग करनेमें पति रूप व्याधका मन नहीं लगकर हाथी जैसे बड़े २ जानवरोंको ही मारनेमें लगे रहनेसे उन स्त्रियोंके पास मौक्तिक भूषणोंके होने पर भी रतिसंभोगसे वञ्चित होनेके कारण उनके अतिशय दौर्भाग्यको और अपनी वारीमें तो अत्यन्त निज सौन्दर्यसे आकृष्ट होकर लगातार रतिविलासमें ही पतिके रमे रहनेसे अवकाश नहीं होनेके कारण गृहके

आसपास विचरते हुए मयूरोंको ही मारकर उनके द्वारा विना प्रयाससे प्राप्त पिच्छोंके आभूषणोंसे अलंकृत होनेसे उसके सौभाग्यातिशयको व्यक्त करती है, इसलिये उक्त स्वतः संभवी वस्तुसे व्यज्यमान उक्त वस्तु रूप व्यङ्ग्य अर्थशक्त्युद्भव ध्वनिका ही एक प्रकार है।

इत्थं वस्तुध्वनिं निरूप्यालङ्कारध्वनिं निरूपयति—

'अर्थशक्तेरलङ्कारो यत्राप्यन्यः प्रतीयते ॥
अनुस्वानोपमव्यङ्ग्यः स प्रकारोऽपरो ध्वनेः ॥४८॥

अपिशब्दोऽत्र भिन्नक्रमः। यत्र, अन्यो वाच्यालङ्काराद्भिन्नो व्यङ्ग्य इति यावद् अलङ्कारोऽपि न पुनर्वस्तुमात्रम्, अर्थशक्तेरर्थनिष्ठव्यञ्जनासामर्थ्यात्, प्रकाशते प्रतीतिविषयो भवति, सोऽनुस्वानोपमव्यङ्ग्यो ध्वनेरपरो वस्तुध्वनेरतिरिक्तोऽलङ्कारध्वनिर्नाम प्रकारो भवतीत्यर्थः ॥

उक्त रीतिसे वस्तु ध्वनिका निरूपणकर अलंकार ध्वनिका निरूपण करते हैं—अर्थेति। जिस काव्यमें वाच्य भूत अलंकारसे भिन्न व्यङ्ग्यरूप अलंकार भी (न कि केवल वस्तु ही) अर्थनिष्ठ व्यञ्जनासे प्रतीत होता है, वह वस्तुध्वनिसे अतिरिक्त संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्यात्मक अर्थशक्त्युद्भव अलंकार ध्वनि नामक प्रकार होता है।

तदाह वृत्तिकारः—

वाच्यालङ्कारव्यतिरिक्तो यत्रान्योऽलङ्कारोऽर्थसामर्थ्यात् प्रतीयमानोऽवभासते, सोऽर्थशक्त्युद्भवो नामानुस्वानरूपव्यङ्ग्योऽन्यो ध्वनिः।

तथा कविप्रौढोक्तिसिद्धादित्रिविधवस्तुना वस्तुनि व्यङ्ग्ये, त्रिविधो ध्वनिः, तथैवालङ्कारेऽपि व्यङ्ग्ये स त्रिविध इति भावः ॥

जहाँ पर वाच्यरूप अलंकारसे भिन्न व्यङ्ग्यात्मक अलंकार अर्थनिष्ठ व्यञ्जना द्वारा अभिव्यक्त होता है, उसको अर्थशक्त्युद्भव संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य अलंकार ध्वनि कहते हैं, अर्थात् जैसे कविप्रौढोक्तिसिद्ध आदि त्रिविध वस्तुओंद्वारा अभिव्यञ्जित त्रिविध वस्तु ध्वनि होती है, वैसे ही तादृश त्रिविध अलंकारों द्वारा अभिव्यञ्जित त्रिविध अलंकार ध्वनि भी समझनी चाहिये।

कारिकान्तरमवतारयति—

तस्य प्रविरलविषयत्वमाशङ्क्येदमुच्यते—

तस्यालंकारध्वनेः। शब्दशक्तिमूल उदाहृतपूर्वश्श्लेषाद्यलंकारध्वनिस्तु सम्भवति न पुनरर्थशक्तिमूलोऽलंकारध्वनिरपीत्याशङ्कितुराशयः ॥

पूर्वप्रदर्शित रीतिसे शब्द शक्तिमूल श्लेषादि अलंकार ध्वनिके संभव होनेपर भी अर्थ शक्तिमूल अलंकार ध्वनि प्रायः नहीं हो सकती है, इस शंकाको अग्रिम कारिका द्वारा दूर करते हैं—

रूपकादिरलङ्कारवर्गो यो वाच्यतां श्रितः ॥
स सर्वो गम्यमानत्वं बिभ्रद् भूम्ना प्रदर्शितः ॥४९॥

यो रूपकादिरर्थालंकारवर्गो वाच्यतां श्रितोऽभिधेयीभूतः, सर्वोऽखिलः सोऽलङ्कारवर्गो गम्यमानत्वं व्यङ्ग्यत्वं बिभ्रद्दधानो भूम्ना बाहुल्येन भट्टोद्भटादिभिरपि प्रदर्शित इत्यर्थः।

तेनालंकारध्वनेर्नैव प्रविरलविषयत्वं सम्भवतीति भावः।

जो रूपकादि अलंकार समूह वाच्य रूपसे प्रसिद्ध हैं, उन सबका ही भट्ट उद्भट प्रभृति कवियोंने अधिक स्थल पर व्यङ्ग्यरूपमें प्रतिपादन किया है, इसलिये अर्थशक्तिमूल अलंकार ध्वनिकी प्रविरलविषयता नहीं है।

तदाह वृत्तिकृत्—

अन्यत्र वाच्यत्वेन प्रसिद्धो यो रूपकादिरलङ्कारः, सोऽन्यत्र प्रतीयमानतया बाहुल्येन प्रदर्शितस्तत्र भवद्भिर्भट्टोद्भटादिभिः।

तत्रभवद्भिः पूज्यैः 'अत्रभवत्तत्रभवच्छब्दौ पूज्यार्थौ' इत्यभियुक्तोक्तेः॥

कतिषुचन वाच्यालंकारेषु प्रतीयमानेषु परोऽलंकारविशेषोऽपि प्रतीयत इत्यङ्गीकुर्वद्भिरुद्भटादिभिरप्यर्थशक्त्याऽलंकारो व्यज्यत इति स्वीकृतमेव केवलं कण्ठतो नोक्तम्, वाच्यव्यतिरिक्तस्यालंकारस्य तत्र व्यञ्जनां विना प्रतीतिपदवीमवतरीतुमनर्हत्वादिति तात्पर्यम्॥

कहीं पर वाच्यरूपसे व्यवहृत रूपकादि अलंकार वर्गको ही अन्य स्थलोंमें वाच्यभूत अलंकारान्तरके प्रति अधिकतर व्यङ्ग्यरूपमें अर्थशक्तिमूल व्यञ्जना द्वारा भट्ट प्रभृति प्रमुख कवियोंने प्रतिपादन किया है।

तदुपपादयति—

तथा च—ससन्देहादिषूपमारूपकातिशयोक्तीनां प्रकाशमानत्वं प्रदर्शितमित्यलङ्कारान्तरस्यालङ्कारान्तरे व्यङ्ग्यत्वं यत्नप्रतिपाद्यम्।

अयमाशयः—'सादृश्यमूला भासमानविरोधका समबला नानाकोट्यवगाहिनी धीरमणीया ससन्देहालङ्कृतिः' इति जगन्नाथेन लक्षितस्य ससन्देहालङ्कारस्य—

'मरकतमणिमेदिनीधरो वा तरुणतरस्तरुरेष वा तमालः।
रघुपतिमवलोक्य तत्र दूराद्दृषिनिकरैरिति संशयः प्रपेदे ॥'

इत्युदाहरणे यथा रघुपतिधर्मिक-मरकतमयपर्वतत्वतरुणतमालतरुत्वप्रकारकसंशयस्याभिधीयमानतया ससन्देहालंकारो वाच्यो भासते, तथैव पर्यन्ते रघुपतेर्मरकतपर्वततमालतरुभ्यां सादृश्यस्य प्रत्ययादुपमा, तादात्म्यारोपाद्रूपकम्, तादात्म्याध्यवसानादतिशयोक्तिर्वा भासते। तदुक्तमप्पदीक्षितैः—

उपमैका शैलूषी सम्प्राप्ता चित्रभूमिकाभेदान्।
रञ्जयति काव्यरङ्गे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः ॥

भामहभट्टैश्च—'सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयाऽर्थो विभाव्यते ॥
यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलंकारोऽनया विना ॥ इति।

ते च तत्र प्रतीयमाना उपमादयोऽलंकारा वाचकाभावान्न वाच्या इति वक्तुं शक्या इत्युद्भटमतेऽपि तेऽनायत्या व्यङ्ग्या एव स्वीकरणीया इति निष्प्रत्यूहोऽलंकारध्वनिः सिद्धः ॥

उक्ताशयका ही उपपादन करते हैं—तथा चेति। जैसे भगवान् रामचन्द्रको दूरसे ही आते देखकर ऋषिलोग संदेह करने लगे कि—क्या यह मरकतमणिमय कोई हरा पहाड़ है? या एक विशाल तमालका वृक्ष है? इस तरह रामचन्द्रमें मरकतमणिमय पर्वतत्व एवं तरुण तमाल तरुत्व रूप विरुद्ध धर्मविषयक संदेह शब्द द्वारा ही प्रतिपाद्य है, अतः संदेहालंकार वाच्य रूपसे ही प्रतीत होता है, वैसे ही राममें उक्त पर्वत एवं तमाल वृक्षके सादृश्यसे उपमा, एवं तादात्म्यके आरोपसे रूपक और तादात्म्यके अध्यवसानसे अतिशयोक्ति अलंकार व्यङ्ग्य रूपसे भासित होते हैं, इसलिये एक वाच्यरूप अलंकारके प्रति दूसरे अलंकारका व्यङ्ग्यत्व सिद्ध करनेके लिये अधिक क्लिष्ट कल्पना करनेकी आवश्यकता नहीं होती है।

ननु यदि प्राचीनैरेवेदमुक्तम्, तर्हि कोऽत्र भवतो यत्नः? इत्याशंक्याह—
इत्येतत्पुनरुच्यत एव—

अलङ्कारान्तरस्यापि प्रतीतौ यत्र भासते।
तत्परत्वं न वाच्यस्य नासौ मार्गो ध्वनेर्मतः ॥५०॥

अपिर्भिन्नक्रमः। यत्र काव्ये, अलङ्कारान्तरस्य वाच्यातिरिक्तालङ्कारस्य व्यङ्ग्यस्येति यावत्, प्रतीतौ सत्यामपि, वाच्यस्यार्थस्य तत्परत्वं व्यङ्ग्योपकारकत्वं व्यङ्ग्या-

वेक्षयाऽप्रधानत्वं वा न भासते, असौ ध्वनेरनुस्वानोपमव्यङ्ग्यस्य मार्गो न मतः, किन्तु गुणीभूतव्यङ्ग्यस्यैवेत्यर्थः ॥

परन्तु जिस काव्यमें वाच्य व्यतिरिक्त व्यङ्ग्यरूप अलंकारकी प्रतीति होने पर भी वाच्यार्थ व्यङ्ग्यका उपकारक या व्यङ्ग्यकी अपेक्षा अप्रधान रूपसे भासित नहीं होता, वह संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य ध्वनिका विषय नहीं समझा जाता है, अपितु गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्यका ही विषय माना जाता है।

तदेव व्याचष्टे—

अलङ्कारान्तरस्य रूपकादेरलङ्कारस्य प्रतीतौ सत्यामपि, यत्र वाच्यस्य व्यङ्ग्यप्रतिपादनौन्मुख्येन चारुत्वं न प्रकाशते, नासौ ध्वनेर्मार्गः।

नह्यलङ्कारव्यञ्जनमात्रेणालङ्कारध्वनिर्व्यपदेष्टुं शक्यः, अपितु व्यङ्ग्यापेक्षया तस्याधिकविच्छित्तिशालित्वेनेति तदभावे कथं ध्वनिव्यपदेश इति भावः।

रूपकादि अलंकारकी व्यञ्जना द्वारा प्रतीति होनेसे ही अलंकार ध्वनिका व्यवहार नहीं होता, अपितु वाच्यकी अपेक्षा व्यङ्ग्भूत अलंकारमें अधिक चमत्कारिता रहने पर ही उक्त ध्वनिका व्यवहार होता है, अतः उसके अभावमें ध्वनिका व्यपदेश नहीं होगा।

तदुपपादयति—

तथा च—दीपकादावलङ्कारे उपमाया गम्यमानत्वेऽपि, तत्परत्वेच चारुत्वस्याव्यवस्थानान्न ध्वनिव्यपदेशः।

आदिशब्देन तुल्ययोगिताऽपह्नुतिरूपकस्मरणप्रभृतीनां परिग्रहः। दीपकालङ्कारे वाच्ये प्रस्तुताप्रस्तुतयोरर्थयोरेकधर्माभिसम्बन्धितया माने सादृश्य एव पर्यवसानाद्व्यङ्ग्यत्वेन भासमानाया अप्युपमायाश्चारुत्वानाश्रयत्वेन नैव ध्वनिव्यपदेशप्रयोजकत्वमित्यभिसन्धिः॥

उक्त अभिप्रायको ही उदहरण द्वारा स्फुट करते हैं—तथा चेति। वाच्यरूपसे भासमान दीपकालंकारमें प्रस्तुत अप्रस्तुत दोनोंका एक धर्मके साथ सम्बन्धीरूपमें भान होता है, अतः सादृश्यभान द्वारा व्यङ्ग्यरूपसे गौणतया प्रतीयमान उपमामें रमणीयताकी प्रतीति नहीं होनेसे ध्वनिका व्यपदेश (व्यवहार) नहीं होता है।

उदाहरति—

यथा—'चन्दमऊएहिं णिसा णलिनी कमलेहिं कुसुमगुच्छेहिं लआ।
हंसेहिं सरअसोहा कव्वकहा सज्जनेहिं करइ गरुई ॥'

चन्द्रमयूखैर्निशा, नलिनी कमलैः कुसुमगुच्छैर्लता
हंसैः शारदशोभा, काव्यकथा सज्जनैः क्रियते गुर्वी ॥' इतिच्छाया।

चन्द्रस्य मयूखैः किरणैर्निशा रात्रिः, कमलैर्नलिनी पद्मिनी, कुसुमानां गुच्छैः स्तवकैर्लता, हंसैः शारदी शरदृतुसम्बन्धिनी शोभा, सज्जनैः सहृदयैः सत्पुरुषैर्वा, काव्यकथा गुर्वी श्रेष्ठा शोभना भास्वती सेव्या वा क्रियत इत्यर्थः।

अत्राप्रस्तुतानां चन्द्रमयूखप्रमुखानां प्रस्तुतानां सज्जनानाञ्च कर्तृत्वेन, अप्रस्तुतानां निशाऽऽदीनां प्रस्तुतायाः काव्यकथायाश्च कर्मत्वेन गुरूकरणैकधर्माभिसम्बन्धाद्दीपके भासमाने, चन्द्रमयूखादीनां सज्जनैः सह, निशाप्रभृतीनां काव्यकथया च साकं कमपि सम्बन्धं विना वाच्यप्रतीतिरसम्बद्धविषयैव स्यादिति 'गावो वः पावनानाम्' इत्यादिवद् यथा चन्द्रमयूखादिभिर्निशादिस्तथा सज्जनैः काव्य कथागुर्वी क्रियत इत्युपमानोपमेयभावःकल्प्यत इति व्यङ्ग्योपमाया वाच्योपस्कारकत्वेनाङ्गत्वान्न ध्वनिव्यपदेशः। लोचने तु—'आसतां तावत्काव्यस्य केचन सूक्ष्मा विशेषाः, सज्जनैर्विना काव्यमित्येष शब्दोऽपि ध्वंसते। तेषु सत्स्वास्ते सुभगं काव्यं काव्यशब्दव्यपदेशभागपि शब्दसन्दर्भमात्रं तथातथा तैः क्रियते, यथायथाऽऽदरणीयतां प्रतिपद्यत इति दीपकस्यैव प्राधान्यं, नोपमायाः इत्युक्तम्।

चन्द्रमयूखैर्निशाया भास्वरत्वसेव्यत्वादेः, कमलैर्नलिन्याः शोभापरिमलादेः कुसुमगुच्छैर्लताया अभिगम्यत्वमनोरमत्वादेः, हंसैश्शारदशोभायाः श्रुतिसुखदत्वरमणीयत्वादेः, सज्जनै काव्यकथायास्तेषां सर्वेषामेव धर्म्माणामाधानमेव गुरूकरणं बोध्यम्॥

जैसे—चन्द्रिकासे रात, एवं कमलोंसे पद्मिनी, तथा पुष्पोंके गुच्छोंसे लता, हंसोंसे शरद ऋतु और सज्जनोंसे काव्यकथा अत्यन्त रमणीय प्रतीत होती है।

यहाँपर अप्रस्तुत चन्द्रकिरण आदिका और प्रस्तुत सज्जन व्यक्तिका कर्ताके रूपसे एवं निशा आदि अप्रस्तुतका तथा काव्य कथा रूप प्रस्तुतका कर्मरूपसे रमणीयताके आपादन रूप एक धर्मके साथ संबंध बोधक दीपकालंकारके वाच्यरूपसे भान होने पर भी चन्द्र किरणादिका सज्जनके साथ तथा निशा प्रभृतिका काव्य कथाके साथ सम्बन्धके विना वाच्यार्थ संलग्न नहीं होता है, अतः जैसे चन्द्रिका आदिसे निशा प्रभृति रमणीय होती है, वैसे ही सज्जन विद्वानोंसे काव्य कथा रमणीय बन जाती है, इसतरह व्यञ्जना द्वारा उपमानोपमेयभाव व्यङ्ग्यरूप होते हुए भी उक्त वाच्यार्थका पोषक रूपसे ही प्रतीत होता है, इसलिये उक्त व्यङ्ग्यकी प्रधानता न होनेसे ध्वनिका व्यवहार नहीं होता।

फलितमाह—

तस्मात्तत्र वाच्यालङ्कारमुखेनैव काव्यव्यपदेशो न्याय्यः ।

तत्र 'चन्दमऊएहिं' इत्यादौ चित्रकाव्यव्यपदेश एवोचित इति केचित् ।

वस्तुतस्तु व्यङ्ग्योपमाया गुणीभावाद् गुणीभूतव्यङ्ग्यतैव युक्ता ॥

इसलिये उक्त स्थल (चन्द्रमयूखैः-) में वाच्यभूत दीपकादि अलंकार द्वारा ही प्रधान रूपसे काव्यका व्यवहार होना समुचित मालुम पड़ता है ।

इत्थं ध्वनेः प्रत्युदाहरणं प्रदर्श्योक्तभेदानामुदाहरणानि दर्शयितुमाह—

यत्र तु व्यङ्ग्यपरत्वेनैव वाच्यस्य व्यवस्थानम्, तत्र व्यङ्ग्यमुखेनैव व्यपदेशो युक्तः ।

वाच्यार्थस्य व्यङ्ग्योपस्कारकत्वे तु ध्वनिरेव भवतीति सारम् ।

परन्तु जिस काव्यमें वाच्यार्थ ही व्यङ्ग्यका पोषक होकर अप्रधान रूपसे प्रतीत होता है, वहाँ पर व्यङ्ग्यकी प्रधानता होनेसे ध्वनिका ही व्यवहार होता है ।

अष्टमं भेदमुदाहरति—

यथा—

कश्चन चाटुकारो राजानं वक्ति—

'प्राप्तश्रीरेष कस्मात् पुनरपि मयि तं मन्थखेदं विदध्या-
न्निद्रामप्यस्य पूर्वामनलसमनसो नैव संम्भावयामि ॥
सेतुं बध्नाति भूयः किमिति च सकलद्वीपनाथानुयात-
स्त्वय्यायाते वितर्कानिति दधत इवाभाति कम्पः पयोधेः ॥'

हे राजन् ! त्वयि आयात उपगते सति, प्राप्ता श्रीर्येन तादृश एष पुनरपि मयि तमनुभूतपूर्वं मन्थखेदं मन्दरगिरिपीडनं कस्माद् विदध्यात् कुर्यात्, अनलसमनस आलस्यशून्यहृदयस्यास्य पूर्वां प्राचीनां निद्रामपि नैव सम्भावयामि तर्कयामि, सकलानां द्वीपानां नाथैरधिपैरनुयातोऽनुसृतश्चायं भूयः किमिति सेतुं बध्नाति, इत्येवं वितर्कान् संकल्पान् सन्देहान् वा दधतो धारयत इव पयोधेः समुद्रस्य कम्प आभातीत्यर्थः ।

अत्र ससंदेहोत्प्रेक्षयोः संकरो वाच्यः, ततश्च भगवत्तादात्म्यमस्य भूभृतोऽवगम्यत इति रूपकालंकारध्वनिः कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धालंकारव्यङ्ग्यः ।

यद्यपि राज्ञोऽस्य प्राप्तश्रीकत्वेन लक्ष्मीप्राप्तये समुद्रं मथितवतः आलस्यशून्यमनस्त्वेन समुद्रे शेषशयने निद्रितवतः, सर्वद्वीपेश्वरानुगम्यमानत्वेन रावणं विजेतुं

सेतुं बद्धवतश्च विष्णोरपेक्षयाऽऽधिक्यप्रदर्शनाद्व्यतिरेकोऽपि प्रतीयते, तथाऽपि न तत्र वैचित्र्यम्, साम्प्रतं विष्णावव्याधिक्यप्रयोजकधर्म्मत्रयस्य सद्भावात्।

'न च सन्देहोत्प्रेक्षाऽनुपपत्तिबलाद्रूपकस्याक्षेपः, येन वाच्यालङ्कारोपस्कारकत्वं व्यङ्ग्यस्य भवेत्, यो यः सम्प्राप्तलक्ष्मीको निर्व्याजविजिगीषाऽऽक्रान्तः स स मां मथ्नीयादित्याद्यर्थसम्भावनात्। न च 'पुनरपीति' 'पूर्वमिति' 'भूय इति' च शब्दैरयमाकृष्टोऽर्थः, पुनरर्थस्य भूयोऽर्थस्य कर्तृभेदेऽपि समुद्रैक्यमात्रेणाप्युपपत्तेः। यथा-पृथ्वी पूर्वं कार्त्तवीर्येण जिता पुनरपि जामदग्न्येनेति। पूर्वा च निद्रा राजपुत्राद्यवस्थायामपीति सिद्धं रूपकध्वनिरेवायमिति, शब्दव्यापारं विनैवार्थसौन्दर्यबलाद्रूपणप्रतिपत्तेः' इति लोचनमपीह दृश्यम्।

जैसे कोई चाटुकार राजाकी प्रशंसा करता है-प्राप्तश्रीरिति। हे राजन्! आपके आते ही आपके शौर्य-वीर्य-पराक्रमोंसे चकित होकर समुद्र विचार करने लगा कि-जब विष्णुको मैंने अपनी कन्या लक्ष्मीको देही दिया है तब फिर क्यों वे मुझको मन्दरसे मथना चाहते हैं, और अभी इन (विष्णु)में निद्रा और आलस्य भी नहीं दिखाई पड़ते हैं, अतः मेरे अन्दर शयन करनेकी भी कोई सम्भावना नहीं है, एवं द्वीप द्वीपान्तरों के राजाओंसे परिवृत होकर फिरसे क्यों सेतु बाँधना चाहते हैं, इस तरह अनेकों तर्क वितर्क करते हुए समुद्रको मानो कम्प हो रहा हो, ऐसा मालूम पड़ता है।

यहाँ पर उक्त रीतिसे सन्देह और उत्प्रेक्षाका संकरालंकार वाच्यरूपसे प्रतीति होता है, और उसीसे प्रस्तुत राजामें भगवानका तादात्म्य भान होनेसे रूपकालंकार ध्वनित होता है, इसलिये कवि-निबद्धवक्ताकी प्रौढोक्ति वश निष्पन्न उक्त संकरालंकार व्यङ्ग्य रूपक ध्वनिका विषय है।

स्वीयमुदाहरणान्तरमाह—

यथा वा ममैव—

कान्तः कामिनीं कथयति—

'लावण्यकान्तिपरिपूरितदिङ्मुखेऽस्मिन्,
स्मेरेऽधुना तव मुखे तरलायताक्षि।।
क्षोभं यदेति न मनागपि तेन मन्ये,
सुव्यक्तमेव जलराशिरयं पयोधिः॥'

तरले चञ्चले आयते दीर्घे चाक्षिणी यस्यास्तत्सम्बुद्धौ हे तरलायताक्षि! अधुना रोषकालुष्यापगमोत्तरं, लावण्यं सौन्दर्यं कान्तिः प्रभा ताभ्यां परिपूरितानि पूर्णी-

कृतानि धवलितानि वा दिशां मुखानि येन, तस्मिस्तव मुखे स्मेर ईषद्विहसिते सति यन्मनागीषदपि, क्षोभमुत्तरलतरङ्गत्वं मदनाहितचपलत्वं च नैति न प्राप्नोति, तेनायं पयोधिः समुद्रः सुव्यक्तमतिस्फुटम्, जलानां वारीणां राशिः, किञ्च जलस्य डलयोश्चैक्यस्मरणाद्भावप्रधाननिर्देशस्वीकरणाच्च जाड्यस्य राशिरेवास्तीति मन्य उत्प्रेक्ष-इत्यर्थः। इह वाच्यः श्लेषानुप्राणितोत्प्रेक्षाऽलङ्कारः. ततश्चातन्द्रचन्द्रदर्शनेन समुद्रस्य क्षोभे प्रसिद्धेऽपि यदयं स्मितशालित्वन्मुखदर्शनेन न क्षुभित इत्यमुं जडतमं मन्य इत्येतावता त्वन्मुखं चन्द्र इति रूपकालंकारो ध्वन्यते ॥

केचित्पुनरत्र—

'ज्योत्स्नापूरप्रसरधवले सैकतेऽस्मिन् सरय्वा,
वादद्यूतं सुचिरमभवत् सिद्धयूनोः कयोश्चित् ।
एकोऽवादीत्प्रथमनिहतं केशिनं कंसमन्यः,
स त्वं तत्त्वं कथय भवता को हतस्तत्र पूर्वम् ॥'

इत्युदाहरन्ति। तन्न विचाररमणीयम्, भवतेत्यनेन त्वं वासुदेव इति रूपकस्य प्रसह्य स्फुटीकरणात् ॥

उक्त अलंकार ध्वनिका ही उदाहरणान्तर बतलाते हैं-लावण्येति। युवक कामिनी से कहता है-हे चञ्चलाक्षि ! अपने सौन्दर्यच्छविसे दिगन्तको ही परिपूर्ण करनेवाले तुम्हारे मुखरूप चन्द्रमाके मुस्कराने पर भी जो यह समुद्र थोड़ा भी नहीं उछलता या यह पुरुष कामवासनासे अधीर नहीं होता, इससे यही मालूम पड़ता है, कि मानो वास्तवमें यह समुद्र जल (जड़) राशि ही है, और यह युवक जडतासे भरा हुआ बिल्कुल जड ही है।

यहाँ पर श्लेषसे परिपोषित होकर उत्प्रेक्षा अलंकार वाच्य रूपसे प्रतीत होता है और उदित चन्द्रदर्शनसे अचेतन समुद्र भी जब उत्तरलित हो जाता है, तब मनुष्य होकर मुस्कुराते हुए तुम्हारे मुख दर्शनसे जो यह व्यक्ति क्षुभित नहीं होता, इससे मालूम पड़ता है, कि यह वास्तवमें जड ही है, एतावता तुम्हारा मुख चन्द्रमा है, इस तरह रूपकालंकार ध्वनित होता है।

तदाह—

इत्येवंविधे विषयेऽनुरणनरूपकाश्रयेण काव्यचारुत्वव्यवस्थानाद्रूपकध्वनिरिति व्यपदेशो न्याय्यः।

स्पष्टम्।

इन पूर्वोक्त उदाहरणोंमें संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्यात्मक रूपकालंकारके आश्रयणसे ही काव्यकी रमणीयता प्रतीत होती है, इसलिये रूपकध्वनिका ही व्यवहार होना युक्ति संगत मालूम पड़ता है।

उपमाध्वनिमुदाहरति—

उपमाध्वनिर्यथा—

'वीराणं रमइ घुसिणरुणम्मि ण तहा पिआथणुच्छङ्गे।
दिट्ठी रिउगअकुम्भत्थलम्मि जह वहलसिन्दूरे॥'
'वीराणां रमते घुसृणारुणे न तथा प्रियास्तनोत्सङ्गे।
दृष्टी रिपुगजकुम्भस्थले यथा बहलसिन्दूरे॥' इति च्छाया।'

वीराणां दृष्टिस्तथा घुसृणैः कुङ्कुमैररुणे शोणे प्रियायाः स्तनोत्सङ्गे कुचतटे न रमते नानन्दमनुभवति, यथा बहलमत्यर्थं सिन्दूरं यत्र तादृशे रिपोर्गजानां कुम्भस्थले रमते वीरस्वभावत्वादित्यर्थः।

तथा च—'कुङ्कुमम्॥ जागुडं दीपनं घस्रं सौरभं घुसृणं च तत्' इति त्रिकाण्डशेषः।

अत्र व्यतिरेको वाच्यः, तेन प्रियास्तनतट-रिपुगजकुम्भस्थलयोरुपमा ध्वन्यते। ननु व्यतिरेकव्यज्यमानाया उपमाया दीपकादितुल्यन्यायात्कथं प्राधान्यमिति चेत्, अत्राहुराचार्याः—'तत्र तु येयं ध्वन्यमानोपमा प्रियाकुचकुड्मलाभ्यां सकलजनत्रासकरेष्वपि शात्रवेषु मत्सरोद्यतेषु गजकुम्भस्थलेष्विष्टा, तद्वशेन रतिमयानामिव बहुमान इति सैव वीरताऽतिशयचमत्कारं विधत्त इत्युपमायाः प्राधान्यम्' इति। केचित्तु—'इत एवारुचेः स्वीयमुदाहरणान्तरं दर्शयति' इत्याचक्षते॥

उपमा ध्वनिका उदाहरण बतलाते हैं—उपमेति। अत्यन्त अधिक सिन्दूरोंसे रङ्गे हुए शत्रु सम्बन्धी हाथियोंके कुम्भस्थलको देखनेमें वीरोंका मन जितना रमता है, उतना कुंकुमसे लिपे हुए अत्यन्त रमणीय प्रेयसीके कुच तटोंको देखनेमें नहीं रमता। यहाँ पर व्यतिरेकालंकार वाच्यरूपसे प्रतीत होता है, और उसीसे प्रियाके स्तनतट और रिपुगजके कुम्भस्थलका परस्परमें उपमान उपमेय भाव ध्वनित होकर प्रधानरूपसे चमत्कारजनक प्रतीत होता है।

उदाहरणान्तरं दर्शयति—

यथा वा ममैव विषमबाणलीलायामसुरपराक्रमे कामदेवस्य—

विषमबाणलीलाख्ये ग्रन्थे, असुराणां पराक्रमे विजृम्भमाणे सति, कामदेवस्य

विक्रमकौशलं यथा वर्णितमित्यर्थः । यद्वा कामदेवस्यासुरपराक्रमे स्मरकर्तृकेऽसुरपराभव इत्यर्थः । तत्र कन्दर्पस्य त्रैलोक्यविजयो वर्णितः—

उदाहरणान्तर बतलाते हैं—यथा वेति । जैसे कि निजरचित विषमबाण लीलामें—चौतरफ असुरोंके पराक्रम बढ़ जानेपर उनको वशमें करनेके लिये कामदेवके पराक्रम कौशलका वर्णन किया है :—

तं ताण सिरिसहोअररअणाहरणम्मि हिअअमेक्करसम्,
बिम्बाहरे पिआणं णिवेसिअं कुसुमबाणेव ॥'

तत्तेषां श्रीसहोदररत्नाहरणे हृदयमेकरसम् ।
बिम्बाधरे प्रियाणां निवेशितं कुसुमबाणेन ॥' इतिच्छाया ।

श्रीसहोदररत्नस्य कौस्तुभमणेराहरण आदाने एकरसमेकतानं तत्परमिति यावत्, तेषामसुराणां हृदयं मनो यदासीत, तद् कुसुमबाणेन कामेन प्रियाणां स्वदयितानां बिम्बफलतुल्येऽधरे निवेशितमासञ्जितमित्यर्थः ।

अत्र वाच्यातिशयोक्त्या कौस्तुभमणिप्रियाबिम्बाधरयोरुपमा ध्वन्यते, वस्तुतः कौस्तुभमणितुल्यो बिम्बाधर इति पार्यन्तिकप्रतीतेः । अत एव न रूपकध्वनिस्तत्रोपमानस्यारोप्यमाणत्वेनावास्तविकत्वात् ॥

अत्यन्त लाल कौस्तुभमणिको लेनेके लिये एकतानसे लगे हुए उन असुरोंका जो मन अत्यन्त तन्मय हो गया था, उसको कामदेवने उधर (कौस्तुभमणि) से खींचकर अपनी अपनी प्रेयसीके बिम्बफल सदृश अत्यन्त रमणीय लाल अधर (रस पान) के लिए लालायित कर दिया । यहाँ पर वाच्यभूत अतिशयोक्ति द्वारा कौस्तुभमणि तथा प्रियाके अधर बिम्बमें उपमान उपमेय भाव ध्वनित होता है, अर्थात् कौस्तुभमणि तुल्य प्रियाके अधरकी प्रतीति होती है ।

आक्षेपध्वनिमुदाहरति—

आक्षेपध्वनिर्यथा—

'स वक्तुमखिलाञ्छक्तो हयग्रीवाश्रितान्गुणान् ।
योऽम्बुकुम्भैः परिच्छेदं ज्ञातुं शक्तो महोदधेः ॥'

स हयग्रीवं तदाख्यमसुरमाश्रितान् अखिलानशेषान्, गुणान् वक्तुं वर्णयितुं शक्तः समर्थः स्यात् । यः, अम्बुकुम्भैर्जलघटैः, महोदधेर्महासागरस्य, परिच्छेदमियत्तां, ज्ञातुं शक्तो भवेदित्यर्थः । यथा अम्बुकुम्भैर्महोदधेः परिमाणं ज्ञातुमशक्यम्, तथा हयग्रीवगुणा वर्णयितुमशक्या इति वाच्ययाऽतिशयोक्त्या निदर्शनया वा हयग्रीवगुणानां कथनशक्यत्वनिषेधादाक्षेपालङ्कारो ध्वन्यते ।

रुय्यकस्तु—निषेधस्यैवात्र व्यज्यमानत्वम्, नतु निषेधाभासस्य, महोदधेरम्भः कुम्भपरिच्छेदशक्तिनिदर्शनेन हयग्रीवगुणानां वक्तुमशक्यत्व एव तात्पर्यम्। तन्निमित्तक एवात्र चमत्कारो न निषेधाभासहेतुक इति नाक्षेपधीरत्र कार्या। किन्तु—

'गणिकासु विधेयो न विश्वासो वल्लभ ! त्वया।

किं किं न कुर्वतेऽत्यर्थमिमा धनपरायणाः॥' इत्युदाहरणीयमित्यवोचत्॥

आक्षेप अलंकार ध्वनिका उदाहरण बतलाते हैं—आक्षेपेति। जो व्यक्ति पानीके घड़ेसे समुद्रका माप कर सकनेमें समर्थ होगा, वही हयग्रीवके सारे गुणोंका वर्णन कर सकता है, अर्थात् जैसे घटसे समुद्रकी इयत्ताका ज्ञान होना असम्भव है, वैसे ही हयग्रीवके सारे गुणोंका वर्णन करना भी असम्भव है, इस वाच्यभूत अतिशयोक्तिसे हयग्रीव गुणोंके अशक्य कथन द्वारा आक्षेप अलङ्कार ध्वनित होता है।

तदाह—

अत्रातिशयोक्त्या हयग्रीवगुणानामवर्णनीयताप्रतिपादनरूपस्यासाधारण-तद्विशेषप्रतिपादनपरस्याक्षेपस्य प्रकाशनम्।

अतिशयोक्तिश्चात्रासम्बन्धेऽपि सम्बन्धरूपा, तया हयग्रीवगुणानामवर्णनीयताऽऽख्यानात्मनोऽद्वितीयवैलक्षण्यस्य सूचनकर्तुराक्षेपालंकारस्यात्र ध्वननं विद्योतत इति सारम्॥

वृत्तिकार उक्ताशयको ही स्फुट करते हैं—अत्रेति। उक्त स्थल (स वक्तुम्—) में अतिशयोक्तिसे हयग्रीव गुणोंके अवर्णनीयत्व प्रतिपादन द्वारा अद्वितीय वैलक्षण्य को सूचित करनेवाला आक्षेपालङ्कार ध्वनित होता है।

अथार्थान्तरन्यासध्वनिं निरूपयन् प्रसङ्गादनुक्तपूर्वं शब्दशक्तिमूलं तद्भेदमपीहैव दर्शयति—

अर्थान्तरन्यासध्वनिः शब्दशक्तिमूलानुरणनरूपव्यङ्ग्योऽर्थशक्तिमूलानुरणनरूपव्यङ्ग्यश्च सम्भवति।

उपमाऽऽदिध्वनिवदर्थान्तरन्यासध्वनेरपि द्वैविध्यं नासम्भवीति भावः॥

उपमादिध्वनिके समान अर्थान्तरन्यास ध्वनिके भी दो भेद हैं 'शब्दशक्तिमूल संलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्य ध्वनि' और 'अर्थशक्तिमूल संलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्य ध्वनि'।

शब्दशक्तिमूलार्थान्तरन्यासध्वनिमादावुदाहरति—

तत्राद्यस्योदाहरणम्—

'देव्वाएत्तम्मि फले किं कीरइ एत्तिअं पुणा भणिमो।

कङ्किल्लपल्लवाः पल्लवाणं अण्णाणं ण सरिच्छा॥'

'दैवायत्ते फले किं क्रियतामेतावत्पुनर्भणामः।
रक्ताशोकपल्लवाः पल्लवानामन्येषां न सदृक्षाः॥' इतिच्छाया।

फले दैवायत्ते भाग्याधीनेऽस्माभिः किं क्रियतां न किमपि कर्तुं शक्यम्, पुनः किन्तु, रक्ताशोकस्य वञ्जुलस्य पल्लवाः अन्येषां चूतादिपल्लवानां न सदृक्षा न तुल्या अपितु ततो विशिष्टाः, एतावदियन्मात्रं भणामः कथयाम इत्यर्थः।

अत्र 'लाभे सस्ये शराद्यग्रे व्युष्टौ च फलके फलम्' इति शाश्वतस्य 'व्युष्टिः समृद्धौ च' इत्यमरस्य चानुशिष्टेः फलशब्दस्यानेकार्थशक्तत्वे निर्णीते, तरुसस्यरूपं समर्थनीयं विशेषमर्थम्, लोकोत्तरविक्रमविजिगीषातदुपायशालिनोऽपि समृद्धिलक्षणं फलं दैवायत्तं कदाचिन्न सम्पद्येत, तत्र किं विधेयम् इत्याकारकः सामान्यात्माऽर्थोऽभिधामूलव्यञ्जनागम्यः समर्थयतीत्यभिधामूलार्थान्तरन्यासध्वनिः फलशब्दस्य परिवर्तनासहत्वाच्च शब्दशक्तिमूलता।

उनमें प्रथमका उदाहरण बतलाते हैं—दैवेति। दैवाधीन फलके विषयमें हम लोग कर ही क्या सकते हैं? अर्थात् यद्यपि उस विषयमें अपना कोई भी वश नहीं चलता, तथापि इतना कह देना आवश्यक मालूम पड़ता है, कि रक्त अशोक के अत्यन्त कोमल पल्लव आम्रादि पल्लवके सदृश नहीं हैं, अपि तु अत्यन्त ही कोमल होनेके कारण उनसे कुछ विलक्षण (निराले) ही हैं।

यहाँ पर अतुल्य (बेजोड़) पराक्रम, प्रभुता आदि उपायोंके करने पर भी आपको समृद्धि रूप फल नहीं हो पाता है, इस विषयमें दैवाधीन होनेके कारण लोगोंका कुछ वश नहीं चलता इस तरहका समृद्धि लक्षण फलसामान्यरूप अर्थ अभिधामूल व्यञ्जना द्वारा ध्वनित होकर वृक्षका सस्यरूप फलवि पके न होनेका समर्थन करता है, इसलिये यह शब्दशक्तिमूल अर्थान्तरन्यास ध्वनि हुई।

ननु समस्तेन वाक्येनात्राप्रस्तुतप्रशंसैव प्राधान्येन व्यज्यत इति कथमर्थान्तरन्यासध्वनिः? तस्य व्यङ्ग्यत्वेऽपि प्राधान्यायोगादित्याशङ्कायामाह—

पदप्रकाशश्चायं ध्वनिरिति वाक्यार्थान्तरतात्पर्येऽपि सति न विरोधः।

पदात्प्रकाशो यस्येति बहुव्रीहिः। तृतीयोद्द्योते हि ध्वनेः पद—वाक्यप्रकाशत्वेन भेदो निरूपयिष्यते। तथा चात्राप्रस्तुतप्रशंसाया वाक्यप्रकाशत्वसत्त्वेऽप्यर्थान्तरन्यासस्य पदात्प्राधान्येन प्रकाशात्तद्ध्वनिव्यपदेशे न काचन क्षतिरिति तात्पर्यम्, 'प्रकाशक' इति पाठस्त्वसङ्गतः।

यद्यपि उक्त स्थलमें सम्पूर्ण वाक्यसे अप्रस्तुतप्रशंसा ही प्रधानरूपसे ध्वनित होती है तथापि उक्त अर्थान्तरन्यास, पदसे ही प्रकाशित (ध्वनित) होता है,

इसलिये वाक्य और पदके परस्परमें विभिन्न विषय होनेसे उक्त अर्थान्तरन्यास ध्वनिके व्यपदेश होनेमें कोई आपत्ति नहीं आती है।

अर्थशक्तिमूलार्थान्तरन्यासध्वनिमुदाहरति—

द्वितीयस्योदाहरणं यथा—

पूर्वं खण्डिता पुनरनुनीताऽप्यसूयाशबलाशया नायिका दयितं वदति—

'हिअअट्ठाविअमण्णुं अवरुण्णमुहं हि मं पसाअन्त।
अवरद्धस्स वि ण हु दे बहुजाणअ! रोसिउं सक्कम्॥'
'हृदयस्थापितमन्युमपरोषमुखीमपि मां प्रसादयन्।
अपराद्धस्यापि न खलु ते बहुज्ञ! रोषितुं शक्यम्॥' इति च्छाया।

हे बहुज्ञ! नानाविधानुनयानां पराशयस्य वा विज्ञ! हृदये स्थापितो निगूहितो मन्युः क्रोधो यया ताम्, तथाऽपगतो रोषो यस्मात्तादृशं मुखं यस्यास्तथाविधामपि मां यतस्त्वं प्रसादयन्नसि, यद्वा प्रसादयन्नित्यन्तं सम्बोधनम्, अतोऽपराद्धस्य कृता-गसोऽपि ते तवोपरीति शेषः, खलु निश्चयेन मया रोषितुं न शक्यमित्यर्थः।

तथा च 'मन्युर्दैन्ये क्रतौ क्रुधि' इति विश्वः।

इहापि कृतागसोऽपि बहुज्ञस्य तवोपरि क्रोधः कर्तुमशक्य इति विशेषं तादृशा-नामपि बहुज्ञानामुपरि क्रोधः कर्तुमशक्य इति व्यञ्जनागम्यमर्थसामान्यं समर्थ-यतीत्यर्थशक्तिमूलोऽर्थान्तरन्यासध्वनिः। शब्दानां परिवर्तनसहत्वाच्चार्थशक्तिमूलत्वमस्य।

अब अर्थशक्तिमूल अर्थान्तरन्यास ध्वनिका विषय बतलाते हैं-हृदयेति। पूर्वमें नायकके अपराधसे कुपित होकर भी अत्यन्त चतुराईसे उस (नायक) के द्वारा मनायी जानेपर सन्तुष्ट होकर भी ईर्ष्या कलुषित चित्तगत दुःखको मिटानेके लिये नायिका नायकसे पूर्वोत्पन्न कोपका अभाव व्यक्त करती है—हे बहुज्ञ! प्रसन्न करनेकी अनेकों कलाओंको जानने वाले प्रिय! अन्दरसे क्रोधके मारे जलती रहनेपर भी बाहरसे केवल दिखावाके लिये ही मुख पर प्रसन्नता धारणकी हुई मुझको तुम अत्यन्त विलक्षण अनुनय द्वारा प्रसन्न करनेवाले दिखाई देते हो, इसलिये अपराधी होते हुए भी तुम्हारे ऊपर क्रोध करनेमें मैं असमर्थ हो रही हूँ।

यहाँ पर 'अपराधी होते हुए भी अनुनयादिमें पूर्ण कलाकौशलको जानने वाले अत्यन्त चतुर व्यक्तियोंपर क्रोध नहीं हो पाता' यह सामान्य अर्थ, अर्थशक्तिमूल व्यञ्जनाद्वारा ध्वनित होकर 'अपराधी होते हुए भी नायिकाको मनानेमें पूर्णकलाको जानने वाले तुम्हारे जैसे व्यक्ति पर मैं क्रोध नहीं कर सकती' इस विशेष अर्थका

समर्थन करता है, अतः इसको अर्थशक्तिमूल अर्थान्तरन्यास ध्वनिका उदाहरण समझना चाहिये।

तदाह—

अत्र हि वाच्यविशेषेण सापराधस्यापि बहुज्ञस्य कोपः कर्तुमशक्य इति समर्थकमर्थसामान्यमन्वितमन्यत्तात्पर्येण प्रकाशते।

अन्वितं समर्थकतया वाच्यसम्बद्धम्। अन्यद्वाच्यातिरिक्तम्। तात्पर्येण व्यञ्जनया॥

वृत्तिकार उक्ताशयको संक्षेपसे स्फुट करते हैं—अत्रेति। उक्तस्थलमें 'अपराधी होनेपर भी उक्त चतुर बहुज्ञोंके ऊपर क्रोध करना असंभव है॥' यह सामान्य अर्थ समर्थक होनेके कारण वाच्यार्थसे सम्बद्ध होकर भी वाच्यातिरिक्तरूपमें ही अर्थशक्तिमूल व्यञ्जना द्वारा अभिव्यञ्जित होकर 'अपराधी होनेपर भी तुम्हारे जैसे चतुर व्यक्ति पर क्रोध करना असंभव है' इस विशेष अर्थका समर्थन करता है, इसलिये यह अर्थशक्तिमूल अर्थान्तरन्यास ध्वनि हुई।

व्यतिरेकध्वनेरपि द्वैविध्यं प्रदर्श्योदाहरति—

व्यतिरेकध्वनिरप्युभयरूपः सम्भवति। तत्राद्यस्योदाहरणं प्राक् प्रदर्शितमेव।

उभयरूपश्शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्च। अपिनाऽर्थान्तरन्यासाद परिगृह्यते। आद्यस्य शब्दशक्तिमूलस्य। प्राक् 'खं येऽत्युज्ज्वलयन्ति' इत्यादिना॥

इसी तरह व्यतिरेक ध्वनि भी दो प्रकारकी होती है—'शब्दशक्तिमूल व्यतिरेक ध्वनि' और 'अर्थशक्तिमूल व्यतिरेक ध्वनि' उनमें प्रथमका उदाहरण (खं येऽत्युज्ज्वलयन्ति) पृ० १७५ में बतला चुके हैं।

अर्थशक्तिमूलव्यतिरेकध्वनिमुदाहरति—

द्वितीयस्योदाहरणं यथा—

निर्विण्णो दरिद्रो दातृतरः कश्चन वदति—

'जाएज्ज वणुद्देसे खुज्ज व्विअ पाअवो (अ) घडिअवत्तो।
मा माणुसम्मि लोए ताएक्करसो दरिद्दो अ॥'

जायेय वनोद्देशे कुब्ज इव पादपोऽघटितपत्रः॥
मा मानुषे लोके त्यागैकरसो दरिद्रश्च।' इतिच्छाया।

वनोद्देशे काननप्रान्ते (यत्र बहुवृक्षसङ्घाते कोऽपि न पश्येत्) कुब्ज इव गडुल इव (येन स्तम्भादावप्युपयोगो न स्यात्) अघटितपत्रोऽसंलग्नदलः। (येन च्छायाऽपि न स्याद् दूरे फलपुष्पाशा, किन्तु तथाऽपि कदाचिदाङ्गारिकस्याङ्गारबाहुल्याय,

घूकादीनां निवासाय चोपयोगः स्यात्) पादपो वृक्षो जायेय भवेयम्, (किन्तु) मानुषे लोके (सुलभार्थिजने) मर्त्यंभुवने, त्यागैकरसोऽतिदानशीलो दरिद्रश्च मा जनिषि मा भूवमित्यर्थः ।

तथा च—'स्यादेडे बधिरः कुब्जे गडुलः' इत्यमरः ।

इह दानशीलस्य निर्धनस्य जन्मनिन्दा, निष्पत्रकुब्जपादपजन्मप्रशंसा च वाच्या, 'विषं भुङ्क्ष्व, मा चास्य गृहे भुङ्क्थाः' इत्यादिवत् तादृशपादप-पुरुषयोरौपम्यज्ञानपुरस्सरं तादृशपादपापेक्षयाऽपि तादृशपुरुषस्य जन्मनोऽपकर्षेण शोचनीयतायामाधिक्यं व्यञ्जनया प्रत्याययतीत्यर्थशक्तिमूलो व्यतिरेकध्वनिः । अत्र 'वाच्यालङ्कारो न कश्चित्' इति लोचनम् । तेनायं ध्वनेः षष्ठः प्रकार इति बोध्यम् ॥

अब द्वितीयका उदाहरण आगे बतलाते हैं—जायेयेति । कोई अत्यन्त दानशील दरिद्र व्यक्ति दुःखी होकर बोलता है—किसी भी जंगलके एक भागमें शाखा (डाल) पत्तोंसे रहित कुब्ज पेड़ होकर मैं जन्म लूँ तो यही अच्छा हो, किन्तु मर्त्यलोकमें (जहाँ कि माँगने वाले अनायास ही मिलते रहते हैं) अत्यन्त दानशील निर्धन मनुष्य होकर जन्म न लूँ।

यहाँ पर दानशील निर्धनव्यक्तिके जन्मकी निन्दा और पत्र, शाखा रहित कुब्ज (टेढे) वृक्षके जन्म ग्रहणकी प्रशंसारूप अर्थ वाच्यरूपसे भासित होता है और विष खाना अच्छा है, लेकिन इस व्यक्तिके घरमें खाना अच्छा नहीं, इसी तरह उक्त पादप और पुरुषमें सादृश्य ज्ञानपूर्वक तादृश वृक्षकी अपेक्षा तादृश उक्त पुरुषके अधम जन्मकी ही अधिक शोचनीय दशा व्यञ्जनासे ध्वनित होती है, इसलिये यह अर्थ शक्तिमूलक व्यतिरेक ध्वनि हुई ।

तदाह—

अत्र हि त्यागैकरसस्य दरिद्रस्य जन्मानभिनन्दनम् (अ) घटित पत्रकुब्जपादपजन्माभिनन्दनं च साक्षाच्छब्दवाच्यम् । तथाविधादपि पादपात्तादृशस्य पुंस उपमानोपमेयत्वप्रतीतिपूर्वकं शोच्यतायामाधिक्यं तात्पर्येण प्रकाशयति ।

विवृतम् ।

वृत्तिकार उसीको स्पष्ट करते हैं-अत्रेति । उक्त स्थलमें अत्यन्त दानशील दरिद्र व्यक्तिके जन्मकी निन्दा और पत्र शाखा रहित वक्र वृक्षके जन्मकी प्रशंसा साक्षात्

शब्द द्वारा वाच्यरूपसे जानी जाती है और उक्त पादपसे भी तादृश पुरुषके जन्मकी उपमान उपमेय भावका ज्ञानपूर्वक अधिक चिन्तनीयदशा व्यञ्जना द्वारा अभिव्यञ्जित होती है।

उत्प्रेक्षाध्वनिमुदाहरति—

उत्प्रेक्षाध्वनिर्यथा—

'चन्दनासक्तभुजगनिश्श्वासानिलमूर्च्छितः।
मूर्च्छयत्येष पथिकान् मधौ मलयमारुतः॥

चन्दने श्रीखण्ड आसक्तानां संलग्नानां भुजगानां सर्पाणां निश्श्वासानिलैश्श्वासवातैर्मूर्च्छितो वर्धित एष मलयानिलो दक्षिणपवनः, मधौ वसन्ते, पथिकानध्वनीनान् (वियोगिनः) मूर्च्छयति सम्मोहयतीत्यर्थः।

मूर्च्छनं मोहनं वर्धनं च 'मूर्च्छा मोहसमुच्छ्राययोः' इति धातुपाठात्।

इह वसन्ते मलयानिलस्य पथिकमूर्च्छकत्वं वस्तुतो मदनकदनविधायित्वेनैव सम्भवदत्र चन्दनतरुलग्नसर्पनिश्श्वासवातवर्द्धितत्वेन सम्भावितमिवादिशब्दश्चोत्प्रेक्षावाचको नोक्त इत्यखिलवाक्यार्थव्यङ्ग्योत्प्रेक्षाऽलङ्कारध्वनिः। विषसंसर्गमन्तरेण मलयानिलस्य मूर्च्छाजनकत्वमसम्भवीति स तादृशसंसर्गवत्त्वेनोत्प्रेक्षितः। 'भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना' इति दर्पणोक्तेरुपमेयस्य मूर्च्छाजनकत्वहेतोश्चन्दनासक्तभुजगनिश्श्वासानिलमूर्च्छितत्वरूपोपमानात्मना सम्भावनेति हेतूत्प्रेक्षाऽत्र व्यज्यत इति बोध्यम्॥

उत्प्रेक्षा अलङ्कार ध्वनिका उदाहरण बतलाते हैं—चन्दनेति। चन्दन वृक्ष पर बैठे हुए अत्यन्त विषैले सर्पोंके फूत्कार भरे निःश्वास पवनोंसे वृद्धि पाकर यह मलय पवन वसन्त ऋतु में पथिकोंको मूर्च्छित कर रहा है।

यहाँ पर चन्दन वृक्षस्थित विषैले सर्पोंके श्वास पवन जनित सम्पर्कसे ही विषाक्त होकर मानो बढ़ा हुआ दक्षिण पवन मदन मथन जनित पीड़ाके द्वारा विधुरित पथिकोंको मूर्च्छित कर रहा है, इस तरह सम्भावना की गई है, परन्तु उत्प्रेक्षा वाचक इवादि शब्दोंके नहीं होनेसे सम्पूर्ण वाक्यार्थ द्वारा उक्त उत्प्रेक्षा अलङ्कार व्यङ्ग्यरूपसे ध्वनित होता है, क्योंकि विषसंसर्गके विना मलय पवन मूर्च्छाजनक नहीं होता है, अतः विष सम्पर्कसे ही ऐसा हो रहा है, यह उत्प्रेक्षा (संभावना) की गई है।

तदाह—

अत्र हि मधौ मलयमारुतस्य पथिकमूर्च्छाकारित्वं मन्मथोन्माथ-

दायित्वेनैव, तत्तु चन्दनासक्तभुजगनिश्श्वासानिलमूर्च्छितत्वेनोत्प्रेक्षितमित्युत्प्रेक्षा साक्षादनुक्ताऽपि वाक्यार्थसामर्थ्यादनुरणनरूपा लक्ष्यते ।

लक्ष्यते प्रतीयते ।

वृत्तिकार उसीको स्फुट करते हैं—अत्रेति । उक्त स्थलमें वसन्त समयका मलय पवन मदनके उन्मन्थन (पीड़न) द्वारा ही पथिकोंको मूर्च्छित करता है, यह वस्तु-स्थिति है, परन्तु चन्दन वृक्षमें लिपटे हुए सर्पोंके विषैले श्वास-पवनोंसे वृद्धि पाकर ही मानो उक्त पवन पथिकोंको मूर्च्छित कर रहा है, ऐसी उत्प्रेक्षा कविने की है, और वह उत्प्रेक्षा इवादि शब्दों द्वारा साक्षात् अभिहित नहीं होती हुई भी वाक्यार्थ-मूलक व्यञ्जना द्वारा ही संलक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य रूपसे ध्वनित होती है ।

अत्रोत्प्रेक्षाऽभावमाशंक्य समाधत्ते—

नचैवंविधे विषये इवादिशब्दप्रयोगमन्तरेणासम्बद्धतैवेति शक्यं वक्तुम्, गमकत्वादन्यत्रापि तदप्रयोगे तदर्थावगतिदर्शनात् ।

एवंविध उत्प्रेक्षाऽऽस्पदत्वेन सम्भाव्यमाने विषये, उत्प्रेक्षावाचकानाम् 'मन्ये शंके ध्रुवं प्रायो नूनमित्येवमादयः । उत्प्रेक्षावाचकाश्शब्दा इवशब्दोऽपि तादृशः ॥' इति परिगणितानामिवादिशब्दानां प्रयोगमन्तरेण विना, असम्बद्धतैवोत्प्रेक्षाया असङ्गतिरिव स्यादिति च नैव वक्तुं शक्यम्, गमकत्वात्प्रमाणसद्भावात्, अन्यत्रैतदुदाहरणातिरिक्तस्थलेष्वपि, तदप्रयोग इवादिशब्दानुच्चारणे, तदर्थस्योत्प्रेक्षालक्षणव्यङ्ग्यार्थस्यावगतेर्बोधस्य दर्शनादनुव्यवसायविषयत्वादित्यर्थः ।

उत्प्रेक्षायां साध्य उपमेयस्योपमानात्मनाऽध्यवसाय एव मूलम्, नत्विवादिशब्दप्रयोगः, यत इवाद्यप्रयोगेऽपि वक्ष्यमाणोदाहरणयोरुत्प्रेक्षाप्रतीतेः प्रामाणिकत्वम्, तत्प्रयोगेऽपि 'असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता' इत्यादौ तदभाव इति भावः ।

इदमिहाफलनीयम्—उत्प्रेक्षणसद्भावः सर्वत्रापेक्ष्यते, तत्सत्त्व इवादिशब्दसत्त्वे च वाच्या, इवादिशब्दाभावेऽप्युत्प्रेक्षणीयार्थमन्तरेण वाच्यार्थबोधानिर्वाहे प्रतीयमाना, इवादिशब्दाभावे वाच्यार्थबोधोत्तरं प्रकरणादिपर्यालोचनया प्रतीतिपथमवतरदुत्प्रेक्षणं दधाना व्यङ्ग्योत्प्रेक्षा इति त्रैविध्यं तस्याः । तत्र 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः' इत्याद्यायाः, 'तन्वङ्ग्याः स्तनयुग्मेन मुखं न प्रकटीकृतम् । हाराय गुणिने स्थानं न दत्तमिति लज्जया ॥' इत्यादि मध्यमायाः, इदमग्रिमं च पद्यद्वयं चरमायास्तस्या उदाहरणम् ॥

उक्त स्थलमें 'मन्ये, शङ्के, ध्रुवं, प्रायः, नूनं, इव' इत्यादि शब्दोंके विना उत्प्रेक्षा-

का कथन बिल्कुल असंगत ही होगा, ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि दूसरे भी स्थानोंमें इवादि प्रयोगके बिना भी उत्प्रेक्षाका ध्वनन प्रामाणिकरूपसे माना गया है।

क्वान्यत्रेवादिशब्दाप्रयोगेऽप्युत्प्रेक्षाप्रतीतिः ? इत्याकाङ्क्षायामुदाहरति—

यथा—

मानिनीमनुनयन्नायको ब्रूते—

'ईसाकलुसस्स वि तुह मुहस्स णं एस पुण्णिमाचन्दो ॥
अज्ज सरिसत्तणं पाविऊण अङ्गे विअ ण माइ ॥'

'ईर्ष्याकलुषस्यापि तव मुखस्य नन्वेष पूर्णिमाचन्द्रः ॥
अद्य सदृशत्वं प्राप्याङ्ग एव न माति ॥' इतिच्छाया।

अयि मनस्विनि ! एष दृश्यमानः, पूर्णिमाचन्द्रो राकासुधाकरः ईर्ष्यया मद्विषयकया सपत्नीविषयकया वाऽक्षमया, कलुषस्य शोणिमाविलस्य अपि, (का कथा प्रसन्नस्य) तव मुखस्य, सदृशत्वं साम्यम्, अद्येदानीम् (न त्वन्यदा कदाचित्) प्राप्य लब्ध्वा ननु निश्चितम्। अङ्गे स्वावयवे न मात्येव, अपि तु दश दिशः प्रकाशैः पूरयतीवेत्यर्थः।

श्लोकोऽयमिहैवोद्द्योते प्राग् विवृतः । तदुपात्ताश्चेष्टाविशेषास्तु—वदनगमन-कुचकलशोत्कम्पन—नेत्रविभागासञ्जनानि शृङ्गारं स्फुटं प्रकाशयन्ति । न हि तच्चेष्टानां वाचकत्वं शब्दात्वाभावात् । वाचकत्वविरहेऽपि च व्यञ्जकत्वं त्वनुभवसिद्धमित्यभिधाव्यञ्जनयोः पार्थक्यं प्रथितमित्याशयः ।

जैसे—"व्रीडायोगान्नतवदनया"—इत्यादि श्लोकमें सुकविने मुखनमनादि चेष्टाविशेपको शृङ्गारादि अर्थविशेपके प्रकाशनका हेतु दिखाया ही है ।

उपसंहरन्नेतदेवाचष्टे—

यस्माद् भिन्नविषयत्वाद्भिन्नरूपत्वाच्च स्वार्थाभिधायित्वमर्थान्तरावगमहेतुत्वं च शब्दस्य यत्, तयोः स्पष्ट एव भेदः ।

इसलिये भिन्न विपय और भिन्न स्वरूप होनेसे शब्दके जो स्वार्थाभिधायित्व रूप अभिधा और अर्थान्तरावगम हेतुत्वरूप व्यञ्जना हैं, उनका भेद स्पष्ट ही है । इस प्रकार अभिधा और व्यञ्जनाका अभेद पक्ष खण्डित हो जाता है ।

अथ द्वितीयविकल्पाश्रयणेऽपि न व्यङ्ग्यस्य वाच्यत्वव्यपदेशः सम्भवतीत्याह—

विशेषश्चेद्, न तर्हीदानीमवगमनीयस्याभिधेयसामर्थ्याक्षिप्तस्यार्थान्तरस्य वाच्यत्वव्यपदेश्यता ।

अवगमनीयस्यावगमनशक्तिबोधनीयस्य । नञर्थस्य व्यपदेश्यतया सहान्वयः । अभिधा–व्यञ्जनाव्यापारयोः पार्थक्ये तु न व्यङ्ग्यस्य वाच्यत्वेन व्यवहार सम्भवति, तस्याभिधाबोध्यत्वाभावादिति भावः ।

अब अभिधा और व्यञ्जनाके द्वितीय विकल्प (भेद पक्ष) के आश्रयण करने पर भी व्यङ्ग्य अर्थका वाच्य स्वरूप नहीं हो सकता, इसको बतलाते हैं—विशेषश्चेदिति । अभिधा और व्यञ्जनात्मक शब्दवृत्ति व्यापारमें यदि पार्थक्य (विशेष) है, तो व्यञ्जनारूप अभिधेय सामर्थ्यसे आक्षिप्त व्यङ्ग्यार्थको वाच्यनामसे व्यवहृत करना उचित नहीं है, क्योंकि वह अर्थ अभिधासे नहीं बोधित होता है ।

नन्वभिधाबोध्यत्वं परम्परया तत्राप्यस्त्येवेति कुतस्तत्त्वेन व्यपदेश इत्यत्राह—

शब्दव्यापारगोचरत्वं तु तस्यास्माभिरिष्यत एव । तत्तु व्यङ्ग्यत्वेनैव, न वाच्यत्वेन, प्रसिद्धाभिधानान्तरसम्बन्धयोग्यत्वेन च तस्यार्थान्तरस्य च प्रतीतेः ।

शब्दव्यापारोऽभिधा, तद्गोचरत्वं तत्प्रयोज्यबोधविषयत्वम् । प्रसिद्धस्य वाचकत्वेन ख्यातस्य स्ववाचकशब्दस्य, अभिधानान्तरस्य स्ववाचकेतरशब्दस्य च सम्बन्धः क्रमेण वाच्यवाचकभावो व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावश्च, तद्योग्यत्वेन तस्य वाच्यस्य, अर्थान्तरस्य व्यङ्ग्यस्य च प्रतीतेरित्यन्वयः ।

आचार्यास्तु—'प्रसिद्धेन वाचकतयाऽभिधानान्तरेण यः सम्बन्धो वाच्यत्वं, तदेव यत्र, तद्योग्यत्वं तेनोपलक्षितस्य' इति व्याचक्षते । तत्र चकारद्वयोपादानप्रयोजनमन्वेषणीयम् ।

अभिधाप्रयोज्यबोधविषयत्वादभिधाबोध्यत्वं यद्यपि व्यङ्ग्येऽप्यस्त्येव, किन्त्वभिधामात्रबोध्यत्वं वाच्यत्वं ब्रूमः, तत्र चाभिधेतरव्यञ्जनाप्रयोज्यबोधविषयत्वमप्यस्तीति कुतो वाच्यत्वव्यपदेशः स्यादिति वृत्त्याशयः ।

व्यङ्ग्यार्थके भी परम्परया अभिधाबोध्य होनेसे उसमें वाच्यत्वका व्यवहार क्यों नहीं हो सकता ? इसका समाधान करते हैं—शब्दव्यापारेति । अभिधेय सामर्थ्यरूप व्यञ्जनासे आक्षिप्त उस व्यङ्ग्यार्थको अभिधारूप शब्द व्यापारका विषय तो हम भी मानते ही हैं । परन्तु व्यङ्ग्य रूपसे ही मानते हैं, न कि वाच्यरूपसे, क्योंकि

उस वाच्य व्यतिरिक्त अर्थ विशेषकी प्रतीति वाचक रूपसे प्रसिद्ध शब्दके वाच्य वाचकभावरूप सम्बन्धसे भिन्न व्यङ्ग्य व्यञ्जकभावरूप सम्बन्धके योग्य शब्दसे ही होती है, अर्थात् अभिधा मात्रसे जो बोध्य हो उसीको हम वाच्य कहते हैं, व्यङ्ग्यरूप अर्थविशेष तो परम्परया अभिधाजन्य बोध विषय होने पर भी अभिधासे अतिरिक्त व्यञ्जना जन्य बोधका विषय भी होता है, इसलिये उसमें वाच्यत्वका व्यवहार नहीं हो सकता।

समर्थयति—

शब्दान्तरेण स्वार्थाभिधायिना यद्विषयीकरणं, तत्र प्रकाशनोक्तिरेव युक्ता।

स्वार्थाभिधायिना स्वशक्यार्थवाचकेन, शब्दान्तरेण तद्व्यङ्ग्यार्थानभिधायकशब्देन, यदर्थान्तरस्य व्यङ्ग्यस्य विषयीकरणं बोधनम्, तत्र प्रकाशनस्य व्यञ्जनस्योक्तिरेव युक्ता, न त्वभिधानस्येत्यर्थः।

'साक्षात् सङ्केतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः।'

'तत्र सङ्केतितार्थस्य बोधनादग्रिमाऽभिधा॥'

इत्यादिदर्शनादवगमनीयस्यार्थान्तरस्य तत्र शब्दे साक्षात्सङ्केतराहित्येन न तच्छब्दवाच्यत्वम्, न च तच्छब्दस्य वाचकत्वम्, न वा तयोरभिधाव्यापारः, अपि तु व्यङ्ग्यत्वमर्थस्य, व्यञ्जकत्वं शब्दस्य, व्यञ्जना च व्यापार इति बोध्यम्।

इसलिये किसी अर्थ विशेषको, अपने वाचक शब्दसे न कहकर अभिधा द्वारा अपने स्वार्थको कहनेवाले किसी दूसरे शब्दसे जो प्रतीतिका विषय कराया जाता है उसके लिये प्रकाशन (व्यञ्जन) शब्दका व्यवहार करना ही उचित है, अभिधा शब्द का प्रयोग करना उचित नहीं, अतः व्यङ्ग्य-व्यञ्जक शब्दका व्यवहार ठीक ही है।

इदानीं व्यञ्जनायास्तात्पर्यशक्त्याऽगतार्थत्वं दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकवैषम्यप्रतिपादनेन निरूपयति—

न च पदार्थवाक्यार्थन्यायो वाच्यव्यङ्ग्ययोः।

अब व्यञ्जना, तात्पर्य शक्तिसे गतार्थ नहीं हो सकती, इसका निरूपण करते हैं—न चेति। वाच्य और व्यङ्ग्यमें पदार्थ वाक्यार्थका भी दृष्टान्त नहीं दिया जा सकता, अर्थात् जैसे पदार्थ प्रतीति पूर्वक ही वाक्यार्थ प्रतीति होती है और वाक्यार्थ बोध, तात्पर्य शक्तिसे ही निष्पन्न होता है, वैसे ही वाच्यार्थ प्रतीति पूर्वक ही व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति होनेसे तात्पर्य शक्तिसे ही यहां पर भी व्यङ्ग्यार्थका बोध निष्पन्न हो जायगा, उसके लिये व्यञ्जना शक्ति माननेकी क्या आवश्यकता है? इस प्रकारका प्रश्न करना ठीक नहीं।

यत् पूर्वं 'पदार्थप्रतीतिरिव वाक्यार्थप्रतीतेः' इति तात्पर्यविषयस्य वाच्यत्वं स्थापयता निदर्शनमुपन्यस्तम्, तन्न सङ्गतम्, पदार्थप्रतीतेः सर्वैरस्वीकारात्, स्वीकृतावपि पारमार्थिकत्वेनामननात्, तथा मननेऽप्यौपपत्तिकवैषम्यस्योपलम्भादिति सकलं हेतुमुखेनाह—

यतः पदार्थप्रतीतिरस्त्येवेति कैश्चिद्विद्वद्भिरास्थितम् ।

कैश्चिद् वैयाकरणैर्न तु सर्वैः । तैरपि पारमार्थिकी न मन्यते, किन्त्वावान्तरिकी लाघवेन वाक्यार्थबोधार्थमेव । आस्थितं प्रतिज्ञातमभ्युपगतमित्यनर्थान्तरम् । सर्वानुमतो ह्यर्थः प्रभवति दृष्टान्तीभवितुम्, न चायं तथेति भावः ।

क्योंकि कुछ विद्वान् (वैयाकरण) लोग ही पदार्थ प्रतीतिको मानते हैं, सब लोग नहीं मानते, वे (वैयाकरण) भी उसकी पारमार्थिक सत्ता नहीं मानते, किन्तु वाक्यार्थ बोधमें सुभीताके लिये काल्पनिक ही मानते हैं, इसलिये इने गिने व्यक्तियोंका मन्तव्य (विचार) दृष्टान्त नहीं हो सकता, अपितु सबसे समर्थित विषय ही दृष्टान्त हो सकता है ।

तदेव वैषम्यं दर्शयति—

यैरप्यसत्यत्वमस्या नाभ्युपेयते, तैर्वाक्यार्थपदार्थयोर्घट–तदुपादानकरणन्यायोऽभ्युपगन्तव्यः ।

यैर्मीमांसकैः । अपिशब्दस्तदनुयायिविरलतां सूचयति । उपादानकारणं समवायिकारणं घटस्य कपालम् ।

जो भी भट्ट मीमांसक, नैयायिक लोग पदार्थ प्रतीतिकी असत्यताको नहीं मानते हैं, उनको वाक्यार्थ तथा पदार्थमें घट और उसके समवायिकारण कपालका न्याय मानना होगा ।

तन्न्यायमुपपादयति—

यथा हि घटे निष्पन्ने तदुपादानकारणानां न पृथगुपलम्भः, तथैव वाक्ये तदर्थे वा प्रतीते पद–तदर्थानाम् ।

न पृथगुपलम्भ इति शेषः ।

जैसे घटके निष्पन्न हो जाने पर उसके समवायिकारण कपालोंकी अलग प्रतीति नहीं होती है, वैसे ही वाक्य या वाक्यार्थकी प्रतीति होने पर पद या पदार्थकी पृथक् प्रतीति नहीं होती, इसलिये प्रकृतमें पदार्थ—वाक्यार्थका दृष्टान्त संगत नहीं हो सकता ।

पृथगुपलम्भे का हानिरित्यत आह—

तेषां तदा विभक्ततयोपलम्भे वाक्यार्थबुद्धिरेव दूरीभवेत् ।

तेषां पदतदर्थानाम् । तदा वाक्यार्थबोधनिष्पत्तिकाले । दूरीभवेत् विनश्येत् । अवयवेषु हि पृथक्कृतेषु नावयविन उपलब्धिः ।

ननूपादानकारणानामुत्पन्ने कार्ये पृथगनुपलम्भोऽपि न सर्वमतसिद्धः, बौद्धनये तेषां क्षणिकत्वेनासत्त्वात्, साङ्ख्यमतेऽन्तर्हितत्वाच्चेति किमिह दृष्टान्तोपन्यसनमिति चेत्, उच्यते—तेषां पृथगनुपलब्धिरेवास्माभिरुपन्यस्ता, सा चैकत्र तेषामसत्वेन, परत्र तिरोहितत्वेनाक्षतैवेति नासङ्गतिरिति बोध्यम् ।

यदि वाक्यार्थ प्रतीत कालमें पद-पदार्थोंकी अलग प्रतीति मानी जाय तो वाक्यार्थ बोध ही नहीं होगा, क्योंकि अवयवोंके पृथक् हो जाने पर एक अखण्ड अवयवीकी उपलब्धि नही होती है, अर्थात् एक सम्पूर्ण अर्थका बोध करानेवाले पद समुदायको ही वाक्य कहते हैं, क्योंकि अर्थैक्य होने पर ही एक वाक्यत्वका व्यवहार होता है, इसलिये पदार्थ और वाक्यार्थकी पृथक् प्रतीति नही मानी जा सकती और जब अलग प्रतीति ही नहीं होती है तब प्रकृतमें पदार्थ-वाक्यार्थका दृष्टान्त ही नहीं दिया जा सकता है ।

प्रकृते तन्न्यायासङ्गतिमाह—

न त्वेष वाच्यव्यङ्ग्ययोर्न्यायः । न हि व्यङ्ग्ये प्रतीयमाने वाच्यबुद्धिर्दूरीभवति । वाच्यावभासाविनाभावेन तस्य प्रकाशनात् ।

वाच्यार्थबोधमन्तरेण व्यङ्ग्यार्थबोधस्यानुदयाद् वाच्यार्थबोधस्य तत्र निमित्तकारणता कल्प्यते । न हि निमित्तकारणानामुत्पन्नेऽपि कार्ये पृथगनुपलम्भो, घट इव दण्डादीनाम् । समवायिकारणस्य तु स भवति—न च तत्ता वाच्यार्थबोधस्येति तयोर्वैषम्यं व्यक्तमेव ।

वाच्यार्थबोधानन्तरजायमानव्यङ्ग्यार्थबोधं प्रत्येव वाच्यार्थबोधस्य निमित्तकारणताऽपि, न तु बोधान्तरं प्रत्यपि । तथासत्यवाचकगीतशब्दश्रवणव्यङ्ग्यरसादिबोधे व्यभिचारो दुर्निवारः स्यादिति न विस्मरणीयम् ।

वाच्य और व्यङ्ग्यमें ऐसी बात नहीं है, क्योंकि व्यङ्ग्यकी प्रतीति होने पर वाच्यकी प्रतीति दूर नही होती है, अर्थात् व्यङ्ग्य प्रतीतिके साथ २ वाच्यकी भी प्रतीति होती है, क्योकि वाच्य प्रतीतिके अविनाभावरूपमें ही व्यङ्ग्यकी प्रतीति होती है, याने वाच्य प्रतीतिके विना व्यङ्ग्यकी प्रतीति नहीं हो सकती है

एवं तात्पर्यवृत्तिनिर्वाहानुकूलं पदार्थवाक्यार्थन्यायं निरस्य स्वाभिमतप्रकाशात्मकव्यञ्जनावृत्तिस्थापनानुलोमघटप्रदीपन्यायमुपन्यस्यति—

तस्माद् घटप्रदीपन्यायस्तयोः ।

इसलिये वाच्य और व्यङ्ग्यकी प्रतीतियोंमें प्रदीप-घटका दृष्टान्त देना ही संगत होगा।

तमेवोपपादयति—

यथैव हि प्रदीपद्वारेण घटप्रतीतावुत्पन्नायां न प्रदीपप्रकाशो निवर्तते, तद्वद् व्यङ्ग्यप्रतीतौ वाच्यावभासः ।

न निवर्तत इति शेषः । तेन च व्यङ्ग्यव्यञ्जकभाव एव वाच्यव्यङ्ग्ययोः सम्बन्धः पर्यवस्यति ।

जैसे कि प्रदीपके द्वारा घटकी प्रतीति हो जाने पर भी प्रदीपकी प्रतीति नष्ट नहीं हो जाती, अपितु प्रदीपकी भी प्रतीति होती रहती है, वैसे ही व्यङ्ग्यकी प्रतीति हो जाने पर वाच्यकी भी प्रतीति होती रहती है, निवृत्त नहीं होती, इसलिये वाच्य-व्यङ्ग्य-व्यञ्जक भाव सम्बन्ध मानना ही ठीक है।

ननु स्वयमेव प्राक्—'यथा पदार्थद्वारेण वाक्यार्थः सम्प्रतीयते ।
वाच्यार्थपूर्विका तद्वत् प्रतिपत् तस्य वस्तुनः ॥' इत्यनेन पदार्थवाक्यार्थन्यायं तयोरङ्गीकृत्य साम्प्रतमिह निरस्यतीत्यसमञ्जसमित्यत आह—

यत्तु प्रथमोद्द्योते—'यथा पदार्थद्वारेण' इत्याद्युक्तम्, तदुपायत्वसाम्यमात्रस्य विवक्षया ।

उपायत्वं कारणता ।

तत्र कारणत्वमात्रेण सामान्येन साम्यमुक्तम्, न तु समवाय्यसमवायिनिमित्तत्वरूपैर्विशेषैः । कारणत्वमात्रेण साम्यन्त्वधुनाऽप्युच्यत इति किं दूषणमित्याकूतम् ।

यहाँ यह प्रश्न होता है कि पहले प्रथम उद्द्योतमें 'यथा पदार्थद्वारेण' इत्यादि कारिका द्वारा वाच्य-व्यङ्ग्यमें पदार्थ-वाक्यार्थ न्यायको स्वयं भी मानकर अभी उसका खण्डन करना असंगत मालूम पड़ता है, इसका समाधान करते हैं कि— प्रथम उद्द्योतमें जो 'पदार्थद्वारेण' इत्यादि कहा है, वह केवल उपायत्वकी समताकी दृष्टिसे ही लिखा है, अर्थात् जैसे पदार्थकी प्रतीति वाक्यार्थ प्रतीतिका उपाय (साधन) होती है, वैसे ही वाक्यार्थ प्रतीति व्यङ्ग्यार्थ प्रतीतिका उपाय होती है इस तरह उपायत्वरूप कारणत्वात्मक सामान्यधर्म मात्रसे ही सादृश्य प्रतिपादन द्वारा तुलना की गई है, न कि समवायिकारणत्व आदि विशेष धर्मसे, इसलिये कोई विरोध नहीं लगता है।

ननु यदि घटप्रदीपन्यायस्तयोरङ्गीक्रियते, तर्हि यथा युगपदेव घटप्रदीपयोर्भानम्भवति, तथैव कार्यकारणभावादनुचितो वाच्यव्यङ्ग्ययोः सममेवावभासो वाक्यतः स्यादिति वाक्यस्य युगपदर्थद्वयबोधकत्वसमापतेदित्याशङ्कते—

नन्वेवं युगपदर्थद्वययोगित्वं वाक्यस्य स्यात् ।

(पूर्वपक्ष) यदि वाच्य और व्यङ्ग्य प्रतीतिमें प्रदीप–घट न्याय मानेंगे तो जैसे प्रदीप और घटका एक साथ भान होता है, वैसे ही वाच्य-व्यङ्ग्यका भी एक साथ ही भान होने लगेगा और इस प्रकार वाक्यके साथ दो अर्थोंका सम्बन्ध होने लगेगा ?

न चेयमापत्तिरिष्टैव शक्यते कर्तुमित्याह—

तद्भावे च तस्य वाक्यतैव विघटते ।

तद्भावे युगपदर्थद्वयवाचकत्वे, तस्य वाक्यस्य ।

इसको मान लेने पर भी दोष दूर नहीं हो सकता है, क्योंकि ऐसा होने पर उसका वाक्यत्व ही नहीं रहेगा ।

तद्विघटनहेतुमाख्याति—

तस्या ऐकार्थ्यलक्षणत्वात् ।

तस्या वाक्यतायाः । ऐकार्थ्यं पदार्थानां मिथः समन्वयेन दण्डायमानैकार्थबोधकत्वम् । एतत्सम्पादनार्थमेव—'दुर्गालङ्घितविग्रहः' इत्यादिशब्दशक्त्युद्भवध्वनिस्थलेपूपमाध्वनिरङ्गीक्रियते ।

युगपत्प्रतिभासमानयोरर्थयोरन्वयाभावेन नैकरूपतेति कुतस्तदुपस्थापकस्य वाक्यत्वमिति तात्पर्यम् ।

क्योंकि एकार्थ होना ही वाक्यका लक्षण है, अर्थात् एक अर्थ होने पर ही वाक्य कहा जाता है ।

तामापत्तिं परिहरति—

नैष दोषः—गुणप्रधानभावेन तयोरवस्थानात् ।

तथा च तयोर्मिथो नानन्वय इति नोक्तदोष इति भावः ।

(उत्तर पक्ष) व्यङ्ग्य-व्यञ्जकभाव पक्षमें यह दोष नहीं हो सकता है, क्योंकि वाच्य और व्यङ्ग्यकी गुण–प्रधानभावसे व्यवस्था होनेसे परस्परमें अन्वय द्वारा वाक्यताका भङ्ग नहीं होता ।

उपपादयति—

व्यङ्ग्यस्य हि क्वचित् प्राधान्यं वाच्यस्योपसर्जनीभावः । क्वचिद्वाच्य-

स्य प्राधान्यमपरस्य च गुणीभावः। तत्र व्यङ्ग्यप्राधान्ये ध्वनिरित्युक्तमेव। वाच्यप्राधान्ये तु प्रकारान्तरं निर्देक्ष्यते।

अपरस्य व्यङ्ग्यस्य। प्रकारान्तरं काव्यप्रभेदान्तरं गुणीभूतव्यङ्ग्याख्यम्। निर्देक्ष्यतेऽस्मिन्नेवोद्द्योते वक्ष्यते मयेति शेषः।

उक्त विषयको ही स्फुट करते हैं—व्यङ्ग्यस्येति। कहीं पर व्यङ्ग्यार्थकी प्रधानता और वाच्यार्थकी अप्रधानता (गौणता) होती है और कहीं पर वाच्यार्थकी प्रधानता और व्यङ्ग्यार्थकी अप्रधानता होती है। उनमें व्यङ्ग्यार्थके प्राधान्य होने पर ध्वनिका व्यवहार होता है, यह पहले ही कह चुके हैं। और वाच्यार्थके प्राधान्य होनेपर गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्यका व्यवहार होता है, इस विषयका निर्देश आगे करेंगे।

उपसंहरति—

तस्मात् स्थितमेतत्—व्यङ्ग्यपरत्वेपि काव्यस्य, न व्यङ्ग्यस्याभिधेयत्वम्, अपि तु व्यङ्ग्यत्वमेव।

उक्त विषयको उपसंहार द्वारा बतलाते हैं—तस्मादिति। इसलिये यह सिद्ध हो गया कि काव्यके व्यङ्ग्य प्रधान होने पर भी व्यङ्ग्यार्थ अभिधेय अर्थात् वाच्य नहीं है, अपितु व्यङ्ग्य ही है।

पुनरन्यथाऽपि तात्पर्यशक्तिबोध्यत्वेन वाच्यत्वं व्यङ्ग्यस्य निराकरोति—

किञ्च व्यङ्ग्यस्य प्राधान्येनाविवक्षायां वाच्यत्वं तावद् भवद्भिर्नाभ्युपगन्तव्यम्, अतत्परत्वाच्छब्दस्य।

भवद्भिस्तात्पर्यपक्षपातिभिः। अतत्परत्वात्तदर्थबोधनेच्छयाऽनुच्चारितत्वात्। प्राधान्येन विवक्षित एवार्थः शब्दस्य तात्पर्यविषयो यस्तमेव तात्पर्यवृत्तिर्भवदभिमता बोधयितुमलम्। अत्र तु व्यङ्ग्यस्य तथात्वाभावात् कथं वाच्यत्वं स्यादिति भावः। अभिधैव तात्पर्यसाहाय्येन बोधं जनयतीति तन्मतम्, अतो वाच्यत्वमेव तैराशङ्कितम्, खण्डितं च तदेव सिद्धान्तिभिरिति विभावनीयम्।

दूसरे ढंगसे भी व्यङ्ग्यार्थकी वाच्यताका खण्डन करते हैं—किञ्चेति। इसके अतिरिक्त जहाँ पर व्यङ्ग्यार्थकी प्रधानरूपसे विवक्षा नहीं है, वहाँ शब्दके मुख्य रूपसे गुणीभूत व्यङ्ग्यपरक नहीं होनेसे उस गुणीभूत व्यङ्ग्यार्थको आप वाच्यार्थ नहीं मानेंगे, क्योंकि प्रधान रूपसे विवक्षित अर्थ ही शब्दका तात्पर्यविषयीभूत वाच्यार्थ होता है, गुणीभूत व्यङ्ग्यार्थ तो प्रधानतया विवक्षित ही नहीं है।

व्यङ्ग्यस्य प्राधान्येन विवक्षितत्वेऽपि वाच्यत्वाभावं निगमनमुखेनास्थापयति—

तदस्ति तावद् व्यङ्ग्यः शब्दानां कश्चिद् विषय इति यत्रापि तस्य प्राधान्यम्, तत्रापि किमिति तस्य स्वरूपमपह्नूयते।

विषयो बोध्यः। इविहेंतौ। अपह्नूयतेऽपलप्यते।

प्राधान्येनाविवक्षायां व्यङ्ग्यसद्भावः स्वीकृत इति तदर्थं व्यञ्जनाभारो यदि भवता वोढव्य एव, तर्हि प्राधान्येन विवक्षायां स कथं नोह्यत इत्याशयः।

इसलिये यह अवश्य मानना होगा कि शब्दका कोई व्यङ्ग्य अर्थ भी है। जो कि शब्दके तत्परक नहीं होनेसे वाच्य नहीं है, अतः व्यङ्ग्य है। इसलिये जहां पर भी उस व्यङ्ग्यार्थकी प्रधानता है, वहां भी उसके स्वरूपका अपलाप क्यों करते हैं।

उपसंहरति—

एवं तावद् वाचकत्वादन्यदेव व्यञ्जकत्वम्।

एवं विषयभेदात् स्वरूपभेदाच्च। तावच्छब्दस्तद्धेत्वन्तरकथनावशेषं सूचयति।

इस प्रकार विषयभेद और स्वरूपभेद होनेसे वाचकत्वसे व्यञ्जकत्व शक्ति अलग ही है।

तमेव हेत्वन्तरं दर्शयति—

इतश्च वाचकत्वाद् व्यञ्जकत्वस्यान्यत्वं, यद् वाचकत्वं, शब्दैकाश्रयमितरत्तु शब्दाश्रयमर्थाश्रयं च, शब्दार्थयोर्द्वयोरपि व्यञ्जकत्वस्य प्रतिपादनात्।

इत उच्यमानाद्धेतोः। चकारोऽप्यर्थकः, प्रागुक्तहेतुसङ्ग्राहकः। अन्यत्वं भेदः। शब्दैकाश्रयं शब्दमात्रवृत्ति। इतरद्व्यञ्जकत्वम्। तु शब्दोऽभिधां व्यवच्छिनत्ति। अत्रान्येऽपि भेदहेतवो ग्राह्याः।

अभिधा हि शब्दमात्रे तिष्ठति, व्यञ्जना तु वर्ण–पद–तदेकदेश–वाक्य–सङ्घटना–प्रबन्ध–वाच्य–लक्ष्य–व्यङ्ग्यार्थ–चेष्टाप्रभृतिष्वपीति प्राङ्नैकधा प्रतिपादितमेव। अत आश्रयभेदादपि तयोर्भेदः सुस्थितः।

इस कारणसे भी वाचकत्वसे व्यञ्जकत्व भिन्न है, जो कि वाचकत्व केवल शब्द के आश्रित रहता है और व्यञ्जकत्व शब्द और अर्थ दोनोके आश्रित रहता है अर्थात् अभिधा शक्ति केवल शब्दमें ही मानी जाती है और व्यञ्जनशक्ति तो शब्द और अर्थ दोनोमें मानी जाती है, क्योंकि शब्द और अर्थ दोनों ही व्यञ्जक होते हैं, इसका प्रतिपादन किया जा चुका है, इसलिये आश्रयके भेदसे अभिधासे व्यञ्जना भिन्न है।

इत्थं विषयस्वरूपाश्रयभेदतोऽभिधारूपप्रधानवृत्तेर्व्यञ्जनाया भेदं व्यवथाप्य पर-

नये लक्षणाशब्देनैव व्यवह्रियमाणाया गुणवृत्तेरपि भेदं दर्शयति—

गुणवृत्तिस्तूपचारेण लक्षणया चाभयाश्रयाऽपि भवति। किन्तु ततोऽपि व्यञ्जकत्वं स्वरूपता विषयतश्च भिद्यते।

लक्षणा हि शुद्धा गौणी चेति द्विविधा। तत्र शुद्धाया इह लक्षणाशब्देन व्यवहारः, गौण्यास्तूपचारशब्देन, तदुभयोस्त्वप्रधानवृत्तित्वाद् गुणवृत्तिशब्देन। सा चार्थे साक्षात्, शब्दे तु परम्परयाऽऽरोपिता तिष्ठति। तदुक्तम्, लक्षणानिरूपणे प्रदीपकृच्चरणैः—'शक्यव्यवहितलक्ष्यार्थविषयत्वाच्छब्द आरोपित एव स व्यापारः। वस्तुतोऽर्थनिष्ठ एव' इति।

एवं शब्दार्थोभयवृत्तित्वेन साम्याद् गुणवृत्तिव्यञ्जनयोरैक्यं नाशङ्कनीयम्, पूर्ववत्तयोरपि स्वरूपविषयोर्भेदादिति बोध्यम्।

इस प्रकार विषय स्वरूप और आश्रयके भेदसे अभिधा एवं तात्पर्य वृत्तिसे व्यञ्जनावृत्तिका भेद स्थापित कर अब लक्षणारूप गुणवृत्तिसे भी व्यञ्जनाका भेद बतलाते हैं—गुणवृत्तिरिति। गुणवृत्ति रूप लक्षणा दो प्रकारकी होती है–शुद्धा और गौणी। उनमें सादृश्येतर मूलक लक्षणाको शुद्धा कहते हैं, जो कि 'लक्षणा' शब्दसे व्यवहृत होती है और सादृश्य मूलक लक्षणाको गौणी कहते हैं जो कि 'उपचार' शब्दसे व्यवहृत होती है। इस तरह सादृश्य तथा सादृश्येतर सम्बन्ध मूलक उपचार और लक्षणा शब्दसे व्यवह्रियमाण गुणवृत्ति शब्द और अर्थ दोनोंमें आश्रित होती है, इस लिये यद्यपि आश्रयका भेद लक्षणासे व्यञ्जनाका भेदक नहीं हो सकता, तथापि स्वरूप एवं विषयके भेदसे लक्षणासे व्यञ्जनाका भेद है।

तत्र स्वरूपभेदं प्राग् दर्शयति—

रूपभेदस्तावदयम्—यदमुख्यता व्यापारो गुणवृत्तिः प्रसिद्धा, व्यञ्जकत्वं तु मुख्यतयैव शब्दव्यापारः। न ह्यर्थाद् व्यङ्ग्यत्रयप्रतीतिर्या, तस्या अमुख्यत्वं मनागपि लक्ष्यते।

मुख्यताऽस्खलद्गतिकता। अमुख्यता च तदभावः। व्यङ्ग्यत्रयं वस्त्वलङ्काररसादिरूपम्। लक्षणा हि बाधसध्रीचीना वाच्यार्थे बाधिते तत्सम्बन्धिनोऽर्थान्तरस्य बोधिकेत्यमुख्यस्तत्तद्बोध्योऽर्थः, व्यञ्जना न तादृगिति प्रत्येयोऽर्थस्तु मुख्य एवेति तयोः स्वरूपभेदः स्फुट इति भावः।

उनमें पहले स्वरूप भेद बतलाते हैं—रूपभेद इति। स्वरूप भेद तो यह है कि अमुख्य रूपसे लक्ष्यार्थका बोध करानेवाला शब्दका व्यापार गुणवृत्ति नामसे प्रसिद्ध है और व्यञ्जकत्व तो मुख्य रूपसे ही अर्थविशेषका बोधजनक शब्दका व्यापार

माना जाता है, क्योंकि रसादि ध्वनि, वस्तु ध्वनि एवं अलंकार ध्वनि तीन प्रकारके व्यङ्ग्योंकी प्रतीतिका वाच्यार्थ प्रतीतिसे तनिक भी अमुख्यत्व (अप्रधानत्व) नहीं लक्षित होता है, परन्तु लक्षणा स्थलमें ऐसी बात नहीं है, क्योंकि वाच्यार्थके बाधित होने पर ही लक्षणावृत्ति वाच्यार्थ सम्बन्धी अर्थान्तरको गौण रूपसे ही बतलाती है, इसलिये उससे बोध्य अर्थ अमुख्य रूपसे ही प्रतीत होता है, इस तरह स्पष्ट ही दोनोंका स्वरूप भेद है।

पुनरन्यथा स्वरूपभेदमाह—

अयं चान्यः स्वरूपभेदः—यद् गुणवृत्तिरमुख्यत्वेन व्यवस्थितं वाचकत्वमेवोच्यते। व्यञ्जकत्वं तु वाचकत्वादत्यन्तं विभिन्नमेव। एतच्च प्रतिपादितम्।

प्रतिपादितं वाच्यव्यङ्ग्ययोर्वैलक्षण्यप्रदर्शनप्रसङ्गेन प्रथमोद्द्योते।

अयमभिसन्धिः—'सर्वे सर्वार्थवाचकाः' इति सिद्धान्तमनुसरन्तोऽप्रसिद्धशक्तिनाम्नाऽभिधैव व्यवहितार्थबोधकत्वे लक्षणाभूमिकामभ्युपैतीति ये मन्यन्ते, तन्मते लक्षणाया अभिधाविशेषरूपत्वाद् व्यञ्जनायाश्च ततोऽतितरां भिन्नत्वान्न तादात्म्यम्। न चाभिधाव्यञ्जनयोर्भेद एव सन्देग्धव्यम्, पूर्वमेव बोध्यार्थभेदेन तद्भेदस्यापि व्यवस्थापितत्वात्।

और दूसरा स्वरूप भेद यह है कि गौण रूपसे विद्यमान वाचकत्व शक्ति ही गुणवृत्ति शब्दसे व्यवहृत होती है और व्यञ्जकता शक्ति तो वाचकता शक्तिसे अत्यन्त भिन्न ही होती है, यह विषय वाच्य व्यङ्ग्यके वैलक्षण्य प्रदर्शन प्रसङ्ग पर प्रथम उद्द्योतमें कह चुके हैं।

पुनरपरथा स्वरूपभेदमाह—

अयं चापरो रूपभेदः—यद् गुणवृत्तौ पदार्थोऽर्थान्तरमुपलक्षयति, तदोपलक्षणीयार्थात्मना परिणत एवासौ सम्पद्यते। यथा—'गङ्गायां घोषः' इत्यादौ। व्यञ्जकत्वमार्गे तु—यदाऽर्थोऽर्थान्तरं द्योतयति, तदा स्वरूपं प्रकाशयन्नेवासावन्यस्य प्रकाशकः प्रतीयते प्रदीपवत्। यथा—'लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती।' इत्यादौ।

'गङ्गायां घोषः' इत्यादौ प्रयोजनहेतुकलक्षणलक्षणायां वाच्यं नीरं लक्ष्यतीरान्वयसिद्धये 'परार्थे स्वसमर्पणम्' इत्युक्तेः स्वरूपं लक्ष्यात्मकमेव दर्शयतीति तद्रूपतया तस्य परिणतिः। 'लीलाकमलपत्राणि' इत्यादावार्थव्यञ्जनायान्तु मुखनम-

नादिवाच्यं प्रथमं प्रतीतिपथमवतीर्णमेव दीप इव घटादि व्रीडाऽऽदि व्यनक्तीति वाच्याप्रकाशप्रकाशावपि तद्भेदकौ स्त इति सारम्।

और तीसरा स्वरूप भेद यह है कि गुणवृत्तिस्थलमें जब वाच्यार्थ लक्षणा द्वारा दूसरे अर्थको बतलाता है, तब जहत्स्वार्थारूप लक्षणा लक्षणा द्वारा लक्षणीय अर्थके रूपमें स्वयं परिणत होकर ही लक्ष्यार्थ बन जाता है। जैसे गंगायां घोषः' इत्यादि प्रयोजनमूलक लक्षणलक्षणामें जलरूप वाच्यार्थ लक्ष्यभूत तीरके साथ अन्वय सिद्धिके लिये अपने स्वरूपको तट रूप लक्ष्यार्थमें ही समर्पण करते हुए परिणत होकर लक्ष्यार्थका बोधन करता है। परन्तु व्यञ्जनास्थलमें जब वाच्यार्थ व्यङ्ग्यरूप अर्थ विशेषको अभिव्यक्त करता है तब प्रदीप–घटके समान वह अपने स्वरूपको प्रकाशित करता हुआ ही व्यङ्ग्यार्थका प्रकाशन करता है। जैसे 'लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती। इत्यादिस्थलमें पहले वाच्यार्थका बोध होता है और बादमें वह वाच्यार्थ, लज्जारूप व्यङ्ग्यार्थ या आकारगोपन रूप अवहित्थात्मक शृङ्गाराङ्गको प्रकाशित करता है अर्थात् लक्षण लक्षणामें गङ्गापद जलरूप अपने वाच्यार्थको बिलकुल छोड़कर तटरूप लक्ष्यार्थका बोध कराता है परन्तु व्यञ्जक शब्द तो अपने वाच्यार्थको बतलाता हुआ ही व्यङ्ग्यार्थ विशेषको अभिव्यक्त करता है।

अस्खलद्गतिकत्वेऽपि लक्षणाऽङ्गीकारे दोषं दर्शयति—

यदि च यत्रातिरस्कृतस्वप्रतीतिरर्थोऽर्थान्तरं' लक्षयति, तत्र लक्षणाव्यवहारः क्रियते, तदेवंसति लक्षणैव मुख्यः शब्दव्यापार इति प्राप्तम्। यस्मात् प्रायेणैव वाच्यानां वाच्यव्यतिरिक्ततात्पर्यविषयार्थावभासित्वम्।

अतिरस्कृताऽबाधिता स्वरूपस्य प्रतीतिर्यस्य तादृशोऽर्थो मुखनमनादिरूपो यत्र 'एवं वादिनि' इत्यादौ, अर्थान्तरं व्रीडाऽऽदिव्यङ्ग्यं लक्षयति प्रतिपादयति, तत्रापि यदि लक्षणाव्यवहारः क्रियते लक्षणैव मन्यन्ते, न तु व्यञ्जना, तदेवमेयं तर्हि, शब्दानां लक्षणैव मुख्यो व्यापारो वृत्तिरिति प्राप्तमापन्नं भवति। यस्मात् प्रायेण बाहुल्येन वाक्यानां वाच्यव्यतिरिक्तस्य तात्पर्यविषयस्यार्थस्यावभासित्वं बोधकत्वं भवतीत्यर्थः।

मुख्यार्थबाधस्तत्सम्बन्धो रूढिप्रयोजनान्यतरच्च लक्षणाबीजम्। तत्र बाधाद्यभावेऽपिलक्षणाऽङ्गीकारे, तस्या एव मुख्यवृत्तित्वमापद्येत, सर्वाभिमतं गुणवृत्तित्वं च भज्येत, तादृशलक्षणयैव सर्वत्र व्यवहर्तुं शक्यत्वात्। तस्माल्लक्षणाया अमुख्यवृत्तित्वं वदता भवताऽकामेनापि वाच्यबाधाभावेऽस्वीकारो विधेय एवेति तात्पर्यम्।

जहत्स्वार्थालक्षणा मूलक अत्यन्त तिरस्कृत वाच्यध्वनिमें वाच्यार्थके अत्यन्त तिरस्कृत होनेसे लक्षणा और व्यञ्जनाके अभेद नहीं होने पर भी अजहत्स्वार्था लक्षणामूलक अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिमें मुख्यार्थके परित्यागके बिना ही अर्थान्तरके बोध होनेसे लक्षणा और व्यञ्जनामें अभेद क्यों नहीं है ? इसका खण्डन करते हैं—यदि चेति । यदि 'एवं वादिनि'—इत्यादि ध्वनि स्थलमें भी मुखनमनादि वाच्यार्थ, अपनी प्रतीतिका परित्याग किये बिना ही लज्जा आदि अर्थान्तरको लक्षित करता है, इसलिये ऐसे स्थलमें भी मुख्यार्थके बाध नहीं रहने पर भी लक्षणाका ही व्यवहार किया जाय तो अभिधाके स्थान पर भी लक्षणाको ही शब्द का मुख्य व्यापार मानना पड़ेगा, क्योंकि अधिकांश वाक्य वाच्यार्थका परित्याग किये बिना ही वाच्यसे भिन्न तात्पर्य विषयीभूत अर्थके प्रकाशक होते हैं, इसलिये मुख्यार्थके अबाध स्थलमें लक्षणा नहीं माननी चाहिये ।

पूर्वपक्षी शङ्कितः पृच्छति—

ननु त्वत्पक्षेऽपि यदाऽर्थो व्यङ्ग्यत्रयं प्रकाशयति, तदा शब्दस्य कीदृशो व्यापारः ?

व्यञ्जनावादिमतेऽप्यर्थस्य व्यञ्जकतायां शब्दस्य मुख्योऽमुख्यो वा व्यापारः स्वीक्रियते ? मुख्यश्चेदभिधैव सः, अमुख्यश्चेद् गुणवृत्तिरेव, अप्रधानवृत्तित्वादिति प्रष्टुरभिप्रायः ।

(पूर्व पक्ष) आप (व्यञ्जनावादी) के मतमें भी जब वाच्यार्थ, रसादि, वस्तु तथा अलङ्कार रूप व्यङ्ग्यत्रयको अभिव्यक्त करता है, तब शब्दका किस प्रकारका व्यापार होता है ? मुख्य या अमुख्य ? यदि मुख्य हो तो अभिधा ही होगी और यदि अमुख्य हो तो लक्षणा ही माननी पड़ेगी, उभयथापि व्यञ्जनाका खण्डन ही हो जाता है, अर्थात् शब्दके अर्थ बोधनमें दो ही व्यापार होते हैं, एक मुख्य और दूसरा अमुख्य, उनमें जहां अर्थ, व्यञ्जक होता है, वहां भी शब्दका या तो मुख्य या अमुख्य इनमेंसे ही कोई एक व्यापार मानना होगा, इसलिये यदि आप मुख्य व्यापार मानते हैं तो वाचकत्व ही होगा और यदि अमुख्य व्यापार मानते हैं तो गुणवृत्ति होगी, क्योंकि मुख्य व्यापारको वाचकत्व और अमुख्य व्यापारको ही लक्षणा रूप गुणवृत्ति कहते हैं । इन दो प्रकारके व्यापारोंके अतिरिक्त व्यञ्जकत्वादिरूप तीसरा प्रकार नहीं हो सकता है ।

उत्तरमाचष्टे—

उच्यते—प्रकरणाद्यवच्छिन्नशब्दवशेनैवार्थस्य तथाविधं व्यञ्जकत्वमिति शब्दस्य तत्रापयोगः कथमपह्नूयते ।

'शब्दबोध्यो व्यनक्त्यर्थः शब्दोऽप्यर्थान्तराश्रयः ।

एकस्य व्यञ्जकत्वे तदन्यस्य सहकारिता ॥' इत्युक्तेरर्थव्यञ्जकत्वेऽपि शब्दस्य सहकारित्वेन व्यङ्ग्यार्थबोधनानुकूलो मुख्य एव व्यापारोऽस्ति । न च मुख्यत्वेऽभिधात्वं तस्य शङ्कनीयम्, अभिधायाः संकेतग्रहादिसापेक्षत्वात् । तस्यास्तु प्रकरणादिवैशिष्ट्यापेक्षणात् सामग्रीवैधर्म्यादित्युत्तरयितुराशयः ।

(उत्तरपक्ष) प्रकरणादि सहकृत शब्दके व्यापारसे ही वाच्यार्थ उस प्रकारके वस्तु, अलङ्कार या रसादिका व्यञ्जक होता है, इसलिये उसमें शब्दकी उपयोगिता का किस प्रकार अपलाप किया जा सकता है, अर्थात् व्यङ्ग्यार्थ प्रकाशनमें शब्दका मुख्य ही व्यापार होता है, परन्तु सामग्रीके भेदसे वह व्यापार वाचकत्वसे अलग ही है, क्योंकि अभिधारूप वाचकतामें संकेतग्रहकी अपेक्षा होती है और व्यञ्जनामें उसकी अपेक्षा न होकर प्रकरणादिके सहयोग मात्रकी अपेक्षा होती है।

इत्थं व्यञ्जनाया बाधापुरस्कृतत्वात् संकेतानपेक्षणात् पृथग्भूतार्थप्रत्यायकत्वाच्च, तद्विरुद्धधर्मवल्लक्षणात्। क्रमेण स्वरूपभेदं प्रतिपाद्य विषयभेदं भेदनियामकं प्रतिपादयति—

विषयभेदोऽपि गुणवृत्तिव्यञ्जकत्वयोः स्पष्ट एव । यतो व्यञ्जकत्वस्य रसादयोऽलङ्कारविशेषा व्यङ्ग्यस्वरूपावच्छिन्नं वस्तु चेति त्रयं विषयः । अस्खलद्गतित्वं समयामुपयोगित्वं चेति त्रयम् ।

व्यङ्ग्यस्वरूपावच्छिन्न व्यङ्ग्यत्वेन विच्छित्तिविशेषविधायि । वस्तुनो विशेषणमिदं लक्षणाबोध्यं साधारणं वस्तु व्यवच्छिनत्ति । इति त्रयं विषयो न तु केवलं वस्तु, तावन्मात्रस्य लक्षणयाऽपि बोध्यत्वात् । समयः संकेतः । पृथगवभासित्वं वाच्यभेदेन प्रतीयमानता ।

अस्खलद्गतिकत्वादिधर्मत्रयं व्यञ्जनाजन्यबोधविषय एव, लक्ष्ये तु विषये तत्त्रितयविरुद्धधर्मवत्त्वम् । 'गङ्गायां घोष' इत्यादौ तीरबोध नीरान्वयबाधापेक्षणादभिधाग्रहसापेक्षत्वान्नीरस्य तीररूपेणैव प्रतीयमानत्वाच्च । किञ्च लक्ष्यो न रसादित्रयान्यतमरूप इति लक्षणाव्यञ्जनयोर्विषयभेदः स्फुट एवेति सङ्गतिः ।

इस प्रकार व्यञ्जनामें मुख्यार्थके अबाध, संकेत ग्रहकी अनपेक्षा एवं पृथक्भूतार्थप्रत्ययाकत्व होनेसे उक्त तीनोंसे विरुद्ध धर्मवाली लक्षणासे क्रमशः व्यञ्जनाका स्वरूप भेद बतलाकर अब उक्त (लक्षणासे व्यञ्जना) भेदका नियामक विषयभेद बतलाते हैं—विषय इति । गुणवृत्ति रूप लक्षणा और व्यञ्जनाका विषयभेद भी स्पष्ट ही है क्योंकि व्यञ्जनाके विषय रसादि अलङ्कारविशेष और चमत्कार जनक व्यङ्ग्य

विशेष रूप 'वस्तु' ये तीन हैं और लक्षणाका विषय तो केवल साधारण वस्तु ही है। एवं व्यञ्जना जन्य बोध विषयमें ही अस्खलद्गतिकत्वं, समयानुपयोगित्व और पृथक् अवभासित्व, ये तीन धर्म भासित होते हैं, परन्तु लक्षणा जन्य बोध विषयमें उक्त तीनोंसे विरुद्ध धर्म ही भासित होते हैं, अर्थात् (१) लक्षणामें 'स्खलद्गति' याने मुख्यार्थ बाधित होने पर ही शब्द दूसरे अर्थका बोधक होता है, परन्तु व्यञ्जनामें मुख्यार्थ का बाध होना कोई आवश्यक नहीं है। (२) अमुख्य रूपसे स्थित वाचकत्व ही गुणवृत्ति कहलाता है, अर्थात् लक्षणामें किसी न किसी रूपसे संकेत ग्रहकी उपयोगिता होती है, परन्तु व्यञ्जनामें संकेत ग्रहकी उपयोगिता नहीं होती है। (३) और लक्षणामें वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थका अभेद प्रतीत होता है जैसे 'गंगायां घोष' यहां पर नीर ही तीर रूपसे परिणत होकर प्रतीयमान होता है, परन्तु व्यञ्जनामें वाच्यार्थ और व्यङ्ग्यार्थका अभेद नहीं प्रतीत होता है, अर्थात् दोनोंकी अलग-अलग ही प्रतीति होती है।

तत्र प्रथमं लक्ष्यस्य रसादिरूपत्वाभावं दर्शयति—

तत्र रसादिप्रतीतिर्गुणवृत्तिरिति न केनचिदुच्यते, न च शक्यते वक्तुम्।

गुणवृत्तिपदं गुणवृत्तिप्रयोज्यप्रतीतिपरम्, तद्वृत्तिमात्रपरत्वे तादात्म्यशङ्काया एवानुत्थानात्। सामग्रीभेदश्च घटपटयोरिव तत्प्रतीत्योर्भेदको बोध्यः। न हि लक्ष्य-प्रतीतिस्थले व्यङ्ग्यप्रतीतिसामग्रीसंवलनम्।

उनमेंसे रसादि प्रतीतिको कोई भी सहृदय व्यक्ति लक्षणा जन्य प्रतीति न तो कहता है और न कह ही सकता है, क्योंकि दोनोंकी पृथक् पृथक् सामग्री होनेसे लक्ष्यार्थ प्रतीति स्थलमें व्यङ्ग्य प्रतीतिकी सामग्री संगठित ही नहीं हो सकती है।

लक्ष्यस्य व्यङ्ग्यालंकाररूपत्वाभावं च प्रथयति—

व्यङ्ग्यालङ्कारप्रतीतिरपि।

कारणभेदादेव लक्षणाजन्यप्रतीतिरिति न शक्यते वक्तुमिति शेषः।

सामग्रीके भेद होनेसे ही व्यङ्ग्य अलंकारकी प्रतीतिको भी लक्षणा जन्य प्रतीति नहीं कह सकते हैं।

तस्यैव व्यङ्ग्यवस्तुरूपत्वाभावमपि प्रतिपादयति—

तथैव वस्तुचारुत्वप्रतीतये स्वशब्दानभिधेयत्वेन यत् प्रतिपादयितु मिष्यते, तद्व्यङ्ग्यम्। तच्च सर्वं न गुणवृत्तेर्विषयः

यदा वस्तु चारुत्वातिशयेन बोधयितुमिष्यते, तदाऽभिधामतिक्रम्य व्यञ्जना-पथारूढं तद् विधीयते। यच्चारुतमं वस्तु, तत् सर्वं लक्षणया बोधयितुं न शक्यते, तस्माद् व्यङ्ग्यवस्तुनोऽपि लक्ष्यवस्तुनो भेदः। न सर्वमित्यनेन यत्किञ्चिद्वस्तुनो

लक्षणाबोध्यत्वमनुमन्यते। तथा चात्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनौ 'निश्वासान्ध इवादर्शं' इत्यादौ मालिन्याद्यर्थो लक्षणयैव प्रत्याय्यते। अत एवोक्तम्—

'कस्यचिद्ध्वनिभेदस्य सा तु स्यादुपलक्षणम्' इति।

वैसे ही रमणीयताकी प्रतीतिके लिये स्वशब्दसे नहीं कहकर अर्थात् वाच्य भिन्नरूपसे ही जिस अर्थका प्रतिपादन करना इष्ट हो, वह वस्तु, व्यङ्ग्य कही जाती है। वह सब ही रमणीय व्यङ्ग वस्तु, लक्षणा जन्य बोध विषय नहीं होती है, इसलिये लक्ष्य वस्तुसे भिन्न ही व्यङ्ग्य वस्तु है।

तदेव साधयति—

प्रसिद्ध्यनुरोधाभ्यामपि गौणानां शब्दानां प्रयोगदर्शनात्। तथोक्तं प्राक्।

प्रसिद्धी रूढिः। अनुरोधः प्रयोजनापेक्षा। हेतौ तृतीया। प्राक् प्रथमोद्द्योते—'रूढा ये विषयेऽन्यत्र शब्दाः स्वविषयादपि।' इत्यादिनोक्तम्।

'लावण्यम्' 'वदति विसिनीपत्रशयनम्' इत्यादिरूढिहेतुकलक्षणास्थले व्यङ्ग्याभासाभावादेव न व्यञ्जनाप्रवेशः। प्रयोजनवल्लक्षणास्थलेऽपि व्यङ्ग्यस्य नैव लक्षणाबोध्यत्वमिति कुतो लक्षणाव्यञ्जनयोरैक्यमित्याशयः।

क्योंकि व्यङ्ग्यका भान नहीं होनेपर भी प्रसिद्धि (रूढिवश) और व्यवहार या प्रयोजनके अनुरोधसे भी लाक्षणिक शब्दोंका प्रयोग देखा जाता है, जैसे 'लावण्यं' एवं 'वदति विसिनीपत्रशयनम्' इत्यादि रूढि मूलक लक्षणास्थलमें व्यङ्ग्यार्थके भान नहीं होनेसे व्यञ्जनाका प्रवेश नहीं हो सकता है, जैसा कि पहिले कहा जा चुका है। प्रयोजन मूलक लक्षणास्थलमें भी व्यङ्ग्य लक्षणासे नहीं प्रतीत होता है, इसलिये लक्षणा और व्यञ्जना एक नहीं हैं।

यद्यपि 'निश्वासान्ध इवादर्शः' इत्यादौ प्रयोजनवल्लक्षणास्थले यन्मालिन्यं प्रतीयते, तच्च न व्यङ्ग्यं न वा तादृक् चारु, यच्च तदतिशयरूपं व्यङ्ग्यं चारुतरं च, तन्न लक्षणया बोधयितुं क्षमम्, तथाऽपि—'यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते।' इत्याद्युक्तेस्तदतिशयं व्यञ्जनाद्वारा बोधयितुमेव प्रयोजनवल्लक्षणायाः प्रवृत्तेर्लक्षणाविषयत्वं तादृशवस्तुनोऽपि कल्प्यते, तेनैतावताऽपि लक्षणाव्यञ्जनयोर्वास्तविको विषयभेदः सुस्थिर एवेति सर्वमभिप्रेत्याह—

यदपि च विषयः तदपि च व्यञ्जकत्वानुप्रवेशेन।

यत्तदिति सामान्ये नपुंसकम्। व्यञ्जकत्वानुप्रवेशेन व्यञ्जनाऽनुसरणेन।

और जो भी 'गङ्गायां घोषः' इत्यादि प्रयोजनवती लक्षणा स्थलमें शैत्य-पावनत्वादि व्यङ्ग्यार्थ लक्षणाका विषय प्रतीत होता है, वह भी व्यञ्जनाके प्रवेशसे ही समझना चाहिये।

फलितमाचष्टे—

तस्माद् गुणवृत्तेरपि व्यञ्जकत्वस्यात्यन्तविलक्षणत्वम् ।

तस्मादुक्तरूपभेदादिहेतोः । गुणवृत्तेरिति पञ्चमी बुद्धिकृतापादानत्वविवक्षायाम् ।

इसलिये लक्षणासे भी व्यञ्जना अत्यन्त भिन्न है ।

अथाभिधालक्षणाभ्यां भिन्नत्वं व्यञ्जनायास्तदुभयमूलकत्वेन दर्शयति—

वाचकत्व-गुणवृत्तिविलक्षणस्यापि च तस्य, तदुभयाश्रयत्वेन व्यवस्थानम् ।

तस्य व्यञ्जकत्वस्य। प्रागुक्तभेदहेतुसमुच्चयार्थकश्चकारोऽपिशब्दश्च व्यवस्थानमित्यनन्तरं योज्यौ । तदुभयमभिधालक्षणे ।

तेनाभिधालक्षणाभिन्नस्यतदुभयमूलत्वेन व्यवस्थानमपि च भेदं सूचयतीत्यन्वयः।

व्यञ्जनाके अभिधा और लक्षणासे भिन्न होने पर भी उन दोनों (अभिधा-लक्षणा) के आधार पर ही उस (व्यञ्जना) की स्थिति होती है, इसलिए अभिधा लक्षणा मूलक होनेसे भी व्यञ्जना भिन्न है ।

व्यञ्जनाया अभिधा-लक्षणामूलत्वं विभज्य दर्शयति—

व्यञ्जकत्वं हि क्वचिद् वाचकत्वाश्रयेण व्यवतिष्ठते, यथा-विवक्षितान्यपरवाच्ये ध्वनौ । क्वचित्तु गुणवृत्त्याश्रयेण, यथा-अविवक्षितवाच्ये ध्वनौ ।

आश्रयणमाश्रयः । विवक्षितान्यपरवाच्ये 'एवं वादिनि' इत्यादौ । अविवक्षितवाच्ये निश्श्वासान्धः' इत्यादौ ।

अब अभिधा तथा लक्षणा मूलक व्यञ्जनाको अलग-अलग विभाग करके बतलाते हैं—व्यञ्जकत्वमिति । व्यञ्जना कहीं वाचकत्वरूप अभिधाके आश्रित होती है, जैसे-'एवं वादिनि'-इत्यादि विवक्षितान्यपर वाच्य (अभिधा मूल) ध्वनिमें, और कहीं गुण वृत्ति रूप लक्षणाके आश्रित होती है, जैसे 'निःश्वासान्ध इवादर्शः' इत्यादि अविवक्षित वाच्य (लक्षणामूल) ध्वनिमें ।

पूर्वग्रन्थसङ्गतिं दर्शयन् समर्थयति—

तदुभयाश्रयत्वप्रतिपादनायैव च ध्वनेः प्रथमतरं द्वौ प्रभेदावुपन्यस्तौ ।

प्रथमतरं प्रथमोद्द्योते—'स चासावविवक्षितवाच्यो विवक्षितान्यपरवाच्यश्चेति' इत्यनेन ।

उस व्यञ्जनाके उभयाश्रितत्व अर्थात् अभिधा तथा लक्षणा मूलकत्वके प्रति-

पादन करनेके लिए ही सबसे पहिले ध्वनिके 'अविवक्षितवाच्य' और 'विवक्षितान्य-पर वाच्य' ये दो भेद बतलाये गये हैं।

पुनर्व्यञ्जनाया अभिधालक्षणातो वैलक्षण्यमनेकाभिर्भङ्गिभिर्व्यवस्थापयति—

तदुभयाश्रयत्वाच्च तदेकरूपत्वं तस्य न शक्यते वक्तुम्। यस्मान्न तद्वाचकत्वरूपमेव, क्वचिल्लक्षणाऽऽश्रयेण वृत्तेः न च लक्षणैकरूपमेव, अन्यत्र वाचकत्वाश्रयेण व्यवस्थानात्। न चोभयधर्मत्वेनैव तदेकैकरूपं न भवति, यावद् वाचकत्वलक्षणादिरूपरहितशब्दधर्मत्वेनापि। तथा हि—गीतध्वनीनामपि व्यञ्जकत्वमस्ति रसादिविषयम्। न च तेषां वाचकत्वं लक्षणा वा कथंचिल्लक्ष्यते। शब्दादन्यत्रापि च विषये व्यञ्जकत्वस्यापि दर्शनाद् वाचकत्वादिशब्दधर्मप्रकारत्वमयुक्तं वक्तुम्।

तस्य वाचकत्वस्य। वृत्तेर्वर्तमानत्वात्। यावत् किन्तु। वाचकत्वलक्षणादिभी रहितो योऽवाचकः शब्दो गीतादिध्वनिस्तद्धर्मत्वेन तद्वृत्तित्वेन। शब्दादन्यत्रापि विषये चेष्टाऽऽदावपि। वाचकत्वादयो ये शब्दस्य धर्मा व्यापारास्तत्प्रकारत्वं तद्विशेषत्वम्। व्यञ्जना यतोऽभिधालक्षणोभयमाश्रयति, तस्मात्तदेकरूपा न भवति। तदुभयरूपत्वं च तादृशादिप्रसक्तवृत्तेरप्रसिद्धत्वादेव न सम्भवति। अपि च व्यञ्जना नाभिधारूपैव, लक्षणामूलत्वे तस्यास्ततो व्यभिचरणात्। न वा लक्षणाऽऽत्मिकैव, अभिधामूलत्वे ततोऽपि व्यभिचरितत्वात्। न च तदुभयाश्रयिण्येव, उभे अपि विहायावाचकगीतशब्दादौ वर्तमानत्वात्। नापि च शब्दनिष्ठैव तद्व्यतिरिक्तेऽपि चेष्टाऽऽदौ सत्वात्। इत्थमभिधागुणवृत्तिवैधर्म्यस्य बहुश उपलम्भादभिधागुणवृत्यादि शब्दधर्मविशेषत्वमपि व्यञ्जनाया दुर्वचमेवेति सर्वथा भिन्नैव स्वैरिणीयमिति सारम्।

उक्त दोनों (अभिधा तथा लक्षणा) के आश्रित होनेके कारण ही उस व्यञ्जनाको उन दोनोंके साथ एक रूप नहीं कह सकते हैं, अर्थात् व्यञ्जना केवल अभिधा या लक्षणा मात्र नहीं कही जा सकती है, अपितु उन दोनोंसे भिन्न ही है। क्योंकि कहीं अर्थात् लक्षणामूलक अविवक्षित वाच्य ध्वनिमें लक्षणाके भी आश्रय होनेसे वह व्यञ्जना वाचकता रूप ही नहीं हो सकती है। और कहीं अर्थात् अभिधामूलक विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनिमें अभिधाके भी आश्रय होनेसे लक्षणा रूप भी नहीं हो सकती है। और केवल उन दोनों अभिधा और लक्षणाके धर्म होनेसे ही व्यञ्जना तदेकरूप अर्थात् अभिधा या लक्षणा रूप नहीं होती ऐसी बात नहीं है (अर्थात् व्यञ्जनाके अभिधा या लक्षणा रूप न होने का केवल उभयाश्रित होना ही एक कारण नहीं है, अपितु आगे बतलाये हुए और दूसरे

कारण भी उसको अभिधा या लक्षणासे भिन्न कहते हैं) अपितु अभिधा और लक्षणा आदि व्यापारसे रहित गीत आदि शब्दोंके धर्म होनेसे भी वह (व्यञ्जना उन दोनोंसे भिन्न है। जैसे गीतकी ध्वनिमें भी रसादि विषयक व्यञ्जना रहती है, परन्तु उसमें अभिधा या लक्षणा किसी प्रकारकी प्रतीत नहीं होती है। इसके अतिरिक्त शब्दसे भिन्न चेष्टा आदि विषयमें भी व्यञ्जनाकी उपलब्धि होनेसे उसे अभिधा आदि रूप शब्दका धर्म कहना ठीक नहीं है।

ननु नेयं व्यञ्जनाऽतिरिक्ता, किन्त्वभिधालक्षणयोः प्रसिद्धशब्दधर्मयोरेव नूतनः कश्चन प्रकारः कल्प्यत इति पुनः प्रौढ्या व्याहरन्तं परिहसन् भाषते—

यदि वाचकत्वलक्षणाऽऽदीनां शब्दप्रकाराणां प्रसिद्धप्रकारविलक्षणत्वेऽपि व्यञ्जकत्वं प्रकारत्वेन परिकल्प्यते, तच्छब्दस्यैव प्रकारत्वेन कस्मान्न परिकल्प्यते।

शब्दस्य प्रकाराणां विशेषणानां, धर्माणामिति यावत्। प्रकारत्वेन विशेषत्वेन। तत् तदा। लक्षणायाः शब्दधर्मत्वकथनन्तूक्तप्रदीपादिस्वरसप्रतिकूलमेव।

इयत्त्वभिधाऽऽदितो व्यञ्जना भेदकेषु जाग्रत्स्वपि यद्यनुचिततरमभिधाऽऽदिशब्दधर्मविशेषत्वं कल्प्यत एव, तर्हि शब्दविशेषत्वमेव कुतो न कल्प्यते अनौचित्यस्योभयत्र तुल्यत्वात्। तस्मान्न व्यञ्जनाया अभिधाऽऽदिरूपता, न वा तद्विशेषता चेत्याकूतम्।

व्यञ्जना कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं है, अपितु अभिधा लक्षणारूप शब्द धर्मों का ही एक नूतन प्रकार विशेष है, इस आक्षेपको दूर करते हैं—यदि इति। यदि उक्त रीतिसे अभिधा लक्षणाके प्रसिद्ध भेदोंसे अतिरिक्त होने पर भी व्यञ्जनाको अभिधा और लक्षणा रूप शब्द धर्मोंका ही एक विशेष प्रकार मानना चाहते हैं तो उसको शब्दका ही एक अतिरिक्त धर्म विशेष क्यों नहीं मान लेते हैं, अर्थात् जब उक्त युक्तिसे अभिधा और लक्षणासे व्यञ्जनाका भेद स्पष्ट सिद्ध हो चुका है, तब उस व्यञ्जनाको शब्दका ही एक अलग व्यापार न मानकर अभिधा या लक्षणाके भेदों में उसको गिनने का व्यर्थ ही आपका प्रयास हो रहा है।

इत्थं व्यञ्जनामतिरिक्तत्वेन बलवद् व्यवस्थाप्य तत्सङ्कलनपुरस्सरमादावुपक्षिप्तं ध्वनिभेदद्वयमुपसंहरति—

तदेवं शाब्दे व्यवहारे त्रयः प्रकाराः—वाचकत्वं गुणवृत्तिर्व्यञ्जकत्वं च। तत्र व्यञ्जकत्वे यदा व्यङ्ग्यप्राधान्यम्, तदा ध्वनिः, तस्य चाविव

क्षितवाच्यो विवक्षितान्यपरवाच्यश्चेति द्वौ प्रभेदावनुक्रान्तौ प्रथमतरं, तौ सविस्तरं निर्णीतौ।

एवमुक्तप्रकारैः। शब्दे व्यवहारे शाब्दबोधजनके व्यापारे वृत्ताविति यावत्। अन्यत् स्फुटम्।

इस प्रकार शाब्दबोधजनक व्यापार तीन प्रकारके होते हैं—अभिधा, लक्षणा और व्यञ्जना, उनमें जब व्यङ्ग्यार्थकी प्रधानता होती है, तब ध्वनि नामक काव्य कहलाता है और उस ध्वनि काव्यके 'अविवक्षित वाच्य' तथा 'विवक्षितान्यपर वाच्य' ये दो भेद किये गये हैं, जिनका कि पहिले ही सविस्तार वर्णन किया जा चुका है।

यद्यपि व्यञ्जनाया लक्षणामूलत्वस्यापि व्यवस्थापितत्वात् ततोऽपि वैलक्षण्यं निर्णीतमेवेति नाधुना विवेचनीयं किञ्चित्, तथाऽप्यविवक्षितवाच्यध्वनिस्थले तयोरैकीभावमवधारयतामविवेकिनां मतेन शङ्कामुत्थापयति—

अन्यो ब्रूयात्—ननु विवक्षितान्यपरवाच्ये ध्वनौ गुणवृत्तिता नास्तीति यदुच्यते, तद् युक्तम्, यस्माद् वाच्यवाचकप्रतीतिपूर्विका यत्रार्थान्तरप्रतिपत्तिः तत्र कथं गुणवृत्तिव्यवहारः।

गुणवृत्तिता ध्वनिशब्दस्य काव्यपरत्वे गुणवृत्तिमत्ता, व्यङ्ग्यपरत्वे तु तत्प्रयोज्यबोधविषयत्वरूपा बोध्या। युक्तत्वे हेतुर्यस्मादित्यादिनोपन्यस्तः।

सर्वत्र लक्षणालक्ष्येषु वाच्यार्थस्य बाधितत्वाच्छाब्दबोधविषयत्वं न भवति, विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनौ तु पूर्वं वाच्यस्य पश्चाद् व्यङ्ग्यस्य प्रतीतिरिति वाच्यबाधविरहान्न लक्षणया निर्वाह इति सारम्।

जो अन्य कोई व्यक्ति कहते हैं कि विवक्षितान्यपर-वाच्यध्वनिमें गुणवृत्तिरूप लक्षणा नहीं हो सकती है, सो ठीक है। क्योंकि लक्षणास्थलमें मुख्यार्थके बाध होने से वाच्यार्थकी प्रतीति नहीं होती है, परन्तु विवक्षितान्यपर-वाच्य ध्वनिमें वाच्य-वाचकरूप शब्दार्थकी प्रतीति पूर्वक ही व्यङ्ग्यरूप अर्थान्तरकी प्रतीति होती है, इसलिये वहाँ लक्षणका व्यवहार नहीं हो सकता है, क्योंकि उक्त ध्वनिमें वाच्यार्थके बाध नहीं होनेसे वाच्य और व्यङ्ग्य दोनोंकी अलग अलग और क्रमशः प्रतीति होती है।

एवं विवक्षितान्यपरवाच्ये ध्वनौ व्यञ्जनामभ्युपगत्याविवक्षितवाच्ये गुणवृत्तेर्वृत्तान्तं प्रतिपादयति—

न यदि गुणवृत्तौ यस्य निमित्तेन केनचिद् विषयान्तरे शब्द आरोप्यते-

ऽत्यन्ततिरस्कृतस्वार्थः; यथा—'अग्निर्माणवकः; इत्यादौ, यदा वा स्वार्थं मंशेनापरित्यजंस्तत्सम्बन्धद्वारेण विषयान्तरमाक्रामति, यथा—'गङ्गायां घोषः' इत्यादौ, तदा विवक्षितवाच्यत्वमुपपद्यते।

नहीत्युपपद्यत इत्यनेनान्वेति। गुणवृत्तौ लक्षणायां यदा जहत्स्वार्थत्वे गौणत्वे च। निमित्तेन सादृश्यातिशयादिना कारणेन। विषयान्तरे वाच्यातिरिक्ते लक्ष्यार्थे। आरोप्यते लक्ष्यवुबोधयिषयोच्चार्यते। अग्निमाणवकयोर्भेदेऽपि सामानाधिकरण्यनिर्देशादग्निशब्दः शक्यान्वयानुपपत्तेरत्यन्ततिरस्कृतवाच्यः सादृश्यसम्बन्धेन तेजस्विनं लक्षयति, तत्ताऽतिशयरूपं च प्रयोजनं लक्षणामूलव्यञ्जनागम्यम्। यदाऽजहत्स्वार्थत्वे शुद्धत्वे च। स्वार्थमंशेनैकदेशेनापरित्यजन् शब्दः, तत्सम्बन्धद्वारेण वाच्य सम्बन्धमुखेनार्थान्तरं वाच्यसम्बधिनं लक्ष्यमाक्रामत्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यो भवति। 'गङ्गायां घोषः' इत्यादौ गङ्गाशब्दो बाधितवाच्यो नीरं वाच्यं मुख्यत्वेन विजहत् तीरविशेषत्वेनोपाददानश्च नीरसन्निहिततीरं लक्षयति। घोषे गङ्गागतशैत्याद्यतिशयश्च व्यङ्ग्यः। तदा विवक्षितवाच्यत्वं न ह्युपपद्यते, एकत्र वाच्यस्य सर्वथाऽविवक्षणात्, अपरत्र प्राधान्येनापरामर्शनात्।

वस्तुतस्त्वर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यत्वे 'गङ्गायां घोषः' इति नोदाहरणीयम्, तीरस्य नीरसम्बन्धेन बोधस्यासर्वसम्मतत्वात्। किन्तु 'कुन्ताः प्रविशन्ति' इत्याद्येवोदाहरणीयम्। तेन नैव पूर्वापरग्रन्थसङ्गतिभङ्ग इति विभावनीयम्।

इस प्रकार विवक्षितान्यपर वाच्यध्वनिमें व्यञ्जनाको स्थापित कर अविवक्षित वाच्यध्वनिमें लक्षणा मात्रका विषय बतलाते हैं—नहि इति। गौणी लक्षणामें जब किसी कारण विशेषसे दूसरे अर्थमें उसके अवाचक शब्दका अपने स्वार्थकी अत्यन्त तिरस्कृत कर आरोप किया जाता है, जैसे 'अग्निर्माणवकः' इत्यादि स्थलमें अग्नि शब्दका अपने अर्थको छोड़कर तेजस्वितादिके सादृश्यसे किसी अत्यन्त प्रतिभाशाली बालकमें आरोप द्वारा प्रयोग किया जाता है, तब अत्यन्त तिरस्कृत वाच्यध्वनि या जहत्स्वार्था गौणी लक्षणा ही मानी जाती है, किन्तु विवक्षितान्यपर वाच्यध्वनि नहीं मानी जाती, इसी प्रकार शुद्धा लक्षणामें जब कुछ अंशमें अपने अर्थ छोड़ कर उसके सम्बन्ध द्वारा लाक्षणिक शब्दका अर्थान्तरमें प्रयोग किया जाता है, जैसे 'गङ्गायां घोषः' इत्यादिमें गङ्गा आदि शब्द नीर रूप वाच्यको मुख्य रूपसे छोड़ता हुआ नीरसन्निहित तीररूप अर्थान्तरको लक्षित करता है, तब अविवक्षित वाच्य अर्थात् लक्षणा मूलध्वनि या शुद्धा लक्षणा मानी जा सकती है, परन्तु विवक्षितान्य पर वाच्यध्वनि नहीं मानी जा सकती, क्योंकि प्रथम स्थलमें वाच्यार्थ

की बिलकुल ही विवक्षा नहीं है और द्वितीय स्थलमें लक्ष्यार्थमें विशेषण रूपसे भासित होनेपर भी मुख्यरूपसे वाच्यार्थकी प्रतीति नहीं होती है। इसलिये जहां विवक्षितान्यपर वाच्यध्वनि होती है, वहां गुणवृत्तिरूप लक्षणाके सम्भव नहीं होनेसे और जहां लक्षणा रहती है,वहां विवक्षितान्यपर वाच्य ध्वनिके सम्भव नहीं होनेसे उन दोनोंकी एक विषयता नहीं हो सकती है, यह कहना सर्वथा युक्ति संगत ही है।

उक्तमेव समर्थयति—

अत एव च विवक्षितान्यपरवाच्ये ध्वनौ वाच्यवाचकयोर्द्वयोरपि स्वरूपप्रतीतिरर्थावगमनं च दृश्यत इति व्यञ्जकत्वव्यवहारो युक्त्यनुरोधी।

अत एव—विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनेर्गुणवृत्त्यनुपकृतत्वे सति व्यञ्जनागम्यत्वादेव। अविवक्षितवाच्यध्वनिभेदद्वयस्य गुणवृत्तिबोध्यत्वमेवेति विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनेर्व्यञ्जनागम्यत्वाभ्युपगमेन समर्थितम्। स्वरूपप्रतीतिः पद-तद्वाच्यज्ञानम्। अर्थावगमो व्यङ्ग्यार्थप्रतीतिः।

इसलिये विवक्षितान्यपर वाच्यध्वनिमें वाच्य और वाचक दोनोंके स्वरूपकी एवं व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति पायी जाती है, इसलिये व्यञ्जनाका व्यवहार युक्ति संगत ही है।

तत्र लोकप्रसिद्धां युक्तिं दर्शयति—

स्वरूपं प्रकाशयन्नेव परावभासको व्यञ्जक इत्युच्यते।

यथा—दीपादिः।

क्योंकि दीपक आदिके समान अपने स्वरूपको प्रकाशित करते हुए ही दूसरेके स्वरूपको प्रकाशित करनेवाला व्यञ्जक कहलाता है।

आंशिकं व्यञ्जनाऽभ्युपगमं स्फुटमाह—

तथाविधे विषये वाचकत्वस्यैव व्यञ्जकत्वमिति गुणवृत्तिव्यवहारो नियमेनैव न शक्यते वक्तुम्।

अपि तु तत्र व्यञ्जकताऽतिरिक्तैव कल्पनीया भवतीति भावः।

इस प्रकारके उदाहरणोंमें अभिधारूप वाचकता और व्यञ्जना दोनों ही स्पष्ट रूपसे अलग अलग प्रतीत होती हैं। इसलिये वाचकत्व ही व्यञ्जनारूप है, इस प्रकारका गौण व्यवहार निश्चितरूपसे नहीं किया जा सकता है, अपितु उससे अतिरिक्त ही व्यञ्जना माननी चाहिये।

एवमभिधामूलध्वनौ व्यञ्जनां स्वीकृत्य लक्षणामूलाविवक्षितवाच्यध्वनेरुक्तभेद-

द्वये तामस्वीकुर्वन्नाक्षिपति —

अविवक्षितवाच्यस्तु ध्वनिर्गुणवृत्तेः कथं भिद्यते, तस्य प्रभेदद्वये गुणवृत्तिप्रभेदद्वयरूपता लक्ष्यत एव ।

तु ना विवक्षितान्यपरवाच्यादस्य व्यतिरेकः सूच्यते । गुणवृत्तिप्रदं तद्वोऽन्यपरम् । यद्वा कथं भिद्यत इत्येव कथमसम्बन्ध इत्येतदर्थकम् । भिद्यत इति कर्मकर्तरि प्रयोगः । विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनौ वाच्यव्यङ्ग्ययोर्व्यक्तं पृथगवभासो भवतीति तत्र गुणवृत्तिर्लेशतोऽपि प्रवेशमनश्नुवाना व्यञ्जनां मा निरौत्सीत्, किन्त्वविवक्षितवाच्यध्वनेरत्यन्ततिरस्कृतवाच्यार्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यात्मके प्रकारयुगले, गुणवृत्तेरुदाहृतभेदद्वयान्न किमपि वैलक्षण्यम्, वाच्यव्यङ्ग्ययोः पृथगनवभासादिति कुतस्तत्र गुणवृत्तेरतिरिक्ता व्यञ्जना कल्प्येतेत्याक्षेप्तुरभिसन्धिः ।

इस प्रकार अभिधामूल ध्वनिमें व्यञ्जना मानकर लक्षणामूल ध्वनिमें लक्षणासे
अतिरिक्त व्यञ्जनाको मनानेके लिये पूर्व पक्ष उठाते हैं—अविवक्षितवाच्य इति ।
[illegible]
विवक्षितान्य परवाच्य ... क्योंकि उस
क्षितवाच्यध्वनिमें लक्षणासे अतिरिक्त व्यञ्जना कैसे हो सकती है ? क्योंकि उस
(अविवक्षितवाच्यध्वनि) के 'अत्यन्ततिरस्कृत वाच्य' एवं 'अर्थान्तरसंक्रमित-
वाच्य' इन दोनोंमें क्रमशः उपचारात्मक गौणी लक्षणा और शुद्धा लक्षणाका स्वरूप
स्पष्ट ही प्रतीत होता है, अर्थात् अत्यन्त तिरस्कृत वाच्यध्वनि, लक्षणलक्षणा या
जहत्स्वार्था या उपचारात्मक गौणी लक्षणा स्वरूप है और अर्थान्तर संक्रमितवाच्य
ध्वनि, उपादान लक्षणा या अजहत्स्वार्था या शुद्धा लक्षणास्वरूप ही प्रतीत होती है,
इसलिये ऐसे स्थलोंमें लक्षणासे व्यञ्जना अलग नहीं है, यह पूर्वपक्षका तात्पर्य है ।

खण्डयति —

यतोऽयमपि न दोषः ।

अनन्तरवक्ष्यमाणहेतोरिति शेषः । यत इति नातिप्रयोजनकं प्रतिभाति ।

(उत्तर) वक्ष्यमाण युक्तियोंसे प्रकृतमें यह दोष भी नहीं हो सकता है ।

तमेव हेतुमभिदधाति —

यस्मादविवक्षितवाच्यो ध्वनिर्गुणवृत्तिमार्गाश्रयोऽपि भवति, न तु गुणवृत्तिरूप एव ।

ध्वनिपदमिह व्यापारपरम् । गुणवृत्तेर्मार्ग उक्तप्रकारद्वयमाश्रयो मूलं यस्येति बहुव्रीहिरप्यत एव सङ्गच्छते ।

तस्माद् गुणवृत्तिव्यञ्जकत्वयोस्तत्र नैक्यम्, यस्मादविवक्षितवाच्यध्वनौ यो व्यञ्जनाव्यापारः, स लक्षणामूलोऽपि लक्षणारूपो न वक्तुं शक्यत इति सारम्।

क्योंकि अविवक्षितवाच्यध्वनि गुणवृत्ति रूप लक्षणाके मार्गका भी आश्रयण करती है, इसलिये वह लक्षणा स्वरूप ही नहीं है, अर्थात् अविवक्षितवाच्यध्वनिमें जो व्यञ्जना व्यापार प्रतीत होता है, वह लक्षणामूलक होने पर भी लक्षणास्वरूप ही नहीं है, क्योंकि कार्य—कारण दोनों एक नहीं होते हैं।

तत्र हेतुमाचष्टे—

गुणवृत्तिर्हि व्यञ्जकत्वशून्याऽपि दृश्यते।

'कलिङ्गः साहसिकः' इत्यादौ रूढिहेतुकलक्षणाया व्यञ्जनासाहचर्यस्याप्यनियतत्वात् कथमैक्यसम्भावनेति भावः।

क्योंकि 'कलिङ्गः साहसिकः' इत्यादि स्थलोंमें लेशमात्र भी व्यञ्जनाकी प्रतीति नहीं होने पर भी लक्षणा मानी जाती है, इसलिये दोनों एक नहीं हो सकती हैं।

कुतो न तत्र व्यञ्जनेति शङ्कायामाह—

व्यञ्जकत्वं च यथोक्तचारुत्वहेतुं व्यङ्ग्यं विना न व्यवतिष्ठते।

यतो व्यङ्ग्यबोधनार्थमेव व्यञ्जनाऽवस्थितिः, ततोऽव्यङ्ग्यस्थलक्षणायां तस्याः कथं व्यवस्थेति सारम्।

वहां व्यञ्जना क्यों नहीं मानी जाती है? इस प्रश्नका समाधान करते हैं—व्यञ्जकत्वमिति। क्योंकि सहृदयोंके अलौकिक आह्लादजनक व्यङ्ग्यार्थके बिना व्यञ्जना नहीं होती है, अर्थात् व्यङ्ग्यार्थके बोधनार्थ ही व्यञ्जना मानी जाती है, इसलिये व्यङ्ग्यार्थ रहित उक्त लक्षणास्थलमें व्यञ्जना नहीं मानी जा सकती है, अतः लक्षणा और अविवक्षितवाच्य ध्वनि दोनों एक नहीं हो सकती हैं।

पुनरपि गुणवृत्तेर्व्यञ्जनायाश्चैक्यं निराकर्तुं वैलक्षण्यं प्रतिपादयन् प्रथमभेदोपचारशब्दव्यवहार्यगौणलक्षणायाः सप्रयोजनाया उदाहरणे दर्शयति—

गुणवृत्तिस्तु वाच्यधर्माश्रयेणैव व्यङ्ग्यमात्राश्रयेण चाभेदोपचाररूपा संभवति। यथा—तीक्ष्णत्वाद् 'अग्निर्माणवकः' आह्लादकत्वात्, 'चन्द्र एवास्या मुखम्' इत्यादौ।

अभेदोपचारः सादृश्यातिशयव्यञ्जकतादात्म्यारोप एव रूपं यस्याः सा गौणलक्षणा, वाच्यविषयकबोधजनको यो धर्मः शब्दव्यापारोऽभिधालक्षणः, तदाश्रयेण रूढिहेतुका, व्यङ्ग्यमात्रस्य केवलप्रयोजनस्याश्रयेण प्रयोजनवती चेति द्विविधा सम्भवतीत्यर्थः। तत्र प्रयोजनवद्गौणलक्षणोदाहरणयोः पूर्वत्र साहस्य तेजस्वित्वरूपेण

तीक्ष्णत्वेन, परत्र चानन्दजनकत्वेन। तदतिशयश्चोभयश्च व्यञ्जनामात्रगम्यः प्रयोजनम्। इयमेव सारोपा लक्षणा रूपकालङ्कारस्य बीजम्।

लक्षणा और अविवक्षितवाच्यध्वनिमें परस्पर भेद प्रतिपादनार्थ और भी युक्तियोंको बतलानेकी भावनासे पहले प्रयोजन मूलक अभेदोपचार रूप गौणी लक्षणाका उदाहरण बतलाते हैं-गुणवृत्तिस्तु। अभेदोपचार रूप गौणी लक्षणा तो वाच्यविषयक बोधजनक अभिधात्मक शब्द व्यापारके आश्रयसे रूढिमूलक और व्यङ्ग्यरूप केवल प्रयोजन विषयक बोधजनक व्यञ्जनाके आश्रयणसे प्रयोजनवतीरूप दो प्रकार की होती है, उनमें पहले प्रयोजनमूलक गौणीका उदाहरण बतलाते हैं—जैसे तेजस्वितादि गुण युक्त होनेसे यह बालक अग्नि है, एवं आह्लादजनक होनेसे इस (वनिता) का मुख चन्द्रमा है, इत्यादि स्थलोंमें क्रमशः अतिशय तेजस्विता एवं अतिशय आनन्दजनकताकी प्रतीतिरूप प्रयोजन व्यञ्जनागम्य है, इसलिये यह प्रयोजनवती गौणी लक्षणा है। परन्तु वही (लक्षणा) व्यञ्जना नहीं है, क्योंकि उक्त लक्षणाके प्रयोजनमूलक होनेसे उक्त प्रयोजन-प्रतिपादक व्यञ्जना अतिरिक्त ही है।

तामेव रूढिमूलिकामुदाहरति—

यथा च—'प्रिय जने नास्ति पुनरुक्तम्' इत्यादौ।

द्वितीयोद्द्योतोदाहृतप्राकृतपद्यच्छायाऽन्तिमांशोऽयम्। आदिशब्देन 'वदति विसिनीपत्रशयनम्' 'लावण्यम्' इत्यादीनां संग्रहः। एषु प्रयोजनाभावाद् रूढिरेव हेतुतामासादयतीति प्रागुक्तमेव।

वस्तुतस्त्वत्र सादृश्यप्रत्ययाभावान्न गौणत्वमिति रूढिहेतुकगौणलक्षणायाः 'तैलानि हेमन्ते मुखानि' इत्याद्युदाहरणमेवात्यत्र दर्शितमवसेयम्।

अब रूढिमूलक गौणी लक्षणाका उदाहरण बतलाते हैं-यथाचेति। जैसे 'प्रियजनमें पुनरुक्ति नहीं होती' अर्थात् चर्वित चर्वणके समान बार बार उपभोग करने पर भी प्रियजन अनुपादेय (फीका) नहीं प्रतीत होता।

यहां पर प्रयोजनकी प्रतीति नहीं होनेसे रूढि मूलक ही पुनरुक्त पदसे लक्षणा द्वारा अनुपादेयत्व अर्थ लक्षित होता है, और पुनरुक्तिके अनुपादेयत्व-धर्मका बादमें 'न' शब्दसे निषेध किया गया है, इसलिये गौणी लक्षणा भी स्पष्ट ही प्रतीत होती है, परन्तु व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति नहीं होनेसे व्यञ्जना नहीं है, अतः दोनों (लक्षणा और व्यञ्जना) भिन्न हैं। इसी प्रकार 'वदति विसिनीपत्रशयनम्'—इत्यादिमें भी समझना चाहिये।

अथात्र लक्षणाशब्दव्यवहार्यां शुद्धलक्षणां रूढिमूलामुदाहर्तुमाख्याति—

साऽप्युपलक्षणीयार्थसम्बन्धमात्राश्रयेण चारुरूपा ... गुणवृत्तिः

चारुरूपव्यङ्ग्यप्रतीतिं विनाऽपि सम्भवत्येव ।

न तु न सम्भवतीति शेषः । उपलक्षणीयो लक्ष्यरूपोऽर्थः । चारुरूपस्य चमत्कारभूमेर्व्यङ्ग्यस्य प्रतीतिं विनाऽपि तद्रूपप्रयोजनाभावेऽपि, केवलरूढ्याऽपीति यावत् । अयमपिशब्दः क्वचित् प्रयोजनवतीमपि तां समुच्चिनोति ।

अब लक्षणा शब्दसे व्यवहृत होनेवाली रूढि मूलक शुद्धा लक्षणाके उदाहरण प्रदर्शन द्वारा अविवक्षित वाच्य ध्वनिसे उसका भेद बतलाते हैं–याऽपि इति । और जो भी शुद्ध लक्षणा रूपा रूढि मूलक गुणवृत्ति है, वह भी लक्ष्यार्थके साथ सम्बन्ध मात्रके आश्रयणसे रमणीय रूप चमत्कार जनक व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीतिके विना भी हो सकती है, इसलिये उक्त लक्षणा भी व्यञ्जना नहीं हो सकती, क्योंकि उक्त लक्षणास्थलमें लेशमात्र भी व्यञ्जनाका विषय नहीं प्रतीत होनेसे व्यञ्जना नहीं कही जासकती है।

उदाहरति—

यथा 'मञ्चाः क्रोशन्ति' इत्यादौ विषये ।

अत्र क्रोशनकर्तृत्वस्याचेतनेषु मञ्चेषु बाधान्मञ्चपदस्य स्वार्थसंसक्तेषु पुरुषेषु लक्षणा । सा च प्रयोजनविरहाद् रूढिमूलैव । न हि तत्र किञ्चिदपि चमत्कारि प्रतीयते । अतो न तत्र व्यञ्जनाप्रवेशः । आदिशब्दः 'ग्रामः पलायितः' 'कलिङ्गः साहसिकः' इत्यादीन् सङ्गृह्णाति ।

जैसे 'मञ्चाः क्रोशन्ति' 'कलिङ्गः साहसिकः' 'ग्रामःपलायितः' इत्यादि उदाहरणोंमें क्रमशः मचान, कलिङ्ग (उड़ीसा) देश एवं ग्राममें क्रोशन (चिल्लाना), साहस और पलायन क्रियाओंके बाध होनेसे रूढ़ि (प्रसिद्धि) मूलक लक्षणा द्वारा पुरुष विशेष लक्षित होते हैं और लेशमात्र भी प्रयोजनकी प्रतीति नहीं होनेसे व्यञ्जना का बिलकुल ही सम्भव नहीं है, इसलिये लक्षणासे अतिरिक्त ही व्यञ्जना माननी होगी।

ननु यत्र तु तस्यां प्रयोजननिबन्धनायां चमत्कारिव्यङ्ग्यप्रतीतिरस्त्येव, तत्र का गतिरित्याशङ्कायामाह—

यत्र तु सा चारुरूपव्यङ्ग्यप्रतीतिहेतुः, तत्रापि व्यञ्जकत्वानुप्रवेशेनैव, वाचकत्ववत् । असंभविना चार्थेन यत्र व्यवहारो यथा—'सुवर्णपुष्पां पृथिवीम्' इत्यादौ, तत्र चारुरूपव्यङ्ग्यप्रतीतिरेव प्रयोजिकेति तथाविधेऽपि विषये गुणवृत्तौ सत्यामपि ध्वनिव्यवहार एव युक्त्यनुरोधी ।

यत्र सप्रयोजनकशुद्धलक्षणास्थले । सा लक्षणा । हेतुः प्रयोजिका । व्यञ्जकत्वा-

नुप्रवेशेनैव व्यञ्जनाबलेनैव, न तु स्वतः। वाचकत्ववदभिधावत्, तथा हि—यथा— 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादावभिधास्थलेऽभिसरणकालादिव्यङ्ग्यार्थप्रतीतिर्व्यञ्जनाधीनैव, न त्वभिधाजन्येति सर्वसम्मतम्, तद्वल्लक्षणास्थलेऽपि व्यञ्जनाजन्यैवेति बोध्यम्। असम्भविना बाधितेन। व्यवहारश्शब्दप्रयोगरूपः। पृथिव्यवधिकसुवर्णपुष्पकर्मक- चयनस्याप्रसिद्धत्वाल्लक्षणायामनायासेन प्रचुरधनोपार्जनरूपचमत्कारिव्यङ्ग्यप्रतीति- र्व्यञ्जनयैवेति सैव तच्चमत्कारित्वस्य बीजम्। गुणवृत्तौ लक्षणायां मध्ये सत्यामपि। ध्वनिव्यवहारो व्यञ्जनाव्यवहार एव, न तु लक्षणाव्यवहारः। युक्त्यनुरोधी युक्तः।

इदमुक्तं भवति—न हि लक्षणाव्यञ्जनयोरैक्यं सम्भवति, यतो रूढौ व्यञ्जना- मन्तरेणापि सा दृश्यते। प्रयोजने सह दृश्यमानाऽपि तत्र तत्र लक्षणाहेतुभूतचमत्का- रकव्यङ्ग्यप्रतीतेर्व्यञ्जनैव जनिका, न तु सा, अभिधेव वाचयस्य व्यञ्जकत्वे। तस्मान्न तयोरैक्यम्।

और जहां भी कहीं 'गङ्गायां घोषः' इत्यादि प्रयोजन मूलक लक्षणास्थलोंमें वह लक्षणा शीतत्व–पावनत्वातिशयादि रूप रमणीय व्यङ्ग्यार्थ प्रतीतिका हेतु रूप अनुभूत होती है, वहां भी उस (लक्षणा) को अभिधात्मक वाचकताके समान व्य- ञ्जनाके अनुप्रवेशसे ही चारुत्व रूप प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थका हेतु समझना चाहिये, अर्थात् व्यञ्जनाके बलसे ही उक्त रमणीय व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति होती है, नकि लक्ष- णाके बलसे, इसलिये सर्वथा ही लक्षणासे व्यञ्जना भिन्न है। भावार्थ यह है कि जैसे 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादि अभिधा मूल व्यञ्जनास्थलमें अभिसरण योग्य कालादि रूप व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति व्यञ्जनाके बलसे ही होती है, वैसे ही लक्षणा मूल व्यञ्जना स्थलमें भी व्यञ्जनाके बदौलत ही उक्त रमणीय व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति समझनी चाहिये। एवं जहां असंभवी अर्थात् बाधित अर्थसे आरोपमूलक लक्षणा द्वारा व्यवहार होता है, जैसे 'सुवर्णपुष्पां पृथिवीं चिन्वन्ति पुरुषास्त्रयः'—इत्यादि स्थलमें पृथिवीरूपलतासे सुवर्ण पुष्पके चयनका असंभव होनेसे सुवर्ण पुष्प वाली पृथिवी के चयनरूप मुख्यार्थका बाध होकर उपचारात्मक लक्षणा विपुल धन लक्षित होता है और उसके अनायास उपार्जनसे सुलभ समृद्धिकी प्राप्ति द्वारा शूर, कृतविद्य और सेवकोंका प्राशस्त्य, पिहित कामिनी कुचकलशवत् सौन्दर्यातिशय रूपसे ध्वनित होता है, इस प्रकार वहां चारुत्वरूप व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति ही उस उपचारात्मक आरोप मूलक लक्षणाका हेतु है, इसलिए इस प्रकारके भी रमणीय व्यङ्ग्यार्थ प्रतीति स्थलमें लक्षणाके होने पर भी अनायास पुष्कल धनोपार्जनरूप चमत्कार जनक व्यङ्ग्य प्रतीतिके कारण ही लक्षणाके व्यवहार होनेसे ध्वनिका व्यवहार होना ही युक्ति संगत प्रतीत होता है।

हेतुं प्रदर्शयन्नुपसंहरति—

तस्मादविवक्षितवाच्ये ध्वनौ द्वयोरपि प्रभेदयोर्व्यञ्जकत्वविशेषाविशिष्टगुणवृत्तिः, न तु तदेकरूपा, सहृदयहृदयाह्लादिप्रतीयमानाप्रतीतिहेतुत्वाद्, विषयान्तरे तद्रूपशून्यायाश्च दर्शनात् ।

द्वयोरर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यात्यन्ततिरस्कृतवाच्ययोः व्यञ्जकत्वमेव विशेषस्तेनाविशिष्टा—अविद्यमानं विशिष्टं विशेषः प्रभेदो यस्यास्तादृशी, व्यञ्जनाऽऽत्मकप्रकाररहिता । वस्तुतस्तुव्यञ्जकत्वेन विशेषणेनाविशिष्टा समुपस्कृतेत्यर्थः, व्यञ्जकत्वविशेषणाविष्टा' इति पाठ एव समीचीनः, सुगमार्थत्वात् । तदेकरूपा व्यञ्जनैकात्मिका सहृदयहृदयाह्लादी यः प्रतीयमानो व्यङ्ग्योऽर्थः, तस्याप्रतीतिहेतुत्वादप्रत्यायकत्वात् । विषयान्तरे रूढिहेतुकजहत्स्वार्थलक्षणास्थले 'राजा कण्टकं शोधयति' इत्यादौ । 'अग्निर्वटुरित्यादौ' इतीह लोचनन्तु तदीयतेजस्विताऽतिशयव्यङ्ग्यप्रयोजनोपेक्षापरमेव । तद्रूपशून्याया व्यञ्जकत्वविधुरायाः । 'सहृदयहृदयाह्लादिनी, प्रतीयमाना । प्रतीतिहेतुत्वात्' इति विच्छिन्नपाठस्तु गुणवृत्तेस्तद्विशेषणद्वययोगासम्भवात् 'प्रतीतिहेतुत्वात्' इतीयदर्थस्य व्यञ्जनैकरूपत्वाभावहेतुत्वासम्भवाच्चान्यथितः ।

यतो गुणवृत्तिश्चमत्कारिप्रतीतिं न जनयति, यतश्च रूढौ व्यङ्ग्यार्थविरहाद् व्यञ्जनाऽभावाद् व्यञ्जनासाहचर्यमपि गुणवृत्तेर्व्यभिचरितमेव, तस्मात् कुतस्तस्या व्यञ्जनातादात्म्यमिति सारम् ।

तथा चानुमितिः—'अविवक्षितवाच्यध्वनौ गुणवृत्तिर्व्यञ्जनातो भिन्ना, चमत्कारिव्यङ्ग्यप्रतीतिजनकत्वाभावाद्, विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनावभिधावत्' इति ।

युक्तिके साथ प्रकृत विषयका उपसंहार करते हैं—तस्मादिति । इसलिये लक्षणामूलक अविवक्षित वाच्य ध्वनिके अर्थान्तर संक्रमित वाच्य एवं अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य रूप दोनों भेदोंमें व्यञ्जना विशेषसे उपस्कृत होकर ही लक्षणावृत्ति सहृदय व्यक्तियोंके आह्लादका जनक होती है, न कि व्यञ्जना रूप ही होकर, अर्थात् लक्षणा और व्यञ्जना दोनों एक ही वृत्ति नहीं हैं, क्योंकि लक्षणासे सहृदय हृदयके आह्लाद जनक व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति नहीं होती है और 'राजा कण्टकं शोधयति' इत्यादि रूढि मूलक जहत्स्वार्था लक्षणास्थलमें व्यङ्ग्यार्थके न होनेके कारण व्यञ्जना से रहित ही लक्षणा प्रतीत होती है ।

पौनरुक्त्यं परिहरन्नुपसंहरति—

तदेतत् सर्वं प्राक् सूचितमपि स्फुटतरप्रतीतये पुनरुक्तम् ।

प्राक् प्रथमोद्द्योते सूचितम्, इह पुनः स्फुटतरप्रतीत्यर्थमुक्तमिति स्वरूप-निमित्तभेदान्न पुनरुक्ततेति ज्ञेयम् ।

ये सारी बातें यद्यपि पहले (प्रथम उद्द्योतमें) सामान्य रूपसे सूचित की जा चुकी हैं, तथापि अधिक विशेष स्पष्ट रूपसे प्रतीति के लिये फिर कही गयी हैं। इसलिये उक्त स्वरूप भेद और निमित्त भेदसे प्रतिपादनके कारण पुनरुक्ति नहीं समझनी चाहिये।

इत्थं व्यक्तेरविवक्षितवाच्यध्वनावपि गुणवृत्तितो वैलक्षण्यं व्यवस्थाप्य भूयो हेत्वन्तरौपन्यासेनाभिधातोऽपि तद् व्यवस्थापयन् व्यक्तेरौपाधिकत्वं प्रतिपादयति—

अपि च व्यञ्जकत्वलक्षणो यः शब्दार्थयोर्धर्मः, स प्रसिद्धसम्बन्धानुरोधीति न कस्यचिद् विमतिविषयतामर्हति ।

अपि तु सर्वसम्मत एवेदानीमिति सारम् ।

इस प्रकार अविवक्षित वाच्य ध्वनिमें व्यञ्जनाको लक्षणासे पृथक् सिद्ध करनेके बाद फिर अन्य युक्तियों द्वारा अभिधासे उसका भेद प्रतिपादनार्थ व्यञ्जनाको औपाधिक बतलाते हैं—अपि चेति। शब्द और अर्थका व्यञ्जनारूप जो धर्म है, वह प्रसिद्ध अभिधात्मक संबन्धका अनुसरण करता है, इसमें किसीका भी मतभेद नहीं है, अपितु सर्व सम्मत ही अब कहना चाहिये।

प्रसिद्धसम्बन्धशब्दं विवृण्वन् व्यञ्जनाया औपाधिकतां दर्शयति—

शब्दार्थयोर्हि प्रसिद्धो यः सम्बन्धो वाच्यवाचकभावाख्यः तमनुरुन्धान एव व्यञ्जकत्वलक्षणो व्यापारः समग्र्यन्तरसम्बन्धादौपाधिकः प्रवर्तते ।

अनुरुन्धान उपजीव्यत्वेनाश्रयन् । सामग्र्यन्तरसम्बन्धात् प्रकरणादिवैशिष्ट्यात् । औपाधिक उपाधिकृतोऽनियत इति यावत् ।

क्योंकि शब्द और अर्थका जो प्रसिद्ध वाच्य-वाचक भाव सम्बन्ध है, उसका अनुसरण करते हुए ही व्यञ्जनारूप व्यापार, प्रकरणादि वैशिष्ट्यरूप विभिन्न सामग्रीके सम्बन्धसे व्यङ्ग्यार्थ बोधनार्थ औपाधिक (अनियत) रूपसे प्रवृत्त होता है, अर्थात् जो अपने निकटवर्ती सम्बन्ध पदार्थ में अपने धर्मका स्थापन करता है, उसे उपाधि कहते हैं और उसके सहकारसे प्रतीत होनेवाले धर्मको औपाधिक कहते है, जैसे जपापुष्पके पास स्फटिकको रख देनेसे स्फटिकमें जो लालिमा भासित होने लगती है, सो जपाकुसुमरूप उपाधिके सम्बन्धके कारण होनेसे औपाधिक कहलाती है, वैसे ही प्रकरणादि वैशिष्ट्यरूप विभिन्न सामग्रीके सहकारसे वाच्य वाचक शब्दार्थ व्यङ्ग्यार्थको व्यक्त करता है, इसलिये प्रकरणादि वैशिष्ट्यात्मक

सामग्री रूप उपाधिके सहयोगसे शब्दमें भासित होनेवाला व्यञ्जनात्मक व्यापार औपाधिक कहलाता है।

अभिधायास्तु नियतत्वमिति ततो भेदमाह—

अत एव वाचकत्वात् तस्य विशेषः।

अत एवौपाधिकत्वादेव। वाचकत्वादित्यवधौ पञ्चमी। तस्य व्यञ्जकत्वस्य विशेषो भेदः।

परन्तु अभिधात्मक व्यापार तो शब्दका एक नियत स्वाभाविक धर्म है, इसीलिये (वाचकताको स्वाभाविक और व्यञ्जनाको औपाधिक होनेके कारण ही) अभिधात्मक वाचकतासे व्यञ्जनाका भेद है।

तदेव समर्थयति—

वाचकत्वं हि शब्दविशेषस्य नियत आत्मा।

शब्दविशेषस्य वाचकशब्दस्य। नियत आत्मा—आत्मवन्नियतो नैसर्गिक इति यावत्।

क्योंकि वाचकशब्दका अभिधारूप वाचकता एक नियत स्वाभाविक धर्म है। नियतत्वे हेतुमाख्याति—

सम्बन्धव्युत्पत्तिकालादारभ्य तदविनाभावेन तस्य प्रसिद्धत्वात्।

सम्बन्धस्य शब्दार्थयोर्वाच्यवाचकभावरूपस्य यो व्युत्पत्तिकाल आद्यविशेषज्ञानसमयः, तस्मादारभ्य ततः प्रभृति, तदविनाभावेन वाचकत्वनान्तरीयकतया तस्य शब्दविशेषस्य। 'सम्बन्धी' इति पृथक् पाठो नोचितः, अर्थानन्वयात्।

क्योंकि संकेत ग्रह कालसे लेकर हमेशा शब्दके साथ रहनेवाला अभिधात्मक व्यापार सर्वानुभव सिद्ध है।

वाचकत्वं व्यतिरेचयति—

स त्वनियतः, औपाधिकत्वात्।

स व्यञ्जकत्वव्यापारः।

परन्तु व्यञ्जनात्मक व्यापार तो औपाधिक होनेसे शब्दका नियत धर्म नहीं है।

औपाधिकत्वमुपपादयति—

प्रकरणाद्यवच्छेदेन तस्य प्रतीतेः, इतरथा त्वप्रतीतेः।

तस्य व्यञ्जकत्वस्य। इतरथा प्रकरणादिवैशिष्ट्यविरहेण। कादाचित्कैतवौपाधिकत्वमित्याशयः।

क्योंकि प्रकरणादि वैशिष्ट्यकी मर्यादासे ही व्यञ्जनाका भान होता है, अन्यथा नहीं, इसलिये व्यञ्जना शब्दका नियत या नैसर्गिक धर्म नहीं है, अपितु कदाचित्क होने से औपाधिक ही है।

व्यञ्जकत्वस्यानियतत्वेन तुच्छत्वादविवेचनीयतामाशङ्क्य समाधत्ते—

ननु यद्यनियतः तत् किं तस्य स्वरूपपरीक्षया ? नैष दोषः–यतःशब्दात्मनि तस्यानियतत्वम्, न तु स्वे विषये व्यङ्ग्यलक्षणे।

शब्दात्मनि शब्दस्वरूपे।

शब्द एवानियतत्वं व्यञ्जनायाः, स्वप्रतिपाद्यव्यङ्ग्यविषयं प्रति तु नियतत्वमेव, तामन्तरेण व्यङ्ग्यस्य कदाचिदप्यबोधात्।

अभिधा वाचकशब्देषु नियता, व्यञ्जना तु प्रकरणादिवैशिष्ट्येन शब्देषु, ततोऽन्यत्र च लक्ष्यमाणा तदभावे चालक्ष्यमाणेत्यनियता, तस्मात्तयोर्भेद उचित एवेति प्रघट्टकाभिप्रायः।

यदि वह (व्यञ्जना) शब्दका स्वाभाविक धर्म नहीं है, अपितु काल्पनिक ही है तो उसके स्वरूपकी परीक्षा करने की ही क्या आवश्यकता है ? यह नहीं कह सकते है, क्योंकि शब्दमें उस व्यञ्जनाका अनैयत्य (अनिश्चितता) होनेपर भी व्यङ्ग्यार्थरूप अपने विषयमें उसका अनैयत्य नहीं है, अर्थात् व्यङ्ग्यार्थको नियतरूपसे ही वह प्रतीत कराती है, क्योंकि व्यञ्जनाके विना व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति नहीं होती है, इसलिये गगन-कुसुम या वन्ध्या-पुत्रके समान व्यञ्जना पदार्थ मिथ्याभूत वस्तु नहीं है।

पुनरन्यथाऽभिधाव्यञ्जनयोर्भेदमुपपादयति—

लिङ्गत्वन्यायश्चास्य व्यञ्जकभावस्य लक्ष्यते। तथा हि लिङ्गत्वमाश्रयेषु (अ) नियतावभासम्, इच्छाऽधीनत्वात्, स्वविषयाव्यभिचारि च, तथैवेदम्, यथा दर्शितं व्यञ्जकत्वम्। शब्दात्मनि (अ) नियतत्वादेव च तस्य वाचकत्वप्रकारता न शक्या कल्पयितुम्।

लिङ्गत्वन्यायोऽनुमितिहेतुत्वतुल्यता। लिङ्गत्वं हेतुता। आश्रयेषु धूमादिषु। इच्छाऽधीनत्वादनुमित्सा–व्याप्सिसुस्मूर्षासाध्यत्वात्। अनियतावभासमनियतज्ञानं नियमतोऽज्ञायमानमिति यावत्। स्वविषये केवलान्वयित्वादौ। अव्यभिचारि नियतम्। शब्दात्मनि वाचकशब्दे। अनियत्वान्नियमेनावर्त्तनात्। तस्य व्यञ्जकत्वस्य। वाचकत्वप्रकारताऽभिधाविशेषत्वम्।

सन्दर्भसङ्गतये प्रकोष्ठघटकाकारद्वयघटितः पाठः कल्पितः।

यथा केवलान्वयित्वादिधर्मत्रये नियताऽपि धूमादिनिष्ठा साधनताऽनुमित्साऽऽदिसत्त्वे प्रतीयमाना तदभावे त्वप्रतीयमानाऽनियतप्रतीतिः, तथैव व्यञ्जकताऽपि व्यङ्ग्ये नियताऽपि प्रकरणादिवैशिष्ट्यसद्भावे प्रतीयमाना तद्विरहे त्वप्रतीयमानेत्यनियतप्रतीतिरेव व्यञ्जकशब्देषु, अभिधा पुनर्वाचकशब्देषु नियतैव। तस्मादभिधाविशेषो नैव व्यञ्जनेति सारम्।

औपाधिकरूपसे व्यञ्जनाका अभिधासे पार्थक्य सिद्धकर अब लिङ्गत्व न्याय से भी अभिधासे व्यञ्जनाका भेद सिद्ध करते हैं–लिङ्गत्वेति। इस व्यञ्जनामें लिङ्गत्व न्याय लक्षित होता है, जैसे–'पर्वतो वह्निमान् धूमात्' इत्यादि अनुमान स्थलमें धूमवृत्ति हेतुता अपने आश्रयभूत धूमादिमें अनुमित्सारूप इच्छाके अधीन होनेके कारण नियतरूपसे प्रतीत नहीं होती है और साध्यभूत वह्निरूप अपने विषयमें सदा नियत ही रहती है, वैसे ही यह व्यञ्जना भी अपने आश्रयभूत शब्दमें इच्छाधीन होनेसे अनियत और व्यङ्ग्यार्थरूप अपने विषयके बोधनमें नियत ही रहती है, जैसे कि ऊपर दिखाया जा चुका है। लिङ्गत्व न्यायका सारांश यह है कि न्यायशास्त्रमें अनुमानकी प्रक्रियाके अनुसार 'पक्षमें साध्यके अनुमितिजनकको लिङ्ग कहा जाता है जैसे 'पर्वतो वह्निमान् धूमात्' यहाँ पर धूम लिङ्ग कहलाता है, क्योंकि वह लीन अर्थात् प्रत्यक्ष न दिखाई देनेवाले वह्निरूप साध्यका बोधक है, परन्तु लिङ्ग, पक्ष, और साध्यका व्यवहार हमेशा नहीं होता, अपितु जब अनुमिति करनेकी इच्छा होती है तभी होता है, इसी प्रकार शब्दमें व्यञ्जनाका व्यवहार प्रयोक्ताकी इच्छा पर ही निर्भर है, इसलिये व्यञ्जनामें लिङ्गत्व न्याय की समानता है। वाचक शब्दमें नियम पूर्वक नहीं रहनेके कारण ही व्यञ्जनाको अभिधाविशेष नहीं कह सकते हैं, क्योंकि अभिधा नियतरूपसे वाचक शब्दमें प्रतीत होती है और व्यञ्जना नियतरूपसे नहीं प्रतीत होती है।

उक्तानङ्गीकारे दोषमाह—

यदि हि वाचकत्वप्रकारता तस्य भवेत्, तच्छब्दात्मनि नियताऽपि स्याद्, वाचकत्ववत्।

सर्वेषामेव वाचकशब्दानां वाचकत्वमिव व्यञ्जकत्वमप्यापद्येत, तच्च नेष्टम्, अनुभवविरोधादिति भावः।

यदि व्यञ्जना अभिधा विशेष ही होती तो वाचक शब्दमें अभिधाकी तरह नियत रूपसे ही रहती, परन्तु ऐसी बात नहीं है, अर्थात् वह (व्यञ्जना) शब्दमें नियत रूपसे नहीं रहती है, इसलिये अभिधासे भिन्न ही व्यञ्जना है।

अभिधाव्यञ्जनयोर्भेदः सर्वमतसिद्ध इति प्रागभिहितं समर्थयितुमादौ मीमांसकाऽनुमतत्वं स्थापयति —

स च तथाविध औपाधिको धर्मः शब्दानामौत्पत्तिकशब्दार्थसम्बन्धवादिना वाक्यतत्त्वविदा पौरुषेयापौरुषेययोर्वाक्ययोर्विशेषमभिदधता नियमेनाऽभ्युपगन्तव्यः ।

स च व्यञ्जनारूपश्च । औत्पत्तिकं नित्यं शब्दार्थयोः सम्बन्धं शक्तिरूपं वदतीति तच्छीलेन । औत्पत्तिकशब्दस्य नित्ये रूढिमूलिका विपरीता वा लक्षणा । तथा च—'औत्पत्तिकस्तु शब्दस्यार्थेन सम्बन्धः' इत्यादिजैमिनिसूत्रविवरणे —'औत्पत्तिक'इति नित्यं ब्रूमः । उत्पत्तिर्हि भाव उच्यते लक्षणया । अवियुक्तः शब्दार्थयोर्भावः सम्बन्धो, नोत्पन्नयोः पश्चात् सम्बन्धः' इति शबरस्वामिनः ।

वाक्यतत्त्वविदा वाक्ये शक्तिं मन्वानेन । पुरुषेण कृतं सन्दब्धं पौरुषेयं लौकिकं वाक्यम् । तद्भिन्नमपौरुषेयं वाक्यं वेदलक्षणम् । तयोर्वाक्ययोर्विशेषं वैलक्षण्यमभिदधता कथयता मीमांसकेन ।

तन्मते शब्दानां नित्यत्वेऽपि तत्सङ्घटनाविशेषात्मकस्य वाक्यस्यानित्यत्वात् तन्निर्मातृता पुरुषस्य, यथा हि मालाकारस्य पुष्पानुत्पादकत्वेऽपि तत्सन्दर्भरूपस्रङ्निर्मातृतेति विभावनीयम् ।

स्वाभाविक अभिधासे औपाधिक व्यञ्जनाके सर्वमत सिद्ध भेदका समर्थन करनेके लिये सबसे पहिले मीमांसकका समर्थन प्रस्तुत करते हैं—स चेति । इस प्रकारका व्यञ्जनारूप औपाधिक धर्म, शब्द और अर्थका परस्परमें नित्य सम्बन्ध मानने वाले एवं पौरुषेय और अपौरुषेय वाक्योंमें विशेष भेद मानने वाले वाक्यतत्त्ववेत्ता मीमांसकको अवश्य मानना पड़ेगा, क्योंकि उनके मतमें शब्दार्थ सम्बन्धके नित्य होनेसे शब्द भी नित्य हैं, इसलिये लौकिक एवं वैदिक शब्दोंमें अभिधा शक्तिके समान ही होनेके कारण उसके आधार पर पौरुषेय वाक्यसे अपौरुषेय वाक्योंमें विशेषता नहीं हो सकेगी, इसलिये तात्पर्य शक्तिके आधार पर ही उन दोनों वाक्योंका भेद सम्भव हो सकता है, क्योंकि लौकिक पौरुषेय वाक्योंमें वक्ताके भ्रम, प्रमाद, आलस्यादि दोष युक्त होनेसे उसके तात्पर्य विषयीभूत अर्थमें मिथ्यात्वके सम्भवसे अप्रामाणिकता भी हो सकती है, किन्तु वैदिक वाक्य किसी पुरुषसे निर्मित नहीं होनेके कारण मिथ्यार्थक नहीं होनेसे अप्रामाणिक नहीं हो सकता, इसलिये उसको स्वतः प्रमाण और लौकिक वाक्यको परतः प्रमाण माना जाता है, इस प्रकार पौरुषेय वाक्योंका तात्पर्यार्थ ही उनको अपौरुषेय वैदिक

वाक्योंसे भिन्न करता है और वह तात्पर्यार्थ अभिधासे नहीं जाना जा सकता है, क्योंकि वह संकेतित अर्थ नहीं है और अभिधा संकेतित अर्थका ही बोध कराती है। एवं (तात्पर्यार्थ) लक्षणासे भी प्रतीत नहीं हो सकता है, क्योंकि मुख्यार्थ बाधादि रूप लक्षणा सामग्रीका अभाव है, इस लिये व्यञ्जनासे ही तात्पर्यार्थ का बोध हो सकता है, अतः नहीं चाहने पर भी मीमांसकको व्यञ्जना वृत्ति माननी ही होगी।

कथमिति चेत् ?—

तदनभ्युपगमे हि तस्य शब्दार्थसम्बन्धनित्यत्वे सत्यप्यपौरुषेयपौरुषेययोर्वाक्ययोरर्थप्रतिपादने निर्विशेषत्वं स्यात्। तदभ्युपगमे तु पौरुषेयाणां वाक्यानां पुरुषेच्छाऽनुविधानसमारोपितौपाधिकव्यापारान्तराणां सत्यपि स्वाभिधेयसम्बन्धापरित्यागे मिथ्याऽर्थताऽपि भवेत्।

तदनभ्युपगमे व्यञ्जनाऽनङ्गीकारे। तस्य मीमांसकस्य। शब्दार्थयोः सम्बन्धस्य नित्यत्वे सत्यपि। निर्विशेषत्वमविलक्षणत्वम्। तदभ्युपगमे व्यञ्जनास्वीकारे। पुरुषस्य निर्मातुरिच्छायास्तात्पर्यस्यानुविधानेनानुसरणेन समारोपितमौपाधिकं व्यापारान्तरं तात्पर्यविषयीभूतार्थप्रकाशक व्यञ्जनालक्षणं शक्त्यन्तरं येषु तानि तथाभूतानि, तेषाम्। स्वाभिधेयसम्बन्धापरित्यागे स्ववाच्यवाचकत्वत्यागाभावे सत्यपि। मिथ्याऽर्थताऽसत्यार्थप्रतिपादकता।

अयं भावः—मीमांसकनये पौरुषेयापौरुषेयवाक्ययोर्वैलक्षण्यं यन्निर्णीतम्, तन्न तावद् वाच्यार्थबोधकत्वनिबन्धनम्, तद्बोधकताया उभयत्र तुल्यत्वात्। किन्तु तात्पर्यार्थबोधकत्वकृतम्, तथा हि—तात्पर्यं वाक्यनिर्मातृपुरुषस्येच्छा, तद्विषयीभूतार्थप्रतिपादकता पौरुषेये वाक्य एव सम्भवति, न त्वपौरुषेये, पुरुषाणामसर्वज्ञत्वेन च भ्रान्तिमत्त्वेन तदिच्छाविषयीभूतार्थस्य कदाचिन्मिथ्यात्वमिति लौकिकवाक्यानां मिथ्याऽर्थप्रतिपादकतापि, वेदवाक्यानां तु निर्मातृपुरुषाभावेन तात्पर्यविषयाभूतार्थाभावादेव न तत्ता, तदेव वाक्यद्वयस्य मिथो वैलक्षण्यम्। सा च निर्मातृपुरुषतात्पर्यविषयार्थप्रकाशकता नाभिधा, तदर्थे संकेतविरहात्। न च लक्षणा, मुख्यार्थबाधाद्यभावात्। अपि तु व्यञ्जनैवेत्यकामेनापि तेन व्यक्तिः स्वकरणीयैव, तदस्वीकरणे तद्वैलक्षण्यानुपपत्तेः।

व्यञ्जना वृत्तिके नहीं माननेपर मीमांसकके मतमें शब्दार्थ सम्बन्धके नित्य होने पर भी पौरुषेय वाक्योंसे अपौरुषेय वाक्योंमें अर्थ प्रतिपादनके प्रति विशेषता

नहीं होगी, अर्थात् लौकिक वाक्योंसे वैदिक वाक्योंका वैलक्षण्य नहीं हो सकेगा। और व्यञ्जनाके मान लेने पर तो पौरुषेय वाक्योंमें अपने वाच्य वाचक भावरूप सम्बन्धके नहीं त्याग करने पर भी पुरुषके इच्छारूप तात्पर्यका अनुसरण करने वाले व्यञ्जनात्मक व्यापारसे युक्त वाक्योंकी मिथ्यार्थकता भी हो सकनेके कारण पौरुषेय वाक्योंसे अपौरुषेय वाक्यका वैलक्षण्य हो सकता है।

ननु न हि वह्नेरुष्णत्वहानं विना शैत्यं कदाचिदपि सम्भवतीति पौरुषेयवाक्यानां यथाऽर्थबोधकत्वस्यागमन्तरेण तद्विरुद्धायथाऽर्थतात्पर्यार्थप्रकाशकत्वधर्मयोगः कथं स्यादित्याशङ्कायामभिदधाति—

दृश्यते हि भावानामपरित्यक्तस्वस्वभावानामपि सामग्र्यन्तरसम्पात-सम्पादितौपाधिकव्यापारान्तराणां विरुद्धक्रियत्वम्। तथा हि—हिममयूख-प्रभृतीनां निर्वापितसकलजीवलोकं शीतलत्वमुद्वहतामेव, प्रियाविरहद-हनदह्यमानमानसैर्जनैरालोक्यमानानां सतां, सन्तापकारित्वं प्रसिद्धमेव।

भावानां पदार्थानाम् अपरित्यक्तः स्वस्य स्वभावो नियतधर्मो यैरिति, साम-ग्र्यन्तरस्यान्यकारणकूटस्य सम्पातेन प्रत्यासत्त्या सम्पादितं निर्वर्तितमौपाधिकमाग-न्तुकं व्यापारान्तरं धर्मान्तरं यत्रेति च विग्रहद्वयम्। हिममयूखः शीतकिरणश्चन्द्रः। प्रभृतिपदेन नलिनीदलादीनां परिग्रहः। निर्वापितो निर्वृतीकृतः सकलो जीवलोको येन तादृशम्।

न ह्ययं नियमः—यत् स्वधर्मं विहायैव वस्तु तद्विरुद्धं धर्मं लभते, यतः शिशिरत्वमपरित्यज्यैव चन्द्रो विरहिसन्तापकत्वं भजति, उष्णत्वमनुत्सृज्यैव च वह्निः सतीपरीक्षणक्षणे शीतलत्वमाश्रयति। तस्मात् कथं न पौरुषेयवाक्यानां यथाऽर्थस्वार्थबोधकत्वेऽप्ययथाऽर्थ-तात्पर्यार्थप्रकाशकत्वं स्यादित्याशयः।

अग्निमें जैसे उष्णताके त्यागके विना कभी भी शैत्य नहीं आसकता, क्योंकि दोनों विरुद्ध धर्म हैं, इसी प्रकार पौरुषेय वाक्योंमें अपने स्वाभाविक यथार्थ बोधकत्वके त्यागके विना उसके विरुद्ध यथार्थभूत तात्पर्यार्थ प्रकाशकत्व धर्म नहीं हो सकता है, इस संदेहका समाधान करते हैं—दृश्यते इति। अपने स्वभावका परित्याग किये विना भी अन्य सामाग्रीके सहकारसे उपाधिकृत अन्य व्यापारोंको प्राप्त करने वाले पदार्थोंमें विपरीत क्रियाकारित्व देखा जाता है। जैसे कि सारे ही संसारको शान्ति प्रदान करने वाले अपने स्वाभाविक शीतल स्वभावसे युक्त होने पर भी चन्द्रमामें प्रियाके वियोगाग्निसे सन्तप्त चित्त वाले पुरुषोंके दृष्टिगोचर होने पर सन्ताप कारित्व प्रसिद्ध ही है, इसी प्रकार सती नायिकाके परीक्षण समयमें अग्नि

अपने स्वाभाविक उष्णत्व धर्मका परित्याग किये बिना ही शीतलत्वको धारण करता है।

निगमयति—

तस्मात् पौरुषेयाणां वाक्यानां सत्यपि नैसर्गिकेऽर्थसम्बन्धे मिथ्याऽर्थत्वं समर्थयितुमिच्छता, वाचकत्वव्यतिरिक्तं किञ्चिद्रूपमौपाधिकं व्यक्तमेवाभिधानीयम्।

मीमांसकेनेति शेषः। अर्थसम्बन्धेऽभिधारूपे किञ्चिद्रूपमौपाधिकं कथनास्वाभाविको धर्मः। अभिधानीयं वक्तव्यम्। तत्कथनं विना न निर्वाह इति भावः।

इसलिये पौरुषेय वाक्योंका अर्थके साथ नित्य स्वाभाविक सम्बन्ध होने पर भी उसकी मिथ्यार्थकताका समर्थन करनेकी इच्छा रखनेवाले मीमांसकको वाक्योंमें अभिधा रूप वाचकताके अतिरिक्त कुछ औपाधिक रूप (अस्वाभाविक धर्म) अवश्य ही कहना चाहिये।

ननु तद्धर्मान्तरमभिधाऽऽद्येव कथयेदित्याक्षेपं निरस्यति—

तच्च व्यञ्जकत्वादृते नान्यत्। व्यङ्ग्यप्रकाशनं हि व्यञ्जकत्वम्। पौरुषेयाणि च वाक्यानि प्राधान्येन पुरुषाभिप्रायमेव प्रकाशयन्ति। स च व्यङ्ग्य एव, न त्वभिधेयः, तेन सहाभिधानस्य वाच्यवाचकता-लक्षणसम्बन्धाभावात्।

नान्यत्, अपि तु व्यञ्जकत्वमेव। व्यङ्गस्य प्रकाशनं प्रकाश्यतेऽनेनेति व्युत्पत्त्या प्रकाशकरणम्। प्रकरणादिग्राहिततात्पर्येणैव लौकिकवाक्यार्थनिर्धारणात् प्राधान्यम्, तद्ग्रहविरहेऽर्थस्य शाब्दानुभवप्रवेशासम्भवात्। पुरुषस्याभिप्रायन्तात्पर्यं तद्विषयीभूतमर्थं च प्रकाशयन्ति व्यञ्जन्ति। स पुरुषाभिप्रायस्तद्विषयीभूतार्थश्च। तेनाभिप्रायेण तदर्थेन च। अभिधानस्य शब्दस्य, अभिधीयतेऽनेनेति व्युत्पत्तेः।

अयं भावः—वक्तृतात्पर्यं तद्विषयं च मुख्यमर्थं नाभिधा बोधयितुं प्रभवति तस्य सङ्केतितत्वाभावात् न च लक्षणा, मुख्यार्थबाधादिविरहात्, किन्तु व्यञ्जनैवेति लौकिकवाक्यनिर्मातृतात्पर्य-तद्विषयार्थप्रकाशकत्वेन मीमांसकेनापि व्यञ्जना स्वीकार्य्यैव।

और वह औपाधिक धर्म व्यञ्जनाके सिवा और कुछ नहीं हो सकता है। व्यङ्ग्यार्थका प्रकाशन करना ही व्यञ्जना है। पौरुषेय वाक्य मुख्यरूपसे वक्ता पुरुषके अभिप्राय विशेषको ही (व्यङ्ग्यरूपसे) प्रकाशित करते हैं। और वह पुरुषाभिप्राय व्यङ्ग्य ही होता है, वाच्य नहीं होता क्योंकि उस पुरुषाभिप्रायके साथ वाचक शब्दका वाच्य-वाचकभाव रूप सम्बन्ध नहीं रहता है, इसलिये वक्ता

पुरुषके अभिप्रायरूप व्यङ्ग्यार्थको अभिव्यक्त करनेके लिये मीमांसकको भी अवश्य ही व्यञ्जना वृत्ति माननी चाहिये।

व्यक्तिविपक्ष आक्षिपति—

नन्वनेन न्यायेन सर्वेषामेव लौकिकानां वाक्यानां ध्वनिव्यवहारः प्रसक्तः, सर्वेषामेवानेन न्यायेन व्यञ्जकत्वात्।

अनेन न्यायेन 'लौकिकवाक्यानां वाच्यातिरिक्तवक्त्रभिप्रायविषयार्थव्यञ्जकत्वम्' इति सिद्धान्तेन। व्यञ्जकत्वमेव खलु ध्वनित्वसम्पादकम्।

(पूर्वपक्ष) इस प्रकार सभी लौकिक वाक्योंका वक्ताके अभिप्राय रूप तात्पर्य विषयीभूत व्यङ्ग्यार्थके साथ सम्बन्ध होनेके कारण ध्वनि व्यवहार होने लगेगा, क्योंकि उक्त रीतिसे सभी लौकिक वाक्य वक्ताके तात्पर्यार्थके अभिव्यञ्जक होते हैं।

उत्तरमाचष्टे—

सत्यमेतत्—किन्तु वक्त्रभिप्रायप्रकाशनेन यदिदं व्यञ्जकत्वम्, तत् सर्वेषामेव लौकिकवाक्यानामविशिष्टम्। तत्तु वाचकत्वान्न भिद्यते। व्यङ्ग्यं हि तत्र नान्तरीयकतया व्यवस्थितम्, न तु विवक्षितत्वेन। यस्य तु विवक्षितत्वेन व्यङ्ग्यस्य व्यवस्थितिः, तद्व्यञ्जकत्वं ध्वनिव्यवहारस्य प्रयोजकम्।

अविशिष्टं तुल्यम्। वाचकत्वान्न भिद्यतेऽभिधावदेव तत्र सर्वत्र तिष्ठति। नान्तरीयकतया धान्यपलालन्यायेन, न तु प्राधान्येन। यस्य व्यङ्ग्यस्येति सम्बन्धः। तद्व्यञ्जकत्वं तन्निरूपिता व्यञ्जना। सन्दर्भानुरोधेन पाठः परिवर्तितः।

न हि व्यञ्जकत्वमात्रेण ध्वनित्वम्, अपि तु प्रधानीभूतव्यङ्ग्यव्यञ्जकत्वेन। विच्छित्तितात्पर्यस्य तद्विषयार्थस्य च व्यङ्ग्यत्वेऽपि न प्राधान्यम्, नान्तरीयकत्वेन विच्छित्तिविशेषाधायकत्वात्। तेन न सर्वत्र लौकिकवाक्येषु तात्पर्यतदर्थव्यंजकेष्वपि ध्वनित्वापत्तिरित्याकूतम्।

(उत्तरपक्ष) वक्ताके अभिप्रायके प्रकाशनसे जो शब्दोंमें व्यञ्जकता आती है, वह (व्यञ्जकता) तो सभी लौकिक वाक्योंमें समान ही है, इसीलिये वह वाचकता से भिन्न नहीं है, अर्थात् अभिधाके समान सभी जगह रहती है। क्योंकि व्यङ्ग्यार्थ तो उनमें आनुषङ्गिक (गौण) रूपसे ही रहता है, न कि प्रधानरूपसे विवक्षित होकर रहता है, इसलिये व्यङ्ग्यार्थके प्रधानरूपसे विवक्षित न होनेके कारण उसमें ध्वनिका व्यवहार नहीं किया जाता है। परन्तु जिस व्यङ्ग्यार्थकी प्रधानरूपसे विवक्षा रहती है, उसीकी व्यञ्जकता ध्वनि व्यवहारका प्रयोजक होती है, अर्थात्

केवल व्यञ्जकत्व मात्रसे ही ध्वनिका व्यवहार नहीं होता, अपितु प्रधान रूपसे विवक्षित व्यङ्ग्यार्थके व्यञ्जकत्वसे ही ध्वनिका व्यवहार होता है, इसलिये जिस किसी रूपमें वक्ताके तात्पर्य विषयीभूत अर्थके व्यङ्ग्य होने पर भी मुख्य रूपसे अविवक्षा-स्थलोंमें चमत्काराधायक नहीं होनेसे ध्वनिका व्यवहार नहीं होता है।

कीदृशं तर्हि व्यङ्ग्यं प्रधानतां भजतीति प्रश्नं समाधत्ते—

यत्त्वभिप्रायविशेषरूपं व्यङ्ग्यं शब्दार्थाभ्यामेव प्रकाशते, तद्भवति विवक्षितं तात्पर्येण प्रकाश्यमानं सत्।

अभिप्रायशब्दः प्राग्वद् विषयपरोऽपि। तद्विशेषरूपता तु व्यङ्ग्यस्य चमत्कारातिरेकित्वेन। एवकारेण चेष्टाऽऽदि व्यवच्छिद्यते, तद्व्यङ्ग्यस्य ध्वनित्वाप्रयोजकत्वात्। तात्पर्येण व्यंजनया। सदन्तं व्यङ्ग्यविशेषणम्। इहापि पाठः किञ्चित् परिवर्तितः। शब्दार्थाभ्यां स्वमुपसर्जनीकृत्य व्यञ्जनया बोध्यमानं विच्छित्तिविधायि व्यङ्ग्यमेव तयोर्ध्वनित्वप्रयोजकम्, न तु यत्किञ्चिदपि व्यङ्ग्यम्, विच्छित्तिविशेषाधायिप्रत्ययस्यैव काव्यमुख्योद्देश्यत्वात्, प्रकृते तु व्यङ्ग्य न तादृशमिति नैव दूषणमित्याशयः।

किस प्रकारका व्यङ्ग्य प्रधान कहा जा सकता है, इसका समाधान करते हैं—यत्तु इति। जो अभिप्राय विशेषरूप व्यङ्ग्य, शब्द और अर्थसे ही प्रकाशित होता है, वह यदि व्यञ्जना द्वारा प्रधानरूपसे प्रकाशमान हो तो विवक्षित व्यङ्ग्य कहलाता है, अर्थात् शब्द और अर्थसे स्वार्थ समर्पण पूर्वक व्यञ्जनाद्वारा प्रतीयमान चमत्कार विशेषजनक व्यङ्ग्य ही काव्यमें ध्वनि व्यवहारका प्रयोजक होता है, क्योंकि चमत्कार विशेषकी प्रतीति ही काव्यका मुख्य उद्देश्य होती है।

नन्वभिप्रायविशेषव्यङ्ग्यमेव यदि ध्वनित्वप्रयोजकम्, तर्हि कथितचररसादिप्रकारत्रयव्यङ्ग्यत्वे तत्त्वं कथं स्यात्, तेषां तद्रूपत्वाभावादित्याशङ्कायां विशेषमाख्याति—

किन्तु तदेव केवलपरिमितविषयस्य ध्वनिव्यवहारस्य न प्रयोजकम्, अव्यापकत्वात्, तत्तु दर्शितभेदत्रयरूपतात्पर्येण द्योत्यमानमभिप्रायरूपमनभिप्रायरूपं च सर्वमेव ध्वनिव्यवहारस्य प्रयोजकमिति यथोक्तव्यञ्जकत्वविशेषध्वनिलक्षणे नातिव्याप्तिर्न चाव्याप्तिः।

तदेवाभिप्रायविशेषरूपमेव। अपरिमितस्य विपुलस्य। अव्यापकत्वाद् ध्वनेरिति शेषः। एतच्च प्रागेवालङ्कारान्तर्भावनिराकरणप्रसङ्गेन प्रतिपादितम्। भेदत्रयं वस्तु-

लङ्कारसादिलक्षणम् । तात्पर्येण व्यक्त्या । अनभिप्रायरूपं वस्त्वादिलक्षणम् । व्यञ्जकत्वविशेषवान् यो ध्वनिस्तस्य लक्षणे ।

इदमुच्यते—यद्यभिप्रायव्यञ्जकत्वसामान्यं ध्वनिलक्षणं स्यात्, तर्हि निर्मातृपुरुषाभिप्रायव्यञ्जकेषु लौकिकवाक्येष्वतिव्याप्तिः, अभिप्रायातिरिक्तवस्त्वादिव्यञ्जकेष्वव्याप्तिश्चापतेदिति 'शब्दार्थाभ्यामेव' इत्यत्र प्रतिपादितं 'यत्रार्थः शब्दो वा' इत्यादिना प्रथमोद्द्योते समुपक्षिप्तमेव ध्वनिलक्षणमवसेयम् । तथा च क्वचिदभिप्रायविशेष एव, क्वचिच्च वस्त्वादिरूप एव चमत्कारिणि व्यङ्ग्ये प्राधान्येन विवक्षितेऽप्रधानयोः शब्दार्थयोर्ध्वनित्वमतो न दोषः ।

यदि अभिप्राय विशेषरूप व्यङ्ग्य ही ध्वनि व्यवहारका प्रयोजक हो तो रसादि वस्तु और अलंकार रूप व्यङ्ग्यत्रय स्थलमें ध्वनिका व्यवहार नहीं होगा, क्योंकि उक्त तीनों व्यङ्ग्य अभिप्राय विशेष रूप ही नहीं हैं, इसलिये इस विषयमें विशेष बातें बतलाते हैं—किन्तु इति । किन्तु केवल वही अभिप्राय विशेषरूप व्यङ्ग्य अपरिमित स्थलों पर व्यङ्ग्य वस्तु, अलंकारादिके भेदसे होनेवाले ध्वनि व्यवहारका प्रयोजक नहीं है, क्योंकि ध्वनिका विषय अत्यन्त व्यापक है, इसलिये व्यञ्जना द्वारा प्रतीयमान पूर्व प्रदर्शित वस्तु, अलंकार, रसादिरूप तीनों व्यङ्ग्य ही चाहे अभिप्राय रूप रसादि हो या अनभिप्राय रूप वस्तु–अलंकार हो सभी, ध्वनि व्यवहारके प्रयोजक होते हैं, इसलिये पूर्वोक्त व्यञ्जकत्व विशेषरूप ध्वनिके लक्षणमें उक्त रीतिसे अतिव्याप्ति या अव्याप्ति दोष नहीं लगता है, अर्थात् यदि अभिप्राय-व्यञ्जकत्व सामान्य ही ध्वनिका लक्षण मानते तो सभी लौकिक वाक्योंमें वक्ताके अभिप्रायके व्यञ्जक होनेसे ध्वनि लक्षणकी अतिव्याप्ति होती और व्यङ्ग्य वस्तु, अलंकारके अभिप्राय रूप न होनेसे उसके व्यञ्जकस्थलमें अव्याप्ति होती, अतः ध्वनिका उक्त सामान्य लक्षण न मान कर 'यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ । व्यङ्क्तः काव्य विशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः' इस कारिकाके अनुसार ही ध्वनिका लक्षण मानना चाहिये, इसलिये कहीं अभिप्राय विशेषरूप और कहीं वस्तु, अलंकारादि रूप चमत्कारजनक व्यङ्ग्यार्थके प्रधानतया प्रतीयमान होने पर ध्वनिका व्यवहार माना गया है, अतः कोई दोष नहीं होता ।

निगमयति—

तस्माद् वाक्यतत्त्वविदां मते न तावद् व्यञ्जकत्वलक्षणः शाब्दो व्यापारो विरोधी, प्रत्युतानुगुण एव लक्ष्यते ।

शाब्दयपि व्यञ्जना यदा मीमांसकेन स्वीकृता, तदा स्थालीपुलाकन्यायेन सकलव्यञ्जनासिद्धिर्जातैव तन्नयेऽपीति भावः ।

सन्दर्भानुरोधेन द्वितीयनकारघटितः पाठो निराकृतः ।

इसलिये वाक्य मर्मज्ञ मीमांसकोंके मतमें व्यञ्जनारूप शब्द सम्बन्धी व्यापार का मानना, प्रतिकूल नहीं, अपितु अनुकूल ही प्रतीत होता है अर्थात् शाब्दी व्यञ्जनाके मीमांसकाभिमत सिद्ध होनेसे सभी व्यञ्जना स्थालीपुलाक न्यायसे उनके मतमें भी सिद्ध ही हो जाता है।

इत्थं मीमांसकमतानुगुणत्वं प्रतिपाद्य वैयाकरणनयानुगुणतरत्वं व्यञ्जनायाः समासेन प्रतिपादयति—

परिनिश्चितनिरपभ्रंशशब्दब्रह्मणां विपश्चितां मतमाश्रित्यैव प्रवृत्तोऽयं ध्वनिव्यवहार इति तैः सह किं विरोधा विरोधौ चिन्त्येते।

परितः प्रमाणेन निश्चितं निर्णीतं स्थापितमिति यावद्, निरपभ्रंशमपभ्रंशशब्द-विविक्तं गलिताविद्यं, शब्द एव नित्यत्वात् व्यापकत्वाच्च ब्रह्म यैस्ते तादृशाः, तेषां विपश्चितां विदुषां वैयाकरणानाम्। तथा हि-प्रथमे हि विद्वांसो वैयाकरणाः, व्याकरणमूलत्वात् सर्वविद्यानाम्' इत्युक्तमेव ध्वनिलक्षणे प्राक्।

वैयाकरणमतमनुसृत्यैवालङ्कारिकैरप्यङ्गीकृते ध्वनौ, तेषां का विप्रतिपत्तेः सम्भावना ?। अतस्तन्मतेऽपि स्फोटप्रकाशिका व्यञ्जनाऽस्त्येवेति तात्पर्यम्।

इस प्रकार व्यञ्जना स्वीकार करनेमें मीमांसकोंका समर्थन बतलाकर अब वैयाकरणोंका समर्थन बतलाते हैं—परिनिश्चितेति। अपभ्रंशादि विषयक अविद्या-संस्कार रहित शब्द ब्रह्मके तत्त्वको जाननेवाले वैयाकरण विद्वानोंके मतका आश्रयण करके ही हमारे शास्त्रमें ध्वनिका व्यवहार प्रचलित हुआ है, अतः उनके साथ व्यञ्जनाके बारेमें विरोधाविरोध विषयक चिन्ता करना ही व्यर्थ है, अर्थात् वे भी स्फोट प्रकाशनार्थ ध्वनि रूप व्यंजनाको मानते ही हैं, इसलिये उनके साथ विरोध हो ही नहीं सकता।

एवं वाक्यतत्त्वविदां मीमांसकानां, पदतत्त्वविदां वैयाकरणानां च मते व्यञ्जनां व्यवस्थाप्य प्रमाणतत्त्वविदां नैयायिकादीनां नयेऽपि व्यवस्थापयितुमुपक्रमते—

कृत्रिमशब्दार्थसम्बन्धवादिनां तु युक्तिविदामनुभवसिद्ध एवायं व्यञ्जकभावः शब्दानामर्थान्तराणामिव निर्विरोधश्चेति न प्रतिक्षेप्यपदवीमवतरति।

क्रियया निर्वृत्तं कृत्रिमं सङ्केतरूपतया कल्पितत्वादनित्यं शब्दार्थयोः सम्बन्धं वदन्तीति तादृशास्तेषां नैयायिकबौद्धादीनां युक्तिविदामुपपत्त्याऽर्थान् निर्धारयताम्। अर्थान्तराणां दीपादीनामिव। निर्विरोधो विरोधान्निष्क्रान्तो बाधरहित इति यावत्। प्रतिक्षेप्यः खण्डनीयः। बाधितो ह्यर्थस्तैः खण्ड्यत एव।

नैयायिकनये शब्दार्थयोरनित्यत्वादेव, सौगतादिमते वस्तुमात्रस्य क्षणिकत्वादेव च तत्सम्बन्धस्यानित्यत्वम् । युक्तिविदामित्यनेन युक्तिसिद्धं व्यञ्जकत्वं ते नापलपेयुरिति सूचितम् । यथा प्रदीपस्य घटाद्यर्थान्तरप्रकाशकत्वमनुभवसिद्धम्, तथा शब्दार्थयोरपि स्ववाच्य-स्वेतरार्थप्रकाशकत्वमिति व्यञ्जकत्वे तार्किकाणामपि न विमतिरित्याशयः ।

शब्द और अर्थका संकेत कृत वाच्य-वाचक भाव रूप अनित्य सम्बन्ध माननेवाले प्रमाणतत्त्ववेत्ता नैयायिकोंके मतमें तो दीपादि अन्य लौकिक पदार्थोंके व्यञ्जकत्वके समान शब्दोंका व्यञ्जकत्व अनुभव सिद्ध ही है और वह बाध-रहित प्रतीत होता है, इसलिये नैयायिकोंके मतमें व्यञ्जना खण्डन करने योग्य नहीं है ।

तदाह—

वाचकत्वे हि तार्किकाणां विप्रतिपत्तयः प्रवर्तन्ताम्, किमिदं स्वाभाविकं शब्दानामाहोस्वित् सामयिकमित्याद्याः । व्यञ्जकत्वे तु तत्पृष्ठभाविनि भावान्तरसाधारणे लोकप्रसिद्ध एवानुगम्यमाने को विमतीनामवसरः ? ।

विप्रतिपत्तयो विरुद्धयुक्तियुक्तोक्तयः । शब्दानां वाचकत्वमिदं स्वाभाविकं नित्यम्, आहोस्विदथवा, सामयिकं सङ्केतजन्यत्वादनित्यमित्यादिरूपास्ताः । तत्पृष्ठभाविनि वाचकत्वात् पश्चाज्जायमाने । भावश्च ग्रहद्वारको बोध्यः । भावान्तरसाधारणे दीपादि-प्रकाशकपदार्थान्तरेष्वपि तुल्ये। प्रसिद्धे दीपादिसादृश्येन प्रख्याते । अनुगम्यमान आलम्ब्यमाने ।

लोकप्रसिद्धे वाचकत्वे तार्किकाणां नित्यानित्यत्वविवादो विविधः सम्भवति, न तु लोकप्रसिद्धे पदार्थान्तरेषु बहुश उपलभ्यमाने व्यञ्जकत्वे । व्यञ्जकत्वं हि यादृशमेकत्र दीपादौ तादृशमेवापरत्रापि शब्दादाविति को विवादावसरस्तत्र तेषाम् । तत्र विवादेऽनुभवसिद्धापलापकता शिरस्यापतेदित्याकूतम् ।

तार्किकोंकी, वाचकताके विषयमें, क्या शब्दोंकी वाचकता स्वाभाविक होनेसे नित्य है, या संकेतकृत होनेसे अनित्य है, इस प्रकारकी विप्रतिपत्तियां भले ही हों, परन्तु उस अभिधात्मक वाचकताके बाद आनेवाली एवं दीपक आदि अन्य व्यञ्जक पदार्थोंके समान सर्वानुभव सिद्ध व्यञ्जनाके विषयमें मतभेदका अवसर ही नहीं ह ।

तदेव समर्थयति—

अलौकिके ह्यर्थे तार्किकाणामभिनिवेशाः प्रवर्तन्ते, न तु लौकिके । न हि नीलमधुरादिष्वशेषलोकेन्द्रियगोचरे बाधारहिते तत्त्वे परस्पर-

विप्रतिपन्ना दृश्यन्ते। न बाधारहितं नीलं नीलमिति ब्रुवन्नपरेण प्रतिषिध्यते 'नैतन्नीलं, पीतमेतत्' इति।

अलौकिके लोकानुभवागोचरे। अभिनिवेशाः स्वमतस्थापनाग्रहाः। नीलमधुरादिष्विति निर्धारणे सप्तमी, इतरथा वचनभेदात् तत्त्व इत्यनेन सामानाधिकरण्यं न घटते। तत्त्वे पदार्थे।

प्रत्यक्षविषये नीलादौ न कस्यापि विवादः, किन्तु तन्नीलं प्रकृतिनिष्पादितं परमाणुनिष्पादितं वेति तत्कारण एव विवाद इति सारम्।

लौकिक प्रत्यक्षके अविषयभूत परमाणु—आत्मा आदि अलौकिक अर्थोंके विषयमें ही नैयायिकोंकी सारी विप्रतिपत्तियां (स्वपक्ष-स्थापनाका आग्रह) होती हैं, न कि प्रत्यक्ष सिद्ध लौकिक अर्थोंके विषयमें, जैसा कि नील, मधुर आदि, सर्वजन प्रत्यक्ष सिद्ध अबाधित पदार्थके विषयमें परस्पर मतभेद नहीं दिखाई देता है। क्योंकि अबाधित नीलको नील कहनेवाले किसी भी व्यक्ति को दूसरा व्यक्ति यह नील नहीं है, अपितु पीत है, ऐसा निषेध नहीं करता है, अर्थात् प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर नीलादि पदार्थोंमें किसीको भी विवाद नहीं होता है, अपितु यह नील प्रकृतिसे निष्पादित है, या परमाणुसे इस प्रकार उसके अप्रत्यक्षभूत कारणमें ही विवाद होता है।

प्रकृते सङ्गमयति—

तथैव व्यञ्जकत्वं वाचकानां शब्दानामवाचकानां च गीतध्वनीनामशब्दरूपाणां च चेष्टाऽऽदीनां यत् सर्वेषामनुभवसिद्धं, तत्केनापह्नूयते।

तार्किकैरपि नापलपितुं शक्यं तद् व्यञ्जकत्वमिति भावः।

इसी प्रकार वाचक शब्दोंकी एवं अवाचक शब्दरूप गीतादि ध्वनियोंकी और अशब्दरूप चेष्टा आदिकी जो सर्वानुभव सिद्ध व्यञ्जकता है, उसका कौन व्यक्ति अपलाप कर सकता है अर्थात् तार्किक भी व्यञ्जनाका अपलाप नहीं कर सकते हैं।

व्यञ्जकत्वस्य प्रसिद्धिं दर्शयन्नुपसंहरति—

अशब्दमर्थं रमणीयं हि सूचयन्तो व्याहारास्तथा व्यापारनिबन्धाश्च विदग्धपरिषत्सु विविधा विभाव्यन्ते। तानुपहास्यतामात्मनः परिहरन् कथमभिसन्दधीत सचेताः।

हि यतो विदग्धपरिषत्सु रसिकगोष्ठीषु अशब्दं शब्देनाभिधाऽभिधप्रधानवृत्त्याऽप्रतिपादितमनभिधेयमिति यावत्, रमणीयं रहस्यतानयनेन चमत्कारकारणम्, अर्थं सूचयन्तो व्यञ्जनया प्रत्याययन्तः, विविधा नानाकाराः व्याहाराः साङ्केतिकोक्तयो

व्यापारनिबन्धा इङ्गितप्रभृतयः क्रियाविशेषाश्च विभाव्यन्ते दृश्यन्ते ज्ञायन्ते वा । तस्मात् सचेताः सहृदयस्तार्किकादिषु कश्चित्, आत्मनः, उपहास्यतामनुचितखण्डनाचरणादुपहासास्पदत्वं परिहरन्नपाकुर्वन्, तान् व्यञ्जकान् व्याहारान् व्यापारांश्च कथं केन प्रकारेण, अभिसन्दधीत तिरस्कुर्वीतेत्यर्थः ।

तैरपि विदग्धसाङ्केतिकव्याहाराद्यर्थं व्यञ्जना चेदङ्गीकार्य्यैव, तर्ह्यन्यत्रापि किमिति नाङ्गीक्रियेत । तत्रापि व्यञ्जनाऽङ्गीकारे त्वनुभवसिद्धमप्यपलपन्नुपहसनीय एव स्यात् सचेतसां सदसीत्याशयः ।

इह 'पराभिसन्धानमधीयते यैः' इति कालिदासस्य, 'जनो विद्वानेकः सकलमभिसन्धाय तु जनम्' इति भवभूतेश्च प्रयोगादभिसन्दधातेरवधारितोऽप्यन्यत्र प्रतारणरूपोऽर्थो लोचनानुरोधेन प्रकरणानुरोधेन परित्यक्तः, तिरस्काररूपश्चोपात्तः । यद्वा तानपलप्य प्रतिवादिनः कथमभिसन्दधीत प्रतारयेदित्यवान्तरक्रियाऽध्याहारो विधेयः ।

रसिक विद्वानोंकी गोष्ठियोंमें शब्दसे नहीं कहे जा सकनेवाले अत्यन्त चमत्कार जनक रमणीय अर्थोंको व्यञ्जना द्वारा अभिव्यक्त करनेवाली अनेक प्रकारकी वचनरचना चातुरी परिपूर्ण सांकेतिक उक्तियां एवं इशारे आदि व्यापार, शब्द रूपमें निबद्ध और अनिबद्ध दोनों प्रकारके पाये जाते हैं, इसलिये अपने आपको उपहास से बचानेवाला बुद्धिमान् व्यक्ति किस प्रकार उन वचन भङ्गियों एवं इशारे आदि व्यञ्जकोंका तिरस्कार कर सकता है, या उन (व्यञ्जक वचन विन्यास एवं इशारे आदि) का अपलाप कर प्रतिवादियोंकी वञ्चना कर सकता है ।

अथ व्यक्तिमतिरिक्तामस्वीकृत्य, व्यङ्ग्यप्रतीतिमनुमितिमेव मन्वानस्य तार्किकस्य मतमुपन्यस्यति—

(ब्रूयात्) अस्त्यभिसन्धानावसरे व्यञ्जकत्वं शब्दानां गमकत्वम् । तच्च लिङ्गत्वम्, अतश्च व्यङ्ग्यप्रतीतिर्लिङ्गप्रतीतिरेवेति लिङ्गलिङ्गिभाव एव तेषाम्, व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावो नापरः कश्चित् । अतश्चैतदवश्यमेव बोद्धव्यम्, यस्माद् वक्त्रभिप्रायापेक्षया व्यञ्जकत्वमिदानीमेव त्वया प्रतिपादितम् । वक्त्रभिप्रायश्चानुमेयरूप एव ।

ब्रूयादित्यत्र 'अन्यः' इति योज्यम् । 'अभिसन्धानावसरे' इत्यस्यापि तत्रैव सम्बन्धः प्रतिभाति । शब्दानां गमकत्वं व्यञ्जकत्वमस्ति, न तु कश्चिदपलपति । चकारस्त्वर्थकः । तद्व्यञ्जकत्वं तु लिङ्गत्वमनुमितिसाधनत्वमेव, न त्वतिरिक्तं व्यक्ति-

रूपम् । अतोऽस्माद्धेतोः । व्यङ्ग्यप्रतीतिर्लिङ्गप्रतीतिः साध्यानुमितिरेवेति तेषां व्यञ्ज-कत्वविशिष्टशब्द–तद्व्यङ्ग्यार्थानाम्, व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावोऽपरोऽतिरिक्तो न कश्चित्, अपि तु लिङ्गलिङ्गिभावःसाध्यसाधनभाव एव । अतोऽस्मादनुपदमुदीर्यमाणाद्धेतो-रपि, एतद् व्यङ्ग्यव्यञ्जकत्वम्, एवं साध्यसाधनभावरूपं बोद्धव्यम् । यस्मात्, इदानीं मीमांसकमतव्याख्यानसमय एव, त्वया व्यक्तिवादिना, वक्त्रभिप्रायापेक्षया व्यञ्जकत्वं वक्तुरभिप्रायव्यञ्जकत्वं शब्दानां प्रतिपादितम् । चकारस्त्वर्थे । वक्तुरभि-प्रायस्तु परकीयेच्छारूपत्वादनुमेयोऽनुमितिविषय एव, न तु व्यङ्ग्य इत्यर्थः ।

अयं भावः—व्यङ्ग्यस्य वस्तुप्रभृतेर्व्यञ्जकेन शब्द–तदर्थादिना सह नियतः कश्चन सम्बन्धो व्यक्तिवादिनाऽपि मन्तव्यः । अन्यथा सर्वत्रासम्बद्धार्थव्यञ्जनमा-पद्येत । स च सम्बन्धो ज्ञाप्यज्ञापकभाव एवौचित्यादिति व्याप्येन ज्ञापकेन शब्दादि-ना साधनेन, व्यापकस्य ज्ञाप्यस्य वस्त्वादेः साध्यस्य, बोधनमनुमानमेवेति न वस्त्वा-दिव्यङ्ग्यबोधनार्थं व्यञ्जनायाः प्रयोजनम् । तदुक्तं व्यक्तिविवेके महिमभट्टेन—

'वाच्यस्तदनुमितो वा यत्रार्थोऽर्थान्तरं प्रकाशयति ।
सम्बन्धतः कुतश्चित् सा काव्यानुमितिरित्युक्ता ॥' इति ।

परकीयेच्छाया अनुमेयमात्रत्वादिदं पुनर्वक्तुरभिप्रायस्य व्यङ्ग्यत्वं वदता व्यक्तिवादिनाऽप्यनायत्याऽङ्गीकरणीयमेव । विशेषस्तु व्यक्तिविवेकादितोऽवसेयः ।

अब एक अतिरिक्त व्यञ्जना वृत्तिको न मानकर व्यङ्ग्य प्रतीतिको अनुमिति रूप ही माननेवाले नैयायिकोंका मत प्रस्तुत करते हैं—ब्रूयादिति । (पूर्वपक्ष) कोई कह सकता है कि व्यञ्जनाके परित्याग करनेका अवसर है, क्योंकि शब्दोंके अन्यार्थगमकत्व (बोधकत्व) का ही नाम व्यञ्जकता है और वह गमकता लिङ्गत्व रूप ही है, इसलिये व्यङ्ग्यकी प्रतीति साध्यरूप लिङ्गीकी प्रतीति ही है, अत एव लिङ्गलिङ्गिभाव अर्थात् साध्य—साधनभाव ही उन शब्द–अर्थोंका व्यङ्ग्य-व्यञ्जकभाव सम्बन्ध है, लिङ्गलिङ्गिभावसे अलग कुछ नहीं है, इसलिये भी ऐसा अवश्य ही जानना चाहिये कि वक्ताके अभिप्रायकी दृष्टिसे व्यञ्जक–व्यङ्ग्यभावका प्रतिपादन तुमने (व्यञ्जनावादीने) अभी तुरत ही मीमांसक मतके खण्डन प्रसङ्गमें किया है और वक्ताका अभिप्राय तो अनुमेय रूप ही है, क्योंकि अनुमान द्वारा ही परकीय इच्छा रूप अभिप्रायका बोध होता है, सारांश यह है कि व्यङ्ग्य वस्तु आदिके साथ व्यञ्जक शब्दार्थका कोई नियत सम्बन्ध अवश्य व्यञ्जनावादीको भी मानना चाहिये, अन्यथा सभी जगह असम्बद्धार्थकी भी व्यञ्जनासे प्रतीति होने लगेगी, और वह सम्बन्ध ज्ञाप्य-ज्ञापक भाव रूप ही उचित प्रतीत होता है,

इसलिये व्याप्य भूत शब्दादि साधनरूप ज्ञापकसे व्यापक वस्तु आदि साध्य रूप ज्ञाप्यका, बोधन अनुमान रूप ही है, इसलिये अनुमानसे ही गतार्थ हो जानेसे वस्तु आदि व्यङ्ग्यार्थके बोधनार्थ व्यञ्जनाकी आवश्यकता नहीं है।

प्रौढिवादेनाभ्युपेत्य खण्डयति—

अत्रोच्यते—नन्वेवमपि यदि नाम स्यात्, तत् किं नश्छिन्नम्। वाचकत्वगुणवृत्तिव्यतिरिक्तो व्यञ्जकत्वलक्षणः शब्दव्यापारोऽस्तीत्यस्माभिरभ्युपगतम्। तस्य चैवमपि न काचित् क्षतिः। तद्धि व्यञ्जकत्वं लिङ्गत्वमस्तु, अन्यद्वा, सर्वथा प्रसिद्धशाब्दप्रकारविलक्षणत्वं शब्दव्यापारविषयत्वं च तस्यास्तीति नास्त्येवावयोर्विवादः।

नामेति सम्भावनायाम्। एवं व्यञ्जकत्वस्य लिङ्गत्वतादात्म्यमपि यदि सम्भावितं स्यात्, तत्तदा, किं नश्छिन्नं काऽस्माकं हानिः? न काचिदित्यर्थः। यतोऽस्माभिर्वाचकत्वादिभ्यो भिन्नं व्यञ्जकत्वं शक्तिरूपमङ्गीकृतम्। तस्य व्यञ्जकत्वनिष्ठवाचकत्वाद्यतिरिक्तत्वस्य, एवं लिङ्गत्वाङ्गीकारेऽपि न क्षतिः। हि यतस्तद्वाचकत्वाद्यतिरिक्तत्वेनाङ्गीक्रियमाणं वस्तु लिङ्गत्वं ततोऽन्यद् वा किञ्चिद् भवतु, तथाऽपि तस्य धर्मस्य प्रसिद्धा ये शाब्दप्रकारा अभिधाऽऽदयस्तद्विलक्षणत्वं तेभ्यो भिन्नत्वं तदभिमतं सर्वथाऽस्त्येव, इति हेतोरावयोर्व्यक्त्यनुमितिवादिनोर्न विवादः।

(उत्तर पक्ष) यदि थोड़ी देरके लिये व्यञ्जनाको लिंगत्व रूप मान भी लें तो उससे हमारी कुछ हानि नहीं होगी, क्योंकि हमने तो अभिधा और लक्षणासे अतिरिक्त ही व्यञ्जना नामक एक तीसरा शब्द व्यापार है यह स्वीकार किया है, इसलिये उस वाचकत्वाद्यतिरिक्त व्यञ्जनाको लिंगत्व रूप मान लेने पर भी कोई हानि नहीं दिखाई देती, क्योंकि वह व्यञ्जना चाहे लिंगत्व रूप हो या अन्य ही कुछ हो, हर हालतमें अभिधा और लक्षणा रूप शब्द व्यापारसे विलक्षण ही वह व्यञ्जना शब्दवृत्ति व्यापार विशेष है यह सबको स्वीकार करना होगा, इसलिये उस विषयमें हमारा तुम्हारा कोई विवाद नहीं है, अर्थात् व्यञ्जनाको अभिधा-लक्षणासे भिन्न माननेमें ही हमारा आग्रह है, सो तो उसको लिंगत्व मानने वाले आप भी मान ही रहे हैं, इसलिये आपके साथ हमारा कोई मतभेद नहीं है।

प्रौढ्याऽभ्युपगतमसिद्धान्तमतमपास्यति—

न पुनरयं परमार्थो तद् व्यञ्जकत्वं लिङ्गत्वमेव सर्वत्र, व्यङ्ग्यप्रतीतिश्च लिङ्गिप्रतीतिरेवेति।

उभयोर्वैयधिकरण्येऽपि कुतस्तादात्म्यमित्याशयः ।

परन्तु वास्तवमें यह बात नहीं है कि व्यञ्जना सभी जगह लिङ्गत्व रूप ही होती है और व्यङ्ग्यकी प्रतीति अनुमिति रूप लिङ्ग जन्य लिङ्गी (साध्य) की प्रतीति ही है।

सिंहावलोकनन्यायेनाभ्युपगमसाधनमुक्तमपि दर्शयति—

यदपि स्वपक्षसिद्धयेऽस्मदुक्तमनूदितं त्वया 'वक्त्रभिप्रायस्य व्यङ्ग्यत्वेनाभ्युपगमात् तत्प्रकाशने शब्दानां लिङ्गत्वमेव' इति, तदेतद् यथाऽस्माभिरभिहितम्, तद्विभज्य प्रतिपाद्यते, श्रूयताम् —

द्विविधो हि विषयः शब्दानाम्—अनुमेयः प्रतिपाद्यश्च । तत्रानुमेयो विवक्षालक्षणः । विवक्षा च शब्दस्वरूपप्रकाशनेच्छा, शब्देनार्थप्रकाशनेच्छा चेति द्विप्रकारा । तत्राद्या न शाब्दव्यवहाराङ्गम्, सा हि प्राणित्वमात्रप्रतिपत्तिफला । द्वितीया तु शब्दविशेषावधारणावसितव्यवहिताऽपि शब्दकारणव्यवहारनिबन्धनम् । ते तु द्वे अप्यनुमेयो विषयः शब्दानाम् । प्रतिपाद्यस्तु प्रयोक्तुरर्थप्रतिपादनसमीहाविषयीकृतोऽर्थः । स च द्विविधो वाच्यो व्यङ्ग्यश्च । प्रयोक्ता हि कदाचित् स्वशब्देनार्थं प्रकाशयितुं समीहते, कदाचित् स्वशब्दानभिधेयत्वेन प्रयोजनापेक्षया कयाचित् । स तु द्विविधोऽपि प्रतिपाद्यो विषयः शब्दानां न लिङ्गितया स्वरूपेण प्रकाशते, अपि तु कृत्रिमेणाकृत्रिमेण वा सम्बन्धान्तरेण ।

विभज्य विषयविभागं विधाय । विषयः शब्दोच्चारणोत्तरं प्रतीतिगोचरोऽर्थः । विवक्षा वक्तुमिच्छा । सा च शब्दानां स्वरूपस्यानुपूर्व्याः प्रकाशनस्येच्छा, शब्दान् प्रयुञ्जीय इत्याकारिका, शब्दोच्चारणानुकूलयत्नानुकूला, शब्दानां प्रयुयुक्षालक्षणैका, ततोऽर्थप्रकाशनस्येच्छा 'अर्थं प्रतिपादयेयम' इत्याकारिकाऽर्थप्रतिपादनानुकूलयत्नानुकूलाऽर्थप्रतिपिपादयिषारूपा द्वितीयेति द्विप्रकारा विवक्षा । तत्र तयोः । आद्या प्रयुयुक्षा । शाब्दव्यवहारस्य शाब्दबोधस्याङ्गमुपकारिणी न । हि यतः सा प्राणित्वमात्रस्य प्रतिपत्तिरनुमितिः फलं यस्यास्तादृशी । शब्दप्रयुयुक्षया केवलं प्राणित्वमनुमातुं शक्यते, अप्राणिनां तदभावात्, न तु शाब्दज्ञानं जनयितुम् । द्वितीयाऽर्थप्रतिपिपादयिषा तु, शब्दविशेषस्य वाचकशब्दस्यावधारणावसितेन निर्णयाध्यवसानेन, व्यवहिता सान्तरालाऽपि, शब्दस्य कारणं यो व्यवहारो व्यापारः कण्ठताल्वाद्यभिघातलक्षणः, तन्निबन्धनं तत्कारणीभूता । ते तु द्वे अपि तदिच्छाद्वयमपि, अनुमेये एव, परकीयेच्छाया अनुमितिमात्रगोचरत्वात् । अर्थप्रतिपादनस्य समीहयेच्छया

विषयीकृतोऽर्थो वाच्यो व्यङ्ग्यश्च । हि यतः प्रयोक्ता पुरुषः । स्वशब्देन वाचकशब्देन । अर्थं वाच्यम् । कयाचिद् विलक्षणया प्रयोजनस्य गोपनकृतार्थसौन्दर्यातिरेचनादिरूपस्यापेक्षया, स्वशब्दानभिधेयत्वेन वाचकशब्दावाच्यत्वेन, अर्थं व्यङ्ग्यं प्रकाशयितुं समीहते । द्विविधो वाच्यव्यङ्ग्यलक्षणः । लिङ्गितया स्वरूपेण साध्यत्वरूपेणानुमेयत्वेनेति यावत्, न प्रकाशते, किन्तु तार्किकमते कृत्रिमेण, मीमांसकादिनयेऽकृत्रिमेण, सम्बन्धान्तरेणाभिधाव्यञ्जनालक्षणेन ।

प्रयोक्तुः शब्दप्रयुयुक्षा, ततोऽर्थप्रतिपिपादयिषा चोच्चार्यमाणशब्दतोऽनुमीयत इत्यनुमेयमेव तदिच्छाद्वयम् । वाच्यो व्यङ्ग्यश्चार्थो नानुमेयः, अभिधाव्यञ्जनाभ्यामेव बोधितत्वादनुमित्यगोचरत्वात् । तस्मान्न व्यक्तिरनुमित्या गतार्थेति भावः ।

जो भी आपने अपने पक्षकी सिद्धि करनेके लिये हमारे कथनका अनुवाद किया कि तुमने (व्यञ्जनावादी मैंने) वक्ता पुरुषके अभिप्रायको व्यङ्ग्य माना है और उस वक्ताके अभिप्रायके प्रकाशन करनेमें शब्दोंका लिङ्गत्व ही है, इसलिये इस विषयमें जिस प्रकार हमने कहा है, उसको अच्छी तरह अलग अलग खोलकर प्रतिपादन करते हैं, आप सावधानता पूर्वक सुनें–शब्दोंका दो प्रकार का विषय होता है, एक अनुमेय और दूसरा प्रतिपाद्य, उनमेंसे अर्थको कहनेकी इच्छा रूप विवक्षा अनुमेय कहलाती है और विवक्षा भी दो प्रकारकी होती है, एक शब्दके आनुपूर्वी रूपसे प्रकाशन करनेकी इच्छा और दूसरी, शब्दसे अर्थ प्रकाशन करनेकी इच्छा । उनमें पहिली अर्थात् शब्द स्वरूप प्रकाशनेच्छा शाब्दबोधकी उपकारिणी नहीं है, क्योंकि उसका केवल प्राणित्व मात्रकी प्रतीति कराना ही प्रयोजन है, अर्थात् अर्थहीन शब्दकी व्यक्त या अव्यक्त एक विलक्षण ध्वनि कोई चेतन ही कर सकता है अचेतन नहीं, अतः शब्दके स्वरूप मात्रके प्रकाशनसे प्राणीका बोध तो अवश्य होता है, परन्तु उससे किसी प्रकारके अर्थका ज्ञान न हो सकनेके कारण वह शाब्दबोधमें उपयोगी नहीं होता है । परन्तु दूसरी विवक्षा (अर्थ प्रकाशनेच्छा) तो वाचक शब्द विशेषके निश्चयात्मक अवधारण करनेसे व्यवहित होने पर भी शाब्दबोध व्यवहारकी उपकारिणी होती है । ये दोनों भी शब्द सम्बन्धी विवक्षायें शब्दोंके अनुमेय विषय हैं, अर्थात् शब्द विशेषका श्रवण कर शब्द स्वरूप प्रकाशन की इच्छाका और शब्द द्वारा अर्थप्रकाशनकी इच्छाका अनुमान होता है, अतः ये दोनों विवक्षायें शब्दके अनुमेय विषय कहलाती हैं, और प्रयोक्ता व्यक्तिकी अर्थप्रतिपादनेच्छाका विषयीभूत अर्थ शब्दका प्रतिपाद्य विषय होता है । और वह (प्रतिपाद्य विषय) वाच्य और व्यङ्ग्यके भेदसे दो प्रकारका होता है, क्योंकि प्रयोक्ता कभी अर्थको अपने वाचक शब्दके द्वारा प्रकाशित करना चाहता है, और

कभी किसी विलक्षण गोपनकृत सौन्दर्यातिशय रूप प्रयोजन विशेषको द्योतित करनेकी दृष्टिसे स्ववाचक शब्दसे नहीं कहकर दूसरे ही ढङ्गसे प्रकाशित करना चाहता है। इनमें पहिला स्वशब्दाभिधेय अर्थ वाच्य और दूसरा स्वशब्दानभिधेय अर्थ व्यङ्ग्य कहलाता है। शब्दोंका उपर्युक्त दोनों प्रकारका यह प्रतिपाद्य विषय लिङ्गि अर्थात् अनुमेय रूपसे प्रकाशित नहीं होता, अपितु तार्किक मतमें कृत्रिम संकेतादि रूप अनित्य सम्बन्धसे या मीमांसकादि मतमें अकृत्रिम अभिधा व्यञ्जना रूप अन्य सम्बन्धसे प्रकाशित होता है। सारांश यह है कि प्रयोक्ताके द्वारा उच्चार्यमाण शब्दसे उसकी शब्दप्रयोगेच्छा और अर्थप्रतिपादयिषा रूप इच्छाद्वयका अनुमान किया जाता है, क्योंकि अनुमानसे ही परकीय इच्छाका पता लग सकता है, परन्तु वाच्य और व्यङ्ग्य अर्थ अभिधा-व्यञ्जनासे ही बोधित होनेके कारण अनुमितिका विषय नहीं होता, इसलिये अनुमानसे व्यञ्जना गतार्थ नहीं हो सकती है।

वाच्यव्यङ्ग्ययोरनुमेयत्वाभावमुपपादयति—

विवक्षाविषयत्वं हि तस्यार्थस्य शब्दैर्लिङ्गतया प्रतीयते न तु स्वरूपम्।

तस्य द्विविधस्यापि प्रतिपाद्यस्यार्थस्य, विवक्षाविषयत्वं तद्विषयविवक्षैव वा शब्दैरुच्चार्यमाणैर्लिङ्गतया साधनत्वेन साधनीभूतैरिति यावत्, प्रयीयतेऽनुमीयते, न तु स्वरूपमर्थद्वस्याकारोऽनुमीयत इति शेषः।

'अयमर्थोऽस्य विवक्षाविषयः, एतदुच्चारितशब्दबोध्यत्वात्' इत्यनुमित्याऽर्थनिष्ठा विवक्षाविषयतैव साध्यते, न त्वर्थः, तस्य पक्षत्वादित्यभिप्रायः।

वाच्य और व्यङ्ग्यमें अनुमिति विषयताका अभाव बतलाते हैं—विवक्षेति। प्रयोक्ताके शब्दोंको सुनकर उच्चार्यमाण उन्हीं शब्द रूप हेतुओंसे उस अर्थकी विवक्षा अर्थात् वक्ता अमुक अर्थ बतलाना चाहता है, इस प्रकारकी इच्छा तो अनुमेय रूपसे प्रतीत हो सकती है, परन्तु उस अर्थका स्वरूप अनुमेय रूपसे नहीं प्रतीत होता है, क्योंकि 'यह अर्थ वक्ताकी विवक्षाका विषय है, क्योंकि इस शब्दके बोध्य होनेसे' इस अनुमानसे विवक्षा-विषयता ही साध्य होकर अनुमेय होती है, पक्ष भूत अर्थ तो सिद्ध होनेसे अनुमेय नहीं होता।

उक्तान्यथामननेऽनुपपत्तिमाह—

यदि हि लिङ्गतया तत्र शब्दानां व्यवहारः स्यात्, तच्छब्दार्थे सम्यङ्मिथ्यात्वादिविवादा एव न प्रवर्तेरन्, धूमादिलिङ्गानुमितानुमेयान्तरवत्।

अयं भावः—यदि वाच्यव्यङ्ग्ययोरनुमितिरेव भवेद्, तर्हि तदर्थविशेष्यको यथाऽर्थत्वायथाऽर्थत्वप्रकारकः संशय एव नोदियात्, अनुमितेर्निश्चयात्मकत्वात्। न हि

धूमहेतुकानुमितिगोचरवह्निविषयकस्तादृक् सन्देह उदेति । उत्तिष्ठन्ते च विप्रतिपन्नानां संशया इति न तस्यानुमितिविषयत्वम् ।

यदि उस अर्थके विषयमें लिङ्गरूपसे शब्दका व्यापार हो अर्थात् शब्दसे अनुमान द्वारा अर्थकी प्रतीति हो तो धूमादिलिङ्गसे अनुमित वह्नि आदि साध्यके समान उस शब्दार्थके विषयमें यथार्थत्व या अयथार्थत्वका संशय ही उत्पन्न न हो अर्थात् यदि वाच्य और व्यङ्ग्यकी अनुमिति ही हो तो अनुमितिके निश्चयात्मक होनेसे उक्त अर्थ विशेष्यक मिथ्यात्व-अमिथ्यात्व प्रकारक संशय ही उत्पन्न नहीं हो क्योंकि धूमहेतुक पर्वतमें वह्नि विषयक अनुमिति हो जाने पर पर्वतमें वह्नि है या नहीं, इस प्रकारका संशय नहीं होता है, परन्तु प्रकृतमें तो अर्थके ज्ञान हो जाने पर भी यह अर्थ ठीक है या नहीं, इस प्रकारका संशय होता है, अतः वह (अर्थ) अनुमेय नहीं है ।

ननु व्यङ्ग्यार्थस्य शब्दसम्बन्धित्वविरहात्, तत्त्वे वा परम्परया सम्बन्धित्वाच्छब्दतस्तस्य प्रतीतिर्न सम्भवतीतिशङ्कामपनयति—

व्यङ्ग्यश्चार्थो वाच्यसामर्थ्याक्षिप्ततया वाच्यवच्छब्दस्य सम्बन्धोभवत्येव । साक्षादसाक्षाद्भावो हि सम्बन्धस्याप्रयोजकः । वाच्यवाचकभावाश्रयत्वं च व्यङ्ग्यव्यञ्जकत्वस्य प्रागेव दर्शितम् ।

शब्दस्य वाच्यार्थो यथाऽभिधासम्बन्धेन सम्बन्धी, तथैव व्यङ्ग्योऽपि व्यंजनासम्बन्धेन । भेदस्त्वियानेव, यदभिधा साक्षात्सम्बन्धो व्यंजना चार्थद्वारकत्वात् परम्परासम्बन्धः । नैतावता काऽपि हानिः, सम्बन्धे साक्षाद्भावानिवेशात् । न च व्यञ्जनायाः परम्परासम्बन्धत्वे शंकनीयम्, अस्या अभिधोपजीवकत्वस्य प्रागिहैवोद्द्योते भेदप्रदर्शनप्रसङ्गेनोक्तत्वादिति तात्पर्यम् ।

व्यंग्यार्थका शब्दके साथ कोई साक्षात् सम्बन्ध नहीं रहनेसे शब्दद्वारा उसकी प्रतीति नहीं हो सकती, इस प्रश्नका समाधान करते हैं—व्यङ्ग्यश्चेति । शब्दका वाच्यके साथ अभिधा सम्बन्धके समान व्यङ्ग्य अर्थके साथ भी व्यञ्जना सम्बन्ध होनेसे व्यङ्ग्यार्थ भी वाच्यकी व्यञ्जनात्मक सामर्थ्यसे आक्षिप्त होनेके कारण शब्दका सम्बन्धी होता ही है, फरक इतना ही है कि वाच्यार्थके साथ शब्दका साक्षात् सम्बन्ध है और व्यङ्ग्यार्थके साथ वाच्यद्वारक परम्परा सम्बन्ध है, किन्तु इतने मात्र भेद होनेसे कोई हानि नहीं होती क्योंकि साक्षात्त्व या असाक्षात्त्व सम्बन्धका प्रयोजक नहीं है । व्यञ्जनाका अभिधात्मक वाचकताके ऊपर ही निर्भर होनेके कारण पूर्वमें ही उसके परम्परा सम्बन्धत्वको प्रदर्शित कर चुके हैं ।

उपसंहरति—

तस्माद् वक्त्रभिप्रायरूपव्यङ्ग्ये लिङ्गतया शब्दानां व्यापारः। तद्विषयीकृते तु प्रतिपाद्यतया।

तस्माद् वक्तुरभिप्रायस्य परेच्छारूपत्वेनानुमितिमात्रविषयत्वात्। व्यङ्ग्य इत्युक्तिस्तु परमतानुसारेण। शब्दानां लिङ्गतया हेतुत्वेन व्यापारः। तद्विषयीकृते विवक्षिते तु वाच्यव्यङ्ग्यत्वाभ्यां द्विविधेऽर्थे प्रतिपाद्यतया व्यवहारः। विवक्षाऽनुमेयैव, तदनुमितौ चोच्चार्यमाणः शब्द एव लिङ्गम्। व्यङ्ग्यत्वं च तस्या नास्ति। यश्च वक्तृविवक्षाविषयो द्विविधो वाच्यो व्यङ्ग्यश्चार्थः, स शब्दानां प्रतिपाद्यो विषयो नानुमेयः, तदीयसम्बन्धस्य नियतत्वाभावेन तं प्रति शब्दानां लिङ्गत्वासम्भवादिति भावः।

इसलिये वक्ताका अभिप्राय रूप व्यङ्ग्य तो परेच्छा रूप होनेके कारण शब्दरूप लिङ्गसे अनुमान द्वारा अनुमेय ही होता है, इसलिये उसमें अनुमिति विषयताका ही व्यवहार होता है, परन्तु उसके तात्पर्य विषयीभूत अर्थोंमें तो प्रतिपाद्य रूपसे व्यवहार होता है, अर्थात् वक्ताके अभिप्राय रूप व्यङ्ग्यके विषयमें ही शब्दोंका लिङ्गरूपसे व्यापार होता है, परन्तु उसके विषयीभूत अर्थके विषयमें तो प्रतिपाद्य रूपसे ही शब्दका व्यापार (व्यञ्जना) होता है।

प्रतिपाद्यार्थद्वयेऽपि व्यङ्ग्यस्य व्यञ्जनामात्रगम्यत्वं दर्शयति—

प्रतीयमाने तस्मिन्नभिप्रायरूपे च वाचकत्वेनैव व्यापारः, सम्बन्धान्तरेण वा? न तावद् वाचकत्वेन, यथोक्तं प्राक्। सम्बन्धान्तरेण व्यञ्जकत्वमेव।

प्रतीयमाने व्यङ्ग्ये। तस्मिन्नभिप्रायरूपे वस्त्वादौ। अभिप्रायरूपे यथा—

'उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोचनानि।' इत्यादौ चुम्बनेच्छादिलक्षणे। यथोक्तं प्राक् तदर्थस्य सङ्केतितत्वाभावादभिधया बोधयितुमशक्यत्वम्। शब्दानामिति शेषः सम्बन्धान्तरेणेति चेदङ्गीक्रियते, तदा तदेव सम्बन्धान्तर व्यञ्जना।

यः खल्विच्छारूपस्तदतिरिक्तश्च शब्दानां व्यङ्ग्योऽर्थः, तस्य संकेतितत्वाभावान्नाभिधाबोध्यत्वम्, प्रतीतिगोचरत्वाच्च नापलपनार्हत्वमित्यगत्या यत् तद्बोधनोपयोगि व्यापारान्तरं कल्प्यते, तदेव व्यंजनेत्याशयः।

अभिप्रायस्येदानीमेवानुमेयमात्रत्वमुक्त्वा व्यंङ्ग्यत्वमुच्यत इत्यसङ्गतमिति चेत्, न, यतो विवक्षारूपस्य वक्तुरभिप्रायस्यानुमितिमात्रगम्यत्वमुक्तम्। वाच्यविवक्ष-

भिप्रायस्य तु व्यङ्ग्यत्वमुच्यत इति विषयभेदः। सर्वविधेच्छानामनुमितिमात्रविषयत्व-मेवेति न नियमः, तथा सति 'देवदत्तो जिगमिषति' इत्यादौ देवदत्तसमवेतगमनेच्छा-याश्शाब्दान्वयप्रवेशो न स्यादिति द्रष्टव्यम्।

अब प्रतिपाद्य रूप उक्त अर्थद्वयमें भी व्यङ्ग्यका व्यञ्जनामात्र गम्यत्व बतलाते हैं—प्रतीयमान इति। उस प्रतीयमान वस्तुरूप अनभिप्रायात्मक व्यङ्ग्यमें एवं अभिप्राय रूप व्यङ्ग्यमें क्या अभिधात्मक वाचकतासे ही व्यापार होता है? या अन्य (व्यञ्जना) सम्बन्धसे? (अभिप्राय रूपमें जैसे—'उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे' इत्यादि स्थलमें पार्वती-मुख-चुम्बन-विषयक शिवजीके अभिप्राय रूप इच्छामें) उनमें प्रथम पक्ष (वाचकत्व व्यापार) ठीक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि व्यङ्ग्यार्थ के साथ संकेतग्रह नहीं रहनेसे शब्द अभिधावृत्ति द्वारा इसका बोध नहीं करा सकता है। यदि द्वितीयपक्ष (सम्बन्धान्तर) मानते हैं तो वही सम्बन्धान्तर व्यञ्जना है, अर्थात् शब्दोंका इच्छा रूप या अन्य जो व्यङ्ग्यार्थ है, उसमें संकेतग्रह नहीं रहनेसे अभिधा द्वारा उसका बोध नहीं हो सकता और प्रत्यक्ष अनुभूत होनेसे उसका अपलाप भी नहीं किया जा सकता, इसलिये उसके बोधनार्थ व्यञ्जनात्मक व्यापार अवश्य मानना होगा। यहाँ पर एक बात अवश्य ध्यानमें रखनी चाहिये कि पूर्वोक्त सिद्धान्तानुसार परेच्छारूप वक्ताके अभिप्रायके अनुमेय होने पर भी वाच्यभूत शिवजीका चुम्बनाभिलाप रूप अभिप्राय व्यङ्ग्य ही है, अनुमेय नहीं, क्योंकि विषयभेद होनेसे विरोध नहीं लगता है।

ननु तद् सम्बन्धान्तरं लिङ्गलिङ्गिभाव एव कुतो न कल्प्यत इत्याक्षेपं समाधत्ते—

न च व्यञ्जकत्वं लिङ्गत्वरूपमेव, आलोकादिष्वन्यथा दृष्टत्वात्।

आलोके घटादिनिरूपिता व्यञ्जकता विद्यते, न तु लिङ्गता, घटाद्यनुमितिसाध-नत्वाभावादालोकादेः। तथा च व्यभिचारस्य स्फुटत्वान्न तयोस्तादात्म्यमिति भावः।

उस सम्बन्धान्तरको व्यञ्जना न मानकर लिङ्गलिङ्गिभाव ही क्यों नहीं मानते, इस आक्षेपका समाधान करते हैं—नचेति। दीपक आदिके आलोक (प्रकाश) में लिङ्गत्वके अभावमें भी घटादिका व्यञ्जकत्व (प्रकाशकत्व) देखा जाता है, इसलिये व्यञ्जकता हमेशा लिङ्गत्वरूप ही नहीं होती है, अर्थात् दीप घट आदिका प्रकाशक तो होता है, परन्तु वह घटादिका अनुमापक नहीं होता, इसलिये व्यभिचार दोष होनेसे व्यञ्जकको लिङ्ग ही कहना कोई आवश्यक एवं उचित नहीं है।

निगमयति—

तस्मात् प्रतिपाद्यो विषयः शब्दानां न लिङ्गत्वेन सम्बन्धी, वाच्यवत्।

यो हि लिङ्गत्वेन तेषां सम्बन्धी यथा दर्शितो विषयः, स न वाच्यत्वेन प्रतीयते, अपि त्वौपाधिकत्वेन।

प्रतिपाद्यो वाच्यव्यङ्ग्योभयरूपः लिङ्गत्वेन सम्बन्धी न-अनुमेयो न। वाच्यवदिति दृष्टान्तः—यथा प्रतिपाद्यो वाच्यो नानुमेयः, तथैव व्यङ्ग्योऽपि। वाच्यस्याभिधामात्रबोध्यत्वस्य निर्णीतत्वाद् दृष्टान्तता। यो विवक्षालक्षणः। तेषां शब्दानाम्, औपाधिकत्वेन वाच्याद्यर्थविशेषणत्वेन।

शब्दानां वाच्य इव व्यङ्ग्योऽपि प्रतिपाद्यो नानुमेयः, अनुमेयश्चार्थो वक्त्रिच्छारूपो न वाच्यः, किन्तु वाच्यादिविशेषणीभूत इत्युभयोर्वैलक्षण्यमिति सारम्।

इसलिये प्रतिपाद्यभूत व्यङ्ग्य विषय, वाच्यके समान ही शब्दके साथ लिङ्गीरूपसे सम्बद्ध नहीं है, अर्थात् जैसे वाच्यार्थ शब्दसे अनुमेय नहीं होता है, वैसे ही व्यङ्ग्यार्थ भी शब्दसे अनुमेय नहीं है। क्योंकि जो विषय लिङ्गीरूपसे उन शब्दोंका सम्बन्धी अर्थात् शब्दोंसे अनुमेय होता है, जैसा कि पहिले अभी दिखलाया गया वक्ताका अभिप्रायात्मक विवक्षारूप विषय है, वह वाच्यरूपसे प्रतीत नहीं होता, अपितु औपाधिक (वाच्यादि अर्थके विशेषणीभूत) रूपसे ही प्रतीत होता है, अर्थात् शब्दोंका वाच्यकी तरह व्यङ्ग्य भी प्रतिपाद्य ही है, अनुमेय नहीं क्योंकि वक्ताकी इच्छा रूप जो अर्थ अनुमेय होता है, वह वाच्य नहीं, किन्तु वाच्यादिके विशेषणीभूत है, इसलिए दोनोंमें स्पष्ट ही वैलक्षण्य है।

प्रतिपाद्यस्याप्यनुमेयत्वाङ्गीकारे कथितामेवापत्तिं पुनः स्मारयति—

प्रतिपाद्यस्य च विषयस्य लिङ्गित्वे तद्विषयाणां विप्रतिपत्तीनां लौकिकीनां लौकिकैरेव क्रियमाणानामभावः प्रसज्येतेति एतच्चोक्तमेव।

लिङ्गित्वेऽनुमेयत्वे। स एव विषयो यासां तास्तद्विषयाः, तासाम्। लौकिकीनां लोके भवानाम्। 'लौकिकानाम्' इत्यपिपाठः, भवार्थेऽणि तदन्तात्‌'टिड्ढाणञ्' इत्यादिसूत्रेण विहितस्य ङीपो दुर्वारत्वात्। श्रद्धाजाड्ये तु—लौकिकशब्दस्याजादिगणे पाठः कल्पनीयः। उक्तमेव प्राक्— 'यदि हि' इत्यादिना।

अयं भावः— यदि वाच्यो व्यङ्ग्यश्चार्थोऽनुमेयः स्यात्, तदोक्तयुक्त्या तद्विषयकसत्यत्वतदभावप्रकारकः सन्देहो न भवेत्, अनुमितेर्निश्चयात्मकत्वेन समानविषयतायां निश्चयस्य सन्देहं प्रतिबन्धकत्वात्। भवति च तत्र सन्देहः, तस्मादसौ नानुमितिविषयः। विवक्षाया अनुमेयत्वाङ्गीकारे तु तस्या इच्छारूपत्वेन सन्देहो नोचित इति तदुत्थानसम्भवो न दोषाय। न हीच्छायां कोऽपि विप्रतिपद्यते, अर्थे तु विप्रतिपन्नो भवत्येव।

प्रतिपाद्यको भी बलात्कार अनुमेय मानने पर पूर्व कथित आपत्तिका ही स्मरण दिलाते हैं—प्रतिपाद्येति। प्रतिपाद्य विषयको भी यदि अनुमेय ही मानें तो उसके विषयमें लौकिक पुरुषों द्वारा की जानेवाली पूर्वोक्त विप्रतिपत्तियोंका अभाव प्राप्त होगा, जिसको कि 'यदि हि–इत्यादि शब्दोंसे पहले ही कह चुके हैं' अर्थात् यदि वाच्य और व्यङ्ग्य अर्थ अनुमेय ही हो तो उक्त युक्तिसे तद्विषयक सत्यत्व और मिथ्यात्वका सन्देह ही नहीं होगा, क्योंकि अनुमितिके निश्चयात्मक होनेसे समान विषयक सन्देहके प्रति प्रतिबन्धकत्व है, परन्तु उक्त विषयमें सन्देह होता है, इस लिये वह अनुमेय नहीं माना जा सकता। वक्ताकी इच्छाको अनुमेय मानने पर तो कोई दोष नहीं होता, क्योंकि उसके विषयमें सन्देह नहीं होता, इसलिये उसमें किसीको विप्रतिपत्ति नहीं होती, अपितु अर्थके विषयमें ही विप्रतिपत्ति होती है।

गुणीभूत व्यङ्ग्यकी प्रशंसा द्वारा उपसंहार करते हैं—तदयमिति। इसलिये अत्यन्त आह्लादजनक महाकविविषयक यह दूसरा ध्वनि प्रवाह भी सहृदयोंको जान लेना चाहिये, सहृदयोंके हृदयको चकित करनेवाले काव्यका कोई ऐसा भेद नहीं है, जिसमें व्यङ्ग्यार्थके सम्बन्धसे रमणीयता न आ जाती हो, अर्थात् काव्यके सभी प्रकारोंमें व्यङ्ग्यार्थ प्रयुक्त ही सौन्दर्य होता है, इसलिये काव्यमें व्यङ्ग्यार्थका होना अत्यन्त आवश्यक है। सारांश यह है कि प्रकृतमें गुणीभूत व्यङ्ग्यको ध्वनि का निःष्यन्द कहा है, उससे गुणीभूत व्यङ्ग्यको ध्वनिकी दूसरी धारा या उससे उत्पन्न दूसरा प्रवाह ही समझना चाहिये, जिस प्रकार दधिका सार नवनीत (मक्खन) होता है, इसी प्रकार ध्वनिका सार प्रधान रूपसे प्रतीयमान व्यङ्ग्य रसादि ही है, गुणीभूत व्यङ्ग्य तो आमिक्षा (छेना) के समान चित्र काव्यादि की अपेक्षा ही अति रमणीय समझा जाता है, ध्वनिकी अपेक्षा नहीं।

'सकलसत्कविकाव्योपनिषद्भूतम्' इति प्रथमोद्द्योते—कथितं व्यङ्ग्यप्राशस्त्यमवितथं प्रथयितुमाख्याति—

तदिदं काव्यरहस्यं परमिति सूरिभिर्भावनीयम्।

तदिदं व्यङ्ग्यं तदाहितसौभाग्यं च।

इसलिये सहृदय विद्वानोंको यह समझ लेना चाहिये कि व्यङ्ग्यार्थका सम्पर्क ही काव्यका परम रहस्य है।

तदेव निदर्शनदर्शनेन समर्थयति—

'मुख्या महाकविगिरामलंकृतिभृतामपि।
प्रतीयमानच्छायैषा भूषा लज्जेव योषिताम्॥ ९४॥'

अलङ्कृतिभृतां वाच्यालङ्कारयुतानामपि, महाकवीनां गिरां वाचां काव्यानामिति यावत्। योषितां स्त्रीणां लज्जेव, एषा साम्प्रतमेवोक्ता प्रतीयमानच्छाया व्यङ्ग्यसंस्पर्शप्रयुक्तसुषमा, मुख्या भूषा प्रधानं भूषणमित्यर्थः।

अयमाशयः—यथा विपुलालङ्करणाऽपि तरुणी लज्जयैव नितरां विभूष्यते, तस्या अन्तरुन्मिषन्मान्मथविकारनिजुह्नुविषाविशेषत्वेन मन्मथविजृम्भारूपत्वाद्। अत एव तद्विकारविधुराणां यतीनां दिगम्बरत्वेऽपि न त्रपोन्मेषः। लज्जाऽभावे ह्यखिलं विभूषणाचिताऽपि वारवधूर्न मनागपि कुलाङ्गनाभङ्गीमङ्गीकर्तुं प्रभवति। कवयोऽपि हि—'लज्जापर्याप्तसाधनानि' इति कुलकलत्राणि विशिषन्ति वर्णयन्ति च—

'कुरङ्गीवाङ्गानि स्तिमितयति गीतध्वनिषु यत्,
सखीं कान्तोदन्तं श्रुतमपि पुनः प्रश्नयति यत्।

अनिद्रं यच्चान्तः स्वपिति, तदहो वेद्म्यभिनवां,
प्रवृत्तोऽस्याः सेक्तुं हृदि मनसिजः प्रेमलतिकाम् ॥' इत्यादि ।

तथैव कविवाक् सालंकाराऽपि व्यङ्गयविशेषसङ्गेनैव प्रसाध्यते, अलंकार-विरहेऽपि तद्योगे चमत्कारानुभवात्, तत्सत्वेऽप्येतदभावे तदभावाच्च ।

उक्त विषयको ही दृष्टान्त द्वारा बतलाते हैं—मुख्येति । जिस प्रकार अनेकों भूषणोंसे भूषित होने पर भी लज्जा ही कुलाङ्गनाओंका मुख्य भूषण होती है, उसी प्रकार उपमादि अलंकारोंसे अलंकृत होने पर भी महाकवियोंकी वाणीका व्यङ्ग्यार्थ सम्बन्ध प्रयुक्त सुषमा ही मुख्य अलङ्कार है। अर्थात् जैसे विपुल सुवर्णादि भूषण वाली होने पर भी कुलवधू लज्जासे ही अधिक विभूषित होती है, क्योंकि लज्जाके अभावमें चोटीपर्यन्त आभरणोंसे अलंकृत होने पर भी वारवधू (वेश्या) लेशमात्र भी कुलीना स्त्री की छटाको नहीं पाती, वैसे ही कवियोंकी वाणी नाना अलङ्कारोंसे युक्त होने पर भी व्यङ्ग्यविशेषके सम्पर्कसे ही सुसज्जित होकर अलौकिक आह्लाद-जनक होती है, क्योंकि अलङ्कारोंके नहीं रहने पर भी व्यङ्ग्यके योगसें चमत्कारका अनुभव होता है, इसलिये व्यङ्ग्यार्थका सम्पर्क ही मुख्य चमत्काराधायक है ।

तदाह—

अनया सुप्रसिद्धोऽप्यर्थः किमपि कामनीयकमानीयते ।

व्यङ्गयसम्बन्धेन हि वर्णितचरत्वेन पुरातनोऽप्यर्थोऽभिनवीक्रियते । तदेत-द्वक्ष्यति चतुर्थोद्द्योते—'अतो ह्यन्यतमेनापि प्रकारेण विभूषिता । वाणी नवत्वमा-याति' इत्यादि ।

इस प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थके सम्पर्कजन्य सुषमासे अनेकों वार वर्णित होनेके कारण पुराना भी अर्थ नूतनकी तरह अत्यन्त रमणीय प्रतीत होने लगता है ।

उदाहरति—

तद्यथा—

'विस्रम्भोत्या मन्मथाज्ञाविधाने ये मुग्धाक्ष्याः केऽपि लीलाविलासाः ।
अक्षुण्णास्ते चेतसा केवलेन स्थित्वैकान्ते सन्ततं भावनीयाः ॥' इत्यत्र ।

मन्मथस्य त्रिभुवनैकच्छत्रराज्यशासनानुल्लङ्घनीयाज्ञस्य कामस्य, आज्ञाया 'भीह्रीपरिहारपुरस्सरं विह्रियताम्' इत्येवंरूपादेशस्य, विधानेऽनुष्ठाने, मुग्धाक्ष्या वाम-लोचनायाः, ये विस्रम्भात् परिचयमदनोद्रेकजन्यत्रपासाध्वसध्वंसलक्षणविश्वासाद्, उत्था उत्पन्नाः, अक्षुण्णाः प्रतिपलं नवनवीभावेनापरिचितचराः, केऽप्यपूर्वतयाऽप-रिच्छिन्नतया वाऽदिवंचनीयाः, लीलाविलासाः केलिविभ्रमविशेषाः समुल्लसन्तीति

शेषः। ते सहृदयैरेकान्ते रहसि, (न तु जनसमाजे, तत्र चित्तविक्षेपसम्भवात्) स्थित्वा, केवलेन निरुद्धवृत्त्यन्तरेण, चेतसा, सन्ततमनवरतं, भावनीयाः पुनः पुनरनुसन्धानलक्षणभावनागोचरीकरणीयाः, न त्वन्यथाऽवगन्तुं, योग्या इत्यर्थः।

अनुल्लङ्घनीय शासनवाले कामदेवके भय-लज्जा त्याग पूर्वक विहार करनेके आदेशके पालनमें सुन्दराङ्गी नायिकाके मदनोद्रेक जन्य लज्जा-भयके ध्वंसरूप विश्वाससे उत्पन्न जो कुछ विलक्षण ही एक अनिर्वचनीय प्रतिक्षण अक्षुण्ण नये नये हाव भाव होते हैं, उन (हाव भावों) का एकान्तमें बैठकर सहृदयोंको चाहिये कि अन्य विषयोंकी ओरसे मनको हटाकर अनन्य चित्तसे वार वार मनन करे।

अत्र केऽपीतिशब्देनाभिधीयमानोऽनिर्वचनीयरूपोऽर्थः प्रथममस्फुटतयाऽचमत्कारकोऽपि, पश्चादगणेयगुणगौरवप्रयुक्तभणनाक्षमत्वादिलक्षणरमणीयापरिमितव्यङ्ग्यसङ्गेनाद्भुतशोभाशाली विधीयत इत्याह—

केऽपीत्यनेन पदेन वाच्यमस्पष्टमभिदधता प्रतीयमानमक्लिष्टमनन्तमर्पयता का छाया नोपपादिता ?।

केऽपीत्यस्य पदत्वं वाचकत्वादारोपितम्।

उक्त उदाहरणमें वाच्यार्थको स्फुट रूप से न कहने वाले 'केऽपि' इस पदने अनन्त और अक्लिष्ट प्रतीयमान एक विलक्षण व्यङ्ग्यार्थ प्रतीति कराते हुए कौनसा सौन्दर्यको नहीं उत्पन्न कर दिया है, अर्थात् 'केऽपि' उस शब्दसे अभिधीयमान अनिर्वचनीयरूप अर्थ पहले स्पष्ट रूपसे चमत्कार जनक नहीं प्रतीत होने पर भी, पश्चात् अगणनीय गुण गौरव प्रयुक्त अवर्णनीय रूप रमणीय व्यङ्ग्यार्थके सम्पर्कसे अद्भुत शोभाशाली कर दिया गया है।

अथ काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्यरूपं गुणीभूतव्यङ्ग्यप्रकारं निरूपयति—

'अर्थान्तरगतिः काक्वा या चैषा परिदृश्यते।
सा व्यङ्ग्यस्य गुणीभावे प्रकारमिममाश्रिता॥ ९८॥

काकुः शोकक्रोधभयादिजनितध्वनिविकारः, तया तत्कृतहठाक्षेपेण, अर्थान्तरस्य; व्यङ्ग्यस्य, गतिः प्रतीतिश्च, या एषा परिदृश्यतेऽनुव्यवसीयते सा व्यङ्ग्यस्य गुणीभावेऽप्राधान्ये सति, इमं गुणीभूतव्यङ्ग्यरूपं काव्यस्यप्रकारमाश्रिता तदर्थविषयिणीत्यर्थः।

तथा च—'काकुः स्त्रियां विकारो यः शोकभीत्यादिभिर्ध्वनेः' इत्यमरः।

अब काक्वाक्षिप्त व्यङ्ग्य रूप गुणी भूत व्यङ्ग्यका उदाहरण प्रदर्शन पूर्वक लक्षण बतलाते हैं—अर्थान्तरेति। काकु (शोक-क्रोध-भयादि, जनित ध्वनि विकार)

द्वारा जो इस बिल्कुल भिन्न अर्थकी प्रतीति होती है, उसको व्यङ्ग्यके गौण होनेसे इसी गुणीभूत व्यङ्ग्यके अन्तर्गत समझना चाहिये।

तद्वृत्ति—

या चैषा काक्वा क्वचिदर्थान्तरप्रतीतिर्दृश्यते, सा व्यङ्ग्यस्यार्थस्य गुणो भावे सति, गुणीभूतव्यङ्ग्यलक्षणमिमं काव्यप्रभेदमाश्रयते।

केचित्तु—'अर्थान्तरगतिः' इत्यत्र बहुव्रीहिं मत्वा, काव्यप्रभेदपरमेव पदमिदं व्याचक्षते।

वृत्तिकार उक्तकारिकार्थ को ही स्फुट करते हैं—या चैषेति। कहीं काकु (बोलनेके विलक्षण ढङ्ग) से जो यह प्रसिद्ध वाच्यार्थसे बिलकुल भिन्न, अथवा उसी वाच्यार्थके वैशिष्ट्यसे अर्थान्तरमें परिणत विशेष या तदभाव रूप तीन प्रकार का अर्थ प्रतीत होता है, वह व्यङ्ग्यार्थके अप्राधान्य होने के कारण गुणीभूत व्यङ्ग्य नामक काव्य विशेषके अन्तर्गत गिना जाता है।

उदाहरति—

यथा—'स्वस्था भवन्ति ? मयि जीवति धार्तराष्ट्राः।'

वेणीसंहारप्रथमाङ्के—'स्वस्था भवन्तु कुरुराजसुताः सभृत्याः।' इतिसूत्रधारोक्तिमाकर्ण्य क्रुद्धेन भीमसेनोक्तस्य पद्यस्य चरमांशोऽयम्। पूर्वांशस्तु—

लाक्षागृहानलविषान्नसभाप्रवेशैः,
प्राणेषु वित्तनिचयेषु च नः प्रहृत्य।
आकृष्य पाण्डववधू-परिधानकेशात्' इति॥

मयि कौरवकुलधूमकेतौ प्रविज्ञाततन्निधने भीमसेने, जीवति, सति, न तु मृते, धार्तराष्ट्रा धृतराष्ट्रस्य सुता दुर्योधनादयः, स्वस्था निर्वृता भवन्ति, न कथमपि स्वस्था भवन्तीत्यर्थः।

अत्र विकृतप्रश्नकाकुस्वरविशिष्टः 'स्वस्था' इति, 'भवन्ति' इति, 'मयि जीवति' इति, धार्तराष्ट्राः' इति च शब्दो वाच्यार्थस्य सर्वथाऽसम्भावनीयतामनौचित्यं च सूचयति। तत्र वाच्योपकारकत्वेन व्यङ्ग्यं गुणीभूतम्, तद्विना तात्पर्यानुपपत्त्या वाच्यार्थबोधापर्यवसानादिति गुणीभूतव्यङ्ग्यतैवास्य काव्यस्य।

काकुरनुपपत्त्या व्यञ्जनासाहाय्येन वाच्योपपादकमर्थान्तरं समाक्षिपतीतिसारम्।

अत्रत्यमेव—'मथ्नामि कौरवशतं समरे न कोपाद्,
दुश्शासनस्य रुधिरं न पिबाम्युरस्तः।

सञ्चूर्णयामि गदया न सुयोधनोरू,
सन्धिं करोतु भवतां नृपतिः पणेन ॥' इति पद्यमप्युदाहरणम् ।

इदमिहावगन्तव्यम्—काकुध्वनि—काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्यरूपगुणीभूतव्यङ्ग्ययोर्वैलक्षण्यं न सम्भावनीयम् । यतो यत्र काकुव्यञ्जितार्थमन्तरेणापि । वाच्यार्थबोधे पर्यवसाने, प्रकरणादिपर्यालोचनया व्यङ्ग्यार्थबोधः, स काकुध्वनिः । यथा तत्रैव—

'तथाभूतां दृष्ट्वा नृपसदसि पाञ्चालतनयां,
वने व्याधैः सार्धं सुचिरमुषितं वल्कलधरैः ।
विराटस्यावासे स्थितमनुचितारम्भनिभृतं,
गुरुः खेदं खिन्ने मयि भजति नाद्यापि कुरुषु ॥'

इति पद्ये, 'कुरुषु गुरोः खेद उचितः । मयि तु नोचितः' इत्याकारेण नञ्काकुव्यङ्ग्येन विनाऽपि बाधाभावाद् वाच्यार्थप्रतीतिः सम्पद्यते । यत्र पुनः काकुबोधितव्यङ्ग्यादृते बाधितो वाच्यार्थ एव न बुध्यत इत्यनुपपत्योपपादकमर्थान्तरं काक्वा हठादाक्षिप्यते, तद्गुणीभूतव्यङ्ग्य काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्यं नाम । यथा 'स्वस्था भवन्ति' इत्यादौ । इत्थञ्च तयोर्वैलक्षण्यं व्यक्तमेव । अत एव हठाकृष्टार्थकाक्षिप्तपदसन्निवेशोऽपि सफलः ।

काक्वाक्षिप्त गुणीभूत व्यङ्ग्यका उदाहरण निम्न प्रकार हैं—यथेति । जैसे वेणीसंहारमें 'स्वस्था भवन्तु कुरुराजसुताः सभृत्याः' इस प्रकार सूत्रधारोक्तिको सुनकर क्रुद्ध होकर भीमसेन कहते हैं—स्वस्था भवन्ति इत्यादि । श्लोकका भावार्थ यह है कि लाक्षागृहमें अग्नि लगाकर, विषयुक्त अन्न खिलाकर द्यूत द्वारा हमारे प्राणों और धन सम्पत्तियों पर क्षति पहुँचाकर और गुरु जनोंके सामने ही भरी सभामें पाण्डवोंकी पत्नी द्रौपदीके वस्त्र खींचनेकी दुश्चेष्टा करके भी कौरव कुलके धूमकेतु रूप मुझ भीमसेनके जीते रहने पर भी धृतराष्ट्रके पुत्र दुर्योधनादि निश्चिन्त होकर पूर्ण प्रसन्न रहें ?

यहाँ पर विकृत प्रश्नका कुस्वर युक्त—'स्वस्थाः' 'भवन्ति' 'मयि जीवति' ये पद पूर्वोक्त अर्थका असम्भव सूचित करते हैं, अर्थात् दृढ़-प्रतिज्ञ भीमसेनके जीते जी कौरव किसी भी तरह स्वस्थ नहीं रह सकते, यह अर्थ काकुसे अभिव्यक्त होता है ।

तस्यैवोदाहरणान्तरमाचष्टे—

यथा वा—

दुष्टदुश्चरितया जनसमाज एव प्रतिवेशिन्योपहस्यमाना पुंश्चली तां प्रत्युपहसन्ती

व्याहरति—

'अम असइओ ओरम पइव्वए ! ण तुए मलिणिअँ सीलम् ।
किं उण जणस्स जाअ व्व चन्दिलं तं ण कामेमो ॥
'भवामोऽसत्य उपरम पतिव्रते ! न त्वया मलिनितं शीलम् ।
किं पुनर्जनस्य जायेव नापितं तं न कामयामहे ॥' इति च्छाया ।

अयि पतिव्रते ! अपांसुले ! वयम्, असत्यो व्यभिचारिण्यो भवामः स्मः, उपरम त्वं गर्हणान्निवर्तस्व तूष्णीं भवेति यावत् । त्वया शीलं सुचरितं न मलिनितं नैव कलङ्कितम् । किं पुनः किन्त्वसतीभावेऽपि, जनस्यान्यपुरुषस्य (त्वत्पतेः) जायेव पत्नीव (त्वमिव) तं पामरत्वेन प्रसिद्धं नापितं क्षुरोपजीवितयाऽधमं, न कामयामहे न स्पृहयाम इत्यर्थः ।

स्वयं नीचतरनापितेऽनुरक्ताऽपि मां किमाक्षिपसि ? अहन्तु कुलटाऽपि कमपि पुरुषरत्नमेव स्पृहयामीति भावः ।

इह—'भवामोऽसत्यः इत्यभ्युपगमकाकुः 'तेन का हानिः ?' किं च त्वयाऽत्र प्रतिविधेयम् ?' 'का वा नोऽत्र भीतिः ?' इत्याद्यनन्तमर्थं स्वार्थोपपादकतया गुणीभूतं व्यनक्तीति गुणीभूतव्यङ्ग्यता । एवम् 'उपरम' इति सूचनगर्भा, 'पतिव्रते ?' इति दीप्ता, 'न त्वया मलिनितं शीलम्' इति सगद्गदाकाङ्क्षा, 'किं पुनः' इत्यादि-निराकाङ्क्षगद्गदोपहासगर्भा च काकुरविनयातिशयप्रभृतीनर्थान् सूचयति ।

अब काक्वाक्षिप्त गुणीभूत व्यङ्ग्यका ही दूसरा उदाहरण बतलाते हैं-यथावेति। अच्छा बहुत ठीक है, हम असती (व्यभिचारिणी) हैं और महारानी (आप) पतिव्रता, पर हे पतिव्रते ! आप चुप रहिये, आपने तो अपना चरित्र भी भ्रष्ट नहीं किया है लेकिन हम साधारण (क्षुद्र) जनकी स्त्रीके समान उस अधम कर्मजीवी नापित (नाई) की कामना नहीं करती हैं। यहां आप स्वयं अधम (नीच) नापित पर आसक्त होकर भी हमारे ऊपर आक्षेप करती हैं (चार चांद लगाती हैं) इत्यादि अनेक व्यङ्ग्यार्थ उक्त पदोंसे काकु द्वारा प्रतीत होते हैं, इसलिये यह काक्वा-क्षिप्त गुणीभूतव्यङ्ग्यका उदाहरण समझना चाहिये ।

नन्वेवं काकोरेव व्यापारेषु प्राधान्यं नाभिधाया इत्यत आह—

शब्दशक्तिरेव हि स्वाभिधेयसामर्थ्याक्षिप्तकाकुसहाया सत्यर्थविशेष-प्रतिपत्तिहेतुर्न काकुमात्रम् ।

शब्दशक्तिरभिधैव स्वाभिधेयसामर्थ्येन स्वत्र वाच्यान्यथाऽनुपपत्त्याऽऽक्षिप्ता कल्पिता

काकुरेव, सहाया सहकारिणी यस्यास्तादृशी, सती, अर्थविशेषस्य तादृशव्यङ्ग्यस्य प्रतिपत्तेरवगमस्य हेतुः, न तु काकुमात्रम्, केवलं काकुर्नेत्यर्थः।

काकुस्वरसाहाय्येनाभिधैवार्थव्यञ्जनाबोध्यार्थबोधे निमित्तं काकुस्तु सहकारिणीति नैव मुख्यत्वं तस्या इत्यभिसन्धिः।

उक्त रीतिसे काकुका ही व्यापारमें प्राधान्य है, अभिधाका नहीं? इस आक्षेप का समाधान करते हैं—शब्दशक्तिरिति। शब्दकी अभिधा शक्ति ही अपने वाच्यार्थ की अन्यथाऽनुपपत्तिद्वारा आक्षिप्त काकुकी सहायतासे व्यङ्ग्यार्थ विशेषकी प्रतीति का कारण होती है, केवल काकुमात्र नहीं, अर्थात् काकु स्वरकी सहायतासे अभिधा ही वाच्यवृत्ति व्यञ्जनाबोध्य व्यङ्ग्यार्थ प्रतीतिमें निमित्त है, काकु तो केवल सहकारिणी है, इसलिये काकुकी मुख्यता नहीं है।

कुत इति शङ्कायां वदति—

विषयान्तरे स्वेच्छाकृतात् काकुमात्रात् तथाविधार्थप्र तपत्त्यसंभवात्।

विषयान्तरेऽभिधाशून्यशब्दे। स्वेच्छाकृताद् यादृच्छिकात्।

इदमाकूतम्—यतो वाचकशब्दवृत्तिरेव काकुर्व्यङ्ग्यमर्थं बोधयितुं समर्था, ततस्तदर्थप्रत्यायनेऽभिधैव प्रधानं कारण काकुस्तु सहकारिण्येव। यदि काकोरेव प्राधान्यं स्यात्, तदाऽवाचकशब्दनिष्ठाऽपि काकुस्तमर्थं बोधयेदेव। न च केवला सा बोधयितुं प्रभवति, तस्मात्तस्यास्तत्र सहकारितामात्रं, न तु प्रधानकारणता।

क्योंकि अभिधा शून्य शब्द स्थलोंमें स्वेच्छाकृत काकुमात्रसे उस प्रकारके व्यङ्ग्यार्थविशेषकी प्रतीतिका सम्भव नहीं है, अर्थात् वाचक शब्दमें रहनेवाली ही काकु व्यङ्ग्यार्थको बोधनमें समर्थ होती है, इसलिये अभिधा ही तदर्थ बोधनमें प्रधान कारण है, काकु तो सहकारि कारण ही है, यदि काकु ही प्रधान कारण होती तो उक्त रीतिसे अवाचक शब्दवृत्ति भी काकुतदर्थका बोध करा देती, परन्तु केवल वह बोध करानेमें समर्थ नहीं होती है अतः उसकी सहकारिता मात्र ही है, प्रधान कारणता नहीं है।

नन्वेवं सोऽर्थो वाच्य एव स्याद, अभिधयैव बोधितत्वादित्याक्षेपं समाधत्ते—

स चार्थः काकुविशेषसहायशब्दव्यापारोपारूढोऽप्यर्थसामर्थ्यलभ्य इति व्यङ्ग्यरूप इति।

स काकुप्रतीयमानोऽर्थस्तु काकुविशेषः साकाङ्क्षादिकाकुरूपशब्दवृत्तिधर्मविशेषः सहायो बोधने सहकारी यस्य तादृशो यश्शब्दस्य व्यापारोऽभिधालक्षणः, तेनोपारूढोऽपि प्रतीतिगोचरीकृतोऽपि, अर्थसामर्थ्यलभ्य आर्थव्यञ्जनाबोध्य इति हेतोर्व्यङ्ग्यरूप एव, न तु वाच्य इत्यर्थः।

काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्यस्य बोधनाय यद्यप्यभिधाऽपि किञ्चित् प्रसरत्येव, किन्तु प्रसरन्त्यपि सा प्रतीयमानं न स्प्रष्टुमर्हति, तदभिमर्शार्थमार्थव्यञ्जनामेवानुसरतीति तदर्थस्य न वाच्यत्वमित्यभिप्रायः।

ऐसी दशामें अभिधासे ही बोधित होनेसे वह अर्थ, वाच्य ही हो जायगा व्यङ्ग्य नहीं होगा, इस आक्षेपका समाधान करते हैं—स चार्थ इति। काकुसे प्रतीयमान वह अर्थ साकांक्ष शब्दवृत्ति काकुरूप धर्म विशेषकी सहायतासे अभिधात्मक शब्दव्यापार द्वारा प्रतीति विषय होने पर भी अर्थवृत्ति व्यञ्जनात्मक सामर्थ्यसे लभ्य होनेके कारण व्यङ्ग्यरूप ही होता है, वाच्यरूप नहीं होता। अर्थात् काक्वाक्षिप्त व्यङ्ग्यके बोधनार्थ यद्यपि उक्त रीतिसे अभिधाका भी कुछ संचार होता है, तथापि वह प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थका स्पर्श तक भी स्वयं नहीं कर सकती, क्योंकि व्यङ्ग्यार्थभानके लिये तो उसको भी व्यञ्जनाका ही अनुसरण करना पड़ता है, इसलिये काक्वाक्षिप्त अर्थ वाच्य नहीं हो सकता है।

तादृशप्रतीयमानस्य गुणीभावमुपपादयति—

वाचकत्वानुगमेनैव तु यदा तद्विशिष्टा वाच्यप्रतीतिः, तदा गुणीभूतव्यङ्ग्यतया, तथाविधार्थद्योतिनः काव्यस्य व्यपदेशः। व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्याभिधायिनो हि गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वम्।

वाचकत्वेऽनुगमोऽभिधां प्रति गुणीभावोऽभिधानुसरणं वा व्यञ्जनायाः, तेनैव यदा तद्विशिष्टा व्यङ्ग्योपस्कृता वाच्यार्थस्य प्रतीतिर्भवति, तदा तथाविधार्थद्योतिनो वाच्यविशेषणतया गुणीभूतं व्यङ्ग्यं प्रकाशयतः काव्यस्य, गुणीभूतव्यङ्ग्यतया व्यपदेशो भवति। यतस्तत्काव्यं व्यङ्ग्यविशिष्टमेव वाच्यमभिधत्ते, तस्मात्तस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमुचितमेवेत्यर्थः।

वाच्यार्थविशेषणीभावाद् व्यङ्ग्यस्य गुणीभावः, तादृशव्यङ्ग्यप्रकाशकत्वाच्च काव्यस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमिति सारम्।

'व्यङ्ग्यस्य' इत्यसमस्तपाठोऽनुचितः, अर्थासङ्गतेः।

इदं पुनरत्रावगन्तव्यम्—गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्यस्याष्टसु प्रधानप्रकारेषु त्रय एवात्र निरूपिताः। तथा हि अपराङ्गव्यङ्ग्यं यथा रसवदलङ्कारे—'अयं स रशनोत्कर्षी' इत्यादौ। वाच्यसिद्ध्यङ्गव्यङ्ग्यं यथा—'संकेतकालमनसम्' इत्यादौ। काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्यं—'स्वस्था भवन्ति' इत्यादौ। पञ्चानां पुनर्निरूपणमवशिष्टमेवेति क्रमेणेह विधीयते। तत्र—

अगूढमविदग्धैरपि वेद्यं व्यङ्ग्यं यत्र, तदगूढव्यङ्ग्यं यथा—

'श्रीपरिचयाज्जडा अपि भवन्त्यभिज्ञा विदग्धचरितानाम् ।
उपदिशति कामिनीनां यौवनमद एव ललितानि ॥' इत्यदः ।

इहोपदिशतेव्यङ्ग्यस्य प्रकाशनरूपस्य वाच्यायमानतयाऽगूढत्वम् ।

अस्फुट सहृदयैरप्यज्ञेयं व्यङ्ग्यं यत्र, तदस्फुटव्यङ्ग्यम्, यथा—

अदृष्टे दर्शनोत्कण्ठा दृष्टे विच्छेदभीरुता ।
नादृष्टेन न दृष्टेन भवता लभ्यते सुखम् ॥' इति ।

अत्रादर्शनं वियोगभयं च भवता परिहरणीयमिति व्यङ्ग्यमतिगूढम् ।

सन्दिग्धं वाच्यव्यङ्ग्ययोश्चमत्कारित्वे सन्देहविषयीभूतं प्राधान्यं यस्य, तादृशं व्यङ्ग्यं यत्र तत् सन्दिग्धप्राधान्यम्, यथा—

'हरस्तु किञ्चित् परिलुप्तधैर्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः ।
उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोचनानि ॥' इति ।

इह विलोचनत्रययुगपद्व्यापारणरूपवाच्यस्य, चुचुम्बिषालक्षणव्यङ्ग्यस्य वा प्राधान्यमिति सन्दिग्धम् (वाच्येन) तुल्यं प्राधान्यं यस्य तथाभूतं व्यङ्ग्यं यत्र तत् तुल्यप्राधान्यव्यङ्ग्यम्, यथा—

'ब्राह्मणातिक्रमत्यागो भवतामेव भूतये !
जामदग्न्यश्च वो मित्रमन्यथा दुर्मनायते ॥'

अत्र विमनायितः परशुरामः क्षत्रियक्षयमिव रक्षःकुलक्षयमपि करिष्यतीति दण्डलक्षणस्य व्यङ्ग्यस्य, भूत्युपदेशमित्रत्वोपादानरूपसामलक्षणस्य वाच्यस्य च तुल्यमेव प्राधान्यम् । असुन्दरं वाच्यापेक्षयाऽचमत्कारकं व्यङ्ग्यं यत्र तदसुन्दर-व्यङ्ग्यम्, यथा—

'वाणीरकुडङ्ग-' इत्यादि ।

अत्र व्यङ्ग्यमसुन्दरमिति प्रागेव प्रतिपादितम् ।

उस प्रकारके प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थका गौणत्व बतलाते हैं—वाचकत्वेति । जब अभिधाकी अनुगामिनी होकर ही व्यञ्जनासे उस आक्षिप्त व्यङ्ग्यार्थ विशिष्ट वाच्यार्थकी प्रतीति होती है तब तादृश व्यङ्ग्यार्थ विशिष्ट वाच्यार्थके प्रकाशक काव्यमें गुणीभूत व्यङ्ग्यत्व रूपसे व्यवहार होता है, अर्थात् अभिधानुगामिनी व्यञ्जनासे जब व्यङ्ग्योपस्कृत वाच्यकी प्रतीति होती है, तब वाच्यके विशेषण रूपसे प्रतीयमान व्यङ्ग्यके प्रकाशक काव्यका गुणीभूत व्यङ्ग्यतया व्यपदेश होता है, क्योंकि

वह काव्य व्यङ्ग्य विशिष्ट ही वाच्यका प्रतिपादन करता है, इसलिये उसका गुणीभूत व्यङ्ग्य होना उचित ही है। सारांश यह है कि वाच्यार्थके विशेषण होनेसे व्यङ्ग्य गौण हो जाता है और तादृश व्यङ्ग्यके प्रकाशक होनेसे काव्य गुणीभूत व्यङ्ग्य पदसे व्यवहृत होता है। एक बात ध्यानमें रखनी चाहिये कि गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्यके आठों प्रधान प्रकारोंमें तीन प्रकारोंका ही इसमें निरूपण किया है, जैसे–अपराङ्ग व्यङ्ग्यका—अयं स रशनोत्कर्षी–इत्यादि रसवत् अलङ्कारमें, वाच्यसिद्ध्यङ्ग व्यङ्ग्यका-'संकेतकालमनसम्–' इत्यादिमें, बाकी पांचोंका निरूपण अवशिष्ट ही है, इसलिये उन सबके लक्षण एवं उदाहरण दीधितिमें देख लेने चाहिये—

ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोः सङ्कीर्णं विषयं विभजते—

'प्रभेदस्यास्य विषयो यश्च युक्त्या प्रतीयते।
विधातव्या सहृदयैर्न तत्र ध्वनियोजना॥ ९६॥'

युक्त्या–औचित्येन चमत्कृतप्रतीतितारतम्येन, यश्च, अस्य प्रभेदस्य गुणीभूत–व्यङ्ग्यप्रकारस्य विषयो लक्ष्यं प्रतीयते। तत्र विषये, सहृदयैर्ध्वनिमात्राभिनिवेशेन ध्वनेर्योजना न विधातव्येत्यर्थः।

ध्वनिपक्षपातातिशयेन संगतिमतिक्रम्य गुणीभूतव्यङ्ग्यमपि सहृदयैर्ध्वनित्वेन न व्यपदेश्यम, अपि तु संगतिरालोचनीया। सा तु व्यङ्ग्यस्य वाच्यातिशयित्वे ध्वनित्वम्, तदनतिशायित्वे तु गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमित्येवंरूपाऽसकृत् कथितैव। तामनुसरद्भिरेव व्यवस्था विधेया, न तु ध्वनिपक्षपातेनेत्याशयः।

अब ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यके संकीर्ण विषयका विभाग करते हैं—प्रभेदस्येति। जो काव्य युक्तिपूर्ण चमत्कार जनक प्रतीतिके तारतम्यसे इस गुणीभूत व्यङ्ग्य प्रकारका विषय प्रतीत (लक्षित) होता है, उसके विषयमें सहृदय विद्वानोंको ध्वनिके प्रति विशेष पक्षपातसे ध्वनिकी योजना नहीं करनी चाहिये, अर्थात् ध्वनिके प्रति अतिशय अनुराग होनेसे सङ्गतिका उल्लंघन कर गुणीभूत व्यङ्ग्यको भी ध्वनि पदसे व्यवहृत नहीं करना चाहिये, अपितु व्यङ्ग्यके वाच्यसे उत्कृष्ट होने पर ध्वनि, अन्यथा गुणीभूत व्यङ्ग्य, इस सङ्गतिका पूरा विचार करना चाहिये और तदनुसार ही दोनोंकी व्यवस्था करना उचित है, न कि ध्वनिके पक्षपातसे।

तदभिदधाति—

सङ्कीर्णो हि कश्चिद् ध्वनेर्गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य च लक्ष्ये दृश्यते मार्गः। तत्र—यत्र यस्य युक्तिसहायता, तत्र तेन व्यपदेशः कार्यः। न सर्वत्र ध्वनिरागिणा भवितव्यम्।

मार्गो विषयः । अन्यत् स्फुटम् ।

वृत्तिकार उक्ताशयको ही स्फुट करते हैं—संकीर्णं इति । यद्यपि ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यका संकीर्ण विषय भी किन्हीं उदाहरणोंमें देखा जाता है, तथापि उनमें जिस पक्षका तर्कसे समर्थन प्राप्त हो, अर्थात् जो पक्ष युक्तिसंगत मालूम पड़ता हो, उसीके अनुसार ध्वनि वा गुणीभूत व्यङ्ग्यका व्यवहार करना चाहिये, सभी जगह ध्वनिका ही अनुरागी होना उचित नहीं, अर्थात् विना युक्तिके ध्वनिसे प्रभावित होकर गुणीभूत व्यङ्ग्यको भी ध्वनि ही नहीं कहना चाहिये ।

तमेव सङ्कीर्णं विषयमुदाहरति—

यथा—

विवाहाय प्रसाध्यमानां पार्वतीं वर्णयति—

'पत्युश्शिरश्चन्द्रकलामनेन स्पृशेति सख्या परिहासपूर्णम् ।
सा रञ्जयित्वा चरणौ कृताशीर्माल्येन तां निर्वचनं जघान ॥'

कुमारसम्भवे सप्तमसर्गे पद्यमिदम् । सख्या कर्त्र्या, चरणौ रञ्जयित्वा सालक्तकौ कृत्वा, अनेन मद्रञ्जितचरणेन, पत्युश्चन्द्रशेखरस्य चन्द्रकलां मस्तकेन्दुलेखां मानापनयनावसरे सुरतविशेषविधानसमये वा त्वं स्पृश—आमृश ताडय वा, इति परिहासपूर्वं सपरिहासं कृताशीर्दत्ताशीर्वादा, सा पार्वती, माल्येन स्वकण्ठान्निष्कासितया स्रजा, तां तथाऽभिधायिनीं सखीं, निर्वचनं तूष्णीं यथा स्यात्तथा त्रपया किञ्चिदनुक्त्वैव, परिहासाज्जातेर्ष्या वा, जघान ताडयामासेत्यर्थः ।

इह चन्द्रकलायाः स्त्रीत्वेन पतिशिरस्समारूढायाः सपत्नीभावेन चरणेन स्पर्शनं ताडनं वोचितमेव । रञ्जने चरणद्वयस्य योगेऽपि, ताडन एकचरणस्यैवौचित्याद् योग इत्येकवचनं प्रतिकूलमिति बोध्यम् । व्यङ्ग्यनिर्देशस्त्वनुपदं करिष्यते ।

उसी संकीर्ण विषयका उदाहरण बतलाते हैं—यथेति । जैसे—विवाहके लिये सखी द्वारा प्रसाधित की जाती हुई पार्वतीका कवि वर्णन करता है—सखीने पार्वतीके चरणोंको लाक्षारागसे रञ्जित कर आशीर्वाद दिया कि मेरे द्वारा रञ्जित इस चरणसे, सुरतकालीन किसी आसन विशेषमें या सौत होनेके कारण शिवरूप निज पतिके ललाट पर विराजमान चन्द्रकलाका स्पर्श या ताडन करना, इस तरह सखी द्वारा परिहासपूर्वक प्राप्त आशीर्वाद पार्वतीने लज्जावश विना कुछ बोले ही उस सखीको मालासे मारा । यहाँ व्यङ्ग्यका निर्देश अभी आगे करेंगे ।

द्वितीयमुदाहरणमाह—

यथा—

अर्जुनतपोभङ्गायोपगतास्वप्सरस्सु कामपि वर्णयति—

'प्रयच्छतोच्चैः कुसुमानि मानिना विपक्षगोत्रं दयितेन लम्भिता ।
न किञ्चिदूचे चरणेन केवलं लिलेख वाष्पाकुललोचना भुवम् ॥' इति ।

किरातार्जुनीयाष्टमसर्गघटकोऽयं श्लोकः । उच्चैरूर्ध्वं स्थितानि (यानि स्वयं त्वया ग्रहीतुमशक्यान्यत एव याचितानि) कुसुमानि, प्रयच्छता वितरता, दयितेन वल्लभेन, विपक्षगोत्रं सपत्नीनामधेयं लम्भिता प्रापिता तन्नाम्नाऽऽहूतेति यावत्, मानिनीर्ष्यावती सती न किञ्चिदूचे किमपि नावोचत्, तूष्णीं तस्थाविति यावत्, किन्तु तदीर्ष्यया । वाष्पाकुललोचनाऽश्रुपूर्णनयना, केवल पदा चरणेन भुवं लिलेख विभेदेत्यर्थः ।

तथा च—'गोत्रं नाम्न्यचले कुले' इति विश्वः ।

उसीका दूसरा उदाहरण बतलाते हैं—यथा इति । अर्जुनके तपोभंगके लिये आई हुई अप्सराओंमें किसी अप्सरा विशेषका कवि वर्णन करता है—उस अप्सरा विशेषके पहुँचसे अधिक ऊँचे देशमें लगे हुए पुष्पोंके रहनेसे स्वयं नहीं पा सकनेके कारण अप्सरा द्वारा याचित पुष्पोंको तोड़कर देते हुए नायक द्वारा भ्रमवश सपत्नी (सौत) के नामसे आहूत (संबोधित) होने पर वह मानिनी अप्सरा ईर्ष्यासे कुछ नहीं बोलकर केवल आखोंसे आंसू बहाती हुई पैरसे जमीनको कुरेदने लगी ।

श्लोकयुगलोपादानं सहैव संगमयति—

अत्र 'निर्वचनं जघान' 'न किञ्चिदूचे' इति प्रतिषेधमुखेन व्यङ्ग्यस्यार्थस्योक्त्या किञ्चिद्विषयीकृतत्वात् गुणीभाव एव शोभते ।

प्रथमश्लोके 'निर्वचनं जघान' इत्यनेन लज्जाऽवहित्थाजन्येर्ष्यासौभाग्याभिमानादिव्यज्यमानमपि 'निर्वचनम्'इत्युक्त्या वचननिषेधबोधनद्वाराऽभिहितायाःकुमारीजनोचिताप्रतिपत्तेरुपकारकतयाऽङ्ग भवतीति गुणभूतमेव । लज्जाऽऽदिभिरप्रतिपत्तिः तथा च तूष्णीम्भावो जन्यते कुमारीजनेष्वित्युपकार्योपकारकभावो नापह्नुतः ।

द्वितीयश्लोकेऽपि—'न किञ्चिदूचे' इत्यनेन प्रणयसत्करणप्रसरेऽयं तामेव स्मरतीति मानप्रकाशनमेवात्रोचितमिति प्रणयकोपप्रकर्षो व्यज्यमानोऽपि कथनाभावरूपं वाच्यमेवोपपादयन्नङ्गीभवतीति गुणीभावमभ्युपैति । मन्युरेव हि वाचंयम्यताय मूलमितीहापि पूर्ववदङ्गत्वं नासङ्गतम् ।

इहोक्त्या व्यङ्ग्यस्य किञ्चिदेव विषयीकरणमिति व्यङ्ग्यत्वं सर्वथा ततो नापसरति । अन्यथा वाच्यत्वमेवापतेदित्याकलनीयम् ।

उक्त दोनों श्लोकोंका एक साथ ही संगमन करते हैं—अत्रेति। यहाँ प्रथम श्लोकमें 'निर्वचनं जघान' बिना कुछ बोले ही मारा, इससे लज्जा, अवहित्था, हर्ष, ईर्ष्या, सौभाग्य, गर्व आदि व्यङ्ग्यार्थके अभिव्यञ्जित होने पर भी 'निर्वचनं' इस कथनसे वचन निषेध बोधन द्वारा अभिधीयमान कुमारी जनोचित मुग्धापनके पोषक होनेसे गौणत्व हो जानेके कारण गुणीभूत व्यङ्ग्यता ही प्रतीत होती है, एवं दूसरे श्लोकमें 'न किञ्चिदूचे'। कुछ नहीं कहा, इससे प्रतिषेधसे सातिशय मन्यु-संभार रूप प्रणयकोपात्मक व्यङ्ग्यार्थके अभिव्यञ्जित होने पर भी मन्युके ही मौनके कारण होनेसे वचनाभाव रूप वाच्यके उपपादक होनेके कारण उक्त व्यङ्ग्य ही किसी अंशमें अभिधाका विषय हो गया है, इसलिए गौणरूपसे ही प्रतीत होता है।

ध्वनिविषयं पृथक्कुर्वन् निगमयति—

तस्माद् यत्रोक्तिं विना व्यङ्ग्योऽर्थस्तात्पर्येण प्रकाशते, तत्र तस्य, प्राधान्यम्: यथा—'एवंवादिनि देवर्षौ' इत्यादौ। इह पुनरुक्तिभङ्ग्या-ऽस्ति वाच्यस्यापि प्राधान्यम्। तस्मान्नात्रानुरणनरूपव्यङ्ग्यध्वनिव्यप-देशो विधेयः।

उक्तिं स्ववाचकशब्दनिर्देशं विना। तात्पर्येण व्यञ्जनया।

'एवंवादिनि' इत्यादौ लज्जाऽऽदिपदाभावे मुखनमनाद्यनुभावाभिव्यज्यमाना लज्जा प्राधान्यं श्रयन्ती ध्वनित्वव्यपदेशहेतुः। 'पत्युः' इत्यादौ 'प्रयच्छता' इत्यादौ च 'निर्वचनम्' 'न किञ्चिदूचे' इत्युक्तिभङ्गया दर्शितदिशा स्पृश्यमानत्वाद् व्यङ्ग्यस्य प्राधान्यम्, किन्तु गुणीभावाद् गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमेव।

'अपिशब्दो भिन्नक्रमः प्राधान्यमित्यनेनान्वेति। तेन वाच्यस्य प्राधान्यमपी-त्यर्थः। अपिना रसापेक्षयाऽऽप्राधान्यं सूच्यते। इत्थञ्च संलक्ष्यक्रमविचार एवात्र ध्वनित्वाभावः। असंलक्ष्यक्रमविचारे तु तत्त्वक्षतमेव। अत एव ध्वनेरनुरणनेत्यादि विशेषणं संगच्छते' इत्येके।

परे तु—'अपिशब्दस्य यथाश्रुतस्थानस्थत्वेऽपि, वाच्यस्यापि प्राधान्यमित्यु-क्त्याऽसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्यापि प्राधान्यमायातमेवेति विफला भिन्नक्रमत्वाङ्गीकृतिः' इति वदन्ति।

गुणीभूत व्यङ्ग्यसे ध्वनि विषयका पार्थक्य बतलाते हैं—तस्मादिति। इसलिये जहां स्ववाचक शब्दके विना तात्पर्य रूप-व्यञ्जनासे ही व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति होती है, वहां उस (व्यङ्ग्यार्थ) का प्राधान्य होता है, जैसे-'एवं वादिनि देवर्षौ—' इत्यादि स्थलमें लज्जादि वाचक पदके नहीं रहने पर मुखनमनादि अनुभावसे

अभिव्यज्यमान लज्जा प्रधान रूपसे प्रतीत होती हुई ध्वनि व्यवहारके निमित्त होती है। 'पत्युः शिरश्चन्द्रकलाम्–' 'प्रयच्छतोच्चैः' इत्यादि दोनों स्थलोंमें तो 'निर्वचनम्' और 'न किञ्चिदूचे' इस कथनकी शैलीसे उक्त व्यङ्ग्योंकी वाच्यवत् प्रतीति हो रही है, इसलिये वाच्यका भी प्राधान्य है, अतः इन दोनोंमें संलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य ध्वनिका व्यवहार करना ठीक नहीं है, अर्थात् ये दोनों गुणीभूत व्यङ्ग्यके ही उदाहरण हैं, संलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य ध्वनिके उदाहरण नहीं हैं।

असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्याभिप्रायेण गुणीभूतव्यङ्ग्येऽप्यत्र ध्वनित्वमस्त्येवेत्याह—

'प्रकारोऽयं गुणीभूत–व्यङ्ग्योऽपि ध्वनिरूपताम्।
धत्ते रसादितात्पर्य–पर्यालोचनया पुनः॥ १७॥'

अयं गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि काव्यस्य प्रकारो रसादीनामसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यानां तात्पर्यपर्यालोचनया व्यञ्जनापेक्षया पुनर्ध्वनिरूपतां धत्ते, ध्वनिर्भवतीत्यर्थः।

संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यापेक्षया गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि रसादिव्यङ्ग्यापेक्षया ध्वनिरेव भवति, रसादीनां सर्वतः प्राधान्यस्य नैसर्गिकचमत्कारोत्कर्षवत्त्वेन प्ररूढत्वादिति तात्पर्यम्।

गुणीभूत व्यङ्ग्यमें भी असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यके अभिप्रायसे ध्वनिका ही व्यवहार होता है, यह बतलाते हैं—प्रकारोऽयमिति। गुणीभूत व्यङ्ग्य नामक काव्य विशेष भी रसादिके तात्पर्यसे विचार करनेसे ध्वनि रूपताको धारण करता है अर्थात् संलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्यका गुणीभूत होने पर भी रसादिके प्रधानतया विवक्षित होनेसे वह ध्वनिरूपमें ही परिगणित होता है, क्योंकि रसादिके सर्व प्राधान्य होने पर सबकी अपेक्षा उस (रसादि) में अधिक चमत्काराधायकता स्वभावतः सिद्ध है।

तन्निगदति—

गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि काव्यप्रकारो रसादितात्पर्यपर्यालोचनेन पुनर्ध्वनिरेव सम्पद्यते।

वृत्तिकार उसीको स्फुट करते हैं—गुणीभूत इति। गुणीभूत व्यङ्ग्य नामक काव्य विशेष भी रसादिके तात्पर्यसे विवक्षित होने पर ध्वनि रूप ही हो जाता है।

उदाहरति—

यथा—अत्रैवोदाहृतेऽनन्तरश्लोकद्वये।

'पत्युः' इत्यादौ 'प्रयच्छता' इत्यादौ च। उभयत्र रसप्राधान्यापेक्षया ध्वनित्वमस्त्येवेति विभावनीयम्।

जैसे—अनन्तर उदाहृत—'पत्युः शिरश्चन्द्रकला—' 'प्रयच्छता—'इन दोनों उदाहरणों में पूर्वोक्त रीतिसे गुणीभूत व्यङ्ग्यत्वके उपपादन कर चुकने पर भी श्रृङ्गार रसके प्रधानतया तात्पर्य विषयीभूत होने पर ध्वनि काव्यत्वका ही व्यवहार होता है।

पुनरुदाहरति—

यथा—

मानिनीं राधामनुनयन्तं श्रीकृष्णं प्रति तदुक्ति पल्लवयन् कविः, कमप्याशिषा संवर्धयति—

'दुराराधा राधा सुभग! यदनेनापि मृजत-
स्तवैतत्-प्राणेशाजघनवसनेनाश्रु पतितम्।
कठोरं स्त्रीचेतस्तदलमुपचारैर्विरम हे!
क्रियाम् कल्याणं वो हरिरनुनयेष्वेव मुदितः॥

'हे सुभग! सुन्दर! कृष्ण' यद्—अनेन प्रत्यक्षीभूतेन प्राणेशाया मदन्यप्रियतमायाः जघनवसनेन परिधानीयपटेन भ्रमादानीतेन, एतत् पतितं ममाश्रु मृजतः प्रोञ्छतस्तव, राधा सौन्दर्यसौभाग्याद्यभिमानवती वृषभानुसुताऽहं दुराराधा दुःखेनाराद्धुं योग्या प्रसादयितुमनर्हेति यावत्। यतः स्त्रीचेतो योषितां हृदयं कठोरं कर्कशं परिभवेनोद्दीपितं सदनुनयासहिष्णु भवति। तत् ततः उपचारैर्दाक्षिण्यप्रयुक्तकृतकानुकूलाचरणैस्ते, अलं न किमपि फलं भविष्यतीति शेषः। अतो विरम उपचारकरणान्निवृत्तो भव' एवमित्थम्, अनुनयेषु प्रसादनेषु विधीयमानेषु उदितो राधयोक्तो, हरिः कृष्णो वो युष्माकं कल्याणं क्रियादित्यर्थः।

'मृज्' धातोः शत्रन्तात् 'क्ङित्यजादौ वेष्यते' इति वार्तिकेन वृद्धिविकल्पविधानेन 'मृजतः' इति सिध्यति।

अत्र हि सुभगत्वेन कान्ताभिः क्षणमपि विहातुमशक्यत्वं बहुवल्लभत्वलभत्वयोग्यत्वं च, प्रत्यक्षतया वसनस्यानपह्नवनीयत्वं प्रियतमासम्बन्धित्वेन सप्रेमधारणीयत्वं, विपक्षनायिकायाः कोपौचित्यं च, तदगोपनेन तत्रादराधिक्यं त्रपात्यजनं च, राधेतिस्वनामोच्चारणेन परिभवासहिष्णुत्वप्रभृति, दुराराधत्वेन मानदार्ढ्यम् अपराधोग्रत्वं च, अश्रुणः पतितत्वेनानपरोधनीयत्वम्, मार्जनेन तस्य प्रत्युत धारासहस्रवाहित्वम्, स्त्रीपदेन प्रणयाद्यनभिज्ञत्वम्, चेतसः कठोरत्वेन नैसर्गिकसौकुमार्यत्यागात् प्रसादनानर्हत्वम्, ईदृग्दुर्दशाऽनुभवेऽप्यस्फुटनौचित्यञ्च, उपचाराणां बाहुल्येन नायकस्य चाटुकपटपाटवम्, बहुवचनेनानुनयस्य बाहुल्येन हेतुरेताहशा-

वस्थाभूयस्त्वं नायिकाया: सौभाग्यं च विपुलं सूच्यमानं वाच्यमेवोपस्करोतीति तदादाय काव्यस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यता। ईर्ष्याविप्रलम्भशृङ्गारं प्राधान्येन व्यज्यमानमपेक्ष्य तु ध्वनित्वमिति पूर्ववदुभययोऽत्रापि वोध्य:।

कवि मानिनी राधाको मनानेमें लगे हुए कृष्णकी आशिपका राधाके विलक्षण वचन विन्यास जन्य उपालम्भ द्वारा वर्णन करते हैं—यथा चेति। जैसे–हे सुभग! कृष्ण! किसी अन्य प्राणेश्वरीके सुरत करनेके अनन्तर श्रमवश स्वयं तुम्हारे द्वारा धारण की गयी इस साड़ीसे गिरते हुए हमारे आंसुओंको पोंछने पर भी सौन्दर्य–सौभाग्यादि–गर्व शालिनी यह वृषभानु सुता (राधा) तुमसे प्रसन्न होने वाली नहीं है, क्योंकि स्त्रियोंका चित्त सौतके साथ पतिके संभोगादि रूप अपमानको नहीं सहन करने वाला महान् कठोर होता है, इसलिये हमारे मानको दूर करनेके लिये किया जाने वाला तुम्हारा यह अनुनयादि रूप सारा प्रयास व्यर्थ ही है, वश इन वनावटी उपचारोंको रहने दो, इस प्रकार मनानेके अवसर पर राधा द्वारा कहे जाने वाले कृष्ण भगवान् तुम्हारा कल्याण करें।

यहां पर 'सुभग' इस विशेपणसे कान्ताओंके अतिशय प्राणप्रियत्व, अन्य नायिकाके जघन-वसनके प्रत्यक्ष होनेसे उसके अनपलपनीयत्व और प्रियतमाके सम्वन्धी होनेसे सप्रेम धारणीयत्व, सपत्नीके प्रतिकोपका औचित्य और उसके छिपानेके प्रयाससे उसके प्रति आदरातिशय, 'राधा' इस अपने नामके उच्चारणसे परिभव सहिष्णुत्व, 'दुराराधा' इससे मानका दार्ढ्य, और अपराधका औग्र्य, चित्तकी कर्कशतासे स्वाभाविक सुकुमारताका परित्याग, और प्रसादनानर्हत्व, 'उपचारै:' इस वहुवचनसे वनावटी अनुनयोंमें पटुता, और प्रेयसीके सौभाग्यातिशय आदिके व्यङ्ग्य होने पर भी वाच्यके ही उपकारक होनेसे गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्य है। परन्तु प्रधान रूपसे व्यज्यमान ईर्ष्याख्य विप्रलम्भकी दृष्टिसे तो ध्वनि काव्य ही है, इसलिये पूर्वोक्तकी तरह यहा भी गुणीभूत व्यङ्ग्य और ध्वनि दोनोंका सम्वन्ध है।

एवमेवान्यत्रापि गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वे प्रसिद्धेऽपि रसाद्यपेक्षया ध्वनित्वं भवतीति दर्शयति—

एवंस्थिते च—'न्यक्कारो ह्ययमेव' इत्यादिश्लोके निर्दिष्टानां पदानां व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्यप्रतिपादनेऽप्येतद्वाक्यार्थीभूतरसापेक्षया व्यञ्जकत्वमुक्तम्।

एवमुक्तप्रकारेण ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोर्विषयविभागे स्थिते सति। निर्दिष्टानां प्रागुक्तानां पदानां 'न्यक्कार:' इत्यादीनाम्। व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्यस्य व्यङ्ग्योपस्कृत-

वाच्यस्य, प्रतिपादनेऽपि। एतद्वाक्यार्थीभूतस्य समस्तश्लोकप्रधानव्यङ्ग्यस्य, रसस्य वीरस्य, अपेक्षया, व्यञ्जकत्वं ध्वनित्वमुक्तं भवतीति शेषः।

न्यक्कार इत्यादिश्लोकघटकपदानाम प्रधानव्यङ्ग्यव्यञ्जकत्वेन गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वम्, सम्पूर्णश्लोकस्य तु प्रधानवीररसव्यञ्जकत्वेन ध्वनित्वमस्तीति विषयविभागेनोभयोः समावेश इति सारम्।

इसी प्रकार अन्यत्र भी गुणीभूत व्यङ्ग्यताके प्रसिद्ध होने पर भी मुख्यतया तात्पर्य विषयीभूत रसादिकी दृष्टिसे ध्वनित्व ही होता है, यह दर्शाते हैं—एवं स्थित इति। उक्त रीतिसे ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यके विषय विभागकी व्यवस्था हो जाने पर 'न्यक्कारो ह्ययमेव—' इत्यादि स्थलमें 'न्यक्कार' इत्यादि निर्दिष्ट पदोंके व्यङ्ग्य विशिष्ट वाच्यार्थके प्रतिपादक होनेकी दृष्टिसे गुणीभूत व्यङ्ग्य होने पर भी सम्पूर्ण श्लोकके तात्पर्य विषयीभूत प्रधान–व्यङ्ग्य वीररसकी दृष्टिसे ध्वनि व्यञ्जकत्व ही कहा है, अर्थात् उक्त श्लोक घटक न्यक्कार आदि पदोंके अप्रधान व्यङ्ग्योंके व्यञ्जक होनेसे गुणीभूत व्यङ्ग्यता है, किन्तु सम्पूर्ण श्लोकके प्रधानभूत वीररसके व्यञ्जक होनेसे ध्वनित्व ही है, इस प्रकार विषय विभागसे दोनोंका समावेश हो जाता है।

तत्पद्यघटकपदानामज्ञानादर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनित्वं मन्यमानान् शिक्षयति—

नत्वेषां पदानामर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वनिभ्रमो विधातव्यः, विवक्षितवाच्यत्वात् तेषाम्। तेषु हि व्यङ्ग्यविशिष्टत्वं वाच्यस्य प्रतीयते, न तु व्यङ्ग्यरूपपरिणतत्वम्। तस्माद् वाक्यं तत्र ध्वनिः, पदानि तु गुणीभूतव्यङ्ग्यानि।

एषामुक्तश्लोकावयवपदानाम्। व्यङ्ग्यविशिष्टं व्यङ्ग्योपस्कृतम्।

यथैव 'कदली कदली' इत्यादौ द्वितीयकदल्यादिपदानां व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्योपस्थापकत्वम्, तथैव 'न्यक्कारः' इत्यादावपि, तेनात्राप्यर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिरेव कुतो नेति शङ्कितुराशयः।

यतोऽर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वनिर्लक्षणामूलत्वादविवक्षितवाच्यध्वनेः प्रकारः, ततस्तत्र वाच्योऽर्थो व्यङ्ग्यरूपपरिणतोऽविवक्षितो भवति, न तु विवक्षितः। प्रकृतश्लोके तु पदानां मुख्यार्थबाधाद्यभावाल्लक्षणाविरहेण वाच्यस्याविवक्षितत्ववैधुर्यान्न स ध्वनिः, किन्तु गुणीभूतव्यङ्ग्यान्येव पदानि, ध्वनिस्त्वसंलक्ष्यक्रम उक्तरीत्या। केवलं 'रावणः' इत्यत्रार्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिः। तदेतदुक्तमनुपदमपि स्फुटीभविष्यतीति समाधातुरभिप्रायः।

उक्त श्लोक घटक व्यञ्जक पदोंमें अज्ञानवश अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिको

मानने वालोंका भ्रम दूर करते हैं—नत्वेषामिति। उक्त श्लोक घटक न्यक्कार आदि व्यञ्जक पदोंमें अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिका भ्रम नहीं करना चाहिये, क्योंकि उनमें वाच्य विवक्षित है, इसलिये उन (न्यक्कार आदि) पदोंके वाच्य व्यङ्ग्य विशिष्ट होकर ही प्रतीत होते हैं, न कि व्यङ्ग्य विशेष रूपमें परिणत होते हैं, इसलिये उक्त सम्पूर्ण श्लोक ध्वनि रूप है और तद्घटक पद तो गुणीभूत व्यङ्ग्य रूप ही हैं, सारांश यह है कि लक्षणामूल अविवक्षित वाच्य ध्वनिके एक प्रकार विशेष अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिके 'कदली, कदली, करभः, करभः, करिराजकरः, करिराजकरः' इत्यादि उदाहरणोंमें वाच्यार्थ अविवक्षित होकर व्यङ्ग्य रूप अर्थान्तर विशेषमें परिणत हो जाता है, इसलिये वह विवक्षित नहीं होता, परन्तु प्रकृत श्लोकमें तो न्यक्कार आदि पदोंके मुख्यार्थके बाध नहीं होनेके कारण लक्षणाके अभावसे वाच्यकी अविवक्षा नहीं होती, इसलिये वे पद अविवक्षित वाच्य ध्वनि नहीं होकर गुणीभूत व्यङ्ग्य ही हैं, ध्वनि तो सम्पूर्ण वाक्यकी दृष्टिसे असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यात्मक ही समझनी चाहिये।

कारिकायां 'गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि' इत्यपिशब्दार्थं विवरीतुमाह—

न च केवलं गुणीभूतव्यङ्ग्यान्येव पदान्यलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनेर्व्यञ्जकानि, यावदर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यानि ध्वनिप्रभेदरूपाण्यपि यथा—अत्रैव श्लोके 'रावणः' इत्यस्य ध्वनिप्रभेदान्तररूपस्य व्यञ्जकत्वम्।

गुणीभूतव्यङ्ग्यान्येव पदानि न रसादिध्वनिव्यञ्जकानि, किन्त्वर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यान्यपि पदानि क्वचित् तद्व्यञ्जकानि। उक्तश्लोके 'रावणः' इति पदमुक्तरीत्याऽर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यमपि रसव्यञ्जकमिति दर्शनात्।

उक्त कारिकास्थ 'अपि' शब्दकी व्याख्या करते हैं—न च केवलमिति। केवल गुणीभूत व्यङ्ग्यात्मकपद ही असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्य रसादि ध्वनिके व्यञ्जक नहीं होते हैं अपि तु अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिरूप भी कहीं पर उक्त ध्वनिके व्यञ्जक होते हैं, जैसे उक्त श्लोकमें ही 'रावण' यह पद उक्त रीत्या अर्थान्तर संक्रमित वाच्य रूपसे वीररसका व्यञ्जक होता है।

न च सर्वत्र गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य ध्वनिरूपतेति वदति—

यत्र तु वाक्ये रसादितात्पर्यं नास्ति, गुणीभूतव्यङ्ग्यैः पदैरुद्भासितेऽपि तत्र गुणीभूतव्यङ्ग्यतैव समुदायधर्मः।

रसाद्यव्यञ्जकत्वे व्यङ्ग्याप्राधान्यात् कथं ध्वनित्वम्, अतो गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमेव व्यङ्ग्याप्राधान्यात् तत्र वाक्ये समुदायस्य पदकदम्बात्मकवाक्यस्य धर्मं इत्याशयः

परन्तु सभी जगह गुणीभूत व्यङ्ग्यध्वनि रूप ही नहीं होता यह बतलाते हैं—यत्र तु इति । जहाँ गुणीभूत व्यङ्ग्यात्मक पदोंसे रसादिके अभिव्यञ्जित होने पर भी प्रधान वाक्यके रसादिमें मुख्य रूपसे तात्पर्य नहीं रहता है, वहाँ सम्पूर्ण वाक्यका भी गुणीभूत व्यङ्ग्यत्व ही धर्म समझा जाता है ।

तमेवोदाहरति—

यथा—

'राजानमपि सेवन्ते विषमप्युपभुञ्जते ।

रमन्ते च सह स्त्रीभिः कुशलाः खलु मानवाः ॥' इत्यादौ ।

कुशला लोकवृत्तनिपुणा मानवाः खलु राजानं परमदुष्करसेवनं नृपमपि सेवन्ते शुश्रूषन्ते । तथा विषं सद्यः प्राणहरं गरलमपि, उपभुञ्जन्ते भक्षयन्ति । तथा च स्त्रीभिर्बहिर्दर्शितप्रणयाभिरन्तःक्षुरधारानिभाभिर्योषाभिरपि रमन्ते विहरन्तीत्यर्थः ।

राजसेवनं विषभक्षणं स्त्रीभिः सह विहरणं च क्लेशातिशयसाध्यत्वादिष्टविपरीत-परिणतिभीषणत्वाच्च चतुरैरेव मानवैः साधनीयानि, साधारणैस्तु दुष्कराण्येवेति तात्पर्यम् ।

अत्र क्लेशातिशयसाध्यत्वाद्युक्तव्यङ्ग्यविशिष्टतया वाच्यस्यैव चारुत्वमिति समु-दायस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमेव । शान्तरसाङ्गनिर्वेदस्य व्यङ्ग्यत्वेऽपि न प्राधान्यम्, अविवक्षितत्वात् । अतस्तन्निमित्तकोऽपि न ध्वनित्वव्यपदेशः । अविवक्षानिर्णयन्तु वाच्यचमत्कारप्रकर्षं करोति । न चान्यदपि किञ्चिद् व्यङ्ग्यं प्रधानम् ।

जैसे—लोक व्यवहारमें अत्यन्त निपुण मनुष्य अत्यन्त दुराराध्य राजाकी भी शुश्रूषा कर लेते हैं, एवं सद्यः प्राण विनाशक विष भी खा लेते हैं, और असिधाराके नोक पर चलनेके समान अत्यन्त कठिन त्रिया चरित वाली स्त्रियोंके साथ रमण भी कर लेते हैं, यहाँ पर, राजाका सेवन, विषका भक्षण, और स्त्रियोंके साथ रमण करना अत्यन्त दुष्कर और विपरीत परिणाम जनक होता है, इत्यादि व्यङ्ग्योंसे विशेषित होकर वाच्यार्थ अत्यन्त चमत्कारशाली हो जाता है, इसलिये यह गुणी-भूत व्यङ्ग्य ही है। साथ ही उनसे शान्तरसके अङ्गभूत निर्वेद (वैराग्य) के व्यङ्ग्यतया प्रतीत होने पर भी प्रधान रूपसे विवक्षित नहीं होनेसे ध्वनिका व्यवहार नहीं होता, अपितु पद और वाक्य दोनों ही गुणीभूत व्यङ्ग्य हैं ।

विवेकश्चायं सर्वथा सार्थक इत्याह—

वाच्यव्यङ्ग्ययोश्च प्राधान्याप्राधान्यविवेके परः प्रयत्नो विधातव्यः, येन ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोरलङ्काराणां चासङ्कीर्णो विषयः सुज्ञातो भवति । अन्यथा प्रसिद्धालङ्कारविषय एव व्यामोहः प्रवर्तते ।

वाच्यस्य प्राधान्ये व्यङ्ग्यस्य विवक्षितत्वे गुणीभूतव्यङ्ग्यम्, वाच्याप्राधान्ये व्यङ्ग्यस्याविवक्षितत्वेऽलङ्कारयोगे च चित्रम्, वाच्याप्राधान्ये व्यङ्ग्यप्राधान्ये च ध्वनिरिति–गुणीभूतव्यङ्ग्यालङ्कारध्वनीनां विविक्तो विषयो वाच्यव्यङ्ग्यप्राधान्याप्राधान्यविवेचनायामेव सुखेन ज्ञातो भवितुमर्हतीति तत्र यतनीयम् । तद्विरहे प्रसिद्धानामुपमाऽऽदीनामलङ्काराणामेव विषये व्यामोहो विमुग्धता भ्रमो वा सम्भवति, अलंकाराणां बहुलत्वात् संकीर्णविषयत्वाच्चेति भावः ।

वृत्तिकार निम्न बातोंकी ओर विशेष ध्यानाकृष्ट करनेके लिये सतर्कता दिखलाते हैं—वाच्य इति । वाच्य और व्यङ्ग्य के प्राधान्य–अप्राधान्यकी विशेष जानकारी प्राप्त करनेके लिये अत्यन्त यत्न करना चाहिये, जिससे कि ध्वनि, गुणीभूत व्यङ्ग्य और अलंकारोंका विषय असंकीर्णता पूर्वक भली भाँति समझमें आजाय, अर्थात् वाच्यकी प्राधान्य दशामें व्यङ्ग्यके विवक्षित होने पर गुणीभूत व्यङ्ग्यता, वाच्यके अप्राधान्य एवं व्यङ्ग्यकी अविवक्षित दशामें अलंकारके सम्बन्ध होने पर चित्र और वाच्यके अप्रधान्य और व्यङ्ग्यके प्राधान्य होने पर ध्वनि काव्य का व्यवहार होता है वाच्य–व्यङ्ग्यके प्राधान्य–अप्राधान्यकी विशद विवेचना करने पर ही सुखपूर्वक जाना जा सकता है, अतः तदर्थ अवश्य प्रयास करना चाहिये, अन्यथा उसके विना एक प्रसिद्ध उपमादि अलंकारोंके विषयमें ही भ्रम या व्यामोह हो सकता है, क्योंकि अलंकारोंकी बहुलता एवं संकीर्ण विषयता है ।

अलंकाराणां संकीर्णं विषयमुदाहरति—

तथा हि—

गुणोचितसत्कारमलब्ध्वा निर्विण्णः कश्चिदसमीक्ष्यकारिणं विधिं निन्दति—

'लावण्यद्रविणव्ययो न गणितः क्लेशो महान् स्वीकृतः,
स्वच्छन्दस्य सखीजनस्य वसतश्चिन्ताज्वरो निर्मितः ।
एषाऽपि स्वयमेव तुल्यरमणाभावाद् वराकी हता,
कोऽर्थश्चेतसि वेधसा विनिहितस्तन्व्यास्तनुं तन्वता ॥' इति ।

धर्मकीर्तेः श्लोकोऽयमित्यग्रे निर्णेष्यते । तन्व्याः कृशाङ्ग्यास्तनुं वपुः, तन्वता सृजता वेधसा ब्रह्मणा, कोऽर्थः किं प्रयोजनं चेतसि विनिहितः स्थापितो विचारितो वेति न जानीम इति शेषः, यद्वा न कोऽपीति शेषः । यतस्तेन लावण्यमेवानर्घ्यतया द्रविणं धनं तस्य व्ययो नाशो न गणितो नावेक्षितः, लावण्यमयतन्वीतनुनिर्माणे तद्व्ययाधिक्ये तत्कोशरिक्ततासम्भवात् । स्वयं महानतिशयितः क्लेशोऽद्भुततम शिल्परचनायां परिश्रमः स्वीकृतः । तथा स्वच्छन्दस्य वियोगजनायिकाविपत्पाता-

सम्भवात् तत्प्रतीकारव्यग्रताविरहाद्, वस्तुतः स्वसौन्दर्यस्पर्धाकररूपवज्जनाभावाद्, विश्रृङ्खलस्य, वसतस्तिष्ठतः सखीजनस्य, हृदये चिन्ता प्रागुक्तप्रतीकारोपायानुसन्धानम्, यद्वा स्पर्धाप्रयुक्ता समताप्राप्त्युपायानुसन्धानमेव सन्तापकत्वाज्ज्वरो निर्मितो विहितः। तथा—एषा वराकी दयनीया निर्मितललनाऽपि, स्वयं तुल्यस्याद्भुतगुणगणैः स्वसदृशस्य रमणस्य वल्लभस्याभावादनुपलम्भादेव हता विनष्टाऽभूदित्यर्थः।

धातुरेतत्तन्वीनिर्मितिर्नाल्पव्ययसाध्या, न चेषत्करा, न वोदासीनप्रहर्षिणी, नापि स्वविषयसुखायतिरिति निष्प्रयोजनैव सर्वथेति भावः।

अब अलंकारोंके संकीर्ण विषय का उदाहरण बतलाते हैं—यथा लावण्येति। कोई व्यक्ति अपने गुणोचित सत्कारको नहीं पानेसे दुखी होकर असमीक्ष्यकारी विधाता की निन्दा करता है—इस सुन्दरी स्त्रीके शरीरके निर्माणमें ब्रह्माने लावण्य (सौन्दर्य) सम्पत्तिके व्ययकी लेशमात्र भी चिन्ता नहीं की और उस अद्भुत-शिल्प रचनाके लिये स्वयं भी महान् कष्ट उठाया एवं उस नायिकाके सौन्दर्यके गर्वसे निश्चिन्त होकर सुखपूर्वक बैठे हुए सखी जनके हृदयसे उसके अनुरूप वरके अन्वेषणार्थ चिन्ता रूप अग्निको प्रज्वलित कर दिया और अपने योग्य वरके न मिलनेसे ही यह विचारी ललना भी मारी गई, न जाने विधाताने इस सुन्दरीके शरीर निर्माण करनेमें कौनसा लाभ हृदयमें रखा था।

प्रकृतसङ्गतिं वक्ति—

अत्र व्याजस्तुतिलङ्कार इति व्याख्यायि केनचित्।

उक्तरीत्या निष्फलकार्यकारिणो वेधसो निन्दाया वाच्यत्वेन, ततो वस्तुतोऽनन्यसामान्यसौन्दर्यशालिरमणीनिर्माणकौशलसम्पदा तस्य स्तुतौ व्यङ्ग्यमर्यादया पर्यवसन्नायां व्याजस्तुतिरिहालङ्कार इति कस्यचिद् व्याख्यानमित्यर्थः।

इस श्लोकमें व्याजस्तुति अलंकार है, ऐसा व्याख्यान किसीने किया, क्योंकि उक्त रीतिसे निष्फल कार्य करने वाले विधाताकी निन्दा रूप वाच्यसे वास्तवमें अनन्य साधारण सौन्दर्य शालिनी रमणी निर्माणके कौशल द्वारा उनकी स्तुति ही व्यङ्ग्य मर्यादासे प्रतीत होती है।

तस्य व्यामोहं प्रकाशयितुं खण्डनं करोति—

तन्न चतुरस्रम्, यतोऽस्याभिधेयस्यैतदलङ्कारस्वरूपमात्रपर्यवसायित्वे न सुश्लिष्टता।

तत् केनचित् कृतं व्याजोक्त्यलङ्कारव्याख्यानमिह न चतुरस्रं न युक्तम्। यतो यस्माद्धेतोः, अस्याभिधेयस्य एतत्पद्यवाच्यस्य एतदलङ्कारपर्यवसायित्वे व्याजस्तुतिपरत्वे, सुश्लिष्टता सङ्गतत्वं न भवतीति शेषः।

परन्तु उनका यह कहना ठीक नहीं, क्योंकि इस श्लोकके वाच्यार्थको केवल व्याज स्तुति अलंकारके स्वरूपमें पर्यवसायी माननेसे वह (वाच्यार्थ) सुसङ्गत नहीं होता।

विकल्पकरणेन तदेवासङ्गतत्वं वाच्यस्योपपादयति—

यतो न तावदयं रागिणः कस्यचिद् विकल्पः, तस्य 'एषाऽपि स्वयमेव तुल्यरमणाभावाद् वराकी हता' इत्येवंविधोक्त्यनुपपत्तेः

अयमुक्तश्लोकार्थविषयको विकल्पो वितर्कः, तस्य रागिणो मलिनवासनाभृतोऽनुरागिणो वा कस्यचिन्न सम्भवति, यतस्तस्य 'एषा वराकी हता' इति करुणाऽमङ्गले उपस्थापयतः, 'तुल्यरमणाभावात्' इत्यात्मनो रमणस्य गर्हणां च सूचयतो वचनस्याख्यानमनुचितं भवतीति नैव सुश्लिष्टेति सारम्।

विकल्प द्वारा उसी असंगतत्वको बतलाते हैं—यत इति। उस सुन्दरीमें आसक्त किसी रागी या कुत्सित वासनावाले पुरुषकी यह विचारधारा नहीं हो सकती, क्योंकि रस (रागी, या कुत्सितवासनावाले पुरुष) का, अपने सदृश अनुरूप पतिके न मिलनेसे यह विचारी भी मारी गई' इस प्रकार कथन ठीक नहीं मालूम पड़ता है, क्योंकि अनुरक्त व्यक्ति तो कामावेशमें अपनेको ही उसके योग्य समझता है, इसलिये अपने मुखसे अपनी निन्दा संगत नहीं प्रतीत होती।

द्वितीयं विकल्पमभिदधाति—

नापि नीरागस्य, तस्यैवंविकल्पपरिहारैकव्यापारत्वात्।

रागान्निर्गतो नीरागो वीतरागः, तस्यापि विकल्पो नायमिति योगः। तस्य वीतरागपुरुषस्य, एवंविधानां रागजन्यानां चित्तविक्षेपाणां, परिहारस्त्याग एवैको व्यापारो यस्य स तादृशः तस्य भावस्तत्त्वं तस्मात्।

वीतरागो हि नितरां निर्विण्णो जगदेव तुच्छं मन्यमानः कथमीदृशान् वैषयिकवितर्कान् कुर्यादित्यभिसन्धिः।

दूसरा विकल्प उपस्थित करते हैं—नापि इति। किसी वीतराग (रागरहित) पुरुषकी भी यह (उक्ति) विचारधारा नहीं है, क्योंकि उस वीतराग पुरुषके इस विषयवासनाजन्य आसक्तिका त्याग कर देना ही जीवनका एक प्रधान लक्ष्य रहता है, अर्थात् वीतराग पुरुष विषयवासनासे अत्यन्त विरक्त होकर संसारको ही तुच्छ समझता है, अतः वह इस प्रकार के विषयका वितर्क भी नहीं कर सकता है।

ननु प्रबन्धानुरोधादपि क्वचिदीदृशार्थस्य कल्पनं सम्भवतीत्यत आह—

न चायं श्लोकः कचित् प्रबन्ध इति श्रूयते, येन तत्प्रकरणानुगतार्थताऽस्य परिकल्प्यते।

अयं श्लोकः क्वचित् प्रबन्धे वर्तत इति च न श्रूयते, तस्मात्तदनुरोधादपि तादृशविकल्पार्थकत्वं कल्पयितुमशक्यमेवेति सर्वथा विवेचनायां व्याजस्तुतेरिह न सम्भवः, तेन तदलङ्कारोक्तिरत्र कस्यचिद् व्याख्यातुर्व्यामोहजन्यैवेति तात्पर्यम् ।

प्रबन्ध के अनुरोधसे भी कहीं उक्त प्रकारके अर्थकी कल्पना हो सकती है, इस प्रश्नका समाधान करते हैं—नचायमिति । यह श्लोक किसी प्रबन्धात्मक काव्यमें है, यह भी नहीं सुनते हैं, जिससे कि उसके अनुरोधसे भी उक्तार्थकी कल्पना की जा सके, इस प्रकार सर्वथा विवेचन करने पर व्याजस्तुतिका कोई सम्भव नहीं है, इसलिये उसका कथन करना व्यामोह मात्र जन्य ही कहा जा सकता है ।

स्वमतमुपन्यस्यति—

तस्मादप्रस्तुतप्रशंसेयम्, यस्मादनेन वाच्येन गुणीभूतात्मना, निस्सामान्यगुणावलेपाध्मातस्य, निजमहिमोत्कर्षजनितसमत्सरजनज्वरस्य, विशेषज्ञमात्मनो न कञ्चिदेवापरं पश्यतः परिदेवितमेतदिति प्रकाश्यते ।

तस्मादुक्तहेतोः । अप्रस्तुप्रशंसा वाच्येनाप्रस्तुतेन तुल्येन रमणीतनुनिर्माणवैफल्येन, व्यङ्ग्यस्य प्रस्तुतस्य तुल्यस्यात्मनिर्मितिनिष्प्रयोजनत्वस्य प्रतीतेस्तदाख्योऽयमलङ्कारः । अनेनैतत्पद्यप्रतिपाद्येन वाच्येन गुणीभूत आत्मा स्वरुपं यस्य तादृशेन, निस्सामान्योऽसदृशो यो गुणस्तस्यावलेपेन गर्वेणाध्मातस्योद्धतस्य निजमहिम्न आत्ममहत्त्वस्योत्कर्षेणाधिक्येन जनित उत्पादितः समत्सरजनानामन्यशुभद्वेषिलोकानां ज्वरः सन्तापो येन तादृशस्य, आत्मनोऽपेक्षयाऽपरं कञ्चिदपि जनं विशेषज्ञमधिवेत्तारं न पश्यतः, सर्वाधिकम्मन्यस्य, कस्यचित् परिदेवितं निर्वेदवचनमिदमिति प्रकाश्यते सूच्यत इत्यर्थः ।

अयं भावः—अत्र लावण्यद्रविणव्ययगणनाभावेन क्लेशातिशयस्वीकारेण च प्रथमचरणवाच्येन, परिदेवकस्याद्भुतगुणगणमण्डितत्वम्, द्वितीयपदवाच्येन स्वच्छन्दवासिसखीजनचिन्तानिर्माणेन स्वाद्भुतगुणोत्कर्षकृतस्पर्धकजनमत्सरोद्भवनम्, तुल्यवल्लमालाभप्रयोज्यवराकीहतत्वरूपेण तृतीयपादवाच्येन सर्वाधिकज्ञम्मन्यत्वम्, धातृकृततन्वीनिर्मितिनिष्प्रयोजनत्वलक्षणेन चरमचरणवाच्येन स्वनिर्माणनिष्फलत्वप्रयोज्यनिर्वेदपरिदेवितमप्रस्तुतेन तुल्येन प्रस्तुतं तुल्यं यद् व्यज्यते, तस्मादप्रस्तुतप्रशंसैवालङ्कारः ।

अब अपना सिद्धान्त मत उपस्थित करते हैं—तस्मादिति । इसलिये उक्त श्लोकमें अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार है, क्योंकि उक्त सुन्दरी रमणीके शरीर निर्माण वैफल्य-

रूप तुल्य अप्रस्तुत वाच्यार्थसे व्यङ्ग्यभूत आत्मनिर्मिति-निष्प्रयोजनत्वरूप तुल्य प्रस्तुतकी प्रतीति होती है, इसी आशयको वृत्तिकार विशेष रूपसे स्फुट करते हैं—यस्मादिति। क्योंकि इस गुणीभूत स्वरूप अप्रस्तुत उक्त वाच्यार्थसे अलौकिक ज्ञानादि गुणोंके गर्वसे अत्यन्त उद्धत, एवं निज वैदुष्य आदि महिमाके उत्कर्षसे ईर्ष्यालु विपश्चियोंके हृदयमें ईर्ष्यात्मक ज्वरको उत्पन्न कर देनेवाले तथा अन्य व्यक्तिको अपने ग्रन्थादि पाण्डित्यका मर्मज्ञ न समझनेवाले अर्थात् अपनेको सर्वाधिक माननेवाले किसी धर्मकीर्ति जैसे महाविद्वान्का यह निर्वेद (वैराग्य) सूचक वचन है, यह प्रतीत होता है।

तादृशव्यङ्ग्यस्वीकारे बीजमाह—

तथा चायं धर्मकीर्तेः श्लोक इति प्रसिद्धिः। सम्भाव्यते च तस्यैव।

तथा हि—'लावण्यद्रविणव्ययो न गणितः' इत्यादि—'धर्मकीर्तेः' इत्यौचित्यविचारचर्चायां क्षेमेन्द्रः। धर्मकीर्तिश्च न्यायबिन्दुप्रणेता बौद्धभिक्षुः सुबन्धोरपि प्राचीनः। तथा हि वासवदत्तावर्णनप्रसङ्गे—'बौद्धसङ्गतिमिवालङ्कारभूषिताम्' इत्यस्य विवृतौ 'बौद्धसङ्गतिमिव, अलङ्कारो धर्मकीर्तिकृतो ग्रन्थविशेषस्तेनभूषिताम्' इति शिवरामः। सुभाषितावलावपि बहवः श्लोका धर्मकीर्तिनाम्नोद्धृताः।

उक्त व्यङ्ग्यार्थके स्वीकारमें बीज बतलाते हैं—तथा चेति। क्योंकि धर्मकीर्तिका यह श्लोक है, इस तरहकी प्रसिद्धि भी है। और उसीका हो भी सकता है, क्योंकि क्षेमेन्द्रने अपनी औचित्य-विचारचर्चा में 'लावण्यद्रविणव्ययो न गणितः—इत्यादि—धर्मकीर्तेः' ऐसा लिखा है।

तत्सम्भावनायां तादृशोक्तेः प्रायेण दर्शनमेव बीजमित्येतादृशीमन्यां तदुक्तिमुदाहरति—

यस्मात्—

अनध्यवसितावगाहनमनल्पधीशक्तिनाऽ-
प्यदृष्टपरधमार्धतत्त्वमधिकाभियोगैरपि।
मतं मम जगत्यलब्धसदृशप्रतिग्राहकं,
प्रयास्यति पयोनिधेः पय इव स्वदेहे जराम् ॥' इति।

न—अध्यवसितमुद्युक्तमवगाहनं निश्शेषतो ज्ञानं पक्षे विलोडनं यस्य तत्, तथा—अनल्पा भूयसी धियश्शक्तिरर्थानां झटितिग्राहकतागुणो यस्य तेनापि जनेन, का कथाऽल्पबुद्धेः? अधिकाभियोगैर्बह्वायासैरपि न दृष्टं नावलोकितं परमुत्कृष्टमर्थतत्त्वं पदार्थसार्थः पक्षे कौस्तुभरत्नादि धनं यस्य तादृशम्, तथा जगति भूलोके

न लब्धो न प्राप्तः सदृशः पूर्वाश्रयतुल्यः प्रतिग्राहकः स्वीकर्ता 'यद्वा पक्षान्तरे न-- लब्धः सदृशः प्रतिभटो ग्राहो मकर एव ग्राहको येन तथाभूतं, मम मतं दर्शनं, पयोनिधेः पयो जलमिव स्वदेहे स्वान्तः, जरा जीर्णतां, प्रयास्यति गमिष्यतीत्यर्थः।

अत्रोपमाऽलङ्कारः, स्वमतमाहात्म्यवर्णनादद्भुतश्च रसः। यत्त्वप्रस्तुतप्रशंसाऽलङ्कारोऽपीति केचित्, तन्न, विशेषणानां साधारणधर्ममात्रबोधकत्वात्, प्रस्तुताप्रस्तुतयोरपि वाच्यत्वाच्च।

उक्तार्थकी सम्भावनामें उन (धर्मकीर्ति) की तादृश गर्वोक्तिका अधिक स्थलमें उपलब्ध ही मूल कारण है, अतः उनकी तादृश अन्य उक्ति भी दर्शाते हैं--यस्मादिति। क्योंकि अत्यन्त प्रचुर बुद्धि वाले व्यक्ति भी जिस मेरे दार्शनिक विचारको पूर्ण रूपसे नहीं समझ पाते हैं, तथा अत्यन्त ध्यान देने पर भी उसके अन्तस्तल (रहस्य) तक नहीं पहुँच सकते हैं, ऐसा मेरा दार्शनिक विचार, जगतमें उसके योग्य ग्रहीता पुरुषके नहीं रहनेसे, अधिक शक्ति शाली पुरुष भी, जिस (समुद्र जल) के अन्दर प्रवेश करनेका साहस तक भी नहीं कर सके, और अत्यन्त ध्यान देने पर भी जिसके रत्नोंको न देख सके, ऐसे समुद्र--जलके समान अपने (धर्मकीर्तिके) शरीरमें ही जीर्ण शीर्ण हो जायगा।

उदाहरणप्रदर्शनप्रयोजनं वक्ति--

अनेनापि श्लोकेनैवंविधोऽभिप्रायः प्रकाशित एव।

यथा समुद्रपयसोऽवगाहनं दूरेऽस्तु, तदध्यवसायोऽपि लोकैर्दुष्कर एव, बुद्धिमताऽप्युद्यमशतेनापि तद्धनावलोकनमप्यसम्भवि, तादृग्गर्त्तासत्त्वादितरत्र तत्स्वीकर्ताऽपि दुर्लभः, तद्ग्राहप्रतिद्वन्द्विग्राहोऽपि वा दुर्लभः, तथैव मन्मतस्यापि, तस्माद्यथा पयोनिधिपयस्तत्रैव जीर्णं भविष्यति, तथैव मम्मतमपि मय्येव, अन्यत्र गमनाभावादिति बोधयतोऽस्य श्लोकस्यापि स्वकीयानन्यसामान्यपाण्डित्यप्रकर्षसमयपरिदेवन एव तात्पर्य्यमितीदृशत्वपाण्डित्यातिशयप्रकाशिका परिदेवनोक्तिस्तस्यैव सम्भवतीति-'लावण्यद्रविणव्ययः' इत्याद्युक्तिरपि तत्तात्पर्यिका तस्यैवेति कल्प्यत इति हृदयम्।

उदाहरण दिखलानेका प्रयोजन बतलाते हैं--अनेनापीति। इस श्लोकसे भी इसी प्रकारका अभिप्राय व्यक्त किया गया है, अर्थात् समुद्र जलके अन्तस्तल तक प्रवेश करना तो दूर ही रहा, उसका साहस करना भी दुष्कर है, इसलिये वह (समुद्र जल) जैसे उसीमें जीर्ण हो जायगा इस प्रकार अपने अनन्य सदृश पाण्डित्यके घमण्ड और योग्य ग्रहीताके न मिलनेसे अपने ज्ञानकी निष्फलत्व भावनासे उत्पन्न निर्वेद प्रकट किया गया है।

वाच्यार्थस्य सङ्गतत्वेऽप्यप्रस्तुतप्रशंसा भवतीति बोधयितुं प्रसङ्गादप्रस्तुतप्रशंसाया वाच्यवैलक्षण्यप्रयोज्यं प्रकारत्रयं निरूपयति—

अप्रस्तुतप्रशंसायां च यद्वाच्यं, तस्य कदाचिद् विवक्षितत्वम्, कदाचिदविवक्षितत्वम्, कदाचिद् विवक्षिताविवक्षितत्वमिति त्रयी बन्धच्छाया।

उपपद्यमानत्वाद् विवक्षितवाच्य एकः, अनुपपद्यमानत्वादविवक्षितवाच्यो द्वितीयः, अंशतस्तदुभयसद्भावाद् विवक्षिताविवक्षितवाच्यस्तृतीयश्चाप्रस्तुतप्रशंसायाः प्रकारः। प्रकारपञ्चकं यत्प्रागुक्तं, तत्पञ्चमप्रकारस्य प्रकारत्रयमिदं बोध्यं, न तु प्रकारान्तराणामपि।

अव वाच्यार्थके संगत होने पर भी अप्रस्तुतप्रशंसा होती है, इसको बतलाने के लिये प्रसंग वश अप्रस्तुतप्रशंसाका वाच्य वैलक्षण्य प्रयुक्त भेदत्रय दर्शाते हैं— अप्रस्तुत इति। अप्रस्तुत प्रशंसामें जो वाच्य होता है, वह कहीं उपपद्यमान होनेसे विवक्षित, एवं कहीं अनुपपद्यमान होनेसे अविवक्षित और कहीं अंशतः उपपद्यमान और अंशतः अनुपपद्यमान होनेसे विवक्षिताविवक्षित होता है, इस तरह तीन प्रकारकी इसकी रचना शैली होती है।

तत्र प्रथममुदाहरति—

तत्र विवक्षितत्वं यथा—

'पदार्थे यः पीडामनुभवति भङ्गेऽपि मधुरो—
यदीयः सर्वेषामिह खलु विकारोऽप्यभिमतः॥
न सम्प्राप्तो वृद्धिं यदि स भृशमक्षेत्रपतितः,
किमिक्षोर्दोषोऽयं न पुनरगुणाया मरुभवः॥'

व्याख्यातोऽयं श्लोकः प्रथमोद्द्योत एव। अप्रस्तुतेननाविवक्षितेन वाच्येनेक्षुणा प्रस्तुतः पुरुषश्रेष्ठः सूच्यत इति तस्याः प्रथमः प्रकारोऽयम्।

उनमें प्रथमका उदाहरण बतलाते हैं—तत्रेति। जो (इक्षुपक्षमें) कोल्हूमें पेला जाता है, (सज्जन पक्षमें) दूसरोंके लिये पीड़ाका सहन करता है, जो (इक्षु पक्षमें) तोड़े जाने पर भी मधुर रहता है (सज्जन पक्षमें) अपमानित होने पर भी कुपित नहीं होता अपितु मधुर ही बना रहता है, जिसका विकार (इक्षु पक्षमें) गुड़ शक्कर आदि भी सबको अच्छा ही लगता है, (सज्जन पक्षमें) जिसकी हानि भी दूसरेको प्रिय लगती है, वह यदि किसी अनुचित स्थान (इक्षु पक्षमें ऊसर भूमि) में पड़कर आकार वृद्धिको नहीं प्राप्त करता है, (सज्जनपक्षमें) पद वृद्धि या उन्नतिको नहीं प्राप्त होता है, तो क्या वह इक्षु या सज्जनका दोष है, उस निर्गुण भूमि (इक्षु पक्षमें)

खेत (सज्जन पक्षमें) स्वामीका दोष नहीं है ? यहाँ अप्रस्तुत विवक्षित वाच्य इक्षु-पदसे प्रस्तुत सज्जन पुरुषकी प्रतीति होनेसे अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार है और इक्षु-रूप वाच्यार्थ भी उपपद्यमान होनेसे विवक्षित है।

स्वकीयमुदाहरणमाह—

यथा वा ममैव—

'अमी ये दृश्यन्ते ननु सुभगरूपाः सफलता,
भवत्येषां यस्य क्षणमुपगतानां विषयताम्।
निरालोके लोके कथमिदमहो चक्षुरधुना,
समं जातं सर्वैर्न सममथवाऽन्यैरवयवैः॥

अमी सुभगरूपाः सुन्दराकृतयो लोकानां करचरणाद्यवयवा ये दृश्यन्ते प्रत्यक्ष-विषयीक्रियन्ते, एषां तेषां, क्षणं किञ्चित्कालं यस्य चक्षुषी विषयतां गोचरतामुपग-तानां प्राप्तानां, ननु निश्चितं सफलता सार्थक्यं भवति। अहो आश्चर्यम्, इदं तच्चक्षुर्निरालोके निर्विवेके लोकेऽधुना सर्वैरवयवैः समं तुल्य जातम्, अथवाऽन्यैर-वयवैस्तत्—न समम्, अपि तु तेभ्यो विलक्षणमेवेत्यर्थः।

यदा चक्षुषः क्षणिकेनापि सम्पर्केणेवावयवान्तरसौन्दर्यसाफल्यम्, तदा चक्षु-षोऽवयवान्तरतुल्यत्वं कथमिवोचितमिति सारम्।

अत्राप्यप्रस्तुतेन विवक्षितेन चक्षुषा प्रगुणपुरुषविशेषः प्रस्तुतः प्रतीयत इत्य-प्रस्तुतप्रशंसैव।

अथवा स्वकीय उदाहरण ही बताते हैं—यथावेति। ये जो रमणीय आकृति वाले मनुष्योंके हाथ, पैर, मुख आदि अवयव दिखाई देते हैं, इन अवयवों की सफलता जिस (नेत्र) के क्षण मात्र विषय होने (प्रत्यक्ष दिखाई देने) के कारण होती है, अहो महान् आश्चर्य की बात है कि अभी इस अन्धकार (निर्विवेक) मय संसारमें वह नेत्र भी किस तरह अन्य सब अवयवोंके समान ही व्यर्थ हो गया, या समान भी नहीं, अपितु उनसे भी गया गुजरा हो गया, क्योंकि अन्धकारमें भी हाथ, पैर आदि अवयवोंसे काम लिया जा सकता है, किन्तु नेत्र तो बिल्कुल ही निरर्थक हो रहा है। सारांश यह है कि जब आंखके क्षणमात्र सम्पर्क से ही हस्तादि अव-यवोंके सौन्दर्यका साफल्य हो जाता है, तब आंखको उन अवयवों के तुल्य कहना, या उनसे भी गयी बीती कहना किस प्रकार उचित हो सकता है ? यहाँ भी अप्रस्तुत चक्षुसे प्रस्तुत कोई अत्यन्त उत्कृष्ट गुण सम्पन्न महापुरुष प्रतीत होता है, अतः अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार है, और उनमें वाच्यार्थ उत्पन्न होनेसे विवक्षित है।

तदाह—

अनयोर्हि द्वयोः श्लोकयोरिक्षुचक्षुषी विवक्षितस्वरूपे एव न प्रस्तुते, महागुणस्याविषयपतितत्वादप्राप्तपरभागस्य कस्यचित् स्वरूपमुपवर्णयितुं द्वयोरपि श्लोकयोस्तात्पर्येण प्रस्तुतत्वात् ।

अनयोर्द्वयोः श्लोकयोः 'परार्थे' इत्यादौ 'अमी ये' इत्यादौ च । असङ्गतिविरहाद् विवक्षितं स्वरूपं ययोस्ते विवक्षितस्वरूपे । न तु प्रस्तुते किन्त्वप्रस्तुते वर्णनीयत्वाभावात् । महान्तो गुणा यस्य स महागुणस्तस्य । अविषये कुस्थाने पतितत्वात् प्राप्तत्वान्न प्राप्तः परभागः उत्कर्षः प्रशंसा वा येन तादृशस्य कस्यचित् पुरुषविशेषस्य स्वरूपमुपवर्णयितुं कथितयोर्द्वयोरपि श्लोकयोस्तात्पर्येण विषयीक्रियमाणस्य प्रस्तुतत्वादित्यर्थः ।

श्लोकयोः प्रथमस्य वाच्य इक्षुः द्वितीयस्य चक्षुश्च नासम्भवितां स्पृशत इति विवक्षिते एव किन्त्वप्रस्तुते, तयोः प्रस्तुतपुरुषविशेषपरत्वात्, तस्यैव प्रस्तुतत्वात् ।

यस्य पण्डितपुण्डरीकस्य क्षणमपि प्रत्यासत्त्यैवान्येषां पाण्डित्यप्रकर्षसाफल्यम्, स किमन्यपण्डिततुल्य एव, नान्यतुल्य इति द्वितीयश्लोकेन प्रकाश्यते ।

इन उपर्युक्त दोनों-'परार्थे यः पीडाम्'—इत्यादि, तथा 'अमी ये दृश्यन्ते'-इत्यादि श्लोकोंमें इक्षु तथा चक्षु दोनों विवक्षित वाच्य स्वरूप हैं और अप्रस्तुत हैं, क्योंकि कुस्थान (निर्गुण) एवं निरालोक (विवेकहीन) स्वामी आदिके सम्बन्धसे उन्नति को न प्राप्त कर सकनेवाले या कार्यमें सफलता न प्राप्त कर सकनेवाले किसी प्रस्तुत अत्यन्त कुशल महापुरुषकी प्रशंसाके लिये उपर्युक्त दोनों श्लोक तात्पर्य रूपसे प्रस्तुत किये गये हैं, अर्थात् अप्रस्तुत इक्षु और चक्षुके द्वारा प्रस्तुत महा गुणशाली पुरुष विशेषकी प्रशंसा करना ही उक्त दोनों श्लोकोंका प्रधान लक्ष्य है, इसलिये यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार है और दोनोंके वाच्यभूत इक्षु-चक्षु पदार्थ प्रकृतमें असम्भवी न होनेसे विवक्षित होने पर भी पुरुष विशेष परक होनेसे अप्रस्तुत हैं ।

द्वितीयं प्रकारमुदाहरति—

अविवक्षितत्वं यथा—

वाच्यस्येति शेषः । पथिकशाखोटविटपिनोः संवादः—

'कस्त्वं भोः ! कथयामि, दैवहतकं मां विद्धि शाखोटकं,
वैराग्यादिव वक्षि, साधु विदितं, कस्मादिदं कथ्यते ? ।
वामेनात्र वटस्तमध्वगजनः सर्वात्मना सेवते,
न च्छायाऽपि परोपकारकरणे मार्गस्थितस्यापि मे ॥'

शाखोटकः 'साहर' 'सिहोर' इति नाम्ना भाषायां प्रसिद्धो दन्तकाष्ठोपयोगी लघुपत्रो द्रुमः। स च भूतवास इति नागेशप्रभृतयो वदन्ति। तं प्रति 'भोस्त्वं कः?' इति पान्थस्य प्रश्नः। 'दैवेन भागधेयेन हतकं विनष्टं मां शाखोटकं विद्धि जानीहि' तस्योत्तरम्। 'पुनः इदं वैराग्यान्निर्वेदादिव वक्षि (दैवहतकमिति) कथयसि' इति प्रश्नः। 'साधु सम्यग् विदितं त्वया ज्ञातम् (निर्वेदादेव ब्रवीमि)' इत्युत्तरम्। पुनः 'इदं वैराग्यं कस्मात् कुतो हेतोः?' इति प्रश्नः। 'कथ्यते (वैराग्यकारणम्)' इत्युत्तरम्। 'अत्र प्रदेशे वामेन मार्गाद् वाममागेनोपलक्षितः किञ्चिद्विप्रकृष्टः पक्षे वाममार्गस्थः, वटो न्यग्रोधवृक्षो यः, तं वटमध्वगजनः पान्थलोकः सर्वात्मना सर्वथा छायोपवेशनादिप्रकारैः सेवत आदरेणाश्रयति, मार्गे सरणिसमीपे पक्षे सदाचारे स्थितस्यापि मे मम छायाऽपि परोपकारस्य करणे न प्रभवति' इत्युत्तरमितिप्रश्नोत्तररूपः श्लोकार्थः।

भूतावासत्वेनैव शाखोटकस्य छाया नाश्रयणीयेति केचित्। तस्य क्षुद्रपत्रत्वाच्छायाया निविडत्वाभावादिति परे।

अब अविवक्षित वाच्यरूप द्वितीय प्रकार बतलाते हैं-अविवक्षितत्वमिति। पथिक और शाखोट नामक वृक्ष विशेषके परस्पर संवादका वर्णन करते हैं-(पथिक पूछता है-) अये तुम कौन हो? (वृक्ष उत्तर देता है-) कह रहा हूं, मुझे दैवका मारा हुआ (अभागा) शाखोट नामक वृक्ष समझो। (पथिक) कुछ वैराग्य (उदासीनता) से बोल रहे हो ऐसा मुझे मालूम पड़ता है, (वृक्ष) ठीक समझा, (पथिक) ऐसा क्यों कहते हो? (क्या रहस्य है?) (वृक्ष) यहांसे बाईं तरफ कुछ हट कर एक बड़ा वटका वृक्ष है, पथिक गण उसके तलमें बैठने, सोने आदिमें सब प्रकारसे उसका सहारा प्राप्त करते हैं, लेकिन मुझे बिलकुल बीच रास्तेमें खड़ा रहने पर भी मेरी छायासे भी किसीका उपकार नहीं हो पाता, बस इस बातका ही मुझे खेद है।

अत्र वाच्याविवक्षितत्वस्य हेतुमभिदधाति—

न हि वृक्षविशेषेण सहोक्तिप्रत्युक्ती सम्भवत इत्यविवक्षिताभिधेयेनैवानेन श्लोकेन समृद्धासत्पुरुषसमीपवर्तिनो निर्धनस्य कस्यचिन्मनस्विनः परिदेवितं तात्पर्येण वाक्यार्थीकृतमिति प्रतीयते।

शाखोटकवृक्षेण सह प्रश्नोत्तरविधानासम्भवाद् वाच्यार्थोऽत्र न विवक्षितः, किन्तु समृद्धो धनाढ्यो योऽसन् दुराचाररतः पुरुषः, तस्य समीपे वर्तिनस्तिष्ठतः,

निर्धनस्य दरिद्रस्य, मनस्विनोऽभिमानिनः, कस्यचित् पुरुषस्य परिदेवितमिदमिति व्यञ्जनया बोध्यते ।

इहाप्रस्तुताभ्यां वाच्याभ्यामविवक्षिताभ्यां च शाखोटकवटाभ्यां प्रस्तुतयोर्दित्सुदरिद्रसत्पुरुषसमृद्धासत्पुरुषयोर्व्यञ्जनया प्रतीतिरित्यप्रस्तुतप्रशंसा ।

शाखोट नामक जड़ वृक्ष विशेषके साथ उक्ति-प्रत्युक्ति नहीं हो सकती है, इस लिये अप्रस्तुत शाखोट और पथिक रूप वाच्यके विवक्षित न होने से ही इस श्लोकके द्वारा अत्यन्त सम्पन्न दुष्ट पुरुषके निकट रहने वाले अकिञ्चन (गरीब) अत्यन्त मनस्वी व्यक्तिके हार्दिक व्यथाको प्रकट करनेका तात्पर्य ही मुख्य रूपसे व्यक्त किया गया है ऐसा प्रतीत होता है ।

तृतीयं प्रकारमुदाहरति—

विवक्षितत्वाविवक्षितत्वं यथा—

अकुलीन–कुरूप–निरपत्य–कलत्राच्छादनाय चेष्टमानं पामरं कश्चिदाचष्टे—

'उप्पहजाआएँ असोहिणीएँ फलकुसुमपत्तरहिआए ।
वेरीए वइं देन्तो पामर ! हा ओहसिज्जिहसि ॥'

'उत्पथजातायाः अशोभनायाः फलकुसुमपत्ररहितायाः ।
वदर्यां वृतिं ददत् पामार भो ! अवहसिष्यसे ॥' इतिच्छाया ।

भो पामर ! अज्ञ ! उत्पथे कुमार्गे पक्षेऽनवदातकुले जातायाः उत्पन्नायाः, अशोभनायाः कण्टकमात्राचितत्वेन पुष्पसम्पद्राहित्येन चासुन्दर्याः, पक्षे लावण्यादिशून्यकुरूपायाः अमङ्गलप्रायायाः वा, फलैः कुसुमैः पत्रैश्च रहितायाः, पक्षेऽपत्यहीनायाः वदर्याः कोलीलतायाः, पक्षे योषितः वृतिमावरणं, पक्षे वस्त्राद्याच्छादनं ददद् रचयंस्त्वम्, अवहसिष्यसेऽनुचिताचरणाद् दर्शकैरुपसिष्यस इत्यर्थः ।

अत्र ददाते रचनार्थकत्वेन दानार्थकत्वाभावात्तद्योगे न चतुर्थी ।

अब विवक्षिताविवक्षितवाच्यरूप अप्रस्तुतप्रशंसा का तीसरा प्रकार बतलाते हैं विवक्षितत्वाविवक्षितत्वेति । जैसे कुमार्ग (स्त्रीपक्ष में अधमकुल) में उत्पन्न हुई कुरूप (वृक्षपक्षमें कंटीली, स्त्री पक्षमें बदसूरत) फल पुष्प तथा पत्तों से रहित (स्त्रीपक्षमें सन्तान आदिसे रहित) बदरी (बेर) (पक्षान्तरमें किसी ऐसी स्त्री) की बाड़ लगाने वाले (दूसरे पक्षमें उस स्त्री की रक्षा करनेवाले या अपने घरमें बसानेवाले) अये पामर तुम्हें सब लोग हंसेंगे ।

इह वाच्यस्य विवक्षिताविवक्षितत्वयोर्हेतुं वदति—

अत्र हि वाच्यार्थो नात्यन्तं सम्भवी ।

अत्र बदर्या अप्रस्तुताया वृते रचनाया अनुचितत्वादसम्भवितया वाच्यस्याविवक्षितत्वम् । कथञ्चन प्रस्तुतत्वे तु सम्भवितया विवक्षितत्वमपीति योजनीयम् । वस्तुतस्तु—'सोऽपूर्वो रसनाविपर्ययविधिस्तत्कर्णयोश्चापलं,

दृष्टिः सा मदविस्मृतस्वपरदिक् किं भूयसोक्तेन वा ।

सर्वं विस्मृतवानसि भ्रमर हे ! यद् वारणोऽद्याप्यसा—

वन्तश्शून्यकरो निषेव्यत इति भ्रातः ! क एष ग्रहः ॥'

इत्येव तदुदाहरणम् । यतो भ्रमरकर्तृकवारणसेवनाभावे कारणं वाच्यं कर्णचापलं सम्भवित्वाद् विवक्षितम्, रसनाविपर्यासस्त्वसम्भवित्वादविवक्षित एवेत्युभयरूपताऽत्रभेदेन स्फुटैव वाच्यस्येति विवेचनीयम् ।

यहाँ पर अप्रस्तुत कंटीली बदरी वृक्ष की डाल की बाड़ लगाना ठीक न होनेसे बदरीरूपवाच्य अविवक्षित है और प्रस्तुत स्त्रीपक्षमें किसी अनाथ अबला स्त्रीका भरण-पोषण करना या घर में शरण देना आदि रूपसे उपयुक्त होनेसे वाच्य विवक्षित हो सकता है, इसलिये विवक्षिताविवक्षितवाच्यरूप अप्रस्तुतप्रशंसा का यह उदाहरण है अर्थात् वाच्यार्थ न तो सर्वथा सम्भवी ही है और नापि सर्वथा असम्भवी ही है ।

इत्थमप्रस्तुतप्रशंसायाः प्रासङ्गिकं प्रकारनिरूपणं समाप्य, प्रकान्तमुपसंहरति—

तस्माद् वाच्यव्यङ्ग्ययोः प्राधान्याप्राधान्ये यत्नतो निरूपणीये ।

यतो लावण्येत्यादिश्लोकेऽपि वाच्यस्य प्राधान्यमुत व्यङ्ग्यस्येति केषांचिद् व्यामोहो भवत्येव, तस्माद् वाच्यव्यङ्ग्ययोः प्राधान्ये यत्नतो निरूपणीये, येन व्यामोहो न स्यादित्यर्थः ।

इस प्रकार अप्रस्तुतप्रशंसाके प्रसंग वश प्राप्त भेदोंका निरूपण कर प्रस्तुत गुणीभूतव्यङ्ग्य विषय का उपसंहार करते हैं—तस्मादिति । इसलिये वाच्य और व्यङ्ग्यके प्रधान्याप्राधान्य का विशेष यत्नपूर्वक निरीक्षण करना चाहिये ।

इत्थं व्यङ्ग्यस्य प्राधान्ये ध्वनिम्, अप्राधान्ये गुणीभूतव्यङ्ग्यं च काव्यप्रकारं निरूप्य व्यङ्ग्यशून्यं वस्तुतोऽविवक्षितव्यङ्ग्यं तृतीयं निकृष्टं चित्राख्यं तत्प्रकारं निरूपयति—

'प्रधानगुणभावाभ्यां व्यङ्ग्यस्यैवं व्यवस्थिते ।

काव्ये उभे ततोऽन्यद् यत् तच्चित्रमभिधीयते ॥ ९८ ॥

चित्रं शब्दार्थभेदेन द्विविधं च व्यवस्थितम् ।
तत्र किञ्चिच्छब्दचित्रं वाच्यचित्रमतः परम् ॥ ९९ ॥

एवं कथितप्रकारेण, व्यङ्ग्यस्य प्रधानगुणभावाभ्यां प्राधान्याप्राधान्याभ्याम्, उभे ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्यनामनी काव्ये व्यस्थिते, तथा हि व्यङ्ग्यस्य प्राधान्ये ध्वनिः' अप्राधान्यं तु गुणीभूतव्यङ्ग्यं काव्यं भवति । ततस्ताभ्याम्, अन्यद् भिन्नं यत् काव्यं विवक्षितव्यङ्ग्यशून्यमलङ्कारादियुक्तम्, तत्—चित्रवत्तात्त्विकरूपहीनमपि प्रतिकृतिरूपं चित्रमभिधीयत उच्यत इत्यर्थः ।

तच्चित्रं काव्यं च शब्दार्थचित्रभेदेन शब्दचित्रमर्थचित्रमिति द्विविधं व्यवस्थितम् । तत्र तयोर्मध्ये किञ्चिच्छब्दालङ्कारभूषितं शब्दचित्रं भवति । अतः परं तद्भिन्नमर्थालङ्कारमण्डितमर्थचित्र भवतीत्यर्थः ।

उक्त रीतिसे ध्वनि और गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्य का निरूपण कर अब चित्रकाव्य का निरूपण करते हैं—प्रधानेति । पूर्वोक्त रीतिसे व्यङ्ग्यके प्राधान्य होने पर ध्वनि और व्यङ्ग्यके अप्रधान्य होने पर गुणीभूत व्यङ्ग्यनामक काव्यके व्यवस्थित होनेपर उन दोनोंसे भिन्न और व्यङ्ग्यार्थके मुख्य तात्पर्य रहित केवल अलंकारादिसे युक्त जो काव्य, उसे चित्र के समान काव्य की प्रतीति होनेसे चित्रकाव्य कहते हैं। शब्दचित्र और अर्थ चित्रके भेदसे चित्र काव्य दो प्रकारका होता है, उनमें कुछ (शब्दालंकारभूपित) शब्दचित्र और उससे भिन्न (अर्थालंकारभूपित) अर्थचित्र होता है।

तदाह—

व्यङ्ग्यस्यार्थस्य प्राधान्ये ध्वनिसञ्ज्ञितः काव्यप्रकारः गुणाभावे तु गुणीभूतव्यङ्ग्यता । ततोऽन्यद् रसभावादितात्पर्यरहितं व्यङ्ग्यार्थविशेषप्रकाशनशक्तिशून्यं च काव्यं केवलवाच्यवाचकवैचित्र्यमात्राश्रयेणोपनिबद्धमालेख्यप्रख्यं यदाभासते, तच्चित्रम्, न तन्मुख्यं काव्यम्, काव्यानुकारो ह्यसौ । तत्र किञ्चिच्छब्दचित्रं यथा—दुष्करयमकादि । वाच्यचित्रं ततः शब्दचित्रादन्यद् व्यङ्ग्यार्थसंस्पर्शरहितं प्राधान्येन वाक्यार्थतयास्थितं रसादितात्पर्यरहितमुत्प्रेक्षाऽऽदि ।

रसादितात्पर्यराहित्यं रसादीनां बुबोधयिषयाऽनिबद्धत्वात् । सर्वथा तद्राहित्यं तु दुर्वचमेव, सर्वेषामेव पदार्थानां विभावतायाः परिहर्तुमशक्यतया, तद्व्यङ्ग्यत्किञ्चिद्-रसादिसाहित्यात् । व्यङ्ग्यार्थविशेषप्रकाशनशक्तिशून्यताऽपि प्राग्वद् व्यङ्ग्यवस्त्वादि-

प्रतिपादनेच्छयाऽनिबद्धत्वमेव । चित्रकाव्ये हि व्यङ्ग्यस्य सद्भावेऽप्यविवक्षितत्वादसत्कल्पना, न तु सर्वथा तदभाव एव । वाच्यवाचकयोरर्थशब्दयोर्वैचित्र्यमलंकारस्तन्मात्रेण । आलेख्यप्रख्यं चित्रतुल्यं विवक्षितव्यङ्ग्यरसादिरूपजीवहीनमिति यावत् । न मुख्यं काव्यं, किन्तु गौणम्, अलंकारादिभिः काव्यसादृश्येन तत्त्वारोपात् । असौ वन्धः काव्यस्यानुकारोऽनुकरणं प्रकृतिरित्येतदप्राशस्त्यसूचकम् । शब्दचित्रमर्थचित्रं चेति विभागः । दुष्करत्वं क्लेशेन निर्मेयत्वाद् यमकादेर्विशेषणम् । आदिशब्देन पद्मादिबन्ध-शब्दश्लेषप्रभृतीनां ग्रहणम् । व्यङ्ग्यार्थसंस्पर्शरहितमिति समासोक्त्यादीनां, रसादितात्पर्यरहितमिति रसवदादीनां च गुणीभूतव्यङ्ग्यालंकाराणां व्यवच्छेदाय विशेषणम् । उत्प्रेक्षाऽऽदीत्यादिपदेनोपमाप्रभृतीनां परिग्रहः ।

इदं पुनरत्र चिन्त्यम्—दीपकतुल्ययोगिताऽऽदिवदुत्प्रेक्षायामपि विवक्षितव्यङ्ग्यौपम्यसम्बन्धस्य जागरूकत्वात् कथमर्थचित्रत्वमिति ।

वृत्तिकार उक्तार्थ को ही विशद करते हैं—व्यङ्ग्यस्येति । व्यङ्ग्यार्थके प्राधान्य होने पर ध्वनि नामक काव्य होता है और व्यङ्ग्यार्थ अप्राधान्य होने पर गुणीभूत व्यङ्ग्यनामक काव्य होता है, और उन दोनोंसे भिन्न, रस, भाव आदिके तात्पर्यसे रहित, एवं व्यङ्ग्यार्थ विशेषके प्रकाशन शक्तिसे रहित, केवल वाच्यवाचक के शब्दार्थालंकाररूप वैचित्र्यके आधार पर रचित जो काव्य चित्रके समान विवक्षित व्यङ्ग्य रसादिरूप आन्तरिक जीवनरहित प्रतिकृतिमात्र मूर्त्तिमात्र भासित होता है, उसे चित्रकाव्य कहते हैं । वह वास्तवमें मुख्य काव्य नहीं है, अपितु काव्यका अनुकरण (नकल) मात्र होनेसे गौणकाव्य है, उनमेंसे कुछ शब्दचित्रहोते हैं, जैसे कष्टसे निष्पन्न होनेवाले यमक शब्दश्लेष आदि और उस शब्दचित्रसे भिन्न, व्यङ्ग्यार्थसम्पर्करहित, रसादि तात्पर्यशून्य प्रधानतया वाक्यार्थरूपसे विद्यमान अर्थचित्र होते हैं, जैसे उत्प्रेक्षा आदि ।

यहां इस बात पर विशेष ध्यान रखना चाहिये कि चित्रकाव्य को व्यङ्ग्यार्थ विशेष प्रकाशन शक्ति रहित और रसादि तात्पर्यरहित कहनेसे उस (चित्रकाव्य) में रसादिव्यङ्ग्यार्थ का सर्वथा अभाव ही नहीं रहता, अपितु व्यङ्ग्यार्थके अविवक्षित होनेसे अभाव जैसा प्रतीत होता है, क्योंकि प्रत्येक पदार्थका काव्यमात्रमें किसी न किसी रससे कुछ न कुछ सम्पर्क अवश्य रहता है, इसलिये उसका सर्वथा रसादि रहित होना सम्भव नहीं है, अपितु रसादि की अविवक्षासे ही चित्रकाव्यका व्यवहार होता है ।

अथ चित्रपदार्थं निर्वक्तुं परीक्षमाणः पृच्छति—

अथ किमिदं चित्रं नाम ? ।

न किमपि वस्तुतत्त्वं प्रतिभातीत्यभिप्रायः ।

अब चित्रपदार्थके निरूपणार्थं पूर्वपक्ष करते हैं—किमिदमिति । यह चित्रकाव्य क्या है ? अर्थात् कुछ भी वस्तुतत्त्व नहीं मालूम पड़ता ।

स्वयमेवोत्तरयति—

यत्र न प्रतीयमानार्थसंस्पर्शः ।

व्यङ्ग्यराहित्यमिति फलितम् ।

पूर्वपक्षी स्वपक्षको दृढ़ करनेके लिये स्वयं शङ्कासमाधान करते हैं—यत्रेति । जहाँ प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थका सम्पर्क न हो, उसी को क्या चित्रकाव्य कहते हैं ?

तच्च न शोभनमिति दर्शयति—

प्रतीयमानो ह्यर्थस्त्रिभेदः प्राक् प्रदर्शितः । तत्र-यत्र वस्त्वलङ्कारान्तरं वा व्यङ्ग्यं नास्ति, स नाम चित्रस्य कल्प्यतां विषयः । यत्र तु रसादीनामविषयत्वम्, स काव्यप्रकारो न सम्भवत्येव ।

वस्तुव्यङ्ग्यशून्यत्वमलंकारव्यङ्ग्यशून्यत्वं च चित्रस्याभ्युपगन्तुं शक्यते, सम्भवित्वात् । रसादिव्यङ्ग्यशून्यत्वं पुनः कथङ्कारमूरीक्रियताम्, तच्छून्यत्वे काव्यत्वस्यैवापगमादसम्भवित्वात् ।

वह कहना ठीक नहीं है, यह दर्शाते हैं—प्रतीयमानेति । प्रतीयमान व्यङ्ग्यार्थ, वस्तु, अलंकार और रसादिरूप तीन प्रकार का होता है, यह विषय पहले ही कह चुके हैं, उनमें जहाँ व्यङ्ग्य वस्तु या व्यङ्ग्य अलंकार न हो, उसको भले ही चित्रकाव्य मान सकते हैं, किन्तु जहाँ रसादिव्यङ्ग्य का विषय न हो, ऐसा तो कोई भी काव्य नहीं हो सकता है, क्योंकि उस (रसादि व्यङ्ग्य) के अभाव में काव्यत्व ही नहीं बनता ।

असम्भवितामेवोपपादयति—

यस्मादवस्तुसंस्पर्शिता काव्यस्य नोपपद्यते । वस्तु च सर्वमेव जगद्गतमवश्यं कस्यचिद् रसस्य चाङ्गत्वं प्रतिपद्यते । अन्ततो विभावत्वेन ।

अवस्तुसंस्पर्शिता पदार्थबोधकत्वभावः । अन्ततश्चरमविचारेण, सर्वं वस्तु विभावत्वेन रसाङ्गं भवत्येव ।

काव्यवाक्यानामनर्थकत्वमसङ्गतार्थकत्वं वा स्वीकर्तुं न शक्यते, तथा सति, प्रमत्तवाक्यतुल्यत्वेनानुपादेयत्वमापद्येत । तस्मात् यत्किञ्चित्सङ्गतार्थबोधकत्वमङ्गीकृतम् । तावतैव रसव्यञ्जकत्वमप्यङ्गीकृतमेव, यतो नास्तीदृशो जगति कोऽप्यर्थो, यः कस्यचिदपि रसस्योद्दीपनमालम्बनं वा न सम्भवति । ततश्च तदद्वारको रससद्भावः

आश्च इव तस्मात् सर्वात्मना रसादिव्यङ्ग्यशून्यत्वं काव्यस्य नैव सम्भवतीति भावः।

उक्त असम्भव का ही प्रतिपादन करते हैं—यस्मादिति। क्योंकि काव्य में किसी वस्तु का सम्पर्क (सम्बन्ध) न हो यह नहीं कहा जा सकता, और संसार के सभी पदार्थ अवश्य ही किसी न किसी रस या भावके अङ्ग बन ही जाते हैं, यदि अन्यरूपसे कदाचित् रसके साथ सम्बन्ध न भी सम्भव हो, तो भी अन्ततः (पर्यवसानमें) विभावरूपसे प्रत्येक पदार्थका रससे सम्बन्ध हो ही जाता है, क्योंकि संसारमें कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है, जो कि किसी भी रस का उद्दीपन विभाव या आलम्बन विभाव न होती हो, इसलिए उस (वस्तु) के द्वारा काव्य में रसादिका होना तो आवश्यक ही मालूम पड़ता है।

किञ्च—

चित्तवृत्तिविशेषा हि रसादयः न च तदस्ति वस्तु किञ्चिद्, यन्न चित्तवृत्तिविशेषमुपजनयति। तदनुत्पादने वा कविविषयतैव तस्य न स्यात्। कविविषयश्च चित्रतया कश्चिन्निरूप्यते।

पण्डितराजोक्तरीत्या सर्वेषामेव स्थायिभावानां चित्तवृत्तिरूपतया तद्विशेषा एव रसादय इति यत्किञ्चिच्चित्तवृत्तिजनकत्वमवश्यमेवार्थानामतोऽपि रसादिव्यञ्जकत्व-मर्थबोधककाव्यवाक्यानां दुष्परिहरमेव। अन्यथा कविविषयता कविप्रयत्नगोचरता कविप्रतिपाद्यतेति यावद्, एव चित्रकाव्यस्य न स्यात्। तस्मात्तत्रापि रसादिव्यङ्ग्य-सत्त्वं स्वीकार्यमेव। स्वीकृते तस्मिन् 'व्यङ्ग्यार्थसंस्पर्शरहितम्' इति विशेषणं न सङ्गच्छते। अप्रसिद्धिरपि चित्रस्य नैव वक्तुं शक्या, प्राचुर्येण तस्यैवोपलम्भात्। तस्मात् किमत्र शरणम्? इति प्रष्टुरभिप्रायः।

एवं रसादिके अनुभवात्मक होनेसे और अनुभवके चित्तवृत्ति विशेपरूप होनेसे रसादि भी चित्तवृत्ति विशेपरूप ही हैं और ऐसा कोई पदार्थ नहीं है, जोकि यत्-किञ्चित् चित्तवृत्ति विशेपको उत्पन्न न करता हो, अर्थात् सभी पदार्थोंमें कुछ न कुछ चित्तवृत्तिविशेषजनकता अवश्य ही माननी होगी, अन्यथा यदि चित्रकाव्य में चित्तवृत्ति विशेपरूप रसाभिव्यञ्जकता न हो तो वह (चित्रकाव्य) कवि प्रतिपाद्य ही न हो सकेगा, और उसमें कवि विपयताका अपलाप भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि कविका विपयभूत कोई पदार्थ ही चित्रकाव्य कहलाता है। इसलिये उसमें भी रसादि व्यङ्ग्य का सम्बन्ध मानना ही पड़ेगा, इसी स्थिति में (चित्रकाव्यमें भी रसादि व्यङ्ग्य के सम्बन्ध मानने पर) उस (चित्रकाव्य) में 'व्यङ्ग्यार्थ-संस्पर्शरहितम्' यह विशेषण देना युक्तिसंगत नहीं मालूम पड़ता यह प्रश्नकर्त्ता का आशय है।

समादधाति—

अत्रोच्यते, सत्यम्, न तादृक् काव्यप्रकारोऽस्ति, यत्र रसादीनामप्रतिपत्तिः।

अप्रतिपत्तिर्बोधविरहः।

सिद्धान्ती समाधान करते हैं—अत्रोच्यते इति। इस प्रकार का कोई भी काव्य नहीं है, जिसमें रसादि की प्रतीति का अभाव हो।

एतावदभ्युपगत्योत्तरमाह—

किन्तु, यदा रसभावादिविवक्षाशून्यः कविः शब्दालङ्कारमर्थालङ्कारं वोपनिबध्नाति, तदा तद्विवक्षाऽपेक्षया रसादिशून्यताऽर्थस्य परिकल्प्यते; विवक्षोपारूढ एव हि काव्ये शब्दानामर्थः। वाच्यसामर्थ्यवशेन च कविविवक्षाविरहेऽपि तथाविधे विषये रसादिप्रतीतिर्भवन्ती परिदुर्बला भवतीत्यनेनापि प्रकारेण नीरसत्वं परिकल्प्य चित्रविषयो व्यवस्थाप्यते।

विवक्षाऽपेक्षया रसादिशून्यता विवक्षितरसाद्यव्यञ्जकत्वम्। विवक्षोपारूढो विवक्षाविषयीभूतः। वाच्यसामर्थ्यवशेनार्थव्यञ्जनाबलेन। तथाविधे विषये क्वाचिच्चित्रकाव्ये। परिदुर्बलाऽविवक्षितविषयकत्वादप्रधानीभूता। अनेनापीत्यपिशब्दः प्रथमकल्पे रसादिप्रतीते रसत्वं, द्वितीयकल्पे तु दुर्बलत्वं विवक्षाऽनुरोधात् कल्पनीयमिति समाधानप्रकारस्य कथञ्चिन्निर्वाहकतां सूचयति।

यदा कविरलंकारव्यसनितया कदाचित् 'विवक्षा तत्परत्वेन नाङ्गित्वेन कदाचन' इति कथितनियममवहेल्यालंकारमेव प्राधान्येन विवक्षति, तदा रसादीनां नान्तरीयकव्यङ्ग्यानां सत्त्वेऽपि काव्यवाक्यस्य तच्छून्यत्वं वक्तुं शक्यते, यतो विवक्षैवार्थानां सत्त्वासत्त्वव्यवस्थापिका काव्येषु, तदादायैव चित्रस्य लक्षणं तथाविहितमुपपद्यते। यत्र च क्वचिदविवक्षितानामपि रसादीनां वाच्यसौन्दर्यमहिम्नाऽऽर्थव्यञ्जनासाहाय्येन जायते चित्रेष्वपि 'मध्ये व्योम स्फुरति सुमनोधन्वनः शाणचक्रम्' इत्यादिषु प्रतीतिः, तावता न चित्रत्वव्याघातस्तस्य भवितुमर्हति, तत्र रसादीनामविवक्षितत्वात् तत्प्रतीतेरास्वाद्यतमत्ववैधुर्यादिति समाधातुराशयः।

परन्तु जब रस, भाव आदिके बोध करानेकी इच्छासे रहित होकर कवि शब्दालंकार या अर्थालंकार का निर्माण करता है, तब उस (शब्दार्थालंकार) की विवक्षा की दृष्टि से रसादिशून्यता की कल्पना की जाती है, क्योंकि काव्यमें विवक्षाविषयीभूत अर्थ ही शब्द का अर्थ समझा जाता है, उस प्रकार के (चित्रकाव्य के)

विषयमें रसादि विषयक कविकी विवक्षा नहीं रहने पर भी यदि वाच्यवृत्तिव्यञ्जना-के बलसे रसादिकी प्रतीति होती भी है, तो वह दुर्बल ही समझी जाती है, इस कारणसे भी उसको नीरस मानकर चित्रकाव्य का विषय व्यवस्थापित किया जाता है ।

उक्तमेवार्थमुपसंङ्क्षिप्य वदति—

तदिदमुक्तम् ।

मयैवेति शेषः ।

'रसभावादिविषय–विवक्षाविरहे सति ।
अलङ्कारनिबन्धो यः स चित्रविषयो मतः ॥
रसादिषु विवक्षा तु स्यात्तात्पर्यवती यदा ।
तदा नास्त्येव तत्काव्यं ध्वनेर्यत्तु न गोचरः ॥'

रसभावादयो विषयाः सा रसभावादिविषया, तादृशी चासौ विवक्षा कवि-तात्पर्यम्, स चित्रस्य तल्लक्षणस्य तद्व्यवहारस्य वा विषयो मतः स्वीकृतः ।

यदा तु रसादिषु रसादिविषयिका विवक्षा तात्पर्यवती प्राधान्यावलम्बिनी स्यात् । तदा तत् काव्यं नास्त्येव, यत्तु यत्पुनः, ध्वनेस्तल्लक्षणस्य तद्व्यवहारस्य वा गोचरो विषयो न स्यादित्यर्थः ।

एतावता विवक्षितव्यङ्ग्यसहितत्वे सति शब्दार्थान्यतरालंकारवत्त्वं चित्रत्वमिति लक्षणं पर्यवसितम् ।

उक्तार्थ को ही संक्षेपमें बतलाते हैं—तदिदमिति । रस, भाव आदि विषयक विवक्षा (तात्पर्य) नहीं रहने पर जो अनुप्रास, यमक, उपमा आदि अलंकारोंका निर्माण किया जाता है, वह चित्रकाव्य का विषय माना गया है । और जब प्रधान-रूपसे, रस, भाव आदि की प्रतीति करानेके तात्पर्यसे विवक्षा की जाती है, तब ऐसा कोई भी काव्य नहीं हो सकता, जो ध्वनि का विषय न माना जाय । एतावता यह सार निकला कि जिसमें विवक्षित व्यङ्ग्यार्थ न हो और शब्दालंकार या अर्था-लंकार इन दोनोंमेंसे कोई भी अलंकार हो, उसे चित्रकाव्य कहते हैं ।

नन्वीदृशनिकृष्टकाव्यस्य निरूपणं किमर्थमित्यत आह—

एतच्च चित्रं कवीनां विशृङ्खलगिरां रसादितात्पर्यमनवेक्ष्यैव काव्य-प्रवृत्तिदर्शनादस्माभिः परिकल्पितम् ।

काव्यप्रवृत्तिक्रियया समानकर्तृकत्वमनवेक्षणक्रियया इति क्त्वाप्रत्ययः, किन्तु तस्याः पदार्थैकदेशतया तत्रान्वयाभावात् स्थितानामित्यध्याहार्यम् ।

माभूच्चित्रं प्रशस्तकाव्यम्, किन्तु लक्ष्यानुरोधाल्लक्षणं व्यवस्थाप्यते। लक्ष्याणि तु भूयांसि तथाविधान्युपलभ्यन्त एव, कवीनां नानारुचितया केषां च न तत्रापि प्रवृत्तिरवलोक्यते। तस्मात्तदपि निरूपितमेवास्माभिरिति भावः।

इस प्रकारके अधम चित्रकाव्यके निरूपण का प्रयोजन बतलाते हैं—एतच्चेति। शृङ्खला रहित वाणीवाले कवियों की नाना प्रकार की रुचि होनेके कारण प्रधान-रूपसे रसादि प्रतीति विषयक तात्पर्य की अपेक्षा किये बिना ही काव्य विषयक रचनामें प्रवृत्ति देखनेसे ही हमने इस चित्रकाव्य का निरूपण किया है अर्थात् चित्रकाव्य भले ही प्रशस्त न हो, किन्तु विभिन्न प्रकार की रुचिवाले बहुतों कवियों की इस काव्य की रचना में अधिक प्रवृत्ति की उपलब्धि होनेसे ही हमने इसका भी निरूपण किया है।

तर्हि किमाधुनिकैरपि तत्र प्रवत्तिर्विधेयेति प्रश्ने कथयति—

इदानीन्तनानान्तु न्याय्ये काव्यनयव्यवस्थापने क्रियमाणे, नास्त्येव ध्वनिव्यतिरिक्तः काव्यप्रकारः।

समुचितध्वनिव्यवस्थायां जातायामाधुनिकैस्तत्रैव प्रवर्तनीयमिति भावः।

उसी प्रकार आधुनिक कवियों को भी क्या चित्रकाव्य रचना में प्रवृत्त होना चाहिये? इस आक्षेप का समाधान करते हैं—इदानीमिति। वर्त्तमान समय में तो समुचित ध्वनिकाव्य मार्ग की व्यवस्था कर दी जाने पर आधुनिक कवियों के लिये ध्वनि से भिन्न कोई दूसरा काव्य प्रकार ही नहीं है, अर्थात् ध्वनि की उचित व्यवस्था हो जानेसे आधुनिकों को उसी की रचनामें प्रवृत्ति करनी चाहिये।

तत्र हेतुं वक्ति—

यतः परिपाकवतां कवीनां रसादितात्पर्यविरहे व्यापार एव न शोभते रसादितात्पर्ये च सति, नास्त्येव तद्वस्तु, यदभिमतरसाङ्गतां नीयमानं न प्रगुणीभवति। अचेतना अपि हि भावा यथायथमुचितरसभावतया चेतनवृत्तान्तयोजनया वा न सन्त्येव ते ये यान्ति न रसाङ्गताम्।

व्यापारः काव्यरचनाऽऽत्मकः। शब्दार्थयो रसौचित्यानुसारी विवेकः परिपाकः। प्रगुणीभवति प्रशस्तगुणवत्तां प्राप्नोति। भावाः पदार्थाः। उचितौ स्वतः सम्भविनौ रसभावौ यत्र ते तादृशाः तेषां भावस्तत्ता तया, तेन सन्त्येव, ये रसाङ्गतां न यान्तीत्यन्वयः।

रसादिविवक्षाव्यतिरेके पदार्थानामचमत्कारितयाऽशोभनत्वात्, तदन्वये च चेतनानां पदार्थानां स्वतः अचेतनानामपि पदार्थानां चेतनधर्मारोपेण सत्त्वाद्

विवक्षितरसादिव्यञ्जकत्वमेव काव्यस्य यतश्चमत्कारितायां निमित्तम्, अतस्तत्रैव प्रवर्तनीयमिति सारम् ।

क्योंकि रसोचित शब्दार्थोंके सन्निवेश करनेमें परिपक्व बुद्धिवाले सिद्धहस्त कवियों का रसादितात्पर्यके विना व्यापार ही नहीं शोभित होता, रसादिविषयक तात्पर्य होने पर तो कोई ऐसा पदार्थ ही नहीं है, जोकि अभिमत रसके अङ्ग बनाने पर अत्यन्त प्रशंसनीय न हो जाय, अचेतन भी कोई ऐसे पदार्थ नहीं हैं जो कि यथायोग्य उचित (स्वतःसंभवि) रस, या भावके सम्बन्धसे अथवा चेतन वृत्तान्तके आरोपात्मक सम्बन्धसे रसके अङ्ग न बन सकें अर्थात् रसादि की विवक्षाके बिना पदार्थमें चमत्कार जनकता न होने से रमणीयता नहीं प्रतीत होती, परन्तु रसादि के साथ सम्पर्क होने पर चेतन पदार्थोंमें स्वतः और अचेतन पदार्थोंमें चेतन धर्मोंके आरोपसे रमणीयता चमकने लगती है, इससे सिद्ध होता है कि विवक्षित रसादि सम्पर्क ही काव्यमें चमत्कारिता प्रयोजक है, इसलिये ध्वनि काव्यकी रचनाके लिये ही आधुनिक कवियों को प्रवृत्त होना चाहिये ।

पदार्थानां रसाङ्गतानयनं कविविवक्षाऽधीनमेवेति दर्शयति—

तथा चेदमुच्यते—

'अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः ।
यथाऽसौ रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ॥
शृङ्गारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत् ।
स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत् ॥
भावानचेतनानपि चेतनवच्चेतनानचेतनवत् ।
व्यवहारयति यथेष्टं सुकविः काव्ये स्वतन्त्रतया ॥'

अपारेऽनाद्यन्ते. काव्यमेव नानाविधत्वाद् विपुलत्वाच्च संसारः प्रपञ्चस्तस्मिन् तद्विषयनिर्माणे प्रजापतिर्विधाता कविरेवास्ति यतः, अतोऽस्मै कवये यथा रोचते तदिच्छाऽनुसारम्, इदं विश्वं जगत् तथा तेन भिन्नभिन्नरूपेण परिवर्तते परिणतं भवति ।

तथा च-कविः शृङ्गारी शृङ्गारादिरसास्वादनप्रवणश्चेद् यदि भवेत्, तदा जगदेव काव्ये वर्ण्यमानं रसमयं रसाङ्गं जातं भवति । स कविरेव चेद् यदि वीतराग उदासीनो वर्णनरसिकताशून्यो भवति, तदा तद्वर्ण्यमानं सर्वमेव जगद्वस्तु नीरसं भवति । सुकविः काव्ये अचेतनाञ्जडानपि भावान् नगनदीप्रभृतिपदार्थान् चेतनवत् स्त्रीपुंसवत्, च तथा चेतनानानन्दसम्मोहदशायामचेतनवद् यथेष्टमिच्छाऽनुरूपं स्वतन्त्रतया व्यवहारयति प्रवर्तयतीत्यर्थः ।

काव्ये कवेरिच्छयैव भावानां सरसता नीरसता वा, चेतनताऽचेतनता वा भवतीति तदनौचित्ये स एव निगृहीतः स्यात् तेन तत्राप्रमादिना प्रवर्तनीयमित्यभिसन्धि।

पदार्थोंको रसका अङ्ग बनाना कविकी विवक्षाके अधीन ही रहता है, यह बतलाते हैं—तथा चेदमिति। इस अनन्त काव्य जगत्‌में उसका निर्माण केवल कवि ही एक प्रजापति (विधाता) है, उसे जो अच्छा लगता है, यह जगत् उसी प्रकार बदल जाता है। यदि कवि शृङ्गारका रसिक है तो यह सारा जगत् ही काव्यमें वर्ण्यमान होकर शृङ्गार रसमय प्रतीत होने लगता है, और यदि वह (कवि) वीतराग (विरागी) है, तो यह सब (जगत्) वर्ण्यमान होता हुआ भी नीरस ही प्रतीत होने लगता है। सुकवि अपने काव्यमें अचेतन (जड़) पदार्थोंको भी चेतनके समान और चेतन पदार्थोंको भी अचेतन के समान स्वतन्त्रतापूर्वक जैसा चाहता है, वैसा ही वर्णन द्वारा बना देता है (व्यवहार करता है) अर्थात् काव्यमें कविकी इच्छाके ऊपर ही पदार्थों की सरसता या नीरसता, चेतनता या अचेतनता निर्भर रहती है, उसके अनौचित्य होनेपर वही (कवि ही) पूरा दोषी समझा जाता है, इसलिये कविको काव्यके विषयमें बहुत सावधानी से वर्तना चाहिये।

उपसंहरति—

तस्मान्नास्त्येव तद्वस्तु यत् सर्वात्मना रसतात्पर्यवतः कवेस्तदिच्छया तदभिमतरसाङ्गतां न धत्ते। तथोपनिबध्यमानं वा चारुत्वातिशयं न पुष्णाति।

तस्मादुक्तहेतोर्यद् सर्वात्मना सर्वथा रसतात्पर्यवतो रसप्रवणस्य कवेस्तदिच्छया सरसपदार्थप्रतिपिपादयिषया, तस्य कवेरभिमतरसस्याङ्गतां व्यञ्जकत्वेनोपकारकतां न धत्ते। वा तथा रसाङ्गत्वेनोपनिबध्यमान काव्ये निवेश्यमान सत्, चारुत्वातिशयं न पुष्णाति, तद्वस्तु नास्त्येव, कवीच्छाऽनुसारमेव तेषां परिवर्तनादित्यर्थः।

उक्त विषयका ही उपसंहार करते हैं—तस्मादिति। पूर्णरूपसे रसमें लीन कविके लिए ऐसा कोई भी पदार्थ नहीं हो सकता है, जो उसकी सरस पदार्थ प्रतिपादन करने की इच्छासे उसके अभिमत रसका अङ्ग न बन जाय, या रसाङ्ग रूपसे काव्य में उपनिबद्ध (वर्णित) होकर अतिशय रमणीयताको पोषित न करे। अर्थात् कविकी इच्छानुसार ही उनका बिलकुल परिवर्तन हो जाता है।

नचैतदप्रसिद्धमिति ब्रूते—

सर्वमेतच्च महाकवीनां काव्येषु दृश्यते। अस्माभिरपि स्वेषु काव्यप्रबन्धेषु यथायथं दर्शितमेव।

स्वेषु काव्यप्रबन्धेषु देवीशतकार्जुनचरितविषमबाणलीलाप्रभृतिषु ।

उपर्युक्त विषय बिलकुल अप्रसिद्ध नहीं है, यह बतलाते हैं—सर्वमिति । ये सब विषय महाकवियोंके काव्योंमें प्रत्यक्ष दिखलाई पड़ रहे हैं, और हम भी विषम बाणलीला आदि अपने काव्य प्रबन्धोंमें यथोचित रूपसे दिखला ही चुके हैं ।

ध्वनेः प्राधान्यं दर्शयन्नुपसंहरति—

स्थिते चैवं सर्व एव काव्यप्रकारो न ध्वनिधर्मतामतिपतति ।

एवं सर्वभावानां रसादिव्यञ्जकत्वे स्थिते निर्धारिते सति, काव्यस्य सर्व एव प्रकारः, ध्वननं ध्वनिर्धर्मो यस्य स ध्वनिधर्मा तस्य भावो ध्वनिधर्मता तां, ध्वनित्वरूपां न अतिपतति नातिक्रामति, सर्वोऽपि ध्वनिरेव भवति तत्प्रकार इत्यर्थः ।

अब ध्वनिका प्राधान्य दिखलाते हुए उपसंहार करते हैं—स्थिते इति । इस प्रकार सभी पदार्थोंका रसके साथ सम्बन्ध स्थापित हो जाने पर काव्यका कोई भी प्रकार ध्वनि रूपताका उल्लङ्घन नहीं करता अर्थात् काव्यका सभी भेद ध्वनि रूपको धारण कर सकता है ।

गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य का गतिरित्याकाङ्क्षायां वक्ति—

रसाद्यपेक्षया कवेर्गुणीभूतव्यङ्ग्यलक्षणोऽपि प्रकारस्तदङ्गतामवलम्बते प्राक् ।

गुणीभूतव्यङ्ग्यलक्षणोऽपि काव्यस्य प्रकारः, कवे रसाद्यपेक्षया रसादिव्यञ्जनाभिप्रायेण प्राक् तस्य ध्वनेरङ्गतां धत्त इत्यर्थः ।

गुणीभूतव्यङ्ग्यमपि प्राधान्येन रसादिव्यञ्जकत्वे ध्वनिरेव भवति । तच्च 'प्रकारोऽयं गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि' इत्यादिकारिकया, तदयं 'ध्वनिनिष्यन्दरूपः' इत्यादिवृत्त्या च प्रतिपादितमेव प्रागित्याशयः ।

उक्त रीतिसे सबके ध्वनि रूप हो जाने पर गुणीभूत व्यङ्ग्यका व्यवहार ही लुप्त हो जायगा इस आक्षेपका समाधान करते हैं—रसाद्यपेक्षयेति । गुणीभूत व्यङ्ग्यरूप काव्यविशेष भी प्रधानरूपसे कविके रसादिविषयक तात्पर्य होनेपर ध्वनिरूपताको ही धारण कर लेता है: अर्थात् गुणीभूत व्यङ्ग्य भी प्रधानतया रसादिकी प्रतीति परक होनेपर ध्वनिरूप ही हो जाता है यह पहले बतला ही चुके हैं ।

ननु तर्हि कदा तस्य पार्थक्यमिति पृच्छां निवर्तयति—

यदा तु चाटुषु देवतास्तुतिषु वा रसादीनामङ्गतया व्यवस्थानम्, हृदयवतीषु च षट्प्रज्ञाऽऽदिगाथासु कासुचिद् व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्यात् प्राधान्यम्, तदपि गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य ध्वनिनिष्यन्दभूतत्वमेवेत्युक्तं प्राक् ।

यदा तु पुनः चाटुषु नितम्बिनी—नृपतिप्रभृतिप्रसादकमिथ्याप्रशंसावाक्येषु, देवतास्तुतिषु वा वाच्यवृत्तापेक्षया रसादीनामङ्गतया व्यवस्थानं स्थितिर्भवति, च तथा कासुचिदनतिप्रतीतासु हृदयवतीषु 'अअलिआ' इति नाम्ना प्राकृतकविसमाजे प्रथितासु षट्प्रज्ञाऽऽदीनां कुशलानां प्रातिवेश्मिकानां गाथासु, व्यङ्ग्येन विशिष्टाद् गुणीभूतव्यङ्ग्याद् वाच्यात् प्राधान्यं तद्धेतुकश्चमत्कारः, तदा गुणीभूतव्यङ्ग्यं नाम काव्यं भवतीति शेषः। तदपि गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमपि तस्येति शेषः, ध्वनिनिष्यन्दभूतत्वमेवेति प्राक् 'तदयं ध्वनिनिष्यन्दरूपः' इत्यादिनोक्तमेवेत्यर्थः।

तथा च—'धर्मार्थकाममोक्षेषु लोकतत्त्वार्थयोरपि।
षट्सु प्रज्ञाऽस्ति यस्योच्चैः षट्प्रज्ञ इति संस्मृतः॥'
इति त्रिकाण्डशेषः।

गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्यका व्यवहार काल बतलाते हैं—यदेति। जब मानिनी नायिका या राजा आदिको प्रसन्न करनेके लिये मिथ्या प्रशंसात्मक स्तुतियोंमें या देवताओंकी स्तुतियोंमें रसादिकी अङ्ग गौण रूपसे स्थिति हो, एवं प्राकृत कवियोंकी गोष्ठीमें हृदयवती नामसे प्रसिद्ध पट्प्रज्ञादि सहृदयोंकी गाथाओंमें व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्यमें प्राधान्य हो, तब भी गुणीभूतव्यङ्ग्य ध्वनिको दूसरी धारा रूप ही होती है, यह भी पहले ही कह चुके हैं।

चित्रमिदानीं तर्हि खपुष्पायत इत्याशंकां समादधदुपसंहरति—

तदेवमिदानीन्तनकविकाव्यनयोपदेशे क्रियमाणे, प्राथमिकानामभ्यासार्थिनां यदि परं चित्रेण व्यवहारः, प्राप्तपरिणतीनां तु ध्वनिरेव प्राधान्येन काव्यमिति स्थितमेतत्।

तत् तस्माद्धेतोः' एवं ध्वनेरेव मुख्यत्वेन, इदानीन्तनानामाधुनिकानां कवीनां काव्यनयोपदेशे काव्यनीतिशिक्षणे क्रियमाणे, ये प्राथमिकाः प्रथममेव काव्यं कर्तुं प्रवृत्ताः, अत एवाभ्यासार्थिनः पौनःपुन्येन काव्यघटनमभिलषन्तः सन्ति, तेषां प्रथमभूमिकास्थितानामनधिगतप्रौढीनां परं केवलं चित्रेण व्यवहारो यदि स्यात्, तदा भवितुमर्हतीत्यनुमन्यते। प्राप्ता परिणतिः काव्यरचना-प्रौढिर्यैस्ते तादृशाः, तेषां तु पुनर्ध्वनिरेव प्राधान्येन, क्वचित्तु गुणीभूतव्यङ्ग्यमपीति शेषः, काव्यं भवतीति नियन्त्रणं स्थितं निर्णीतमित्यर्थः।

प्रथमावस्थायां कवीनां चित्रमपि काव्यं भवत्येव, चरमावस्थायान्तु ध्वनिरेव। तेन चित्रस्य नाप्रसिद्धिर्न वा ध्वनेरप्राधान्यमिति सारम्। एतेन चित्रं काव्यं नास्त्येवेति व्याहरन्तो दर्पणकृतः प्रत्युक्ताः।

उक्त रीतिसे ध्वनि के ही सर्वत्र प्राबल्य होने के कारण परम उपादेय होनेसे चित्रकाव्य गगन कुसुमके समान हो जायगा इस सन्देहको दूर करते हैं— तदेवमिति। इसलिये ध्वनिके ही प्राधान्य होनेपर आधुनिक कवियोंके लिये काव्य-नीतिके शिक्षण करनेमें यह कहा जा सकता है कि प्रारम्भिक दशामें केवल अभ्यास चाहनेवाले भले ही चित्र काव्यका व्यवहार कर लें, परन्तु परिपक्व सिद्धहस्त कवियोंके लिये तो ध्वनि काव्य ही एकमात्र शरण है, यह सिद्ध होता है, अर्थात् प्राथमिक अवस्थामें कवियोंके लिये चित्रकाव्य भी आश्रय हो सकता है, लेकिन चरम अवस्थामें पहुँचे हुए सिद्धहस्त कवियों के लिये ध्वनि काव्यको ही आश्रय समझना चाहिये इस प्रकार चित्रकाव्यकी भी अप्रसिद्धि नहीं हुई और ध्वनि-काव्यका प्राधान्य भी ज्योंका त्यों बना रहा।

पर्यन्ते सङ्गृह्णाति—

तदयमत्र संग्रहः—

यस्मिन् रसो वा भावो वा तात्पर्येण प्रकाशते।
संवृत्याभिहितं वस्तु यत्रालङ्कार एव वा॥
काव्याध्वनि र्ध्वनिर्व्यङ्ग्यं प्राधान्यैकनिबन्धनः।
सर्वत्र तत्र विषयी ज्ञेयः सहृदयैर्जनैः॥'

यस्मिन् काव्याध्वनि काव्यमार्गे, रसः शृङ्गारादिः, अथ भावो रत्यादिस्तदाभासादिश्च, अथवा संवृत्य सौन्दर्योत्कर्षसम्पादनाय गोपयित्वाऽभिहितमुक्तं वस्तु, अथवा यत्र अलंकार एव, व्यङ्ग्यं व्यज्यमानतां दधत्, तात्पर्येण कविविवक्षाविषयत्वप्रयुक्तप्रधान्येन प्रकाशते प्रतीतिविषयो भवति। तत्र सर्वत्र रसादिवस्त्वलङ्कारप्रधानकव्यञ्जनस्थलेषु, प्राधान्यमेकं प्रधानं निबन्धनं निमित्तं यस्य स ध्वनिरर्थरूपः सहृदयैः, विषयी त्रिविधध्वनिकाव्यरूपविषयभाग् ज्ञेय इत्यर्थः।

'काव्याद् ध्वनिर्ध्वनेर्व्यङ्ग्यम्' इति पाठस्तु, विशृङ्खलत्वात्, 'काव्यमार्गे' इति लोचनविवरणप्रतिकूलत्वाच्च नोपादेयः।

वस्त्वादीनां प्राधान्येन व्यङ्ग्यत्वे ध्वनिः, स एव च प्रधानमिति फलितम्।

अब सबका संग्रह कर रहे हैं—तदयमत्रेति। इसलिये इस विषयमें यह सारांश निकला कि—जिस काव्यमें रस या भाव प्रधान रूपसे प्रकाशित हो, अथवा जिसमें छिपे हुए कामिनीकुचकलशवत् अतिशय सौन्दर्यके आधायक वस्तु या अलङ्कार प्रकाशित हो, उन सबमें केवल व्यङ्ग्यार्थके प्राधान्य होनेके कारण सहृदय जन ध्वनिको ही प्रधान विषयी समझें, अर्थात् वस्तु, अलङ्कार और रसादिके प्रधानतया व्यङ्ग्य होनेपर प्रधानभूत ध्वनि काव्य समझना चाहिये।

प्रकारान्तराण्यपि ध्वनेर्दर्शयति—

'सगुणीभूतव्यङ्ग्यैः सालङ्कारैः सह प्रभेदैः स्वैः ।
सङ्करसंसृष्टिभ्यां पुनरप्युद्द्योतते बहुधा ॥ १०० ॥'

स ध्वनिः, गुणीभूतव्यङ्ग्यैस्तत्प्रकारैः सहितैः सगुणीभूतव्यङ्ग्यैः, तथाऽलंकारै-र्वाच्यालङ्कारैः सहितैः सालंकारैः, स्वैरात्मीयैरविवक्षितवाच्यत्वादिभिः प्रभेदैः प्रकारैः सह, संकरः सापेक्षाणामङ्गाङ्गिभावेन सन्देहेनैकवाचकानुप्रवेशेन च त्रिविधः सम्बन्धः, संसृष्टिर्निरपेक्षाणां च योग एकविध एव, ताभ्यां सम्बन्धविशेषाभ्यामुपल-क्षितः पुनरपि बहुधा नानाप्रकारवान्, उद्द्योतते भातीत्यर्थः ।

अब ध्वनिका प्रकारान्तर भी दिखलाते हैं—सगुणीभूतेति । अलङ्कारोंके सहित गुणीभूत व्यङ्ग्योंके साथ और अपने भेदोंके साथ संकर, और संसृष्टिके द्वारा यह ध्वनि अनेक प्रकारकी प्रकाशित होती है ।

तदाह—

तस्य च ध्वनेः स्वप्रभेदैर्गुणीभूतव्यङ्ग्येन वाच्यालङ्कारैश्च सङ्करसंसृ-ष्टिव्यवस्थायां क्रियमाणायां बहुप्रभेदता लक्ष्ये दृश्यते । तथा हि—स्वप्र-भेदसङ्कीर्णः, स्वप्रभेदसंसृष्टः, गुणीभूतव्यङ्ग्यसङ्कीर्णः, गुणीभूतव्यङ्ग्यसं-सृष्टः, वाच्यालङ्कारान्तरसङ्कीर्णः, वाच्यालङ्कारसंसृष्टः, संसृष्टालङ्कारस-ङ्कीर्णः, संसृष्टालंकारसंसृष्टश्चेति बहुधा ध्वनिः प्रकाशते ।

अविवक्षितवाच्यः—अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्योऽत्यन्ततिरस्कृतवाच्यश्चेति प्रथमं द्विविधः प्रत्येकं पदवाक्यप्रकाश्यत्वेन चतुर्विधः । विवक्षितान्यपरवाच्यस्तु—असंलक्ष्य-क्रमरूपोऽनन्तोऽपि वाक्य—पद तदंश—घटना—वर्ण—प्रबन्धव्यङ्ग्यत्वेन षड्विधः । संलक्ष्यक्रमरूपस्तु—शब्दशक्त्युद्भवो वस्त्वलंकारयोर्व्यङ्ग्यत्वेन द्विविधोऽपि प्रत्येकं पदप्रकाश्यत्वेन चतुर्विधः, अर्थशक्त्युद्भवो वस्त्वलंकारयोर्व्यञ्जकयोः प्रत्येकं स्वतः—सम्भवितया कविप्रौढोक्तिसिद्धतया कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धतया च षड्विधो वस्त्वलंकाररूपत्वेन द्वादशविधः, स एव पुनः पद—वाक्य—प्रबन्धप्रकाश्यत्वेन षट्त्रिंशद्विधः, शब्दार्थशक्त्युद्भवस्तु वाक्यप्रकाश्यत्वेनैकविध एवेति संकलनयैक-पंचाशत्प्रकारकः शुद्धो ध्वनिः ।

ततश्चैकपञ्चाशतो भेदानां तावद्भिः प्रकारैः स्वकीयैर्गुणने (२६०१) द्वे सहस्रे षट्शतानि—एकश्च ध्वनेः प्रभेदाः । तेषां पुनस्त्रिरूपः संकर एकरूपा संसृष्टिरिति

चतुर्भिर्गुणने (१०४०४) दशसहस्राणि-चत्वारि शतानि-चत्वारश्च तत्प्रकाराः। तेषामपि शुद्धभेदैरेकपञ्चाशता योजने (१०४५५) दशसहस्राणि-चत्वारि शतानि-पञ्चपञ्चाशद् ध्वनेः प्रभेदाः सम्भवन्तीति प्रकाशकारादयः तद्विवेकविशेषस्तु प्रदीपादौ द्रष्टव्यः।

वृत्तिकार उक्त कारिकार्थको स्फुट करते हैं—तस्य च ध्वनेरिति। उस ध्वनिके अपने भेदोंके साथ एवं गुणीभूत व्यङ्ग्यके साथ, और वाच्यभूत अलङ्कारों के साथ सङ्कर और संसृष्टिकी व्यवस्था करनेपर लक्ष्यभूत ध्वनि-काव्यके बहुतसे भेद दिखाई देते हैं, जैसे—१. ध्वनिके अपने मुख्यभेदों (अविवक्षित वाच्य और अर्थान्तर संक्रमित वाच्य आदि) के साथ संकीर्ण (त्रिविधसङ्करयुक्त) २. अपने प्रमुख भेदोंके साथ संसृष्ट (अनपेक्षतया स्थित संसृष्टियुक्त) ३. गुणीभूत व्यङ्ग्यके साथ सङ्कीर्ण, ४. गुणीभूत व्यङ्ग्यके साथ संसृष्ट, ५. वाच्यभूत अलङ्कारोंके साथ सङ्कीर्ण, ६. वाच्यभूत अलङ्कारोंके साथ संसृष्ट, ७. संसृष्ट अलङ्कारोंके साथ सङ्कीर्ण, ८. संसृष्ट अलङ्कारोंके साथ संसृष्ट, इस तरह बहुत प्रकार ध्वनि प्रकाशित होती है। एक वाक्यमें परस्पर सापेक्ष होकर अङ्गाङ्गिभाव (उपकार्योपकारक भाव) आदि रूपसे रहने पर सङ्कर होता है, और सङ्करके 'अङ्गाङ्गिभाव सङ्कर, एकाश्रयानुप्रवेश सङ्कर और संदेह सङ्कर' ये तीन भेद हैं। एवं दो या उनसे अधिक भेदोंके परस्पर निरपेक्ष होकर स्वतन्त्र रूपसे एक वाक्यमें रहनेपर संसृष्टि होती है।

ध्वनिके लक्षणामूल 'अविवक्षितवाच्य' और अभिधामूल 'विवक्षितान्यपरवाच्य' ये दो मूल भेद हैं, उनमें से प्रथम अविवक्षितवाच्यके 'अर्थान्तर संक्रमितवाच्य' और 'अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य' ये दो भेद हैं, और दूसरे विवक्षितान्यपरवाच्यके 'संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य' और 'असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य' ये दो भेद हैं, उनमें भी संलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यके 'शब्दशक्त्युद्भव, 'अर्थशक्त्युद्भव' और शब्दार्थोभयशक्त्युद्भव' ये तीन भेद हैं, उनमें भी शब्द शक्त्युद्भवके वस्तु, और अलङ्कार रूप दो भेद हुए और अर्थशक्त्युद्भवके 'स्वतः सम्भवी' 'कविप्रौढोक्तिसिद्ध' और 'कविनिबद्धप्रौढोक्तिसिद्ध' इन तीनों भेदोंमें से प्रत्येकके व्यङ्ग्य और व्यञ्जक इन दोनोंकी दृष्टिसे उक्त वस्तु और अलङ्कारके चार भेद होकर कुल बारह प्रकार हैं, एवं शब्दार्थोभयशक्त्युद्भव का एक भेद और असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यका एक भेद इस प्रकार विवक्षितान्यपरवाच्यके २+१२+१+१=१६, तथा अविवक्षित वाच्यके दो भेद, सब मिलाकर १६+२=१८, इनमें उभयशक्त्युद्भव भेदके केवल पदमें ही होने से एक ही भेद और बाकी १७ के पद तथा वाक्यमें होनेसे ३४, अर्थशक्त्युद्भवके प्रबंधगत होनेसे ११ अधिक सब मिलाकर १+३४+१२=४७ हुए, और असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यके पदैकदेश, वर्ण, रचना और प्रबन्धगत होनेसे ४ भेद कुल योग ४७+४=५१ भेद हुए।

तत्र दिङ्मात्रदर्शनाय कियतो भेदानुदाहर्तुकामः। प्रथमं ध्वनेः स्वप्रभेदेनाङ्गाङ्गिभावसङ्करमुदाहरति—

तत्र स्वप्रभेदसङ्कीर्णत्वं कदाचिदनुग्राह्यानुग्राहकभावेन, यथा-'एवंवादिनि देवर्षौ' इत्यादौ। अत्र ह्यर्थशक्त्युद्भवानुरणनरूपव्यङ्ग्यध्वनिप्रभेदेनालक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनिप्रभेदोऽनुगृह्यमाणः प्रतीयते।

अनुग्राह्यानुग्राहकभावोऽङ्गाङ्गिभावः। अत्र श्लोकेऽर्थशक्त्युद्भवध्वनिना लज्जालक्षणेनासंलक्ष्यक्रमोऽभिलाषहेतुकविप्रलम्भश्रृङ्गारोऽनुगृह्यमाणः पोष्यमाणः प्रतीयते, लज्जाया व्यभिचारिभावत्वेव रसपोषकत्वात्। तस्याः संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यता व्यभिचारिभावरूपाया अप्राधान्येन भावत्वानधिगमादवगमनीया।

अब उनमें दिग्दर्शन मात्र कराने के लिये कुछ भेदों को बतलानेकी भावनासे पहले ध्वनिके अपने भेदोंके साथ अङ्गाङ्गि भावरूप सङ्कर का उदाहरण देते हैं— तत्रेति। उनमेंसे अपने भेदोंके सङ्कर कभी अनुग्राह्य-अनुग्राहक भाव (उपकार्य-उपकारक भाव) से होता है, जैसे 'एवं वादिनि देवर्षौ' इत्यादि में अर्थशक्त्युद्भव संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य लज्जादिध्वनिसे असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्य रूप-अभिलाषहेतुकविप्रलम्भ श्रृङ्गार रूप ध्वनि विशेष पोष्यमाण प्रतीत होता है, क्योंकि यहाँ पर लज्जाके व्यभिचारि भाव रूपसे प्रतीत होनेके कारण अप्राधान्य होनेसे वह (लज्जा) उक्त श्रृङ्गार रस को पोषण कर रही है, इसलिये अङ्गाङ्गिभाव संकर है।

स्वप्रभेदेनैव ध्वनेः सन्देहसंकरमुदाहरति—

एवं कदाचित् प्रभेदद्वयसम्पातसन्देहेन यथा—

अपने भेदोंके साथही ध्वनिके संदेह संकरके उदाहरणार्थ अवतरण दे रहे हैं— एवमिति। इसी प्रकार कभी ध्वनिके अपने ही भेदोंके आ जानेसे सन्देह हो जानेके कारण सन्देह संकर हो जाता है, जैसे :—

देवरेऽनुरक्तामुपनायिकामुत्सवागतां तत्पत्न्या कटूक्तिभिः कदर्थितामनुनेतुं तच्चौरकामुकी भ्रातृजाया तं भणति—

'खणपाहुणिआ देअर ! एसा जाअए किंपि दे भणिआ।
रुअइ पडोहरवलही घरम्मि अणुणिज्जउ वराई ॥'

'क्षणप्राघुणिका देवर ! एषा जायया किमपि ते भणिता।
रोदिति शून्यवलभीगृहेऽनुनीयतां वराकी ॥' इतिच्छाया ॥

अयि देवर ! पत्यनुज ! क्षण उत्सवे, क्षणमात्रं वा प्राघुणिकाऽभ्यागता, एषा तव दयिता, ते तव जायया पत्न्या, न तु प्रियया, किमपि वक्तुमनुचितम्, भणिता

कथिता भर्त्सितेति यावत्, सती, शून्ये गृहपश्चाद्भागे वा वलभीगृहे सौधोर्ध्ववेश्मनि, प्रतीकाराक्षमत्वात् त्वय्यत्यनुरक्तत्वाच्च रोदिति। तेन वराकी दीनतया दयनीया, त्वया अनुनीयतां प्रसाद्यतामाश्वास्यतामुपभुज्यतां वेत्यर्थः।

तथा—'स्वामिनो देवृदेवरौ' इत्यमरः। 'शुद्धान्ते वलभीचन्द्रशाले सौधोर्ध्ववेश्मनि' इति रभसश्च।

इह देवरेत्यामन्त्रणेन सहजस्नेहास्पदत्वम्, क्षणप्राघुणिकत्वेनादराधिक्यौचित्येऽप्यनादराद् दुःखातिशयोत्पत्तिसमुचितत्वम्, जायात्वेन प्रणयहीनता, तया तथाऽऽचरणौचिती, त्वदीयत्वेन त्वयैवानुनेयत्वम्, किमपीत्यनेन कटूक्तोनामगणेयताऽनुच्चार्यता च, वलभ्याः शून्यत्वे पश्चाद्भागस्थत्वेन वा रहस्तया रहस्ययोग्यता, रोदितीत्यनेन सद्यः प्रतिकार्यता, रोदनेन तस्याः स्वयं प्रतीकाराक्षमत्वं त्वय्यनुरागोत्कर्षेणान्यत्र पलायितुमसमर्थत्वं च वराकीत्वेनानुनयावश्यकता च सूच्यते।

अत्र 'अनुनीयताम्' इत्यनुनयतेरुपभोगप्रकर्षं प्रत्याययितुं तात्पर्यानुपपत्त्या मुख्यार्थबाधादिसत्त्वादुपभोगे लक्षणेत्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यत्वेनाविवक्षितवाच्यध्वनिः, अथवाऽनुनयते रोदननिवर्तकव्यापारोऽनुनयोऽभिधया बोध्यमान एवोपभोगं व्यनक्तीत्यर्थशक्त्युद्भवत्वेन विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनिरिति सन्देहः उभयथोपभोगस्यैव व्यङ्ग्यत्वेनैकतरपक्षसाधकबाधकप्रमाणाभाव इति संकरः।

देवरमें अत्यन्त अनुरक्त एक नायिकाको, जो कि किसी उत्सवके कारण उस (देवर) के घर पर सम्मिलित होनेके अवसर पर उस (देवर) की पत्नीसे फटकारी जानेसे अत्यन्त दुखी थी. अनुनयके द्वारा प्रसन्न करनेके लिए प्रच्छन्न कामुकी भावी देवर से कहती है—हे देवर! तुम्हारी पत्नीने क्षण भरके लिए उत्सवके अवसर पर अभ्यागतके रूपमें आई हुई इसको कुछ कटु वचन कह दिया है, जिससे यह विचारी शून्य वलभी गृह (महलके ऊपर का निजी कमरा) में रो रही है, उसको जाकर मना लो।

तदाह—

अत्र ह्यनुनीयतामित्येतत् पदमर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यत्वेच, विवक्षितान्यपरवाच्यत्वेन च सम्भाव्यते। न चान्यतरपक्षनिश्चये प्रमाणमस्ति।

वाच्यस्यार्थान्तरसङ्क्रमणं व्यङ्ग्यताद्रूप्यप्राप्तिः, अन्यपरत्वं च स्वरूपावगमपुरस्सरव्यङ्ग्यबोधकत्वमिति भिन्नतयोभयकोट्योर्विरुद्धत्वमवधारणीयम्।

यहाँ पर 'अनुनीयताम्' इस पदमें उपभोग प्रकर्ष सूचन रूप प्रयोजनसे तात्पर्यानुपपत्तिमूलक लक्षणा द्वारा अर्थान्तर संक्रमित वाच्यरूप अविवक्षित वाच्य ध्वनि,

तथा रोदन निवृत्ति जनक व्यापार रूप अनुनयके अभिधा द्वारा बोधित होनेसे विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनि, इन दोनों रूपों की सम्भावना है, और उक्त दोनों ही पक्षोंमें उपयोगके व्यङ्ग्य होनेसे किसी एक ही पक्षके निर्णय करने में प्रबलतर युक्ति नहीं है, इसलिये यहाँ सन्देह संकर है।

स्वप्रभेदेनैकव्यञ्जकानुप्रवेशसंकरमुदाहरति—

एकव्यञ्जकानुप्रवेशेन तु व्यङ्ग्यत्वमलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्यस्वप्रभेदान्तरापेक्षया बाहुल्येन सम्भवति। यथा—स्निग्धश्यामल—' इत्यादौ।

रसादिध्वनेः स्वकीयभेदान्तरेण सहैकवाचकानुप्रवेशलक्षणः संकरो बाहुल्येन सम्भवति, यतो बहुत्र काव्येषु, रसानां भावादीनां चैकव्यङ्ग्यत्वमुपलभ्यते। श्लोकोऽयं सम्पूर्णः प्रागेव व्याख्यातः। अत्र रामपदरूप एकस्मिन्नेव वाचकेऽर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यलक्षणाविवक्षितवाच्यध्वनेर्विप्रलम्भशृङ्गारात्मकासंलक्ष्यक्रमलक्षण-विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनेश्चानुप्रवेशात् संकरः। तदुभयमपीह रामरूपैकपदव्यङ्ग्यम्।

अब अपने भेदोंके साथ एकव्यञ्जकानुप्रवेश रूप सङ्कर का उदाहरण बतलाते हैं—एकव्यञ्जकेति। असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य रूप रसादिध्वनि का अपने अन्य भेदोंके साथ एकाश्रयानुप्रवेशरूप संकर अन्य प्रभेद की अपेक्षा बहुत अधिक हो सकता है, क्योंकि काव्यों में एक ही पद से अनेक रसादि की अभिव्यक्ति उपलब्ध हो रही है। जैसे—'स्निग्धश्यामल'—इत्यादि स्थल में स्निग्ध श्यामल इत्यादिसे विप्रलम्भशृङ्गार तथा उसके व्यभिचारी भाव शोकावेग इन दोनों की अभिव्यक्ति होनेसे एकाश्रयानुप्रवेश सङ्कर प्रतीत हो रहा है (इस श्लोककी व्याख्या पृ० ८७ में कर चुके हैं)।

तत्रैव ध्वनिद्वयस्य संसृष्टिमुदाहरति—

स्वप्रभेदसंसृष्टत्वं च यथा—पूर्वोदाहरण एव अत्र ह्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यस्यात्यन्ततिरस्कृतवाच्यस्य संसर्गः।

पूर्वोदाहरणे 'स्निग्धश्यामल'—इत्यादौ। अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यस्य रामपदव्यङ्ग्यस्य, अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यस्य लिप्त—सुहृत्—पदाभ्यां व्यङ्ग्यस्य च ध्वनेर्निरपेक्षतया स्थितेः संसृष्टिः। अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यस्येति जात्यपेक्षायामेकवचनम्, पदद्वयव्यङ्ग्यध्वनिद्वयस्य सद्भावात्।

नव्यास्तु—अत्रात्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वन्योरेव मिथो नैरपेक्ष्येण संसृष्टिः। ताभ्यां सहार्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वनेस्त्वङ्गाङ्गिभावेन संकर इत्याचक्षते।

उक्त उदाहरणमें ही ध्वनि द्वय की संसृष्टि बतलाते हैं—स्वप्रभेदेति। 'स्निग्ध श्यामल' इस श्लोक में राम पद के अत्यन्त दुःख सहिष्णु राम रूप व्यङ्ग्यार्थपरक

होनेसे अर्थान्तर संक्रमित वाच्यध्वनि, और लिप्त तथा सुहृत् पदसे व्यङ्ग्यभूत अत्यन्त तिरस्कृत वाच्यध्वनिके निरपेक्ष रूपसे स्थित होनेसे संसृष्टि प्रतीत होती है।

इत्थं ध्वनेः स्वप्रभेदैः सह सङ्कीर्णत्वसंसृष्टत्वे उदाहृत्य, गुणीभूतव्यङ्ग्येन सह सङ्कीर्णत्वमुदाहरति—

गुणीभूतव्यङ्ग्यसङ्कीर्णत्वं यथा—'न्यक्कारो ह्ययमेव मे यदरयः' इत्यादौ।

अस्य श्लोकस्य व्याख्यानं व्यङ्ग्यप्रदर्शनं च प्राग् विहितमेव। अत्र वाक्यव्यङ्ग्यासंलक्ष्यक्रम-वीररसध्वनेः पदकदम्बप्रकाशितगुणीभूतव्यङ्ग्यैरुपकारकैः सहाङ्गाङ्गिभावेन सङ्करः।

इह 'अरयः इत्यादिभिः सर्वैरेव पदार्थै रौद्र एवानुगृह्यते' इत्याचार्याः। 'निर्वेदाख्यो व्यभिचारिभाव एव प्राधान्येन व्यज्यते' इति दर्पणव्याख्यातारः। 'निर्वेदक्रोधादिभिः पोषितो रावणस्य युद्धोत्साह आस्वादपदवीमवतरन् वीररसत्वमेती'ति तु नवीना व्यवहरन्ति।

उक्तरीतिसे ध्वनिके अपने भेदोंके सङ्कर और संसृष्टि को बतलाकर अब गुणीभूतव्यङ्ग्यके साथ सङ्करके उदाहरण बतलाते हैं—गुणीभूतेति। गुणीभूतव्यङ्ग्यके साथ ध्वनिका सङ्कर, जैसे—'न्यक्कारो ह्ययमेवेति।' यहाँपर वाक्यसे व्यङ्ग्य असंलक्ष्य क्रम वीररस ध्वनि रूप अङ्गीका, अलग अलग पदों से अभिव्यञ्जित गुणीभूत व्यङ्ग्यरूप अंगके साथ अङ्गाङ्गिभाव सङ्कर प्रतीत होता है।

पुनस्तमेवोदाहरति—

यथा—

अर्जुनेन सह रिपुबलं संहृत्य दुर्योधनं पित्रोरन्तिकेऽन्विष्यंस्तदनुजीविनो भीमः पृच्छति—

'कर्ता द्यूतच्छलानां जतुमयशरणोद्दीपनः सोऽभिमानी,
कृष्णाकेशोत्तरीयव्यपनयनपटुः पाण्डवा यस्य दासाः।
राजा दुश्शासनादेर्गुरुरनुजशतस्याङ्गराजस्य मित्रं,
क्वास्ते दुर्योधनोऽसौ ? कथयत न रुषा द्रष्टुमभ्यागतौ स्वः॥'

वेणीसंहारे पञ्चमाङ्के पद्यमिदम्। द्यूतस्य दुरोदरस्य छलानां छद्मनां शाठ्यानामिति यावत्, कर्ता सदसि प्राग् विधाता प्रवर्तको वा, जतुमयस्य वारणावतनगरे लाक्षारचितस्य शरणस्य गृहस्य पाण्डवदाहार्थमुद्दीपनो दाहकः, स प्रसिद्धोऽभिमानी अहङ्कारी, कृष्णाया द्रौपद्याः सदस्येव केशानामुत्तरीयस्य च व्यपनयनेऽपासने पटु-

निपुणः, तथा यस्य पाण्डवा वयं दासाः किङ्कराः इत्युक्तिरिति शेषः, तथा यो राजाऽखण्डितशासनो भूपतिः, दुश्शासनादेः, अनुजानां कनिष्ठसोदराणां शतस्य, गुरुर्ज्यायान् भ्राता शाठ्यशिक्षको वा, तथा योऽङ्गराजस्य कर्णस्य मित्रं सुहृदस्तीति शेषः, असौ दुर्योधनः क्वास्ते कुत्र तिष्ठति ? कथयत ? यूयमिति शेषः, आवां भीमार्जुनौ रुषा क्रोधेन तं द्रष्टुं नाभ्यागतौ स्वो नायातौ स्व इत्यर्थः ।

तथा च—'द्यूते दुरोदरम्', 'शरणं गृहरक्षित्रोः', 'लाक्षा राक्षा जतुक्लीवे' इति चामरः । 'छलं छद्मस्खलितयोः' इति हैमः । 'छलं स्खलितशाठ्ययोः' इति मेदिनी च ।

इह वाच्यस्तुत्या निन्दाया व्यज्यमानतया व्याजस्तुतिरलंकार इति केचित् । परे तु—विशेषणानां व्यङ्ग्याभिप्रायकत्वेन—'अलंकारः परिकरः साभिप्राये विशेषणे ।' इति लक्षितं परिकरालंकारमाचक्षते । इहापि वाक्यप्रधानव्यङ्ग्य रौद्ररसध्वनेस्तत्तद्विशेषणोपस्थापितैर्गुणीभूतव्यङ्ग्यैः सह संकरः :

उसी गुणीभूत व्यङ्ग्यके साथ ध्वनिके सङ्करका दूसरा उदारण बतलाते हैं—यथेति । कौरवोंके सारे ही सैनिकोंके विध्वंस करनेके बाद भाग कर छिपे हुए दुर्योधन को ढूँढते हुए भीम और अर्जुन उस (दुर्योधन) के भृत्योंसे पूछते हैं—जुए में शठता पूर्ण छल प्रपञ्चों को करने वाला, पाण्डवोंके विनाशार्थ वारणावतसें बनवाये हुये लाक्षागृहमें आग लगानेवाला, द्रौपदीके केश और वस्त्राञ्चल को खींचनेमें चतुर, एवं पाण्डवों को अपना दास बनाने वाला, दुःशासन आदि का राजा, सौ अनुजों (भाइयों) का गुरु और अङ्गराज (कर्ण) का मित्र, वह घमण्डी दुर्योधन कहाँ है ? बताओ ? हम क्रोधसे उसको मारने नहीं आये, अपि तु केवल देखने आये हैं।

तदाह—

अत्र ह्यलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्य वाक्यार्थीभूतस्य व्यङ्ग्यविशिष्टवाच्याभिधायिभिः पदैः सम्मिश्रता ।

अत्र 'न्यक्कारः' इत्यादौ कर्ता' इत्यादौ च श्लोके, वाक्यार्थीभूतस्य प्रधानतया वाक्येन व्यज्यमानस्य, असंलक्ष्यक्रमस्य क्रमेण वीरस्य रौद्रस्य च ध्वनेः, व्यङ्ग्येन विशिष्टमुपस्कृतं वाच्यं यान्यभिदधत्यभिधया बोधयन्ति, तादृशैः पदैरुपलक्षितेन गुणीभूतव्यङ्ग्यरूपेणार्थेन सह सम्मिश्रता संकीर्णता संकर इति यावत् ।

पदैरित्युपलक्षणे तृतीया, ध्वनेः पदसाहित्यासम्भवात् ।

इदमिहावधेयम्—स्वप्रभेदसंकरवद् गुणीभूतव्यङ्ग्यसंकरोऽपि त्रिविध एतदुदाहरणयुगले प्रदर्शितः । तथा हि—श्लोकद्वये प्रधानव्यङ्ग्यस्य रसस्य प्रत्येकपदव्यङ्ग्यैर्विभावादिरूपैरुपस्करणादङ्गाङ्गिभावसंकरः । द्वितीयश्लोके 'पाण्डवा यस्य दासाः' इति

दुर्योधनोक्तेर्यदाऽनुकरणम्, तदा वाच्यार्थस्य व्यङ्ग्यविशिष्टस्य क्रोधोद्दीपकतया गुणीभूतव्यङ्ग्यता। अथवा वाच्येन 'कृतकृत्यैर्दासैः स्वाम्यवश्यं द्रष्टव्यः' इत्यादिरूपप्रधानव्यङ्ग्यस्यार्थशक्त्या ध्वननमित्यर्थशक्त्युद्भवध्वनिरित्युभयोश्चमत्कारितया साधकबाधकप्रमाणविरहेन सन्देहसङ्करः। तत्तत्पदरूपवाचकेषु रसध्वनिना सह गुणीभूतव्यङ्ग्यानामनुप्रवेशादेकवाचकानुप्रवेशसङ्करश्च योजनीयः।

इन दोनों—'न्यक्कारो' और 'कर्ता द्यूतच्छलानां'—श्लोकोंमें प्रधानतया वाक्योंसे व्यज्यमान असंलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्यात्मक क्रमशः वीर और रौद्र रसध्वनि का, व्यङ्ग्यार्थ विशिष्ट वाच्यार्थ को अभिधा द्वारा प्रतीति कराने वाले पदोंसे द्योत्य गुणीभूत व्यङ्ग्य रूप उक्त अर्थ के साथ अङ्गाङ्गिभाव रूप संकर प्रतीत होता है, यद्यपि यहाँ पर ध्वनि के अपने भेदोंके साथ पूर्वोदाहृत त्रिविध सङ्करके समान, इन उदाहरणोंमें गुणीभूत व्यङ्ग्यके साथ ध्वनिके तीनों प्रकारके ही सङ्कर सूक्ष्म रूपसे आ जाते हैं, तथापि ध्वनिकारने उक्त वाक्यार्थीभूत असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्य वीर-रौद्र रसादि ध्वनि के साथ पदप्रकाश्य गुणीभूत व्यङ्ग्य का 'अङ्गाङ्गिभाव' रूप एक ही संकर दिखाया है, बाकी 'सन्देह संकर' और 'एकाश्रयानुप्रवेश संकर' का दीधितिके अनुसार स्वयं ऊहापोह कर लेना चाहिये।

ननु व्यङ्ग्यस्यैव गुणीभूतत्वं प्रधानत्वं च विरुद्धमिति पराक्षेपे सत्यविरोधं समर्थयति—

अत एव च पदार्थाश्रयत्वे गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य, वाक्यार्थाश्रयत्वे च ध्वनेः सङ्कीर्णतायामविरोधः स्वप्रभेदान्तरवत्।

अत एव—एतादृशोदाहरणेषु तदुपलम्भादेव, अविरोध इति सम्बन्धः।

उपर्युक्त स्थलमें गुणीभूतव्यङ्ग्य और ध्वनिरूप प्रधान व्यङ्ग्य दोनों ही परस्पर विरुद्ध होनेसे एक ही जगह में किस प्रकार रह सकते हैं? इस सन्देह का समाधान करते हैं—अत एवेति। उक्त उदाहरणों में उक्त ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य, इन दोनों के एक साथ ही उपलब्ध होनेसे ध्वनि के पूर्वोक्त अपने प्रभेदोंके समान गुणीभूत व्यङ्ग्यके पदमें आश्रित होनेसे और ध्वनिके वाक्यमें आश्रित होनेसे विभिन्नाश्रयके कारण परस्पर संकर होने पर भी कोई विरोध नहीं आता। अर्थात् गुणीभूत व्यङ्ग्य पदोंमें रहता है और ध्वनि रूप प्रधान व्यङ्ग्य वाक्य में रहता है, इसलिये इन दोनों का आश्रयभेद हो जानेसे संकर होने में कोई विरोध नहीं होता।

निदर्शनमुपपादयति—

तथा हि—ध्वनिप्रभेदान्तराणि परस्परं सङ्कीर्यन्ते, पदार्थवाक्यार्थाश्रयत्वेन च न विरुद्धानि।

आश्रयो व्यञ्जकः। 'एवंवादिनि' इत्यादौ ध्वनेः स्वप्रभेदान्तरसंकरोदाहरणे यथाऽधोमुखीपदव्यङ्ग्यलज्जारूपव्यभिचारिभावस्यान्यतः प्राधान्येऽपि, समस्तवाक्यार्थव्यङ्ग्यप्रधानीभूताभिलाषविप्रलम्भं प्रत्युपकारकत्वेनाप्राधान्यं व्यञ्जकभेदान्न विरुद्धम्, तथा प्रकृतेऽपीत्यर्थः।

पितृत्वपुत्रत्वे इव प्राधान्याप्राधान्ये निरूपकभेदेन समानाधिकरणे भवितुमर्हत इति तात्पर्यम्।

दृष्टान्तके उपपादनद्वारा प्रस्तुतविषयको पुष्ट करते हैं—तथा हीति। जैसे ध्वनिके अपने अन्य प्रभेदों के साथ संकर होता है और एकके पदार्थमें आश्रित होने से और दूसरे के वाक्यार्थ में आश्रित होनेसे विरोध नहीं होता, वैसे ही ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यके भी क्रमशः वाक्यार्थ तथा पदार्थमें आश्रित होनेसे उनके संकर होने में कोई विरोध नहीं होता है।

ननु समाधानमिदमङ्गाङ्गिभाव-सन्देहसंकरयोरेव भणितुं शक्यम्, न त्वेकवाचकानुप्रवेशसंकरेऽपि, तत्र व्यञ्जकैक्यादित्याक्षेपं परिहरति—

किञ्चैकव्यङ्ग्याश्रयत्वे तु प्रधानगुणभावो विरुध्यते, न तु व्यङ्ग्यभेदापेक्षया, ततोऽप्यस्य न विरोधः।

यथा व्यञ्जकभेदेन विरोधपरिहारस्तथा व्यङ्ग्यभेदेनापि। तथा ह्येकमेव व्यङ्ग्यं व्यञ्जकाभेदे गुणीभूतं च न भवितुं शक्नोति। तद्विरोधस्यैकवाचकानुप्रवेशव्यङ्ग्यसंकरे न सम्भवः, अन्यस्य व्यङ्ग्यस्य गुणीभावादन्यस्य च प्रधानत्वादिति व्यक्तिभेदेन गुणप्रधानभावो न विरुद्ध इति भावः।

अपिना पूर्वपरिहारापेक्षयाऽस्य सर्वतोमुखत्वं सूच्यते।

उक्त स्थलमें ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य को क्रमशः वाक्याश्रित और पदाश्रित मानकर विभिन्नाश्रय होनेसे संकरके उपपादन द्वारा दोनोंके विरोधका जो परिहार किया है, उसका 'अङ्गाङ्गिभावसंकर' और 'संदेहसंकर' में सम्भव होनेपर भी 'एकाश्रयानुप्रवेशसंकर' में उस (विरोध परिहार) का संभव नहीं है, क्योंकि उस (एकाश्रयानुप्रवेशसंकर) में एक ही आश्रय होनेसे परस्पर विरुद्ध ध्वनि और गुणीभूतव्यङ्ग्य दोनों एक आश्रयमें नहीं रह सकते, इस प्रश्नका समाधान करते हैं—किञ्चेति। एक ही व्यङ्ग्यमें प्रधानत्व और गौणत्व (अप्रधानत्व) इन परस्पर दो विरुद्ध धर्मोंके विरोध होनेसे नहीं रह सकने पर भी भिन्न व्यङ्ग्योंमें प्रधानत्व और गौणत्वके रहनेमें कोई विरोध नहीं होता, इसलिये भी उक्त ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यके संकर होनेमें विरोध नहीं है, अर्थात् जैसे पहले एकही जगहमें

पद और वाक्यरूप व्यञ्जकोंके भेदोंसे ध्वनिके अपने ही अन्य भेदोंके साथ रहनेमें कोई विरोध न होनेसे संकर होता है, वैसे ही यहाँ भी एक ध्वनिरूप प्रधान व्यङ्ग्य और दूसरा गुणीभूत व्यङ्ग्य इन दोनों भिन्न भिन्न व्यङ्ग्योंके एक आश्रय (जगह) में रहनेमें कोई विरोध नहीं प्रतीत होता, क्योंकि यदि एक ही व्यङ्ग्यको ध्वनि और उसीको गुणीभूत भी कहा जाता, तो विरोध हो भी सकता था, परन्तु दोनों व्यङ्ग्योंके भिन्नरूप होनेसे ऐसी बात नहीं है।

ननु संकराणां संसृष्टेश्च प्रसिद्धिर्वाच्यालंकारेष्वेव विद्यते, न तु व्यङ्ग्यार्थेष्वपीति शंकां समाधत्ते—

अयं च सङ्करसंसृष्टिव्यवहारो बहूनामेकत्र वाच्यवाचकभाव इव व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावेऽपि निर्विरोध एव मन्तव्यः।

बहूनामेकत्रोपनिपाते संकरसंसृष्टी भवतः, ते च यथा वाच्यानां तथैव व्यङ्ग्यानामपि, किमत्रैकतरनिर्णये निदानम्? प्रतीतिबलादेव यदि तत्र कल्पना, तर्हि साऽत्रापि केन वार्यते, द्वयोस्तुल्यत्वादित्युत्तरम्।

संकर और संसृष्टि की प्रायः करके वाच्यभूत अलंकारोंमें ही प्रसिद्धि है, इसलिये व्यङ्ग्यार्थोंमें उन दोनोंका संभव नहीं है इस शङ्काका समाधान करते हैं—अयञ्चेति। जिस प्रकार बहुतसे अलंकारोंका एकत्र उपनिपात रूप संकर-संसृष्टिका व्यवहार वाच्यवाचक भावमें होता है, उसी प्रकार व्यङ्ग्य-व्यञ्जक भावमें भी समझना चाहिये, अर्थात् जैसे वाच्यभूत अलङ्कारों में संकर-संसृष्टि होती है, वैसे ही व्यङ्ग्यरूप अनेक ध्वनि प्रभेदोंमें या ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यमें भी उसे (संकर और संसृष्टिको) निर्विरोध समझना चाहिये, क्योंकि केवल वाच्यमें ही उसके होनेमें कोई प्रबलतरयुक्ति नहीं प्रतीत होती।

एवं ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोः संकरमुदाहृत्य संसृष्टिमुदाहरति—

यत्र तु पदानि कानिचिदविवक्षितवाच्यान्यनुरणनरूपव्यङ्ग्यवाच्यानि वा, तत्र ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोः संसृष्टत्वम्, यथा—'तेषां गोपवधूविलाससुहृदाम्' इत्यादौ। अत्र हि 'विलाससुहृदाम्' 'राधारहस्साक्षिणाम्' इत्येते पदे ध्वनिप्रभेदरूपे, 'ते' 'जाने' इत्येते च पदे गुणीभूतव्यङ्ग्यरूपे।

अनुरणनरूपं संलक्ष्यक्रमं व्यङ्ग्यं येषां तादृशानि वाच्यानि च येषु तानीति बहुव्रीहिगर्भो बहुव्रीहिः। कानिचिदित्यनेन निरपेक्षार्थतां सूचयता संकरसम्भावना निराक्रियते। केशांचित् पदानां यत्राविवक्षितवाच्यध्वनिव्यञ्जकत्वम्, अपरेषां केषांचनार्थशक्त्युद्भवलक्षणसंलक्ष्यक्रमगुणीभूतव्यङ्ग्यव्यञ्जकत्वम्; तत्र ध्वनिगुणी-

भूतव्यङ्ग्ययोः संसृष्टिः । 'तेषाम्' इत्यादिपद्यं पूर्वं विवृतमेव । लतावेश्मविशेषणतयोपात्ते 'विलाससुहृदाम्' इत्यत्र 'राधारहस्साक्षिणाम्' इत्यत्र च, सुहृद्—साक्षिपदे चेतनधर्मयोः सौहृद्य—साक्ष्ययोरचेतनेषु कुञ्जेषु बाधादत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वन्योः, 'ते' इति 'जाने' इति च पदेऽनुभवैकगोचरत्वमुत्प्रेक्षाविषयीभूतानन्तधर्मवत्वं च वाच्योपकारकं गुणीभूतं व्यङ्ग्यं सूचयत इति तद्गुणीभूतव्यङ्ग्याभ्यां संसृष्टिरित्याशयः।

इस प्रकार ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यके संकरका प्रतिपादनकर अब उनकी संसृष्टिका प्रतिपादन करते हुये उदाहरण देते हैं—यत्र तु पदानीति। जहाँपर कुछ पद लक्षणामूलक अविवक्षित वाच्य ध्वनिके व्यञ्जक हों और कुछ अन्य पद निरपेक्ष होकर, जहांकि संकरका सम्भव नहीं है, अर्थशक्त्युद्भव संलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्यके व्यञ्जक हों, वहाँ प्रधानवाक्यसे व्यङ्ग्य ध्वनि और उसकी अपेक्षा गुणीभूत अविवक्षित वाच्य या संलक्ष्यक्रम रूप गुणीभूत व्यङ्ग्यकी संसृष्टि होती है, जैसे—'तेषां गोपवधूविलाससुहृदाम्'—इत्यादिमें 'विलाससुहृदाम्' और 'राधारहःसाक्षिणाम्' ये दोनों पद लताकुञ्जगृहोंके विशेषणरूप हैं, परन्तु अचेतन लताकुञ्जगृहोंमें 'मैत्री' और 'साक्षिता' जोकि वास्तव में चेतनके धर्म हैं, नहीं रह सकते हैं, इसलिये उनमें अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि होनेसे अविवक्षित वाच्यध्वनि है, और 'ते' तथा 'जाने' ये दोनों पद वाच्यार्थके उपकारक अनुभवैकगोचरत्व और उत्प्रेक्षा विषयी भूत अनन्तधर्मवत्वके सूचक हैं, अतः इन दोनोंमें उक्त अनुभवैकगोचरत्वादि गुणीभूत व्यङ्ग्य हैं, इस प्रकार प्रधानवाक्य से गम्य प्रवास हेतुक विप्रलम्भ श्रृङ्गार ध्वनिके साथ उक्त पद द्योत्य निरपेक्ष रूपसे स्थित उक्त गुणीभूत व्यङ्ग्योंकी संसृष्टि हो गई है।

इत्थं गुणीभूतव्यङ्ग्येन सह त्रिविधसंकरैकप्रकारकसंसृष्टियोगादपि भेदचतुष्टयमुदाहृत्य, वाच्यालंकारेष्वपि तान् भेदानुदाहरति—

वाच्यालङ्कारसङ्कीर्णत्वमलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यापेक्षया रसवति रसालङ्कारे च काव्ये सर्वत्रैव सुव्यवस्थितम्।

रसवति रसध्वनिभृति, रसालंकारे रस एवाप्रधानत्वादलंकारो यत्र तादृशे रसवदलंकारभाजि च, सर्वत्रैव काव्येऽसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्य ध्वनेरपेक्षया वाच्येनालंकारेण संकीर्णत्वं सुव्यवस्थितं निश्चितमेवास्तीत्यर्थः।

अलंकाराणां व्यङ्ग्यत्वे तु प्राधान्ये सति ध्वनेरेव संकरसंसृष्टी, अप्राधान्ये तु गुणीभूतव्यङ्ग्यस्यैवेति तद्व्यावर्तनाय वाच्यत्वं विशेषणम्। 'चलापाङ्गां दृष्टिम्' इत्यादिः 'उप्पहजाआए' इत्यादिश्च श्लोकः संकरोदाहरणम्।

पूर्वत्र वाच्येन व्यतिरेकालङ्कारेण शृङ्गारो ध्वन्यमान उपक्रियत इत्यङ्गाङ्गिभावसङ्करः। उत्तरत्र ध्वनिर्वा स्वभावोक्त्यलंकारो वेत्यन्यतरकोटिनिर्धारकप्रमाणाभावात् सन्देहसंकरः। एकवाचकानुप्रवेशसंकरोऽपि पूर्वत्रैव, व्यतिरेकवाचकपदसमुदयादेव रसस्यापि व्यञ्जनात्।

उक्तरीतिसे गुणीभूतव्यङ्ग्यके साथ ध्वनिके त्रिविध संकर और एक संसृष्टिको उपपादनकर अब वाच्यभूत अलंकारोंके साथ भी ध्वनिके उक्त संकर और संसृष्टि भेदोंका प्रतिपादन करते हैं—वाच्यालङ्कारेति। रसध्वनि युक्त तथा रसवत् अलङ्कार युक्त (अर्थात् रस ही अप्रधान होनेसे जहाँ अलङ्कार हो गये हैं ऐसे) सभी काव्यों में असंलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य रसादि ध्वनिके साथ वाच्यभूत अलङ्कारोंका सङ्कर सुनिश्चित ही है, अलङ्कारके व्यङ्ग्य होनेपर तो, यदि वह व्यङ्ग्य अलङ्कार प्रधानरूपसे प्रतीत होता है, तब अलङ्कार ध्वनिका ही सङ्कर हो जायगा और यदि वह (व्यङ्ग्य अलङ्कार) अप्रधान है, तब गुणीभूत व्यङ्ग्यका ही संकर हो जायगा, इसलिए उन दोनोंको दूर करनेके लिए वाच्यभूत अलङ्कार कहा गया है, 'चलापाङ्गां दृष्टिम्'—इत्यादि में वाच्यभूत व्यतिरेकालङ्कारसे व्यज्यमान शृंगार रस परिपुष्ट होता है, अतः उक्त व्यतिरेकके साथ शृंगाररसका अङ्गाङ्गिभाव सङ्कर है, इसी प्रकार एकवाचकानुप्रवेश सङ्कर भी समझना चाहिये। और 'उत्पथजातायाः'—इत्यादिमें ध्वनि है या स्वभावोक्ति अलङ्कार है? इन दोनोंमें अन्यतर कोटिके निश्चायक दृढ़तर प्रमाणके न रहनेसे संदेह सङ्कर होता है।

ननु किं रसध्वनेरेव वाच्यालंकारेण सह संकरो, नान्यध्वनीनाम्? इति प्रश्नं समाधातुमुदाहरति—

प्रभेदान्तराणामपि कदाचित् सङ्कीर्णत्वं भवत्येव। यथा ममैव—

पद्यमिति शेषः। प्रभेदान्तराणां रसादिभिन्नवस्त्वलंकारध्वनिप्रकाराणाम्।

रसादि ध्वनिके साथ ही क्या वाक्यभूत अलङ्कारोंका सङ्कर होता है? अन्य ध्वनिके साथ नहीं? इस सन्देहको दूर करते हैं—प्रभेदान्तराणामपीति। जैसे रसादि ध्वनिके साथ वाच्यभूत अलङ्कारोंका सङ्कर होता है, वैसे ही वस्तुध्वनि तथा अलङ्कार ध्वनि रूप अन्य ध्वनि प्रभेदोंके साथ भी वाच्य अलङ्कारोंका सङ्कर होता ही है। जैसे मेरे ही निर्मित निम्न श्लोकमें—

पूर्वं भगवद्भक्तिमाश्रितो, मध्ये कौतुकमात्रेण कविपण्डितवृत्तिमवलम्ब्य परिश्रान्तः पुनर्भगवद्भक्तिमेव श्रेयसीं मन्यमानो भगवन्तं वदति—

'या व्यापारवती रसान् रसयितुं काचित् कवीनां न वा,
दृष्टिर्या परिनिष्ठितार्थविषयोन्मेषा च वैपश्चिती।

ते द्वे अप्यवलम्ब्य विश्वमनिशं निर्वर्णयन्तो वयं,
श्रान्ता नैव च लब्धमब्धिशयन ! त्वद्भक्तितुल्यं सुखम् ॥' इति ।

हे अब्धिशयन ! समुद्रशायिन् ! विष्णो ! या रसान् शृङ्गारादीन् रसयितुमास्वादयितुम्, स्थायिभावान् वा रस्यमानतां नेतुम्, व्यापारः शब्दार्थयोजनादयस्तद्वती, काचित् सकलजगदलौकिकतोन्मीलनेनाद्भुता, नवा प्रतिक्षणविश्ववैचित्र्यसम्पादिका, कवीनामलौकिकवस्तुवर्णनानिपुणानां, प्रतिभालक्षणाऽस्ति, या च परिनिष्ठितः प्रमाणपरिग्रहेण दृढोऽर्थविषये ज्ञातव्यपदार्थविषये, उन्मेषो विभासो यस्याः सा, यद्वा—परिनिष्ठिते लोके प्रसिद्धचा निर्णीतेऽर्थे, न तु कविदृष्टिपूर्वं एवार्थे विषये, उन्मेषो यस्यास्तादृशी, विपश्चितां विदुषामियं वैपश्चिती, दृष्टिः परिणतबुद्धिरस्ति । ते द्वे कविविपश्चिद्दृष्टी अपि न त्वेकतरामेव दृष्टिम्, तावन्मात्रेण सकलालोचनासम्भवाद् अवलम्ब्य करणत्वेनाश्रित्य, विश्वमखिलं पदार्थसार्थम्, अनिशमनवरतं मुहुर्मुहुः, निर्वर्णयन्तो निश्शेषेण निश्चयाय वा वर्णयन्तः वयं वृथा प्रयासव्यसनिनः, श्रान्ताः खिन्नाः, न तु सारं किञ्चिदपि गृहीतवन्तः अभूमेति शेषः तव । परमात्मनो जगदीशस्य भक्तिभंजनजन्यावेशः, यद्वा त्वयि भक्तिस्त्वद्विषयाऽनुरक्तिस्त्वद्भक्तिः, तया तुल्यं (का कथा ? तज्जातीयस्य) सुखं च पुनरस्माभिर्नैव लब्धमनुभूतमित्यर्थः ।

रसास्वादसुखाद् दृष्टादृष्टविषयसुखाच्चापि भगवद्भक्तिसुखं गरीय इत्यभिसन्धिः। अत्र प्रतिभापरिणतबुद्धिरूपतादृशदृष्टिद्वयालम्बनेन निर्वर्णनं चक्षुषज्ञानलक्षणमसम्भवीति विरोधस्य, निर्वर्णनपदस्य बुद्धिपरत्वे पर्यवसानात् परिहार इति विरोधाभासेनालंकारेण संकीर्णः, दृष्टिपदवाच्यार्थस्य निर्वर्णनपदार्थ एव चाक्षुषज्ञानस्य ज्ञानविशेषलक्षणेऽर्थान्तरे संक्रमणादर्थान्तर संक्रमितवाच्यध्वनिः । वस्तुतस्तु वाच्यस्यात्यन्ततिरस्कृतत्वादत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनिरिति रसादिध्वनिभिन्नस्यापि ध्वनिकारस्य वाच्यालंकारसंकीर्णता भवत्येवेत्युत्तरम् ।

कोई शिक्षित भक्तजन पहले भगवद् भजनमें लगा रहने पर भी बीचमें कुतूहलवश कविता-पाण्डित्य वृत्तिमें पड़कर उसके आयाससे ऊबकर फिर उस (भगवद्-भजन) को ही सर्वोत्तम साधन समझता हुआ भगवान्से कहता है—हे समुद्रशायी भगवन् ! रसोंके आस्वादके लिये शब्दरचनामें प्रयत्नशील कवियोंकी प्रतिक्षण विलक्षण नई-नई स्फूर्तिशालिनी जो एक अद्भुत दृष्टि है, और प्रमाणसिद्ध अर्थों को प्रकाशित करनेवाली जो विद्वानोंकी वैदुष्य-दृष्टि है, उन दोनोंके द्वारा इस

संसारको हम रात दिन देखते देखते परिश्रान्त हो (थक) गये, लेकिन आप की भक्तिके समान अन्यत्र कहीं भी सुख नहीं मिला। यहाँ कवि की प्रतिभा और दार्शनिक परिपक्व बुद्धिसे निर्वर्णन अर्थात् देखना सम्भव नहीं है इसलिये विरोध उपस्थित होता है, परन्तु निर्वर्णनपदका ज्ञान सामान्य अर्थ कर देनेसे वह विरोध परिहृत होकर विरोधाभास अलङ्कारमें परिणत हो जाता है, और निर्वर्णनपदार्थ चाक्षुषप्रत्यक्ष ज्ञान विशेषके ज्ञान सामान्य रूप अर्थमें संक्रमित हो जानेसे अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनि भी होती है, इस प्रकार विरोधालङ्कार और अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनिका एकाश्रयानुप्रवेश रूप संकर होता है।

तदाह—

अत्र विरोधालङ्कारेणार्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यस्य ध्वनिप्रभेदस्य सङ्कीर्णत्वम्।

प्राग्वदत्रापि सङ्करप्रकारत्रयं केचिद् व्याहरन्ति।

वृत्तिकार उक्ताशयको ही संक्षेपमें बतलाते हैं—अत्रेति। उक्तस्थलमें विरोधालंकार के साथ अर्थान्तर संक्रमित वाच्यध्वनिभेदका संकर है।

इत्थं वाच्यालङ्कारध्वनिसङ्करमुदाहृत्य तत्संसृष्टिमुदाहर्तुमुपक्रमते—

वाच्यालङ्कारसंसृष्टत्वं च पदापेक्षयैव।

वाक्याश्रयास्तु समासोक्त्यादयो वाच्यालंकाराः प्रधानव्यङ्ग्यमुपकुर्युरेवेति तथात्वेऽङ्गाङ्गिभावसंकरः, वाक्यात्मकैकवाचकप्रकाश्यत्वादेकवाचकानुप्रवेशसंकरश्च नियमेन स्यादेवेति पदवाच्यालंकारेणैव ध्वनेः संसृष्टिः सम्भवतीति भावः।

ननु यत्किञ्चित्पदवाच्यस्याप्यलंकारस्य रसाद्यनुपकारकत्वेऽलंकारत्वमेव न स्यात्, तदुपकारकत्वे पुनरङ्गाङ्गिभावात् संकर एवेति कथं संसृष्टिरिति चेत्, सत्यम्, ध्वनिपदेनात्र रसादिमात्रं न विवक्षितम्, अपि तु वस्त्वलंकारावपि, तदुपकारकत्वं तु नालंकारत्वे प्रयोजकमिति वस्त्वलंकारध्वनिभ्यां तस्य संसृष्टिः सुवचैव। अत एवात्यन्ततिरस्कृतवाच्यवस्तुध्वनिसंसृष्टिरेवानुपदमुदाहरिष्यते। उदहारि च प्राक्—'कोपात् कोमललोलबाहुलतिकापाशेन' इत्यादि तथैव। तत्र यद्यपि रसध्वनिरप्यस्ति, किन्तु रूपकेण तस्य नोपकारः कश्चित्, तत एव रूपकमुपक्रान्तमपि तत्र न निर्व्यूढम्। तद्रूपकस्यालंकारत्वं तु प्रधानेतररसोपकारकत्वेनैव कलनीयमिति प्रेक्षावद्भिः परीक्षणीयम्।

इस प्रकार वाच्यभूत अलङ्कारके साथ ध्वनिका संकर बतलाकर अब उसीके साथ, ध्वनि की संसृष्टि बतलानेके लिये उपक्रम करते हैं—वाच्यालङ्कार इति।

वाच्यभूत अलङ्कारोंके साथ ध्वनि की निरपेक्षतया स्थितिरूप संसृष्टि पदों की दृष्टिसे ही होती है, वाक्य की दृष्टिसे नहीं, क्योंकि वाक्यसे प्रकाशित होनेवाले समासोक्ति आदि अलङ्कार तो ध्वनिरूप प्रधान व्यङ्ग्यके परिपोषक ही होते हैं, निरपेक्ष नहीं; इसीलिये उनका ध्वनिके साथ अङ्गाङ्गिभाव संकर ही बन जाता है, अतः पदवाच्य अलङ्कारके साथ ही ध्वनि की संसृष्टि हो सकती है।

पदापेक्षयेत्युक्तं विवृणोति—

यत्र हि कानिचित् पदानि वाच्यालङ्कारभाञ्जि, कानिचिच्च ध्वनिप्रभेदयुक्तानि।

पदानीति बहुवचनमविवक्षितम्, वक्ष्यमाणोदाहरणे बहूनां तादृशपदानामभावात्, हि यतो यत्र कानिचित् पदानि वाच्यालंकारभाञ्जि वाच्योपमाऽऽदिबोधकानि, कानिचित् पदानि च ध्वनेः प्रभेदैर्युक्तानि ध्वनिप्रकारव्यञ्जकानि सन्ति, ततस्तत्र पदापेक्षयैव संसृष्टत्वम्, इति पूर्वग्रन्थावृत्त्यैव सङ्गतिः।

वृत्तिकार उक्तविषयका ही उपपादन करते हैं—यत्रेति। जहाँपर कुछ पद वाच्यभूत उपमादि अलङ्कारसे युक्त हैं और कुछ पद ध्वनिभेदसे युक्त हैं, अर्थात् ध्वनि प्रकारके व्यञ्जक हैं, वहीं व्यङ्ग्य वस्तु आदि ध्वनि और वाच्य अलंकार की संसृष्टि होती है।

उदाहरणमाचष्टे—

यथा—

विरही यक्षो जलदं प्रति विशालावर्णनं कथयति—

'दीर्घीकुर्वन् पटुमदकलं कूजितं सारसानां,
प्रत्यूषेषु स्फुटितकमलामोदमैत्रीकषायः।
यत्र स्त्रीणां हरति सुरतग्लानिमङ्गानुकूलः,
शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः॥'

अयि जलद! यत्र विशालायाम्, सारसानां, हंसानां, पटु रमणीयं मदकलं मदेनाव्यक्तमधुरं कूजितं वाशितं प्रत्यूषेषु प्रभातेषु दीर्घीकुर्वन् कमलसौरभोल्लासनेनोच्चतरं सम्पादयन् विस्तारयन्निति यावत्, तदानीमेव स्फुटितानां विकसितानां कमलानामामोदस्य सौरभस्य मैत्र्या सख्येन सम्बन्धेनेति यावत्, कषायः सुरभिः, अङ्गानां सुरतश्रमक्लान्तललनाजनावयवानामनुकूलो निर्वृतिकरः, प्रार्थनायां नवनिधुवनयाचनायां चाटुकारः प्रणयेन प्रियानृतशंसी, प्रियतमो वल्लभ इव, शिप्राया-

स्तदाख्यसरितो वातः पवनः, स्त्रीणां सुरतग्लानिं निरन्तरसम्भोगपरम्पराजनित-ग्लानिं हरत्यपाकरोतीत्यर्थः।

तथा च—'चक्राङ्गः सारसो हंसः' इति शब्दार्णवः। 'कषायः सुरभौ रसे' इति त्रिकाण्डशेषश्च।

इहाचेतने वायौ चेतनधर्मस्य मित्रकर्मात्मकमैत्र्या बाधितत्वान्मैत्रीपदस्य सम्बन्धे लाक्षणिकतया सम्बन्धविशेषजसौरभोत्कर्षव्यञ्जकतया चात्यन्ततिरस्कृतवाच्य-रूपाविवक्षितवाच्यव्यङ्ग्यध्वननाद् ध्वनित्वम्। तन्नैरपेक्ष्येण 'प्रियतम इव' इत्यादि-पदानां पुनरुपमाऽऽद्यलंकारवाचकत्वमिति ध्वनिवाच्योपमयोर्निरपेक्षयोः संसृष्टिः।

मल्लिनाथस्तु—'प्रार्थनाचाटुकारः' इत्यत्र खण्डिता नायिकाऽनुनीता।' इति व्याख्याय, इवशब्दार्थं हरणक्रिययैव योजयन् 'सुरतग्लानिहरणं न सम्भवति, तस्याः पूर्वं सुरताभावात्। पश्चात्तनसुरतग्लानिहरणं तु नेदानीन्तनकोपशमनार्थं-चाटुवचनसाध्यमित्युत्प्रेक्षैवोचिता विवेकिनाम्' इत्यभिधत्ते।

जैसे—विशाला नामकी उज्जयिनी नगरीका वर्णन करते हुए यक्ष मेघसे कहता है—जिस विशाला नगरी में प्रातःकाल सारसों (हंसजातीय पक्षि-विशेषों) के रमणीय एवं मदसे अत्यन्त अव्यक्त मधुर शब्दको फैलानेवाला, तथा खिले हुए कमलोंकी सुगन्धिके सम्पर्कसे सुगन्धित और अंगोंको प्रिय लगनेवाला, शिप्रा नदीका पवन, नव निधुवन (रतिसंभोग) के लिये प्रेयसीसे प्रार्थना करते हुए अनुनयात्मक प्रियवचन बोलनेवाले चाटुकार प्रियतमके समान निरन्तर रतिसंभोगसे श्रान्तयुवतियोंकी सुरत जन्य क्लान्तिको दूर करता है।

यहाँ पर अचेतन पवनमें चेतनवृत्तिमैत्रीके बाधित होनेसे मैत्रीपदमें लक्षणासे सम्बन्धार्थकी उपस्थिति होकर व्यञ्जना द्वारा सम्बन्ध विशेषजन्य सौरभातिशय रूप व्यङ्ग्यार्थकी प्रतीति होनेसे अत्यन्त तिरस्कृत वाच्यात्मक अविवक्षित वाच्य सौरभोत्कर्षरूप व्यङ्ग्य वस्तु ध्वनित होती है और उसके साथ 'प्रियतम इव' इत्यादि पद वाच्य उपमादि अलंकारों के निरपेक्षरूपसे स्थित होनेके कारण दोनों की संसृष्टि समझनी चाहिये।

तदेवाख्याति—

अत्र हि मैत्रीपदमविवक्षितवाच्यो ध्वनिः, पदान्तरेष्वलङ्कारान्तराणि।

इह हिशब्दो भिन्नक्रमो मैत्रीपदमित्यतः परं पठनीयः तेन—हि यतो मैत्रीपदमविवक्षितवाच्यो ध्वनिः, पदान्तरेषु चालंकारान्तराणि, तस्मात् संसृष्टिरत्रेति योजना। ध्वनिशब्दोऽत्र ध्वननकर्तृपरत्वेन मैत्रीपदशब्दसमानाधिकरण्येन निर्दिष्टः।

वृत्तिकार उक्ताशय का ही उपपादन करते हैं—अत्र हीति। उक्त श्लोकमें उक्त रीति से 'मैत्री' पदमें अविवक्षित वाच्य ध्वनि है, और 'प्रत्यूषेषु' पदमें स्वभावोक्ति एवं 'प्रियतम इव' इसमें उपमा अलंकार वाच्य रूपसे ही प्रतीत होते हैं, इसलिए उक्त ध्वनि और वाच्य अलंकारोंकी संसृष्टि है।

अथ 'सगुणीभूतव्यङ्ग्यैः' इत्यादिकारिकायाश्चरणत्रयमुदाहरणप्रदर्शनपुरस्सरं व्याख्याय 'पुनरपि' इत्यनेन बोधितस्य ध्वनेः संसृष्टालंकारसंकीर्णत्वं संसृष्टालंकार-संसृष्टत्वं, संकीर्णालंकारसंकीर्णत्वं, संकीर्णालंकारसंसृष्टत्वं चेति प्रकारचतुष्टयस्योदा-हरणप्रदर्शनमारभमाणः प्रथमं प्रभेदमुदाहरति—

संसृष्टालङ्कारसङ्कीर्णो ध्वनिर्यथा—

अब ध्वनिके 'संसृष्टालंकारसंकर' 'संसृष्टालंकारसंसृष्टि' संकीर्णालंकारसंकर' "संकीर्णालंकारसंसृष्टि' रूप प्रकार चतुष्टयके उदाहरण प्रदर्शनार्थ उपक्रम करते हुये सबसे पहले प्रथम भेदका उदाहरण बतलाते हैं—संसृष्टेति। संसृष्ट अलंकारके साथ संकीर्णध्वनिका उदाहरण दर्शाते हैं। जैसे :—

बुभुक्षातीक्ष्णत्वेन स्वापत्यमेव भक्षयितुं प्रवृत्तायै सिंहपत्न्यै दयया तदपत्यप-रित्राणाय स्वशरीरमेव समर्पितवन्तं भगवन्तं जिनं सश्लाघं वदति—

'दन्तक्षतानि करजैश्च विपाटितानि,
प्रोद्भिन्नसान्द्रपुलके भवतः शरीरे।
दत्तानि रक्तमनसा मृगराजवध्वा,
जातस्पृहैर्मुनिभिरप्यवलोकितानि॥

हे जिन! प्रोद्भिन्नाः प्रकर्षेण निर्गताः परित्राणप्रमोदात् सात्त्विकभावोल्लासात् प्रकटीभूताः सान्द्रा घनाः पुलका रोमाञ्चा यत्र, तादृशे भवतः शरीरे, रक्ते शोणिते मनोऽभिलाषो यस्याः पक्षे रक्तमनुरक्तं मनश्चित्तं यस्याः, तादृश्या मृगराजवध्वा सिंहपत्न्या कर्त्र्या दत्तानि कृतानि यानि दन्तैर्दशनैः क्षतानि करजैर्नखैः, निपाटितानि विदारितानि च तानि, जातोत्पन्ना 'अस्माकमप्येवं' भवेत्' इति स्पृहा वाञ्छा येषां तादृशैर्मुनिभिरपि, अवलोकितानि दृष्टान्यभूवन्नित्यर्थः।

तथा च—रक्तः स्यात् कुङ्कुमे ताम्रे प्राचीनामलकेऽसृजि।
अनुरागिणि' इति विश्वः।

अत्र सिंह्यामप्रस्तुतराजपत्नीव्यवहारसमारोपात् समासोक्तिः। तथा च—मृग-राजवधूपदे श्लेषेण मृगाख्यनायकविशेषनृपपत्नीरूपार्थान्तरविवक्षणं कस्यचिदनु-चितम्, एवं सति समासोक्तेरेवासम्भवः, तत्र विशेष्यवाचकपदस्य श्लिष्टत्वनियमात्।

अत एव तथा भावे—'अनुरागवन्तमपि लोचनयोर्दधतं वपुःसुखमतापकरम् ॥
निरकासयद् रविमपेतवसुं वियदालयादपरदिग्गणिका ॥'इत्यादौ,

पुनरुक्तत्वदोषोऽन्यत्र दर्शितः। प्रकृते तदर्थस्य व्यञ्जनयैव प्रत्यायनं तस्मादुचितम्। सा च समासोक्तिः—मुनिभिर्मननशीलतया यमनियमादिपरायणैरपि जातस्पृहैस्तादृशनायिकाऽऽरब्धसम्भोगस्पृहायुक्तैरिति विरोधस्य वाच्यार्थमात्रविवक्षणेन परिहाराद् विरोधाभासलङ्कारेण निरपेक्षेण संसृष्टा। संसृष्टाभ्यां तदलङ्काराभ्यां जिनदयोत्साहस्थायिकस्य रोमाञ्चाद्यनुभावितस्य ध्वन्यमानस्य दयावीररसस्य सङ्कीर्णता।

अत्यधिक बुभुक्षा (भूख) के कारण अपने ही बालकको भक्षणार्थ उद्यत किसी एक शेरनीको देखकर उस बालकको बचानेके लिये शेरनीको अपना शरीर ही खानेके लिये दे देनेवाले भगवान् जिनकी प्रशंसा करते हुए कोई व्यक्ति कहता है—कारुण्यवश और पक्षान्तरमें शृङ्गारवश उत्पन्न अत्यन्त सघन रोमाञ्च युक्त आपके शरीर पर रक्तपानकी इच्छावाली एवं पक्षान्तरमें आसक्त चित्तवाली मृगराजवधू शेरनी और पक्षान्तरमें किसी राजपत्नीने जो दन्तक्षत एवं नखक्षत किये, उन्हें मुनियोंने भी सस्पृह होकर देखा, अर्थात् दूसरेकी प्राणरक्षाके लिये अपने शरीर का उपहार (भेंट) दे देनेका यह सौभाग्य हमको भी प्राप्त होता इस भावनासे सिंहनीकृत दन्तनखक्षतादि को देखा और (पक्षान्तरमें) अनुरक्त मनवाली राजवधूके संभोगकालीन दन्त-नखक्षतको प्राप्त करनेकी अभिलाषासे देखा।

यहां पर सिंहनीमें अप्रस्तुत राजपत्नीके व्यवहार समारोप से समासोक्ति अलंकार सूचित होता है और उसके साथ मननशील मुनिके यमनियमादिपरायण परम नैष्ठिक होने पर भी उक्त नायिका कृतसंभोग विषयक स्पृहा युक्त होनेसे भासमान विरोधके केवल मुनिरूप वाच्यार्थ विवक्षणके द्वारा परिहार हो जानेसे पर्यवसान में परिणत विरोधाभास अलंकारकी निरपेक्षरूपसे संसृष्टि हो गयी और संसृष्ट इन दोनों अलंकारोंके साथ जिनभगवान्के दयोत्साह स्थायिभाववाले रोमाञ्चादिसे अनुभावित ध्वन्यमान दया वीर रसकी संकीर्णता हो गई है।
तदाचष्टे—

अत्र हि समासोक्तिसंसृष्टेन विरोधालङ्कारेण सङ्कीर्णस्यालक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यस्य, ध्वनेः प्रकाशनम्, दयावीरस्य परमार्थतो वाक्यार्थीभूतत्वात्।

केचित्तु—दयावीरशब्दमिहत्यं शान्तपरं मन्वानाः शान्तरसमेव प्रधानं व्यपदिशन्ति। समासोक्तिविरोधाभ्यां जिनदयोत्साहस्य स्पृहणीयताप्रकर्षादिबोधनमुखेन दयावीररसः प्रकृष्टः क्रियत इत्यङ्गाङ्गिभावलक्षणः संकरः।

वृत्तिकार उक्ताशयको ही स्फुट करते हैं—अत्रेति। उक्त श्लोकमें शेरनीमें

राजवधूके व्यवहारका समारोप होनेसे प्रतीयमान समासोक्ति अलंकारके साथ 'मुनिभिरपि जातस्पृहैः'—इससे उक्तरीत्या सूचित विरोध अलंकारकी संसृष्टि है और बादमें इन दोनों संसृष्ट अलंकारोंके साथ रोमाञ्चादि अनुभावसे परिपोषित बोधिसत्त्व (बुद्धभगवान्) के दयोत्साहकी अतिशय स्पृहणीयताके बोधन द्वारा अभिव्यज्यमान दयावीर रस रूप असंलक्ष्यक्रम व्यङ्ग्यध्वनिके प्रकाशन होनेसे उक्त दयावीररस ध्वनिका अङ्गाङ्गिभावरूप संकर प्रतीत होता है, क्योंकि वास्तवमें दयावीररस ही मुख्यरूपसे वाक्यार्थका तात्पर्य विषयीभूत है।

द्वितीयं प्रकारमुदाहरति—

संसृष्टालङ्कारसंसृष्टत्वं ध्वनेर्यथा—

'अहिणअ-पओअरसिएसु पहिअसामाइएसु दिअहेसु।
सोहइ पसारिअगीआणँ णच्चिअं-मोरविन्दाणम् ॥'

'अभिनवपयोदरसितेषु पथिक-श्यामायितेषु (सामाजिकेषु) दिवसेषु।
शोभते प्रसारित-ग्रीवाणां (गीतानां) वृत्तं मयूरवृन्दानाम् ॥' इति च्छाया।

गाथासप्तशतीपद्यमिदम्। अभिनवं नूतनत्वाद्रमणीयं पयोदानां मेघानां रसितं गर्जितं यत्र, तथाभूतेषु पथिकानां विषये श्यामायितेषु वियोगमोहान्धकारवर्धकतया कृष्णरजनीवदाचरितवत्सु, पथिका एव नृत्तदर्शकत्वात् समाजिका यत्र—ताद्दशेषु वा, दिवसेषु वर्षर्तुवासरेषु, प्रसारिताः स्तनितश्रुतिप्रमोदभराद् विलम्बिता ग्रीवाः कृकाटिका यैः,यद्वा—प्रसारितानि तत एव हेतोरुल्लासितानि गीतानि केकारुतानि यैः, तेषां मयूरवृन्दानां नृत्तं गात्रविक्षेपणनटनं शोभते इत्यर्थः।

तथा च—'श्यामा रात्रिर्हर्षच्छयामा श्यामा स्त्री मुग्धयौवना।' इतिक्षपणकः। अत्र 'सामाइएसु' इत्यस्य 'श्यामायितेषु' इतिच्छायायां श्यामावदाचरणकारित्वबोधनादुपमा, 'सामाजिकेषु' इतिच्छायायां च पथिकेषु सामाजिकत्वारोपाद् रूपकम्, न चोभयोर्मिथः सापेक्षत्वमिति संसृष्टाभ्यां ताभ्यां 'सामाइएसु' इत्येतच्छब्दपरिवृत्त्यसहत्वेन व्यज्यमानस्य शब्दशक्तिमूलकोद्दीपकत्वातिशयवस्तुध्वनेः संसृष्टिः, रसध्वनेस्तु संकर एव।

अब संसृष्ट अलंकारके साथ संसृष्टध्वनिरूप द्वितीयभेदका उदाहरण बतलाते हैं—संसृष्टेति। जैसे—नूतन होनेके कारण अत्यन्त रमणीय मेघोंके गर्जनसे युक्त एवं पथिक रूप नृत्यदर्शक सामाजिकोंसे युक्त अथवा पथिकोंके लिये वियोग जन्य मोहान्धकारके वर्द्धक होनेसे काली रातकी तरह प्रतीत होनेवाले वर्षाऋतुके दिनोंमें बादलकी घनघोर घटाके दर्शन जन्य आनन्दसे गर्दन फैलाकर मधुर ध्वनि करते

हुए मोरोंका नृत्य बड़ा ही सुन्दर लगता है। यहाँ पर 'श्यामायित' इस पदसे श्यामाके समान आचरण कर्तृत्वरूप अर्थबोधन द्वारा उपमाकी प्रतीति होती है, और 'सामाजिकेषु' इस पदसे पथिकोंमें सामाजिकत्वके आरोप द्वारा रूपकका बोध होता है, परन्तु परस्परमें निरपेक्षतया स्थित होनेसे संसृष्ट इन दोनों अलंकारों के साथ व्यज्यमान शब्दशक्तिमूल उद्दीपकत्वातिशयरूप वस्तुध्वनिकी संसृष्टि है और शृङ्गाररसध्वनिके साथ तो संकर ही समझना चाहिये।

तदाह—

अत्र ह्युपमारूपकाभ्यां शब्दशक्त्युद्भवानुरणनरूपव्यङ्ग्यस्य ध्वनेः संसृष्टत्वम्।

वस्तुवस्तूपमारूपकयोरिह दर्पणदर्शितदिशैकवाचकानुप्रवेशात् संकर एव तदलंकारयोः 'सामाइएसु' इत्येकस्मिन्नेव वाचकेऽनुप्रविष्टत्वात्। तस्मान्मदीयमत्र राधापरिणयपद्यमिदमिहोदाहरणीयम्—

'दीव्यत्सु दिव्यकाव्येषु मयाऽप्येतद् वितन्यते।
पारावारेषु पूर्णेषु पल्वलं किं न खन्यते॥' इति।

इह तु मिथोनिरपेक्षत्वेन संसृष्टाभ्यां वृत्त्यन्तानुप्रासाभ्यां वस्तुध्वनेरप्युदासीनत्वेन संसृष्टत्वम्।

यच्च 'पथिकसामाजिकेषु' इति कर्मधारयस्य स्पष्टत्वाद् रूपकम् इति व्याख्यानम्, तच्चिन्तनीयम्, यतः कर्मधारये विशेषणवाचकस्य सामाजिकपदस्य पूर्वनिपातावश्यम्भावे तद्धर्मारोपाप्रतीते रूपकासम्भवः। स्वीकृतश्चान्यैः सर्वे रूपकस्थले मयूरव्यंसकादिगणपाठात् समासः

अथ संकीर्णालंकारसंसृष्टत्वं संकीर्णालंकारसंकीर्णत्वं चेति भेदद्वयोदाहरणाप्रदर्शनान्न्यूनत्वं न शंकनीयम्, अस्यैव ग्रन्थकृदुपात्तश्लोकस्य तद्भेदयोरप्युदाहरणत्वात्। तथा हि—एकवाचकानुप्रविष्टतया सङ्कीर्णाभ्यामुपमारूपकाभ्यां वस्तुध्वनेः संसृष्टिः, रसादिध्वनेस्त्वङ्गाङ्गिभावात् संकरः सम्भवत्येव।

उसीको वृत्तिकार संक्षेपमें बतलाते हैं-अत्र ह्युपमेति। उक्त श्लोकमें उक्तरीतिसे उपमा और रूपककी संसृष्टिके साथ शब्द शक्त्युद्भव संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य वर्षाकालके उद्दीपकत्वातिशयरूप वस्तुध्वनिकी संसृष्टि है। यहाँ उक्तरीतिसे संसृष्टालंकार-संकीर्णत्व और संसृष्टालंकार-संसृष्टत्व इन दोनोंके ही उदाहरण दिये गये हैं, लेकिन संकीर्णालंकार-संकीर्णत्व, तथा संकीर्णालंकार संसृष्टत्व इन दोनोंके उदाहरण नहीं दिये गये हैं इनसे न्यूनताकी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि यही पूर्वोक्त श्लोक

इन दोनों का भी उदाहरण हो सकता है, इसलिये अलग नहीं दर्शाये गये हैं, जैसे—एकवाचकानुप्रवेशरूपसे संकीर्ण उपमा-रूपकोंके साथ वस्तुध्वनि की संसृष्टि हो सकती है और रसादिध्वनिका अङ्गाङ्गिभाव रूप संकर हो सकता है।

उपसंहरति—

एवं ध्वनेः प्रभेदाः प्रभेदभेदाश्च केन शक्यन्ते।
सङ्ख्यातुं, दिङ्मात्रं तेषामिदमुक्तमस्माभिः॥ १०१॥'

एवममुना प्रकारेण सम्भाविनोऽनन्ताः ध्वनेः प्रभेदाः प्रधानप्रकाराः, च तथा प्रभेदभेदास्तदवान्तरप्रकाराः सङ्ख्यातुमेकैकशो गणयितुं केन शक्यन्ते, न केनापीति भावः। अस्माभिः पुनस्तेषां ध्वनिभेदोपभेदानामिदं दिङ्मात्रमुक्तमित्यर्थः।

अनन्ता हि ध्वनिप्रकारा वक्तुमशक्याः प्रेक्षावद्भिः स्वयमुत्प्रेक्षणीया इति भावः

अब ग्रन्थकार ध्वनि विषयका उपसंहार करते हैं—एवं ध्वनेरिति। इस प्रकार होनेवाले ध्वनिके अनन्त मुख्य भेदों तथा उन मुख्यभेदोंके अवान्तर भेदों (उपभेदों) का परिगणन कौन व्यक्ति कर सकता है? इसलिये हमने उनका यह दिग्दर्शन मात्र कराया है अर्थात् अनन्त ध्वनि प्रकारोंका वर्णन करना असंभव है, इसलिये बुद्धिमानोंको स्वयं उनका ऊहापोह कर लेना चाहिये।

तदाह—

अनन्ता हि ध्वनेः प्रकाराः सहृदयानां व्युत्पत्तये तेषां दिङ्मात्रं कथितम्।

तथा च—'दिङ्मात्रं तूच्यते' इत्यादिकारिकया पूर्वमुपक्षिप्तमिहोपसंहृतं निर्व्यूढं चेत्यवगन्तव्यम्।

वृत्तिकार उक्तकारिका का ही आशय बतलाते हैं—अनन्ता इति। ध्वनिके अनन्त भेद हैं, सहृदयोंके ज्ञानके लिये उनमें से थोड़े का दिग्दर्शन मात्र ही हमने कराया है।

किञ्चादौ 'तेन ब्रूमः सहृदयमनःप्रीतये तत्स्वरूपम्' इति यदास्थितम्, तदप्यधुना निर्व्यूढमेवेति सूचयन् ध्वनेरवश्यविवेचनीयतामुपदिशति—

'इत्युक्तलक्षणो यो ध्वनिर्विवेच्यः प्रयत्नतः सद्भिः।
सत्काव्यं कर्तुं वा ज्ञातुं वा सम्यगभियुक्तैः॥ १०२॥'

इत्यमुना दिङ्मात्रदर्शिना सङ्क्षिप्तेन प्रकारेण उक्तं लक्षणं यस्य, तादृशो यो ध्वनिः, स सत्काव्यमुत्कृष्टकाव्यं कर्तुं निर्मातुं ज्ञातुं समवगन्तुं वा अभियुक्तै-

रभियोगवद्भिरुद्यतैरिति यावत्, सद्भिः कवीभवितुं सहृदयीभवितुं वा वाञ्छद्भिर्विद्वद्भिः प्रयत्नतः सावधानतया सम्यगसङ्कीर्णतया विवेच्यो विचारणीय इत्यर्थः।

उत्तम काव्यको बनाने या जाननेके लिए प्रस्तुत (उद्यत) सज्जनोंको उक्तरीति से जिस ध्वनिका लक्षण किया गया है, उसका विशेष यत्नपूर्वक विवेचन करना चाहिये।

ध्वनिविवेचनायाः फलमुपदिशति—

उक्तस्वरूपध्वनिनिरूपणनिपुणा हि सत्कवयः सहृदयाश्च नियतमेव काव्यविषये परां प्रकर्षपदवीमासादयन्ति।

तथा च—तत्प्रकर्षलाभ एव फलं ध्वनिविवेचनाया बोध्यम्।

अब ध्वनिविवेचनाकी आवश्यकता का वृत्तिकार उपसंहार करते हैं—उक्तस्वरूपेति। उक्त स्वरूप ध्वनिके निरूपण करनेमें अत्यन्त निपुण सत्कवि और सहृदयजन निश्चय ही काव्यके विषयमें अत्यन्त उत्कृष्ट (उन्नत) पदवी को प्राप्त करते हैं यह प्रकर्षलाभ ही ध्वनि विवेचनाका मुख्य फल है

अथ ध्वनेर्मुख्यत्वं रीतीनामानुषङ्गिकतां च दर्शयति—

'अस्फुटस्फुरितं काव्य-तत्त्वमेतद्यथोदितम्।
अशक्नुवद्भिर्व्याकर्तुं रीतयः सम्प्रवर्तिताः॥ १०२॥

उक्तलक्षणो यो ध्वनिः सद्भिः प्रयत्नतो विवेच्यः, एतत् तदेव यथोदितं निरूपितप्रपञ्चानुसारि काव्यस्य तत्त्वं सारं जीवनाधायकमिति यावत्, तदेव यतः—अस्फुटं विपुलत्वात् सूक्ष्मबुद्धिवेद्यत्वाद्वाऽव्यक्तं स्फुरितं प्रतिभासः प्रपञ्चो वा यस्य तादृशम्, अत एव तद्व्याकर्तुं विवरीतुम्, अशक्नुवद्भिरसमर्थैर्वामनादिभिः, रीतयो वैदर्भीप्रभृतयः सम्प्रवर्तिताः प्रादुर्भाविताःप्रचारिता वेति पूर्वकारिकैकवाक्यतयाऽन्वयबोधः।

अब ध्वनिकी मुख्यता और संघटनात्मक रीतियों की आनुषङ्गिकता (गौणता) का प्रदर्शन कराते हैं—अस्फुटेति। अस्फुट (गूढ़-अव्यक्त) रूप से प्रतीत होने वाले काव्यके जीवनाधायक (सारभूत) इस पूर्वोक्त ध्वनिकाव्यतत्त्व की व्याख्या कर सकनेमें असमर्थ वामन आदि कवियोंने वैदर्भी आदि रीतियोंका प्रचार किया।

तदेव वक्ति—

एतद्ध्वनिवर्णनेन निर्णीतं काव्यतत्त्वमस्फुटस्फुरितं सदशक्नुवद्भिः प्रतिपादयितुं वैदर्भी, गौडी, पाञ्चाली चेति रीतयः प्रवर्तिताः।

वृत्तिकार उक्त कारिकाशयको व्यक्त करते हैं—एतद्ध्वनीति। इस ध्वनिके उक्तरीत्या स्पष्टपूर्वक प्रतिपादनसे निर्णीत, अव्यक्त (गूढ़) रूपसे प्रतीत होनेवाले

इस ध्वनिकाव्य तत्त्वका प्रतिपादन कर सकनेमें असमर्थ वामन आदि आचार्योंने वैदर्भी, गौड़ी और पाञ्चाली आदि रीतियां प्रचलित कीं।

फलितमाह—

रीतिलक्षणविधायिनां हि काव्यतत्त्वमेतदस्फुटतया मनाक् स्फुरितमासीदिति तदत्र स्फुटतया संप्रदर्शितमित्यन्येन रीतिलक्षणेन न किञ्चित्।

अयं भावः शब्दप्रधानासु रीतिषु 'विशिष्टा पदरचना रीतिः' 'विशेषो गुणात्मा' इति वामननयेन गुणा एव विच्छित्तिविशेषमूलतया सारमिति तासां गुणेष्वेव पर्यवसानाद् गुणानां च रसमात्रधर्मतया धर्मधर्मिणोस्तादात्म्यसिद्धान्तेन रसेषु पर्यवसानाद् रसादिध्वनावेव सर्वमापतितमिति रीतीनां काव्यात्मत्वेन रसेभ्यः पृथङ् निरूपणं नोचितम्। यैः पुनर्विहितम्, तेषां ध्वनितत्त्वमिदमीषदेव स्पष्टस्वरूपं मतिपदवीमारूढमिति पर्यालोचयितुमचतुरैरेव तैरपरिनिश्चितध्वनितत्त्वै रीतयः प्रवर्तिताः। यदि तेऽपि तत्तत्त्वं मनागपि नेक्षेरन् सर्वतोभावेन वा परीक्षेरन्, तर्हीमा रीतीर्न प्रवर्तयेयुरिति तात्पर्यम्।

उक्तरीतिकारोंको ध्वनिरूप यह काव्यतत्त्व अस्फुटरूपसे कुछ थोड़ा थोड़ा अवश्य प्रतीत होता था ऐसा समझ पड़ता है, उसका अब हमने यहां स्पष्टरूपसे प्रतिपादन कर दिया है, इसलिये अब ध्वनिसे भिन्न दूसरे रीतिलक्षणोंकी कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि शब्द प्रधान रीतियोंमें गुण ही विच्छित्ति (चमत्कृति) विशेषके जनक होनेसे सारभूत पदार्थ हैं, इसलिए उन (रीतियों) का गुणोंमें ही पर्यवसान हो जाता है और गुणोंके रसमात्रवृत्ति होनेसे धर्म-धर्मिके तादात्म्य सिद्धान्तसे उन (गुणों) का रसमें ही पर्यवसान हो जाता है, अतः रसादिध्वनिमें ही सबके आजाने से रीतियोंके पृथक् निरूपण करनेकी कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती।

इदानीं द्विविधवृत्तीनामपि तादवस्थ्यमेव व्यवस्थापयति—

'शब्दतत्त्वाश्रया: काश्चिदर्थतत्त्वयुजोऽपराः।
वृत्तयोऽपि प्रकाशन्ते ज्ञातेऽस्मिन् काव्यलक्षणे ॥१०४॥'

शब्दस्तत्त्वं सारं स्वरूपं या यासां ताः शब्दतत्त्वाः शब्दाश्रिता वा, याः काश्चिन्निर्धारितस्वरूपा अमुख्या उक्तचरलक्षणा उपनागरिकाऽऽद्याः याश्चापरास्तदितरा अर्थतत्त्वयुजोऽर्थसम्बन्धिन्योऽर्थाश्रिता वा प्रागभिहितलक्षणाः प्रसिद्धाः कैशिकीप्रभृतयो वृत्तयः, ता अपि अस्मिन्नेतावता प्रबन्धेन निरूपिते व्यङ्ग्यव्यञ्जकभाव-

विवेचनाविजृम्भिते काव्यलक्षणे काव्यस्य सारतया जीवनधायके ध्वनौ, ज्ञाते व्यापकत्वेनात्मनि तत्तदन्तर्भावेन कर्तृतयाऽवगते सति प्रकाशन्ते रीतिवत् काव्यजीवनत्वप्रकारकानुभूतिविशेष्यतामासादयन्तीत्यर्थः ।

अत्र रीतिके समान द्विविधवृत्तियोंके भी पृथक् निरूपणकी कोई आवश्यकता नहीं है, यह बतलाते हैं—शब्दतत्त्वाश्रेति । इस ध्वनिरूप काव्यके सारभूतवस्तुके जानलेने पर कुछ शब्द (तत्त्व) रूप जो भट्ट उद्भटादिके अभिमत उपनागरिका आदि वृत्तियाँ और दूसरी अर्थ (तत्त्व) सम्बन्धी भरताभिमत कैशिकी आदि प्रसिद्ध जो वृत्तियां हैं, वे भी रीतियोंके समान व्यापकरूप ध्वनिके अन्तर्गत ही प्रकाशित हो जाती हैं, अर्थात् जैसे काव्यके जीवनरूप व्यापक ध्वनि स्वरूपमें पूर्वोक्त रीतियाँ अन्तर्भूत हो जाती हैं, वैसे ही उक्तवृत्तियाँ भी अन्तर्भूत हो जावेंगी ।

तदभिदधाति—

अस्मिन् व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावविवेचनसमये काव्यलक्षणे ज्ञाते सति, याः काश्चित् प्रसिद्धा उपनागरिकाऽऽद्याः शब्दतत्त्वाश्रया वृत्तयो, याश्चार्थतत्त्वसम्बद्धाः कैशिक्यादयस्ताः सम्यग् रीतिपदवीमवतरन्ति ।

इदमुच्यते—यथा वैदर्भीप्रभृतिरीतयः पृथगाभासमाना अपि पर्यन्ते गुणमुखेन रस एवान्तःपतन्तीति ध्वनिरूपणेनैव गतार्थाः । तथा तदेकरूपा उपनागरिकाप्रमुखाश्शाब्दो वृत्तयः, तदनतिमात्रभिन्नाः कैशिक्यादय आर्थ्यो वृत्तयश्चापि । रीतिध्वन्योरिव वृत्तिध्वन्योरपि परमार्थतस्त्वैक्यमेव, अविवेकिनामेव पुनर्जीवब्रह्मणोरिव तयोः पार्थक्यं भासते तथाहि—वैदर्भीवदुपनागरिकाकैशिक्योर्माधुर्यद्वारेण शृङ्गारे पर्यवसानम्, 'माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णैरुपनागरिकोच्यते' 'कैशिकीश्लक्ष्णनेपथ्या शृङ्गाररससम्भवा' 'शृङ्गार एव मधुरः'' इत्यादिदर्शनात् एवं गौडीवत् परुषाऽऽरभट्योरोजोमुखेन रौद्रादिषु पाञ्चालीवत् कोमलासात्वत्योः प्रसादमार्गेण हास्यादिषु चान्तःपातो ज्ञेयः।

'वृत्तयः काव्यमातृकाः' इतिमहर्षिभाषणमपि वृत्तिपदस्य रसोचितचेष्टापरतयाऽनुकूलमेवाकलनीयम् । तथा च काव्ये ध्वनिरेव परमं तत्त्वमिति फलितम् ।

यदादौ ध्वन्यभाववादिप्रथमविकल्पे रीतिवृत्तीनां प्रसिद्धत्वं ध्वनिभिन्नत्वं चाथतोऽभ्युपगतम्, तत्तादात्म्यव्यवस्थापनात् ।

वृत्तिकार उक्त कारिकाशयको स्फुट करते हैं—अस्मिन्निति । इस व्यङ्ग्य व्यञ्जकभावके विवेचनात्मक काव्यलक्षणके ज्ञात हो जानेपर जो प्रसिद्ध शब्द तत्त्वाश्रित उपनागरिका आदि वृत्तियाँ और अर्थ तत्त्वसे सम्बद्ध कैशिकी आदि वृत्तियां हैं, वे पूर्णरूपसे रीतिमार्गका ही अनुसरण करती हैं, अर्थात् जिस प्रकार व्यापकरूप

उक्तध्वनिमें रीतियोंका अन्तर्भाव हो जाता है, इसी प्रकार उक्तध्वनिमें ही उक्त दोनों प्रकारकी वृत्तियोंका भी अन्तर्भाव हो जायगा, उनके अलग लक्षण आदि करने की आवश्यकता नहीं है। इससे यह सिद्ध होता है कि काव्यमें ध्वनि ही परम सारभूत वस्तु है।

तदनङ्गीकारे दोषं दर्शयति—

अन्यथा तु तासामदृष्टार्थानामिव वृत्तीनामश्रद्धेयत्वमेव स्यात्, नानुभवसिद्धत्वम्।

अन्यथा ध्वनितादात्म्यप्रयोज्यसहृदयानुभवगोचरचमत्कारविशेषजनकत्वाभावे, अदृष्टार्थानामदृष्टफलमात्रजनकयागादिक्रियाणामिव तासां वृत्तीनामपि, दृष्टफलाजनिकानाम्, अश्रद्धेयत्वं दृष्टफलमात्रार्थिजनानादरणीयत्वमप्रत्येयत्वं वा स्यात्, न 'त्वनुभवविषयत्वं स्यादित्यर्थः।

अन्यथा यदि सहृदयहृदयसंवेद्य चमत्कार विशेषजनक ध्वनिके साथ वृत्तियोंका तादात्म्य (अभेद) न मानें तो तादृश चमत्कार विशेष जनकत्वके अतिरिक्त उन (वृत्तियों) का दूसरा कोई दृष्ट प्रयोजन बन ही नहीं सकता, इसलिए अदृष्टफल मात्र जनक यागादि क्रिया के समान उक्त वृत्तियाँ भी दृष्टफलार्थीजनोंकी दृष्टिसे अश्रद्धेय हो जावेंगी, प्रत्यक्ष अनुभव सिद्ध विषय न हो सकेंगी।

फलितमाचष्टे—

एवं स्फुटतयैव लक्षणीयं स्वरूपमस्य ध्वनेः।

फलितार्थ बतलाते हैं—एवं स्फुटतयैवेति। उक्तरीतिसे इस ध्वनिके स्वरूपका स्पष्टरूपसे ही लक्षण किया जा सकता है।

अथादौ ध्वनेरनाख्येयत्वं निरस्तमपि स्थूणाऽभिखननन्यायेन पुनर्निरस्यति—

अत्र शब्दानामर्थानां च केषांचित् प्रतिपत्तृविशेषसंवेद्यं जात्यत्वमिव रत्नविशेषाणां चारुत्वमनाख्येयमवभासते, काव्ये तत्र ध्वनिव्यवहार इति यल्लक्षणं ध्वनेरुच्यते केनचित्, तदनुक्तमिति नावधेयतामर्हति।

प्रतिपत्रा ज्ञात्रा, विशेषेणानुपदं वक्ष्यमाणेन शब्दार्थवैलक्षण्येन सम्यग् वेद्यं ज्ञेयम्। अनवधेयतामयुक्तत्वादनादरणीयताम्। यत्र रत्नविशेषाणां जात्यत्वमिव केषांचित्, न तु सर्वेषाम्, शब्दानामर्थानां च प्रतिपत्रा विशेषेण संवेद्यं चारुत्वमवभासते, तत्र काव्ये ध्वनिव्यवहार इति सम्बन्धः। जात्यत्वमुत्कृष्टजातिकत्वम्।

आक्षेपोऽयमत्रैवोद्द्योते—'स्यान्मतम्' इत्यादिना प्रकान्तः खण्डितश्चापि, खण्डनप्रकारविशेषप्रकाशनार्थं पुनरुपात्तोऽवसेयः।

अब ध्वनिके अनाख्येयत्वका खण्डन करते हैं—यत्रेति । जहाँ किन्हीं शब्दों और अर्थोंका चारुत्वविशेष, रत्नविशेषोंके उत्कृष्ट जात्यत्वके समान विशेषज्ञोंके ही संवेद्य और अवर्णनीयरूपमें प्रतीत होता है, उस काव्यमें ध्वनि व्यवहार होता है यह जो किसीने ध्वनिका लक्षण किया है, वह बिल्कुल ही अयुक्त है, इसलिये किसी भी प्रकार वह ध्यान देने योग्य विषय नहीं है।

तत्खण्डनहेतुमाख्याति—

यतः शब्दानां स्वरूपाश्रयस्तावदक्लिष्टत्वे सत्यप्रयुक्तप्रयोगः, वाचकत्वाश्रयस्तु प्रसादो व्यञ्जकत्वं चेति विशेषः। अर्थानां च स्फुटत्वेनावभासनं, व्यङ्ग्यपरत्वं, व्यङ्ग्यविशिष्टत्वं चेति विशेषः। तौ च विशेषौ व्याख्यातुमशक्यौ व्याख्यातौ बहुप्रकारम्। तद्व्यतिरिक्तानाख्येयविशेषसम्भावना तु विवेकावसादगर्भरभसमूलैव। यस्मादनाख्येयत्वं शब्दार्थगोचरत्वेन न कस्यचित् सम्भवति, अन्ततोऽनाख्येयशब्देन तदभिधानात्।

शब्दानां स्वरूपाश्रयः स्वरूपनिष्ठो विशेषो विलक्षणधर्मः—अक्लिष्टत्वे श्रुतिकटुत्वादिदोषरहितत्वे सति, अप्रयुक्तस्य प्रयोगोऽपुनरुक्तत्वम्। वाचकत्वमभिधेत्यनर्थान्तरम्। तदाश्रयस्तत्समानाधिकरणस्तु विशेषः—प्रसादो झटित्यर्थसमर्पकत्वं, व्यञ्जकत्वं व्यङ्ग्यबोधनतात्पर्येणोच्चारितत्वं तद्बोधनसमर्थत्वं वा। अर्थानामर्थनिष्ठश्च पुनः स्फुटत्वेनावभासनमसङ्कीर्णतया झटिति प्रतीतिविषयत्वं व्यङ्ग्यपरत्वं व्यङ्ग्यबोधनशक्तत्वं व्यङ्ग्येन विशिष्टत्वं तत्सम्बद्धत्वं तद्योग्यत्वं वेति द्विरूपो विशेष इति शेषः। तौ द्वौ शब्दार्थनिष्ठौ विशेषौ चारुत्वानतिरिक्तौ, व्याख्यातुमशक्याविति कैश्चिन्मन्यमानावपि, बहुप्रकारं बहुधा व्यङ्ग्य—व्यञ्जकनिरूपणप्रसङ्गेनास्माभिरिह यतो व्याख्यातौ। तत्तस्माद् व्यतिरिक्ता विलक्षणा, ततो वा व्यतिरिक्तस्य भिन्नस्य, अनाख्येयस्य वक्तुमशक्यस्य, विशेषस्योक्तरूपस्य, सम्भावना तद्विषयकोत्कटैककोटिकशंका या केषांचित्, सा तु विवेकस्य योऽवसादो ध्वंसोऽत्यन्ताभावो वा गर्भे मध्ये यस्य तादृशो रभसो वेगो मूलं निमित्तं यस्यास्तादृगेव, न तु विवेकमूलिका। यस्माद्धेतोः, कस्यचिदपि वस्तुनः सर्व—शब्दार्थगोचरत्वेनानाख्येयत्वं शब्दत्वावच्छिन्नाप्रतिपाद्यत्वमर्थत्वानवच्छिन्नत्वं वा न सम्भवति, अन्यस्य विशेषणवाचकस्य शब्दस्यासत्त्वेऽपि, अनाख्येयेतिशब्देनैव तदभिधानसम्भवादित्यर्थः।

अयं भावः—ये खलु रत्नजात्यत्वमिव शब्दार्थचारुत्वमनाख्येयं बिभ्रतः काव्यस्य ध्वनित्वं मन्यन्ते, त उपेक्षणीया एव, असम्बद्धप्रलापित्वात्। तत्त्वं च तेषां

विशेषरूपस्य शब्दार्थयोश्चारुत्वस्य बहुधाऽस्माभिरेव व्याख्यातत्वेन, अनाख्येय-शब्दप्रतिपाद्यत्वेन चानाख्येयत्वाभावात् । अनाख्येय इत्याकारकः शब्दस्तु तमाख्यातुं शक्नोत्येव, तथाऽपि न तेषामभीष्टसिद्धिरिति ।

अयुक्तत्वका हेतु बतलाते हैं—यत इति । क्योंकि शब्दोंका स्वरूपगत विशेष, श्रुतिदुष्ट आदि दोष राहित्यरूप अक्लिष्टत्व पूर्वक अपुनरुक्तत्व है, और उन(शब्दों) का ही दूसरा वाचकत्व (बोधकत्व) गतविशेष, प्रसाद गुण तथा व्यञ्जकत्व है, अर्थात् ये दोनों शब्दके विशेष धर्म हो सकते, हैं, इसी प्रकार अर्थोंकी स्पष्ट प्रतीति व्यङ्ग्यपरता, तथा व्यङ्ग्यांशविशिष्टता, ये तीन अर्थके विशेष धर्म हो सकते हैं, वे दोनों शब्दगत तथा अर्थगत विशेष धर्म व्याख्या करनेके शक्य नहीं होनेपर भी हमने उनकी अनेक प्रकार व्याख्या की है ! इन शब्दगत तथा अर्थगत विशेष, चारुत्व हेतुओंसे अतिरिक्त किसी अनिर्वचनीय विशेषकी कल्पना करना विवेकके परेकी बात होगी, अर्थात् तादृश अवर्णनीय विशेषकी संभावना मूर्खतावश ही की जा सकती है, क्योंकि अनाख्येयत्व शब्दका अर्थ समस्त शब्दोंका अप्रतिपाद्यत्व (अविषयत्व) ही है, परन्तु कोई भी वस्तु कमसे कम सर्व शब्दका विषय अवश्य होती है, इसलिए उन शब्दार्थनिष्ठ विशेषोंको सर्वथा अवर्णनीयरूप अनाख्येय किस प्रकार कह सकते हैं, क्योंकि प्रत्येक पदार्थका कोई न कोई नाम अवश्य होगा, उसी नामसे वह आख्येय हो सकता है, दुर्जनतोष-न्यायसे कुछ समयके लिये ऐसी कोई सर्वथा संज्ञारहित वस्तु मान भी लें तो भी अन्ततः (कमसे कम) अनाख्येय इस शब्दसे तो उसका अभिधान (कथन) सम्भव होगा ही, अतः किसी पदार्थको अनाख्येय नहीं कहा जा सकता, इसलिए ध्वनिको अनाख्येय कहना ठीक नहीं है । सारांश यह है कि जो कोई व्यक्ति रत्नविशेषोंके उत्कृष्ट जात्यत्वके समान अवर्णनीय शब्दार्थनिष्ठ रमणीयतावाले काव्यको ध्वनि मानते हैं, वे असम्बद्ध प्रलापी होनेसे सर्वथा उपेक्षणीय ही हैं, क्योंकि तादृश काव्यगत रमणीयताका वर्णन हम हीं पूर्वोक्त प्रकार कर चुके हैं ।

तन्मतं तदुक्तदृष्टान्तदार्ष्टान्तिकवैषम्यदर्शनेनापि खण्डयति—

सामान्यस्पर्शिविकल्पशब्दगोचरत्वे सति प्रकाशमानत्वं तु यदनाख्येय (त्व) मुच्यते क्वचित्, तदपि काव्यविशेषाणां रत्नविशेषाणामिव न सम्भवति, तेषां लक्षणकारैर्व्याकृतरूपत्वात्, रत्नविशेषाणां च सामान्यसम्भावनयैव मूल्यस्थितिपरिकल्पनादर्शनाच्च ।

सामान्यमविशेषं सम्यक् स्पृशतीति सामान्यसंस्पर्शी यो विकल्पः प्रागुक्तस्वरूपचित्तवृत्तिविशेषः, तदीयस्तज्जनितोच्चारणकर्मभूतो यश्शब्दस्तद्गोचरत्वे तज्जन्य-

प्रतीतिविषयत्वे अनाख्येयादिसामान्यप्रत्यायकशब्दमात्रबोध्यत्वे सति, प्रकाश्यमानत्वं प्रसिद्धत्वम्, तदनाख्येयत्वं क्वचिदनिर्वचनीयतावादिभिरुच्यते, तदप्यनाख्येयत्वं यथा रत्नविशेषाणां, तथा काव्यविशेषाणां न सम्भवति, तेषां काव्यविशेषाणां लक्षणकारैर्व्याकृतरूपत्वाद् व्याख्यातस्वरूपत्वात्, च तथा–रत्नविशेषाणां च पुनः सामान्यसम्भावनयैव, न तु विशेषसम्भावनया, मूल्यस्य स्थितेर्व्यवस्थायाः परिकल्पनाया दर्शनादित्यर्थः।

सामान्यशब्दमात्रवेद्यत्वरूपानाख्येयत्वेन ध्वनिकाव्य–रत्नविशेषाणां न साम्यम् यतो ध्वनीनामुक्तप्रकारैर्व्याख्यातत्वेन विशेषशब्दजप्रतीतेरपि गोचरत्वम्। रत्नविशेषाणां तु सामान्यरूपेणैव मूल्यनिर्धारणस्योपलम्भ इति सारम्।

अनिर्वचनीयतावादीके बतलाये हुए दृष्टान्त दार्ष्टान्तिकके वैषम्य प्रदर्शन द्वारा भी उनके मतका खण्डन करते हैं—सामान्येति।

नाम जात्यादि सामान्यके द्वारा ग्रहण करनेवाला जो सविकल्पक ज्ञान है, उस का विषय न होकर अपितु निर्विकल्पक (नाम जात्यादि योजना रहित) ज्ञान रूपमें ही प्रकाश्यमानत्वरूप अनाख्येयत्वका लक्षण कहीं पर बतलाया गया है, वह रत्नविशेषोंके समान काव्यविशेषोंमें सम्भव नहीं है, क्योंकि लक्षणकारोंने उन (काव्यविशेषों) की व्याख्या कर दी है, इसलिये रत्न और काव्य ये दोनों ही सविकल्पज्ञानके अगोचर (अविषय) नहीं हैं, अपितु उस (सविकल्पकज्ञान) के विषय होनेसे अनाख्येय नहीं हो सकते हैं। और रत्नोंमें तो रत्नत्वरूप सामान्यधर्मकी संभावनासे ही मूल्याङ्कनकी कल्पना देखी जाती है, अर्थात् रत्नविशेषों की तुलना ध्वनिमें नहीं की जा सकती क्योंकि ध्वनिके उक्त प्रकारोंसे व्याख्यात होनेके कारण वह (ध्वनि) विशेष शब्द जन्य प्रतीतिका भी विषय होती है, परन्तु रत्नविशेषके तो रत्नत्वादि सामान्यरूपके ज्ञानसे ही मूल्यांकन किया जाता है, इसलिये ध्वनिमें रत्नकी तुलना नहीं हो सकती है।

ननु किं कथंचिदपि ध्वनिकाव्य-रत्नविशेषाणां साम्यं न सम्भवतीत्याक्षेपमभ्युपगमेन निरस्यति—

उभयेषामपि तेषां प्रतिपत्तृविशेषसंवेद्यत्वमस्त्येव। वैकटिका एव हि रत्नतत्त्वविदः, सहृदया एव च काव्यानां रसज्ञा इति कस्यात्र विप्रतिपत्तिः।

प्रतिपत्तृविशेषसंवेद्यत्वं तूभयेषामपि तेषां ध्वनिकाव्यानां रत्नविशेषाणां च तुल्यमस्त्येव, हि यतो वैकटिका रत्नानां परीक्षका एव केवलं रत्नतत्त्वविदः, सहृदया एव केवलं रसादिध्वनिज्ञाः सन्तीति हेतोरिति व्यवस्थायां वा, कस्य विप्रतिपत्तिर्न कस्यापीत्यर्थः।

वेत्तृविशेषमात्रवेद्यत्वेनोभयेषां साम्यस्योपपादनेऽपि न प्रकृताभीष्टसिद्धिः, ध्वने-रनाख्येयत्वसिद्धयभावस्य तादवस्थ्यादित्याशयः।

अब वास्तवमें रत्नोंकी तुलनासे भी ध्वनिको अनाख्येय नहीं कह सकते यह बतलाते हैं—उभयेषामिति। वास्तवमें तो ध्वनिकाव्य तथा रत्नविशेष दोनों ही तत्तत्विशेषज्ञोंके द्वारा विशेषरूपसे जाने (पहचाने) ही जाते हैं, क्योंकि जौहरी व्यक्ति रत्नोंके तत्वको पहचानते हैं और सहृदय व्यक्ति काव्योंके रसादि ध्वनि को जानते हैं, इसमें किसीको भी मतभेद नहीं हो सकता है। इसलिये दोनोंके प्रतिपत्ति विशेषके संवेद्य होनेसे साम्य होनेपर भी ध्वनिके अनाख्येयत्वकी सिद्धि नहीं होती।

ननु क्षणभङ्गवादे सर्वेषामेव वस्तूनां क्षणिकत्वेनानिर्वचनीयता ध्वनेरपि प्राप्नोत्येव, तस्मान्नासङ्गतिरित्याशङ्कां समादधाति—

यत्त्वनिर्देश्यत्वं सर्वलक्षणविषये बौद्धानां प्रसिद्धम्, तत् तन्मतपरीक्षायां ग्रन्थान्तरे निरूपयिष्यामः।

तु पुनः सर्वेषां पदार्थानां लक्षणविषये बौद्धानां यदनिर्देश्यत्वमनिर्वचनीयत्वं क्षणिकत्वात् प्रसिद्धम् तदनिर्देश्यत्वं तन्मतस्य परीक्षायां विवेके, ग्रन्थान्तरे स्वकृतायां विनिश्चयनामकबौद्धनिबन्धस्य विवृतौ धर्मोत्तमाख्यायां निरूपयिष्याम इत्यर्थः।

तदनुमतमनिर्देश्यत्वमपि सम्भवतीति हृदयम्।

बौद्धदर्शनके क्षणभङ्गवादसे सभी वस्तुओंके क्षणिक होनेके कारण उन (क्षणिक वस्तुओं) के लक्षण न हो सकनेसे ध्वनि पदार्थका भी लक्षण नहीं हो सकता, अतः वह (ध्वनि) अनाख्येय ही है, इस पूर्वपक्षका खण्डन करते हैं—यत्तु इति। बौद्धके मतमें समस्त पदार्थोंके लक्षणके विषयमें जो अनिर्वचनीयत्व प्रसिद्ध है, उसका विशद विवेचन हम अपने—'विनिश्चय नामक' बौद्धग्रन्थकी धर्मोत्तमाख्य विवृतिग्रन्थमें उन (बौद्धों) के मतकी परीक्षाके अवसर पर करेंगे, अर्थात् उस ग्रन्थका आशय है कि बौद्धोंके क्षणभङ्गवादका सिद्धान्त ही ठीक नहीं है, इसीलिए उसके आधारपर पदार्थोंके लक्षणोंका अनिर्वचनीयत्व विषयक सिद्धान्त भी नहीं बन सकता है अतएव ध्वनिका भी तदनुमत अनिर्वचनीयत्व नहीं हो सकता है।

नन्विहैव न कथं तन्निरूप्यत इत्यत आह—

इह तु ग्रन्थान्तरश्रवणलवप्रकाशनं सहृदयवैमनस्यदायीति न प्रक्रियते।

अत्र पुनरानुषङ्गिकतयोपात्तस्य ग्रन्थान्तरस्य यच्छ्रवणं तस्य लवप्रकाशनं लेश-

त्तोऽपि व्याख्यातं, सहृदयानां वैमनस्याय मनसोद्वेगाय भवतीति हेतोस्तन्मतपरीक्षणं न प्रक्रियते, नैव प्रस्तूयत इत्यर्थः।

सुकुमारतममनसो हि सहृदया अनत्यपेक्षितशास्त्रान्तरीयविषयविवरणपल्लवनेन नूनं खिद्येरन्निति तन्न विस्तरेण वर्ण्यत इति सारम्।

उस (क्षणभंगवाद) का विवेचन यहाँ करना उचित नहीं है यह बतलाते हैं—इह तु इति। यहाँ तो उस नीरस और अत्यन्त कठिन ग्रन्थान्तर विषयकी थोड़ीसी चर्चा भी सहृदयोंके लिये वैमनस्याधायक ही होगी, इसलिये हम इस समय उस विषय पर प्रकाश डालना नहीं चाहते, अर्थात् अत्यन्त सुकुमार मनवाले सहृदयजन, अधिक अपेक्षित अत्यन्त दुरूह शास्त्रान्तरविषयक विशद विवेचनसे, अत्यन्त ऊब जायेंगे, इसलिये प्रकृतमें उसका विशेष वर्णन ठीक नहीं होगा।

नन्वत्र सौगतमतस्य निराकृतावक्तायामुपायान्तरं किञ्चिदस्ति न वा? इति प्रश्नं पक्षान्तरालम्बनेन समादधाति—

बौद्धमतेन वा यथा प्रत्यक्षादिलक्षणम्, तथाऽस्माकं ध्वनिलक्षणं भविष्यति।

बौद्धनये प्रत्यक्षादिज्ञानानां क्षणिकत्वेऽपि यथालक्षणम्; तथैवास्माकं मते ध्वनेरपि क्षणिकत्वाभ्युपगमेऽपि भविष्यतीत्येषोऽप्युपायोऽस्त्येवेत्यर्थः।

फिर भी इतना कह देना तो उचित ही होगा कि बौद्ध लोग सब वस्तुओंको क्षणिक और अनिर्वचनीय मानते हुए भी प्रत्यक्षादि प्रमाणोंके लक्षण करते हैं अतएव उन (बौद्धों) के मत में क्षणिकत्व और अलक्षणीयत्व (अनिर्वचनीयत्व) होते हुए भी प्रत्यक्षादिके लक्षणके समान हमारा ध्वनि सम्बन्धी लक्षण भी ठीक हो सकता है।

पर्यवसाने निगमयति—

तस्माल्लक्षणान्तरस्याघटनाशब्दार्थत्वाच्च तस्योक्तमेव ध्वनिलक्षणं साधीयः।

तस्मादुक्तहेतुसमुदायात्, तस्य ध्वनेर्लक्षणान्तरस्यान्यविधलक्षणस्याघटनादसमन्वयादयुक्तत्वाद्वा, अशब्दार्थत्वाच्छब्दावाच्यत्वाभावाच्च, उक्तं मयाऽत्र विहितं ध्वनिलक्षणमेव साधीयः, साधुतममित्यर्थः।

अन्तमें अकाव्य उक्त ध्वनि लक्षणका उपसंहार करते हैं—तस्मादिति। इसलिये उस ध्वनिके हमारे लक्षणके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकारके लक्षणके न घटनेसे और

उस (ध्वनि) के शब्दके वाच्य न होनेसे हमारा पूर्वोक्त ध्वनि लक्षण ही ठीक है।

तदर्थसङ्ग्राहकश्लोकमाह—

'अनाख्येयांशभासित्वं निर्वाच्यार्थतया ध्वनेः।
न लक्षणं, लक्षणं तु साधीयोऽस्य यथोदितम् ॥'

इति राजानकानन्दवर्धनाचार्यविरचिते ध्वन्यालोके तृतीय उद्द्योतः।

ध्वनेरनाख्येयांशभासित्वमनिर्वचनीयांशकाव्यभासनशीलमनिर्वचनीयत्वमिति यावत्, लक्षणं निर्वाच्यार्थतया निर्वचनक्षमार्थत्वान्न सम्भवति, यद्वा—ध्वनेरुत्तमकाव्यस्य अनाख्येयांशस्यानिर्वचनीयरसादिव्यङ्ग्यस्य भासित्वं भासकत्वं लक्षणं, निर्वाच्य उक्तरीत्या निर्वचनयोग्योऽर्थो यस्य स तादृशः, तस्य भावो निर्वाच्यार्थता, तया निरुक्तियोग्यार्थबोधकतया हेतुभूतया न सम्भवति। तु पुनरस्य ध्वनेः यथोदितमस्मदुक्तानुरूपमेव लक्षणं साधीयो भवतीति सिद्धम्।

असंस्तुताध्वपान्थस्य स्खलितैर्मम भूरिभिः।
विदध्यान्नूनमुचितं साहसं सहसान् बुधः ॥
यत्कटाक्षो दयासान्द्रो गहनाद् ध्वनिकाननात्।
अनैषीदसहायं मां पारं ताभ्यां परं नमः ॥

इति ध्वन्यालोकदीधितौ तृतीय उद्द्योतः।

उक्तार्थ संग्राहक श्लोक बतलाते हैं—अनाख्येयांशेति। ध्वनिके निर्वचनयोग्य अर्थ होनेसे उस (ध्वनि) का अनाख्येयांशभासित्व (अनिर्वचनीयत्व) रूप लक्षण ठीक नहीं हो सकता है, उस (ध्वनि) का ठीक लक्षण तो जैसा हमने कहा है वही है।

तृतीय उद्द्योत समाप्त

अथ चतुर्थ उद्द्योतः

'भक्ताभिलषितपूर्त्ति व्रतविदिते क्लिन्नचेतसी कृपया।
वृन्दावने स्फुरन्ती सितद्युतिमहसी नमाम्यनिशम् ॥'

अथ ध्वनिमनङ्गीकुर्वतां मतमपाकर्तुं कृतस्य तन्निरूपणस्य कविप्रतिभाऽऽनन्त्यलक्षणं विलक्षणं प्रतिपादयितुं चतुर्थमुद्द्योतमारभमाणः प्रथमकारिकाभवतारयति वृत्तिकारः—

एवं ध्वनिं सप्रपञ्चं विप्रतिपत्तिनिरासार्थं व्युत्पाद्य, तद्व्युत्पादने प्रयो-

जनान्तरमुच्यते—

एवमुद्योतत्रयोक्तप्रकारैः सप्रपञ्चं भेदप्रभेदसहितं ध्वनिं विप्रतिपत्तीनां ध्वन्यभावादिवादिप्रतिवादिजनोक्तयुक्तीनां निरासार्थं खण्डनाय, व्युत्पाद्य विशेषतो निरूप्य तद्व्युत्पादने ध्वनिविशेषनिरूपणे, प्रयोजनान्तरं सहृदयमनःप्रीतये इत्यनेन प्रथमे, 'सत्काव्यं कर्तुं वा ज्ञातुं वा' इत्यमुना तृतीये चोद्द्योते—सामान्यविशेषभावेनोक्ताभ्यां सहृदयहृदयानन्द—सत्काव्यकरणज्ञानान्यतररूपप्रयोजनाभ्यामन्यत् तृतीयं प्रयोजनमुच्यते। यद्वा—सत्काव्यकरण—तज्ज्ञानरूपप्रयोजनयोरन्तरं विशेषो वैलक्षण्यलक्षणः। तथा च केन विशेषेण प्रथममस्य प्रयोजनम्। केन च द्वितीयमिति कथ्यते। तत्रापि कृतस्यैव ज्ञानविषयत्वसम्भवात् प्रथमं सत्काव्यकरणविशेषप्रयोजनमेवोच्यते, कारिकयेत्यर्थः।

ध्वनि नहीं माननेवालेके मत खण्डनके अतिरिक्त कवियोंको अनन्त प्रतिभागुणकी प्राप्ति भी ध्वनि निरूपणके प्रयोजन हैं, यह बतलानेके लिये वृत्तिकार भूमिका रचते हैं—एवमिति। इस प्रकार पूर्वपक्षियों (वादियों) की विप्रतिपत्तियों (वादों) के निराकरणार्थ भेद—उपभेद के साथ ध्वनिका निरूपण कर उस (ध्वनि) के प्रतिपादनका दूसरा भी प्रयोजन बतलाते हैं।

'ध्वनेर्यः सगुणीभूतव्यङ्ग्यस्याध्वा प्रदर्शितः।
अनेनानन्त्यमायाति कवीनां प्रतिभागुणः॥ १०९॥

गुणीभूतव्यङ्ग्येन सहितस्य ध्वनेः, योऽध्वा मार्गः प्रकार इति यावत्, प्रदर्शितः उद्द्योतत्रयेणेति शेषः। अनेन सकलध्वनिप्रपञ्चनिरूपणेन, कवीनां प्रतिभागुणः उत्कर्षाधायककर्म्म आनन्त्यमविच्छिन्नत्वमायाति प्राप्नोतीत्यर्थः।

ध्वनियोगेन वर्ण्यवस्तूनां नवनवीभावाद् वर्णने कवीनां प्रतिभाऽप्रतिहता भवतीति भावः।

गुणीभूत व्यङ्ग्यसहित ध्वनिकाव्यका जो पूर्वोक्त पथ प्रदर्शित किया है, उस पथके अनुसरण करनेसे कवियोंकी प्रतिभाशक्ति आनन्त्य गुणको प्राप्त कर लेती है।

तदाह—

य एष ध्वनेर्गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य च मार्गः प्रकाशितः, तस्य फलान्तरं कविप्रतिभाऽऽनन्त्यम्।

यत्तच्छब्दाभ्यां प्रदर्शनकर्मीभूतोऽध्वा परामृश्यते। कविप्रतिभाऽऽनन्त्यमित्यतः परमस्तीत्यध्याहार्यम्।

उक्तरीतिसे यह जो ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यका मार्ग बतलाया गया है, उसका दूसरा फल कविकी काव्योत्कर्षजनक प्रतिभाका आनन्त्य गुण है, अर्थात् ध्वनिके सम्पर्कसे वर्ण्य वस्तुओंके एक अद्भुत विलक्षण (नये) रूपसे वर्णन करने पर कवियोंकी प्रतिभाशक्ति अप्रतिहत होकर कहीं भी नहीं रुकती है।

ज्ञानद्वारकसामानाधिकरण्यमनवगच्छतः पृच्छामग्रिमकारिकामवतारयितुमनुवदति—

कथमिति चेत्—

प्रदर्शितो हि ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्यप्रपञ्चः काव्यवृत्तिः, कविवृत्तितया व्यधिकरणं प्रतिभाऽऽनन्त्यं कथं जनयेत्, कार्यकारणयोः सामानाधिकरण्यस्य नियमादिति प्रष्टुराकूतम्। ध्वनिप्रकारज्ञानमनन्तप्रतिभा चैकत्रैव कविषु समवैतीति सामानाधिकरण्यमक्षुण्णमेवेति चोत्तरयितुरयितुराशयः।

ध्वनि और गुणीभूतव्यङ्ग्य ये दोनों काव्यनिष्ठ धर्म हैं और प्रतिभागुण कविनिष्ठ है, इसलिये इनके भिन्न-भिन्न देशमें रहने से ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य कविप्रतिभाके किस प्रकार कारण हो सकते हैं, क्योंकि कार्य-कारणमें सामानाधिकरण्यका नियम है, इस आक्षेपका समाधान यह है कि ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य नहीं अपितु उनका ज्ञान ही कवि प्रतिभाके आनन्त्यका हेतु होता है, इसलिये ज्ञानद्वारक सामानाधिकरण्यको लेकर कार्य-कारणभाव माननेमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि उन (ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य) का ज्ञान और प्रतिभा दोनों कविनिष्ठ धर्म हैं। इसी आशयको बतलानेके लिये भूमिका रचते हैं—कथमिति। यदि कोई व्यक्ति प्रश्न करे कि ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य कवि प्रतिभाके आनन्त्यके हेतु किस प्रकार हो सकते हैं, तो उनका उत्तर आगे बतलाते हैं :—

कथं पुनः कविप्रतिभाऽऽनन्त्यमित्याकाङ्क्षायामभिदधाति—

'अतो ह्यन्यतमेनापि प्रकारेण विभूषिता।
वाणी नवत्वमायाति पूर्वार्थान्वयवत्यपि ॥ १०६ ॥

हि यतः, अतोऽस्मादुक्तध्वनिगुणीतव्यङ्ग्यप्रभेदानां मध्यात्, अन्यतमेनैकेनापि प्रकारेण, का कथा बहूनाम्, विभूषिता व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावेन विशिष्टा, कवीनां वाणी काव्यलक्षणा वाक्, पूर्वैः प्राचीनमहर्षिवाल्मीकिप्रभृतिकविपरम्परावर्णितैरर्थैः, अन्वयवत्यपि वाच्यवाचकभावेन संबद्धाऽपि, नवत्वमपूर्वत्वं चारुत्वविशेषमिति यावत्, आयाति प्राप्नोतीत्यर्थः :

उन ध्वनि तथा गुणीभूत व्यङ्ग्यमें किसी एक से भी अलंकृत होकर वाल्मीकि-

व्यास आदि कवियों द्वारा प्रतिपादित वाणी वाच्य-वाचक द्वारा पुराने अर्थों से सम्बन्ध होने पर भी एक अद्भुत नवीनता (रमणीयता) को प्राप्त कर लेती है।

तदाह—

